कृष्णदास संस्कृत सीरीज–११४

क्रमदीपिका

['विवरण'-संस्कृत-'सरला'-हिन्दीटीकासहिता]

'गुरुभक्तिमन्दाकिनी'-व्याख्यासहितं

लघुस्तवराजस्तोत्रम्

सुधाकर मालवीयः

कृष्णदास संस्कृत सीरीज

११४

काश्मीरिकश्रीकेशवभट्टप्रणीता

क्रम दी पि का

विद्याविनोदश्रीगोविन्दभट्टाचार्यकृतविवरणसहिता
डॉ० सुधाकर मालवीय कृत सविमर्श 'सरला' हिन्दी व्याख्यायुता च

श्रीमद्वैष्णवाचार्य श्रीश्रीनिवासाचार्यप्रणीतम्

लघुस्तवराजस्तोत्रम्

श्रीमद्वैष्णव पुरुषोत्तमप्रसाद कृतया
'गुरुभक्तिमन्दाकिन्याख्यया' व्याख्यया समलङ्कृतम्

संपादकः एवं व्याख्याकारः
डॉ० सुधाकर मालवीयः
एम० ए०, पी-एच्० डी०, साहित्याचार्यः
संस्कृत-विभागः, कलासंकायः
काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः, वाराणसी

कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
१९८९

प्रकाशक : कृष्णदास अकादमी, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : प्रथम, वि० संवत् २०४६
मूल्य : रु० १००-००

© कृष्णदास अकादमी

पो० बा० नं० १११८
चौक, (चित्रा सिनेमा बिल्डिंग), वाराणसी-२२१००१
(भारत)

अपरं च प्राप्तिस्थानम्

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस
के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
पो० बा० १००८, वाराणसी-२२१००१ (भारत)
फोन : ६३१४५

KRISHNADAS SANSKRIT SERIES
114

KRAMADĪPIKĀ

By

KASMIRIKA KESHAVA BHATTA

With the Sanskrit Commentary 'Vivarana' by
Sri Govinda Bhattacharya
With a Hindi Translalion 'Sarala'

And

Laghustavarāja Stotram
By Sri Niwasacharya With a Commentary
'Gurubhakti Mandākini by Purushottam Prasada

Edited & Translated by

Dr. Sudhakar Malaviya
M. A., Ph. D., Sahityacarya
Department of Sanskrit, Arts faculty
Banaras Hindu University

KRISHNADAS Academy

VARANASI-221001
1989

© KRISHNADAS ACADEMY

Oriental Publishers & Distributors

Post Box No. 1118

Chowk, (Chitra Cinema Building), Varanasi–221001

(India)

First Edition

1989

Price : Rs. 100-00

Also can be had from

Chowkhamba Sanskrit Series Office

K. 37/99, Gopal Mandir Lane

Post Box 1008, Varanasi–221001 (India)

Phone : 63145

पूज्य गुरुवर्य

पद्मभूषण आचार्य पं० बलदेव उपाध्याय

को

सादर

श्रद्धा सुमन

तमु स्तोतारः पूर्व्यं यथा विद
ऋतस्य गर्भं जनुषा पिपर्तन।
आस्य जानन्तो नाम चिद् विवक्तन
महस्ते विष्णो सुमतिं भजामहे॥

(ऋ० १.१५६.३)

प्रस्तावना

भारत में बौद्ध संस्कृति के अभ्युदय से जब वेदों का बहिष्कार होने लगा, तब भगवान् शङ्कर के अवतार श्री आदिशङ्कराचार्य का उदय भारत के गगन में उज्ज्वल भास्कर सदृश हुआ। उन्होंने वेदों की मर्यादा स्थापित की। शून्यवाद से मिलते-जुलते 'अद्वैत-वाद' का प्रचार किया तथा उसकी स्थापना की। इस प्रकार श्री आदिशङ्कराचार्य ने वैदिक-धर्म का पुनरुद्धार किया।

उनके पश्चात् वेदोपदिष्ट परतत्त्व का प्रचार करने के लिए क्रमशः श्रीरामानुजाचार्य (विशिष्टाद्वैतवाद), श्रीमध्वाचार्य (द्वैतवाद), श्रीनिम्बार्काचार्य (द्वैताद्वैतवाद) और श्रीविष्णुस्वामी (शुद्धाद्वैतवाद) का प्राकट्य हुआ। इन प्रधान वैष्णवाचार्यों के शिष्य-प्रशिष्यों के द्वारा वैष्णवधर्म भारतवर्ष में अत्यधिक प्रचारित हुआ। 'शक्ति और शक्तिमान्' का भेद स्वीकार करने पर भी शक्ति स्वरूप के ही अन्तर्भुक्त है। इसी से श्रीरामानुजाचार्य का 'विशिष्टाद्वैतवाद' प्रकाशित हुआ है। भेद तथा अभेद—दोनों ही समान भाव से सत्य, नित्य, स्वाभाविक तथा अविरुद्ध हैं। इस प्रकार प्रतिपादन करने वाले श्रीनिम्बार्काचार्य ने स्वाभाविक ही 'द्वैताद्वैतवाद' की स्थापना की है। इसी सम्प्रदाय से सम्बन्धित भक्त महाकवि काश्मीरिक श्रीकेशव भट्ट १३वीं शती में हुए जिन्होंने वैष्णवधर्म से सम्बन्धित 'श्रीकृष्ण' की पूजा एवं अर्चना के लिए 'क्रमदीपिका' की रचना की।

इदंप्रथमतया—हिन्दी व्याख्या के साथ यह 'क्रमदीपिका' सम्प्रदाय के जिज्ञासुओं के समक्ष प्रस्तुत है। इसमें विद्याविनोद श्रीगोविन्द भट्टाचार्य कृत 'विवरण' टीका भी मुद्रित है। स्थल-स्थल पर 'विशेष' के माध्यम से ग्रन्थ को समझाने का प्रयास किया गया है।

इस ग्रन्थ में उपयोगी 'लघुस्तवराजस्तोत्रम्' भी अलग से जोड़ा गया है। यह निम्बार्क सम्प्रदाय के ही श्री श्रीनिवासाचार्य द्वारा अपने गुरु श्री नियमानन्द की स्तुति में प्रयुक्त है।

श्रीकृष्ण की पूजा में मुद्राओं का प्रयोग अत्यावश्यक है। अतः केशवार्चन से सम्बन्धित मुद्राओं के लक्षण का एक परिशिष्ट भी इसमें मुद्रित किया गया है। अन्त में श्लोकानुक्रमणी, इस तन्त्र में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दों का एक कोश एवं टीका में उद्धृत ग्रन्थकारों तथा ग्रन्थों की सूची अनुसन्धाताओं की सुविधा के लिए प्रस्तुत की गई है।

वैष्णव सम्प्रदाय के इस ग्रन्थ की हिन्दी व्याख्या करके मैं अपने को अत्यन्त भाग्यशाली समझता हूँ कि कुछ गोपीजनवल्लभ श्रीकृष्ण के मनन एवं संयोजन में समय का सदुपयोग हुआ। इस ग्रन्थ में जो-कुछ भी मेरी गति हो सकी है या मैं इसे समझ सका हूँ उसमें मेरे पूज्य गुरुवर्य पं० हीरामणि मिश्र जी का ही कृपा-प्रसाद है। तन्त्र-साहित्य में मुझे गतिशील बनाने वाले उन गुरुवर्य के चरणों में मेरा शतशः प्रणाम है। सम्भव है पुस्तकाकार रूप में मुद्रित इस ग्रन्थ से उनसे प्राप्त ज्ञान के ऋण से मैं कुछ उऋण हो सकूँगा।

यह वैष्णवतन्त्र जो इस रूप में आज विद्वानों के समक्ष आ सका है उसके लिए कृष्णदास अकादमी के संयोजक वर्ग का मैं आभारी हूँ। ये ही प्रेरणा-स्रोत हैं। इन्हीं की लगन एवं तन्त्र-ग्रन्थों को हिन्दी के माध्यम से सर्वजन सुलभ कराने की रुझान की परिणति है यह क्रमदीपिका—

'क्लीँ कृष्णाय नमः'

३१/२१ लंका, वाराणसी
दीपावली २९-१०-१९८९
सं० २०४६

विद्वद्वशंवदः
सुधाकर मालवीयः

भूमिका

अव्याद् व्याकोशनीलाम्बुजरुचिररुणाम्भोजनेत्रोऽम्बुजस्थो
बालो जङ्घाकटीरस्थलकलितरणत्किङ्किणीको मुकुन्दः।
दोर्भ्यां हैयङ्गवीनं दधदतिविमलं पायसं विश्ववन्द्यो
गोगोपीगोपवीतो रुरुनखविलसत्कण्ठभूषश्चिरं वः॥

सामान्य रूप से तन्त्र' का शाब्दिक अर्थ विधि, नियम अथवा शास्त्र है।[1] व्युत्पत्ति के अनुसार 'तन्त्र' शब्द या तो 'तन्' धातु से निष्पन्न है जिसका अर्थ है 'प्रसार' या 'फैलाना', अथवा यह 'ततृ' या 'तन्तृ' से भी व्युपादित होता है जिसका अर्थ है 'व्युत्पादन'। पहली व्युत्पत्ति के अनुसार अर्थ है 'तन्यते विस्तार्यते ज्ञानमनेन, इति तन्त्रम्' अर्थात् वस्तुतः इससे ज्ञान का विस्तार किया जाता है अतः इसे 'तन्त्र' कहते हैं। इस सम्बन्ध में शैवसिद्धान्त की एक उक्ति इस प्रकार है –

तनोति विपुलानर्थान् तत्त्वमन्त्रसमन्वितान्।
त्राणञ्च कुरुते यस्मात् तन्त्रमित्यभिधीयते॥[2]

'इसको 'तन्त्र' नाम से इसलिए अभिहित किया जाता है क्योंकि यह तत्त्व [ज्ञान] एवं मन्त्र सम्बन्धी विपुल अर्थों का विस्तार करता है; और इसलिए भी क्योंकि यह हमारी रक्षा भी करता है।'

तन्त्र' शब्द से एकाएक हमारा ध्यान शाक्तों' के प्रति चला जाता है। वस्तुतः तन्त्र न केवल शाक्तों के हैं अपितु यह आगम के अन्य सम्प्रदायों के भी हैं, अर्थात् शैवों के भी और वैष्णवों के भी। आगम से अभिप्राय उन शास्त्रों से है जिनमें सगुण ईश्वर की भक्ति-साधना प्रतिपादित है। आगम के उपयोग का अधिकार प्रत्येक वर्ण, पुरुष अथवा नारी सभी के लिए समान रूप से है। यह वैदिक आचार के बन्धन से मुक्त है। आगम

---

१. उदाहरणतः शंकराचार्य ने सांख्यशास्त्र के लिए 'सांख्य-तन्त्र' शब्द का उल्लेख किया है।

२. कामिक-आगम, तन्त्रान्तर पटल।

के तीन वर्ग प्राप्त होते हैं, जो क्रमशः शक्ति, शिव अथवा विष्णु की उपासना का विधान करते हैं। इन्हीं को शाक्तागम, शैवागम एवं वैष्णवागम के नाम से अभिहित किया जाता है। 'क्रमदीपिका' वैष्णवागम से सम्बन्धित है। यह भगवान् कृष्ण सम्बन्धी तत्त्वज्ञान एवं मन्त्रों के विपुल अर्थों का विस्तार करता है अतः यह 'तन्त्र' है और इसमें भगवान् कृष्ण की सगुण 'भक्ति साधना' प्रतिपादित है अतः यह 'आगम' भी है।

आगमों में कुछ को वैदिक (वेद के आचारों से सम्बन्ध रखने वाला) और कुछ को अवैदिक (वैदिक आचारों के विरुद्ध) माना जाता है। कूर्म पुराण के अनुसार निम्न आगमों को अवैदिक माना गया है—

कपाल, लाकुल, वाम, भैरव, पूर्व, पश्चिम पञ्चरात्र और पाशुपत इत्यादि। लाकुल के समान पाशुपत भी वैदिक और अवैदिक दोनों हैं।

तन्त्र अथवा आगम—

तन्त्र शब्द लोक जीवन में बहुत ही गर्हित अर्थ में जाना जाता है। परन्तु ऐसा अज्ञान के कारण ही है। 'तन्त्र' शब्द का अर्थ है—शास्त्र, सिद्धान्त अनुष्ठान, विज्ञान आदि। देवता के स्वरूप, गुण, कर्म आदि का जिसमें चिन्तन किया गया हो तथा पटल, पद्धति, कवच, सहस्रनाम और स्तोत्र—इन पाँच अङ्गों वाली पूजा का जहाँ विधान हो—उन ग्रन्थों को 'तन्त्र' कहते हैं। तन्त्र को ही 'आगम' भी कहते हैं। निगम' और 'आगम' भारतीय ज्ञान के मूल स्रोत हैं। 'निगम' का अर्थ है 'वेद' और आगम का अर्थ है 'तन्त्र' ग्रन्थ।

ज्ञान का अक्षुण्ण भण्डार होकर भी 'तन्त्र भारतीय जीवन में कुत्सित क्यों समझा जाने लगा? इसका कारण 'तन्त्र' पूजा में—मत्स्य, मांस मीन, मुद्रा और मैथुन—इन पञ्च मकारों का विधान होना है। वास्तव में इनका अपना एक पवित्र और रहस्यात्मक आध्यात्मिक अर्थ है। लोक जीवन में इन शब्दों का भौतिकता प्रधान अर्थ लेकर इस साधना को भी गर्हित बना दिया गया। बस, गतानुगतिक रूप में 'तन्त्र' कुत्सित ही समझा जाने लगा। परन्तु मूल तान्त्रिक पूजा अत्यन्त सात्त्विक है।

आगम साहित्य—

विभिन्न देवों की विधि-विधान द्वारा उपासना, मन्दिरों से संबद्ध पूजा-पाठ, उपासना के स्थान तथा विभिन्न आध्यात्मिक साधनाओं का वर्णन

आगमों में हुआ है। इन्हीं को 'तन्त्र' के नाम से जाना जाता है। देवता भेद से तन्त्र तीन प्रकार के हैं—

१. वैष्णव तन्त्र, इसे 'पञ्चरात्र' भी कहते हैं।

२. शैवतन्त्र, इसे पाशुपत सिद्धान्ती तथा प्रत्यभिज्ञा दर्शन आदि तीनों रूपों में प्रतिष्ठा दी गई है।

३. शाक्त तन्त्र—शक्ति पूजा से सम्बन्धित हैं। इसके दो मुख्य सम्प्रदाय 'कौलाचार' और 'समयाचार' हैं। इन सम्प्रदायों में शक्तिरूपा भगवती की उपासना प्रमुख है। 'शिव' एवं 'शक्ति' का सामञ्जस्य ही इस साधना का मूल तत्त्व है।

देवता भेद से तीन प्रकार के तन्त्रों के भी कालान्तर में कई सम्प्रदाय चल पड़े। सम्प्रदाय का अर्थ है गुरुपरम्परागत अथवा आचार्य परम्परागत संघटित संस्था। भरत के अनुसार शिष्टपरम्परा प्राप्त उपदेश ही सम्प्रदाय है। इस प्रकार सम्प्रदाय शब्द का सम्प्रति प्रचलित अर्थ है 'गुरुपरम्परा से सदुपदिष्ट व्यक्तियों का समूह।' पद्मपुराण में वैष्णव सम्प्रदायों की नामावली दी हुई है। ये चार सम्प्रदाय हैं—१. श्रीसम्प्रदाय, २. ब्रह्म-सम्प्रदाय, ३. रुद्र सम्प्रदाय और ४. सनक सम्प्रदाय।

इनमें श्रीसम्प्रदाय के प्रवर्तक श्रीरामानुज, ब्रह्म-सम्प्रदाय के श्रीमध्वाचार्य, रुद्रसम्प्रदाय के श्रीविष्णु स्वामी तथा सनक सम्प्रदाय के श्री निम्बर्काचार्य माने गये हैं—

रामानुजं श्रीः स्वचक्रे माधवाचार्यं चतुर्मुखः।
श्रीविष्णुस्वामिनं रुद्रो निम्बादित्यं चतुस्सनः॥
—पद्मपुराण

इस प्रकार सम्प्रदायविहीन रहकर अर्थात् बिना गुरुपरम्परा से प्राप्त मन्त्र निष्फल होते हैं। अतः कलियुग में चार सम्प्रदाय कहे गए हैं।[1]

'शक्तिसंगम-तन्त्र' में सम्प्रदायों की सूची इस प्रकार दी हुई है—

वैखानः सामवेदादौ श्री राधावल्लभी तथा।
गोकुलेशो महेशानि तथा वृन्दावनी भवेत्॥

---

१. सम्प्रदायविहीना ये मन्त्रास्ते निष्फला मताः।
अतः कलौ भविष्यन्ति चत्वारः सम्प्रदायिनः॥
श्रीमध्व-रुद्र-सनका-वैष्णवाः क्षितिपावनाः॥

पाञ्चरात्रः पञ्चमः स्यात् षष्ठः श्रीवीरवैष्णवः।
रामानन्दी हविष्याशी निम्बार्कश्च महेश्वरि॥
ततो भागवतो देवि दश भेदाः प्रकीर्तिताः।
शिखी मुण्डी जटी चैव द्वित्रिदण्डी क्रमेण च॥
एकदण्डी महेशानि वीरशैवस्तथैव च।
सप्त पाशुपताः प्रोक्ताः दशधा वैष्णवा मताः॥
(शक्तिसंगमतन्त्रे)

इनमें से कुछ का विवेचन इस प्रकार है—

वैष्णव सम्प्रदाय

वैखानस सम्प्रदाय—

भगवान् विष्णु सकल देवताओं के स्वरूप हैं। श्री हरि की अर्चा से सकल देवताओं की अर्चा का फल मिलता है और सकल देवतार्चन का फल विष्णु पद-प्राप्ति ही है–

'विष्णुर्वै सर्वा देवताः। त्रिष्णु सर्वेषामधिपतिः परमः। ···पुराणः। परो लोकानाम् अग्निर्वै देवानामवमो विष्णुः।' परमस्तदन्तरेण अन्या देवताः॥ (ऐतरेय ब्राह्मणम् १.१)

स्मृति के अनुसार भी श्रीहरि ही सभी सत्कर्मों का फल देते हैं–

सर्वेऽपि वैदिकाचारास्सर्वे यज्ञास्तपांसि च।
विष्णुपूजाविधेर्भेदाः सत्कर्मफलदो हरिः॥

इस प्रकार विष्णु ही परमाराध्य हैं। साम्प्रदायिक दृष्टि से विष्णु की अर्चना के दो प्रधान भेद प्राचीन हैं– १. वैखानस और २. पाञ्चरात्र। इनमें वैखानस सम्प्रदाय भगवान् विखना मुनि के द्वारा भगवान् विष्णु के उपदेशानुसार प्रचलित है। भगवान् विष्णु ने लोक कल्याण के लिए अर्चा रूप में इस धरती पर अवतार लेकर उक्त अर्चावतार की पूजा-अर्चना की परम्परा को स्थापित करने के हेतु स्वांश से विखना को प्रकट किया। श्री विखना मुनि ही विश्व के आदि वैष्णव धर्म के प्रवर्तक आचार्य हुए। श्री विखना मुनि साक्षात् ब्रह्मा ही हैं। ब्रह्मा जी ने ही भगवान् विष्णु के संकल्पानुसार विखना रूप से सृष्टि के आदि में यजुर्वेद की वैखानसी शाखा के अनुसार वैखानससूत्र का निर्माण किया—

आदिकाले तु भगवान् ब्रह्मा तु विखना मुनिः ।
यजुशाखानुसारेण चक्रे सूत्रं महत्तरम् ॥
(भार्गवसंहिता)

वैखानसी महाशाखां स्वसूत्रे विनियुक्तवान् ।
पद्मभूः परमो धाता तस्मिन्नाराधनत्रयम् ॥
(स्कन्दपुराण)

उन विखना मुनि ने भगवान् विष्णु द्वारा उपदिष्ट विस्तृत आगम को संक्षिप्त किया और फिर भृगु, अत्रि, कश्यप, मरीचि आदि शिष्यों को उसका उपदेश किया। उक्त वैखानस भगवच्छास्त्र को पुनः इन मुनियों ने चार लाख श्लोकों में संक्षिप्त करके भारतभूमि पर प्रकट किया–

पश्चादपश्यद्विष्णूक्तमागमं विस्तरात्तदा ।
संक्षिप्य सारमादाय शाणोल्लिखितरत्नवत् ॥
धाता विखनसो नाम्ना मरीच्यादिसुतान् मुनीन् ।
अबोधयदिदं शास्त्रं सार्द्धकोटिप्रमाणतः ।
मुनिभिस्तैश्च संक्षिप्तं चतुर्लक्षप्रमाणतः ॥
(श्रीपाञ्चरात्र)

वैखानस शास्त्रोक्त रीति से विष्णु पूजा की विधि का सविशेष विवरण 'अर्चना नवनीत', 'विष्ण्वार्चनसार संग्रह', 'भगवदर्चा प्रकरण' आदि ग्रन्थों में विस्तृत रूप से पाया जाता है।

राधावल्लभ सम्प्रदाय—

राधा के प्रिय श्रीकृष्ण का उपासक एक प्रेममार्गी सम्प्रदाय है जिसकी स्थापना देवबन्द सहारनपुर के पूर्व निवासी गोस्वामी हरिवंश ने वृन्दावन में की। इनका उपनाम हित जी है। आरम्भ में ये मध्वों तथा निम्बार्कों के घनिष्ठ सम्पर्क में थे। किन्तु इन्होंने अपना नया सम्प्रदाय १५८५ ई० में स्थापित किया जिसे 'राधावल्लभीय' कहते हैं। इस सम्प्रदाय का सबसे प्रमुख मन्दिर वृन्दावन में है जो राधा के वल्लभ श्रीकृष्ण का मन्दिर है। राधावल्लभीय भक्त राधा की पूजा आराधना द्वारा कृष्ण की कृपा प्राप्त करना अपना लक्ष्य मानते हैं। 'राधा-सुधानिधि' इनका ग्रन्थ है जो संस्कृत में पद्यात्मक मधुर काव्य है।

निम्बार्क सम्प्रदाय –

ये वैष्णव आचार्य थे जो आन्ध्रप्रदेश के एक विद्वान् भागवतधर्मी

थे। व्रज में आकर बस गए थे। इन्होंने राधा की पूजा को मान्यता दी तथा अपना एक सम्प्रदाय स्थापित किया। निम्बार्क का प्रारम्भिक नाम भास्कर था। निम्बार्क रामानुज से काफी प्रभावित थे तथा उन्हीं की तरह ध्यान पर अधिक जोर देते थे। निम्बार्कों के कृष्ण विष्णु के अवतार मात्र नहीं हैं, वे ब्रह्म हैं तथा उन्हीं से राधा, गोप या गोपी जन्म लेते हैं, जो उनके संग गोलोक में लीला करते हैं।

निम्बार्क द्वारा प्रवर्तित मत को मानने वाले 'निम्बार्क-वैष्णव' कहलाते हैं, इनमें गृहस्थ और विरक्त दोनों प्रकार के अनुयायी होते हैं। गुरुगद्दी के संचालक आचार्य भी दोनों ही वर्गों में पाए जाते हैं जो शिष्यों को मन्त्रोपदेश करते हुए कृष्णभक्ति का प्रचार करते रहते हैं। आचार्य एवं भक्त गण प्रायः भजन, ध्यान तथा राधा कृष्ण की युगल उपासना की ओर ही उन्मुख रहते हैं। दार्शनिकता की ओर अभिरुचि नहीं पाई जाती। इसीलिए इनका समन्वयः चैतन्य सम्प्रदाय, राधावल्लभ सम्प्रदाय, प्रणामी सम्प्रदाय, धर्मदासी कबीरशाखा, रामानन्दीय, खालसादल आदि के साथ भी सौहार्द के साथ होता आया है। व्रजमण्डल, प्रयाग, काशी, नेपाल, बंगाल, उडीसा राजस्थान, द्वारका आदि में निम्बार्कियों की गृहस्थ और विरक्त गुरुगद्दियाँ और मठ एवं मन्दिर पाए जाते हैं। इस सम्प्रदाय की एक विशेषता यह है कि इसके आचार्यों ने अन्य मतों के आचार्यों के समान दूसरे मतों का खण्डन नहीं किया है।

पाञ्चरात्र सम्प्रदाय —

पाञ्चरात्र मत वैष्णव सम्प्रदाय का एक रूप है। पाँच प्रकार की ज्ञानभूमि पर विरचित होने के कारण यह मत 'पाञ्चरात्र' कहा गया है—

रात्रं ज्ञानवचनं ज्ञानं पञ्चविधं स्मृतम।

इस मत के सिद्धान्तानुसार सृष्टि की सब वस्तुएँ पुरुष, प्रकृति, स्वभाव, कर्म और दैव – इन पाँच कारणों से उत्पन्न होती है।[1] पाञ्चरात्र मत की मुख्य शिक्षा कृष्ण की भक्ति ही है। परमेश्वर के रूप में कृष्ण की भक्ति करने वाले उनके समय में भी थे जिनमें गोपियाँ मुख्य थीं। पाञ्चरात्र मतानुसार वासुदेव, सकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध का श्रीकृष्ण के चरित्र से अति घनिष्ठ सम्बन्ध है।

पाञ्चरात्र संहिताओं में वैष्णवों के धर्म और आचार का विस्तृत

---

१. गीता १८ - १४।

वर्णन है। इनके भी दो विभाग है—पाञ्चरात्र और वैखानस। किसी मन्दिर में पाञ्चरात्र तथा किसी में वैखानस संहिताए प्रमाण मानी जाती हैं। पाञ्चरात्र के विभिन्न अर्थ हैं जिनका संग्रह निरुक्ति के आधार पर इस प्रकार है—

१. सांख्य योग, बौद्ध, अहित और कापाल-नामक पाँच शास्त्र जिसके सामने फीके पड़ जायँ, वह 'पञ्चरात्र' है।

२. सूर्य के उदय होने पर जिस प्रकार रात्रियाँ पञ्चत्व को प्राप्त हो हो जाती हैं, उसी प्रकार जिस शास्त्र के उदय होने पर अन्यान्य शास्त्र पञ्चत्व को प्राप्त हो जायँ, वह 'पञ्चरात्र' है।

३ 'रात्र' नाम ज्ञान का है और वह वैषयिक, यौगिक, भक्तिप्रद, मुक्तिप्रद और तत्व भेद से पाँच प्रकार का है, अतएव ज्ञान-प्रतिपादक शास्त्र का नाम पञ्चरात्र' है।

४. 'रात्रि' नाम अज्ञान का है और पञ्चन का अर्थ है—नाशन। इससे अज्ञानविनाशक शास्त्र 'पञ्चरात्र' है।

५. परमेश्वर के पाँच (पर, व्यूह, विभव, अन्तर्यामी, अर्चा नाम के) रूपों का निरूपण करने वाला शास्त्र 'पञ्चरात्र' है।

६ परमेश्वर को प्राप्त करके जीव की पाँच रात्रियाँ (भौतिक शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध) नष्ट हो जाती हैं। इस विषय को समझाने वाला शास्त्र 'पञ्चरात्र' है।

७ नारायण भगवान् ने पाँच रात्रियों में क्रमशः अनन्त, गरुड़, विष्वक्सेन, ब्रह्मा और रुद्र को जो उपदेश दिया था उसका नाम 'पञ्चरात्र' है।

८. अपने पाँच आयुधों के अंशस्वरूप शाण्डिल्य, औपगायन, मौञ्जायन, कौशिक और भारद्वाज में से प्रत्येक को जगत्प्रभु भगवान् ने पृथक् पृथक् जिस शास्त्र को पढ़ाया था, वह 'पञ्चरात्र' है।

इस प्रकार निरुक्तियाँ संस्कृत-साहित्य में बहुधा मिलती हैं : 'महत्त्वाद् भारतत्वाच्च महाभारतमुच्यते' यह 'महाभारत' शब्द की निरूक्ति भी इसी कोटि की है।

पञ्चरात्र न केवल वेद-मूलक हैं, प्रत्युत स्वयं 'एकायनवेद' नाम से अभिहित है। महर्षि शाण्डिल्य ने इसी एकायन वेद को द्वापर के अन्त में

और कलियुग के आदि में स्वयं संकर्षण से प्राप्त करके सुमन्तु, जैमिनि, भृगु, औपगायन और मौञ्च्यायन को पढ़ाया था।

पञ्चरात्र में जिन विषयों पर प्रकाश डाला गया है वे ये हैं—

१. (ज्ञान) दार्शनिक तत्व, मन्त्र एवं यन्त्र,

२. (योग) ध्यान विधि,

३. (क्रिया) मूर्ति और मन्दिरों के निर्माण की विधि,

४. (चर्या) ऊर्ध्वपुण्ड्र, व्रत एवं उत्सव आदि की विधि।

महाभारत में पञ्चरात्र को 'महोपनिषद्' कहा गया है, जैसा कि 'इदं महोपनिषदं सर्ववेदसमन्वितम्'—इस वचन से स्पष्ट है। इससे पञ्चरात्र का प्राचीन काल में अधिक आदर सूचित होता है। इस माहात्म्यातिशय का हेतु है—इसका नारायण भगवान् के श्रीमुखारविन्द से निर्गमन। महोपनिषद् के अतिरिक्त इसके लिए 'शास्त्र', तन्त्र', 'आगम', और 'संहिता' शब्दों का प्रयोग भी होता है—यथा 'पञ्चरात्रशास्त्र', 'पञ्चरात्रतन्त्र', 'पञ्चरात्रागम' और 'पञ्चरात्रसंहिता'।

पञ्चरात्र तन्त्र के मुनियों ने अनेक ग्रन्थ बनाये। उन-उन मुनियों के नामों के अनुसार पञ्चरात्र का नाम पड़ता गया। नारदपञ्चरात्र में सात प्रकार के पञ्चरात्रों का उल्लेख है यथा—ब्राह्म पञ्चरात्र, शैवपञ्चरात्र, पञ्चरात्र, वसिष्ठ पञ्चरात्र कापिल पञ्चरात्र गौतमीय पञ्चरात्र और कौमार नारदीय पञ्चरात्र। अग्निपुराण में पञ्चरात्रों के पचीस नाम मिलते हैं, यथा—हयशीर्ष, त्रैलोक्यमोहन, वैभव पौष्कर, प्रह्लाद, गार्ग्य, गालव, नारदीय, श्रीप्रश्न, शाण्डिल्य, ऐश्वर, सत्योक्त शौनक, वसिष्ठ, ज्ञानसागर स्वायम्भुव, कापिल, तार्क्ष्य, नारायणीय आत्रेय, नारसिंह, आनन्द, आरुण, बौधायन और अष्टाङ्ग।

पञ्चरात्रसम्बन्धी उपदेश और प्रवचनों के संग्रह संहिताओं के नाम से प्रसिद्ध हुए। बनते-बनते इनकी संख्या दो सौ से भी आगे पहुँची, किंतु साम्प्रदायिकों में १०८ संहिताओं का ही आदर है।

संहिताओं के सात्विक, राजस और तामस-भेद से तीन वर्ग हैं। इनमें से भगवत्प्रोक्त संहिताओं को 'दिव्य' कहा जाता है। इस अष्टोत्तरशत संहिता-माला में तीन संहिताएँ सुमेरु मणि के समान है। वे हैं—१-सात्वत-संहिता, २- जयाख्य-संहिता और ३- पौष्कर-संहिता। ईश्वर-संहिता सात्वत संहिता का व्याख्यानरूप है। पाद्म संहिता जयाख्य-संहिता

का विवरण है। परमेश्वर संहिता पौष्कर का विवर्चन है। सात्त्वत, जयाख्य और पौष्कर तीन होकर भी एक शास्त्र हैं। उनमें पारस्परिक विरोध नहीं है।

यदुशैल पर 'सात्त्वत सहिता' का, श्री रङ्ग में 'पौष्कर' का और हस्तिशैल में 'जयाख्य' का बहुमान है; किन्तु हस्तिशैल में 'पाद्म' के अनुसार, श्रीरङ्ग में परमेश्वर के अनुसार और यादवाद्रि में 'ईश्वरसहिता' के आदेशानुसार विधि-विधान होता है।

इन संहिताओं में से बहुत थोड़ी संहिताओं का ही मुद्रण अभी तक हो सका है।

पञ्चरात्र को मानने वाला पुरुष पाञ्चरात्रिक' कहलाता है। भक्त के अर्थ में इस शब्द का प्रयोग 'आगम'-साहित्य में हुआ है।

यामुनाचार्य ने 'आगम-प्रामाण्य' पुस्तक लिखकर पञ्चरात्र शास्त्र के माहात्म्य की सिद्धि की थी। रामानुजाचार्य ने ब्रह्मसूत्र के द्वितीयाध्याय के द्वितीय चरण के अन्तिम दो सूत्रों के भाष्य में 'पञ्चरात्रतन्त्र' का प्रामाण्य स्थापित किया था। तदनन्तर वेंकटनाथ ने 'पञ्चरात्ररक्षा' नामक ग्रन्थ लिखकर इस शास्त्र की महिमा को विस्तृत किया था।

वैष्णवों में पञ्चरात्रोक्त सिद्धान्तों का परम आदर है।

शैव सम्प्रदाय

ई० स० पहली शताब्दी में श्री विष्णु उपासना के 'पाँचरात्र' नामक साम्प्रदाय की उत्पत्ति हुई। उसका अनुसरण कर ई० स० दूसरी शताब्दी में 'लकुलिन्' नामक आचार्य ने 'पाशुपत' नामक शिव-उपासना के आद्य संप्रदाय की स्थापना की और इस हेतु 'पंचार्थ' नामक एक ग्रन्थ भी लिखा। आगे चलकर इसी पाशुपत साम्प्रदाय से शिव-उपासना के निम्नलिखित तीन प्रमुख सम्प्रदायों का निर्माण हुआ.—१. कापालिक २. पाशुपत और ३. शैव।

१. **कापालिक सम्प्रदाय**—रामानुज के अनुसार, शरीर के छः मुद्रिका का ज्ञान पाकर, एवं स्त्री के जननेंद्रिय में स्थित आत्मा का मनन कर, जो लोग शिव की उपासना करते हैं, उन्हें 'कापाल' सम्प्रदायी कहते हैं। (रामानुज २.२ ३५)। अपने इस हेतु के सिध्यर्थ इस सम्प्रदाय के लोग निम्नलिखित आचारों को प्राधान्य देते हैं १. खोपड़ी में भोजन लेना, २. चिताभस्म सारे शरीर में लगाना, ३. चिताभस्म भक्षण करना,

४. हाथ में डण्डा धारण करना, ५. मद्य का चषक साथ में रखना ६. मद्य स्थित रुद्र देवता की उपासना करना।

ये लोग गले में रुद्राक्ष की माला पहनते हैं एवं जटा धारण करते हैं, गले में मुण्डमाल धारण करने वाले भैरव एवं चण्डिका की ये लोग उपासना करते हैं, जिन्हें ये लोग शिव एवं पार्वती का अवतार मानते हैं।

इसी सम्प्रदाय की एक शाखा को 'कालमुख' अथवा 'महाव्रतधर' कहते हैं जो अन्य सम्प्रदायिकों से अधिक कर्मठ मानी जाती है।

२- **पाशुपत सम्प्रदाय**—इस सम्प्रदाय के लोग सारे शरीर में चिताभस्म लगाते हैं, एव चिताभस्म में ही सोते हैं। भीषण हास्य, नृत्य, गायन, हु हुक्कार एवं अस्पष्ट शब्दों में ऊँ कार का जाप, आदि छः भागों से ये शिव की उपासना करते हैं।

इस सम्प्रदाय की सारी उपासना पद्धति अनार्य लोगों के उपासना से आयी हुई प्रतीत होती हैं।

३. **शैव सम्प्रदाय**—यह सम्प्रदाय कापालिक एवं पाशुपत जैसे अति-मार्गिक सम्प्रदायों से तुलना में अधिक बुद्धिवादी है, जिस कारण इन्हें 'सिद्धान्त वादी' कहा जाता है। इस सम्प्रदाय में मानवी आत्मा को पशु' कहा गया है, जो इन्द्रिय पाशों से बँधा हुआ है। पशुपति अथवा शिव की मंत्रोपासना से आत्मा इन पाशों से मुक्त होता है। ऐसी इस सम्प्रदाय के लोगों की कल्पना है।

(क) **काश्मीर शैव सम्प्रदाय**—इस सम्प्रदाय की निम्नलिखित दो प्रमुख शाखाएं मानी जाती है:—१- स्पंदशास्त्र, जिसके जनक वसुगुप्त एव उसके शिष्य कल्लाट माने जाते हैं। इस सम्प्रदाय के दो प्रमुख ग्रन्थ 'शिवसूत्रम्' एवं 'स्पन्दकारिका' हैं। इसका प्रारम्भ काल ई० स० ९वीं शताब्दी माना जाता है; २- प्रत्यभिज्ञानशास्त्र; जिसके जनक सोमानंद एवं उनके शिष्य उदयाकर माने जाते हैं। इस सम्प्रदाय का प्रमुख ग्रन्थ 'शिवदृष्टि' है, जिसकी विस्तृत टीका अभिनवगुप्त के द्वारा लिखी गयी है। इस सम्प्रदाय का उदयकाल ई० स० १०वीं शताब्दी का प्रारम्भ माना जाता है।

इन दोनों सम्प्रदायों में कापालिक एवं पाशुपत जैसे प्राणायाम एवं अघोर आचरण पर जोर नहीं दिया गया है, बल्कि चित्तशुद्धि के द्वारा 'आनव' 'मायिय' एवं 'काय' आदि मलों (मालिन्य) को दूर करने को कहा गया है। इस प्रकार ये दोनों सिद्धान्त अघोरी रुद्र उपासकों से कतिपय श्रेष्ठ प्रतीत होते हैं।

राजतरंगिणी के अनुसार, काश्मीर का शैव सम्प्रदाय अत्यधिक प्राचीन है, एवं सम्राट अशोक के द्वारा काश्मीर में शिव के दो देवालय बनवाये गये थे। काश्मीर के सुविख्यात राजा दामोदर (द्वितीय) शिव के अनन्य उपासक थे। इस प्रकार प्राचीन काल से प्रचलित रहे शिव उपासना के पुनरुत्थान का महत्त्वपूर्ण कार्य 'स्पन्दशास्त्र' एवं 'प्रत्यभिज्ञान शास्त्र' वादी आचार्यों के द्वारा ई० स० १०वीं शताब्दी में किया गया।

(ख) **वीरशैव (लिंगायत) सम्प्रदाय**—इस सम्प्रदाय के आद्य प्रसारक आचार्य 'बसव' माने जाते हैं, जिनकी जीवन गाथा 'बसवपुराण' में दी गयी है। इस सम्प्रदाय के मत शैव दर्शन अथवा सिद्धान्तदर्शन से काफी मिलते जुलते हैं। इस पुराण से प्रतीत होता है कि, प्राचीन काल में विश्वेश्वराध्य, पण्डिताराध्य, एकोराम' आदि आचार्यों के द्वारा प्रसृत किये गये सम्प्रदाय को 'बसव' ने ई० स० १२ वीं शताब्दी में आगे चलाया।

इस सम्प्रदाय के अनुसार, ब्रह्मन् का स्वरूप 'सत्' 'चित्' एवं 'आनन्द' मय है, एवं वही शिवतत्त्व है। इस आद्य शिवतत्त्व के लिङ्ग (शिवलिङ्ग), एवं अंग (मानवीं आत्मा) ऐसे दो प्रकार माने गये हैं, एवंदोनों का संयोग शिव की भक्ति से होता हैं, ऐसा कहा गया है।

इस तत्वज्ञान में लिंग के महालिंग, प्रसादलिंग, चरलिंग, शिवलिंग, गुरुलिंग एव आचारलिंग ऐसे छः प्रकार कहे गये हैं, जो शिव के ही विभिन्न रूप हैं। इसी प्रकार अंग की भी 'योगांग', 'भोगांग' एवं 'त्यागांग'—ऐसी तीन अवस्थाएँ बतायी गयीं हैं, जो शिव की भक्ति की तीन अवस्थाएँ मानी गयी हैं।

लिंगायतों के आचार्य स्वयं को लिंगी ब्राह्मण (पंचम) कहलाते हैं, एवं इस सम्प्रदाय के उपासक गले में शिवलिंग की प्रतिमा धारण करते हैं।

लिङ्गायत शिव को ही सर्वेश्वर मानते हैं तथा एकमात्र शिव की पूजा करते है। वे शिव की पूजा दो प्रकार से करते हैं : अपने गुरु जङ्गम की पूजा तथा गले में लटकने वाले छोटे लिङ्ग की पूजा। जब बच्चा पैदा होता है तो पिता अपने गुरु को बुलाता है, वह बच्चे की रक्षा के लिए अष्टवर्ग संस्कार करता है। इसके आठ विभाग हैं– गुरु लिङ्ग, विभूति, रुद्राक्ष, मन्त्र, जङ्गम तीर्थ और प्रसाद। इस संस्कार से बालक लिङ्गायत बन जाता है।

लिङ्गायतों में प्रचलित महत्त्वपूर्ण कन्नड़ भाषा की शिक्षाएँ 'वचन' कहलाती हैं। कुछ कन्नड़ी पुराण भी इस सम्प्रदाय के हैं जिनमें राघवाङ्करचित 'सिद्धराम' बहुत प्रसिद्ध है।

शैवागम—

सनत्कुमारसंहिता के अनुसार शैवागम दो प्रकार का है—श्रौत और अश्रौत। श्रौत को श्रुतसारमय कहा गया है, और यह दो प्रकार का है—स्वतन्त्र और इतर। स्वतन्त्र के दस भेद हैं। इसके बाद सिद्धान्त को अट्ठारह प्रकार का बताया गया है। 'इतर' को 'श्रुतिसार' कहा गया है जिसके सैकडों भेद हैं—

श्रौताश्रौतविभेदेन द्विविधस्तु शिवागमः।
श्रुतिसारमयः श्रौतः पुनर्द्विविधो मतः॥

यद्यपि प्रत्येक आगम अपना मूल स्रोत श्रुतियों को ही बताते हैं फिर भी आचार विचार के अनुसार सब में बहुत से भेदोपभेद हो गए हैं। शैवों के कई उप सम्प्रदाय हैं। शाक्तों के नौ आम्नाय और चार सम्प्रदाय १- केरल, २- काश्मीर, ३· गौड और ४· विलास हैं। इनके पुनः दो-दो भेद 'सम्मोहन तन्त्र' में वर्णित हैं। उत्तर भारत के काश्मीर का शैवतन्त्र 'त्रिक' कहलाता है। दक्षिण का शैवतन्त्र 'शैवसिद्धान्त' कहलाता है।

शाक्त समस्त देश में फैले हुए हैं यद्यपि प्रधानतया वे बंगाल और आसाम में हैं। वस्तुतः 'अर्धनारीश्वर' मूर्ति के 'शिव' पार्श्व की शैव और 'शक्ति' पार्श्व की शाक्त उपासना करते हैं। आगमवादी शैव एव शाक्त दोनों ही छत्तीस तत्त्व मानते हैं। इनमें पृथ्वी से प्रकृति तक २४ तत्त्व हैं जिनमें पुरुष, माया, पांच कञ्चुक (कला, काल, नियति, विद्या और राग) शुद्ध विद्या (या सद् विद्या) शक्ति और शिव सम्मिलित हैं। इन्हें तीन वर्गों में बाटा गया है—१- शिवतत्त्व, २· विद्या तत्त्व और ३- आत्म-तत्त्व अथवा, शुद्ध, शुद्धाशुद्ध, तथा अशुद्धतत्व। शिव शक्ति तत्व से लेकर सद्विद्या तत्व तक सब 'शुद्ध तत्व' कहलाते हैं। प्रकृति से पृथ्वी तक के २४ तत्व 'अशुद्ध तत्व' कहलाते हैं और इन दोनों के बीच के तत्व शुद्धाशुद्ध तत्व' कहलाते हैं।

दूसरे विभाजन के अनुसार शिवतत्त्व के वर्ग में शिव-तत्व और शक्ति तत्व आते हैं। विद्यातत्व से अभिप्राय सदाशिव से लेकर सद्विद्या तक है; और आत्मतत्व से अभिप्राय माया और कञ्चुकों से लेकर पृथिवी तक

के तत्वों से है।

शाक्तों के तीन वर्ग बताए गए हैं उनमें—१ कौल या शाक्त शास्त्र के चौसठ तन्त्र हैं २- मिश्र के आठ तन्त्र हैं, और ३- समय वर्ग के पाँच तन्त्र हैं। शाक्त आगम तीन प्रकार के हैं १- सात्विक, अधिकारियों के लिए जिन आगमों का उपदेश किया गया है उन्हें 'तन्त्र' कहते हैं, २. जो राजस प्रवृत्ति वालों के लिए हैं उन्हें यामल' कहा जाता है और ३ तामस प्रवृत्ति वालों के लिए जो हैं उन्हें 'डामर' कहा जाता है।

तान्त्रिकों के सर्वश्रेष्ठ 'कौलाचार' को ही अवधूत मार्ग बताया गया है। तान्त्रिकों और अवधूतों में भी बहुधा भेद किया जाता है। तान्त्रिक लोग पहले बहिरंग उपासना करते हैं और अन्त में क्रमशः सिद्धि प्राप्त करते हुए कुण्डलिनी शक्ति की उपासना करते हैं, जो वस्तुतः सर्वथा अवधूत मार्ग की उपासना है। अवधूतों एवं कापालिकों और इसी प्रकार के अन्य तान्त्रिकों के मूल उपास्य देवता शिव हैं, इन्हें आदिनाथ कहा जाता है। शङ्कराचार्य के अद्वैतमत का पराभव एक कापालिक के द्वारा हुआ, जिसका उल्लेख 'गोरक्ष सिद्धान्त संग्रह' में हैं। कापालिक और अवधूत दोनों इस अर्थ में 'नाथ मत' मे हैं कि श्री नाथ ने ही दोनों को प्रकट किया। कापालिकों के बारह आचार्यों में प्रथम नाम आदिनाथ का ही है, और बारह शिष्यों में से कई नाथ मार्ग के आचार्य भी हैं। कापालिकों के बारह आचार्यों के नाम इस प्रकार हैं—आदिनाथ, अनादि, काल, अतिकाल, कराल, विकराल, महाकाल, कालभैरव, नाथ, बटुकनाथ, वीरनाथ, और श्रीकण्ठ। कापालिकों के बारह शिष्यों के नाम इस प्रकार है—नागार्जुन, जड़भरत, हरिश्चन्द्र, सत्यनाथ, भीमनाथ, गोरक्ष, चर्पट, अवद्य, वैरागी, कन्थाधारी, जालन्धर, और मलयार्जुन।

सप्त आचार—

कुछ तन्त्र ग्रन्थों में वेद, वैष्णव, शैव, दक्षिण, वाम, सिद्धान्त और कुल ये सात प्रकार के आचार बतलाए गए हैं। ये सातो आचार तीन यानों (देवयान, पितृयान एवं महायान) के अन्तर्गत माने जाते हैं। ये उत्तरोत्तर एक दूसरे से श्रेष्ठ हैं। महाराष्ट्र के वैदिकों में वेदाचार, रामानुज और इतर वैष्णवों में वैष्णवाचार, शङ्करस्वामी के अनुयायी दाक्षिणात्य शैवों में दक्षिणाचार, वीर शैवों में शैवाचार और वीराचार, तथा केरल, गौड, नेपाल और कामरूप के शाक्तों में क्रमशः वीराचार, वामाचार, सिद्धान्ताचार एवं कौलाचार देखे जाते हैं। पहले तीन आचारों के प्रतिपादक

थोड़े ही तन्त्र हैं। किन्तु पिछले चार आचारों के प्रतिपादक तन्त्रों की तो गिनती नहीं है। पहले तीनों के तन्त्र ग्रन्थों में पिछले चारों आचारों की निन्दा की गई है।

इनमें कौलाचार श्रेष्ठतम है। कौलमार्ग ही अवधूत मार्ग है। तान्त्रिकों का कौलमार्ग और कापालिक मत दोनों ही नाथ मत के अनुयायी कहे जाते हैं।

नाथ-पन्थी—

नाथ पन्थियों का मुख्य सम्प्रदाय गोरखनाथी योगियों का है। इन्हें साधारणतया कनफटा और दर्शनी साधु कहा जाता है। कनफटा इन्हें इसलिए कहते हैं क्योंकि ये कान फाड़कर उनमें मुद्रा धारण करते हैं; और मुद्रा के नाम पर ही इन्हें दर्शनी कहा जाता है।

नाथ सम्प्रदाय

जब तान्त्रिकों और सिद्धों के चमत्कार एवं अभिचार बदनाम हो गये, शाक्त मद्य, मांसादि के लिये तथा सिद्ध, तांत्रिक आदि स्त्री सम्बन्धी आचारों के कारण घृणा की दृष्टि से देखे जाने लगे तथा जब इनकी यौगिक क्रियाएं भी मन्द पड़ने लगीं तब इन यौगिक क्रियाओं के उद्धार के लिये ही उस समय 'नाथ सम्प्रदाय' का उदय हुआ। इनमें नव नाथ मुख्य कहे जाते हैं:—गोरक्षनाथ, ज्वालेन्द्रनाथ, कारिणनाथ, गहिनिनाथ, चर्पटनाथ, रेवणनाथ, नागनाथ, भर्तृनाथ, और गोपीचन्द्रनाथ। गोरक्षनाथ ही गोरखनाथ के नाम से प्रसिद्ध हैं।

इस सम्प्रदाय के परम्परा संस्थापक आदिनाथ स्वयं शङ्कर के अवतार माने जाते हैं। इसका सम्बन्ध रसेश्वरों से है और इसके अनुयायी आगमों में आदिष्ट योग-साधना करते हैं। अतः इसे अनेक इतिहासज्ञ शैव सम्प्रदाय मानते हैं। परन्तु अन्य शैवों की तरह ये न तो लिङ्गार्चन करते हैं और न तो शिवोपासना के और अंङ्गो का निर्वाह करते हैं। किन्तु तीर्थ, देवता आदि को मानते हैं, शिवमन्दिर और देवी मन्दिरों में दर्शनार्थ जाते हैं। कैलादेवी जी तथा हिंगलाज माता के दर्शन विशेषतः करते हैं, जिससे इनका शाक्त सम्बन्ध भी स्पष्ट है। योगी भस्म भी रमाते हैं, परन्तु भस्मस्नान का एक विशेष तात्पर्य है—जब ये लोग शरीर में श्वास का प्रवेश रोक देते हैं तो रोमकूपों को भी भस्म से बन्द कर देते हैं। प्राणा-

याम की क्रिया में यह महत्व की युक्ति है। फिर भी इनका मार्ग शुद्ध योगसाधना का पन्थ है। इसलिये इसे महाभारत काल के योग सम्प्रदाय की परम्परा के अन्तर्गत मानना चाहिये। विशेषतया इसलिये कि पाशुपात सम्प्रदाय से इसका सम्बन्ध हलका सा ही देख पड़ता है। साथ ही योग साधना इसके आदि, मध्य और अन्त में है। अतः यह शैव मत का शुद्ध योग सम्प्रदाय है।

इस पन्थ वालों की योग-साधना पातञ्जलविधि का विकसित रूप है। उसका दार्शनिक अंश छोड़कर हठयोग की क्रिया जोड़ देने से 'नाथपन्थ' की योग क्रिया हो जाती है। 'नाथपन्थ' में ऊर्ध्वरेता या अखण्ड ब्रह्मचारी होना महत्त्व की बात है। माँस-मद्यादि सभी तामसी भोजनों का पूरा निषेध है। यह पन्थ चौरासी सिद्धों के तान्त्रिक 'वज्रयान' का सात्विक रूप में परिपालक प्रतीत होता है।

उनका तात्त्विक सिद्धान्त है कि परमात्मा 'केवल' है। उसी परमात्मा तक पहुँचना मोक्ष है। जीव का उससे चाहे जैसा सम्बन्ध माना जाय, परन्तु व्यावहारिक दृष्टि से उससे सम्मिलित ही कैवल्य, मोक्ष या योग है। इसी जीवन में इसकी अनुभूति हो जाय, यही इस पन्थ का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये प्रथम सीढी काया की साधना है। कोई काया को शत्रु समझकर भाँति-भाँति के कष्ट देता है और कोई विषय वासना में लिप्त होकर उसे अनियंन्त्रित छोड़ देता है। परन्तु नाथपन्थी काया को परमात्मा का आवास समझ कर उसका उपयुक्त शोधन करता है। काया उसके लिये वही यन्त्र है जिसके द्वारा वह इसी जीवन में मोक्षानुभूति कर लेता है और इस तरह जरा-मरण व्याधि और काल पर विजय भी पा जाता है।

इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिये वह पहले काया शोधन करता है इसके लिये वह यम-नियम के साथ हठयोग के षट्कर्म (नेती, धौती, बस्ती, नौली, कपालभाती और त्राटक) करता है कि काया शुद्ध हो जाये। यह नाथपन्थियों का अपना आविष्कार नहीं है, हठयोग पर लिखित 'घेरण्ड संहिता' नामक प्राचीन ग्रन्थ में वर्णित सात्विक योग प्रणाली का ही यह उद्धार नाथपन्थियों ने किया है।

इस मत में शुद्ध हठयोग तथा राजयोग की साधनाएँ अनुशासित हैं। योगासन, नाड़ीज्ञान, षट्चक्र-निरूपण तथा प्राणायाम द्वारा समाधि की प्राप्ति इसके मुख्य अङ्ग हैं। शारीरिक पुष्टि तथा पञ्च महाभूतों पर विजय की सिद्धि के लिये रस विद्या का भी इस मत में एक विशेष स्थान है।

इस पन्थ के योगी जीवित समाधि लेते है। वे जलाये नहीं जाते। यह माना जाता है कि उनका शरीर योग से ही शुद्ध हो जाता है। उन्हें जलाने की आवश्यकता नहीं। नाथपन्थी योगी अलख (अलक्ष) जगाते हैं। इसी शब्द से इष्टदेव का ध्यान करते हैं और इसी से भिक्षाटन भी करते हैं। इनके शिष्य गुरु के 'अलक्ष' कहने पर 'आदेश' कहकर सम्बोधन का उत्तर देते हैं। इन मन्त्रों का लक्ष्य वही प्रणवरूपी परम पुरुष है जो वेदों और उपनिषदों का ध्येय है।

नाथपन्थी जिन ग्रन्थों को प्रमाण मानते हैं उनमें सबसे प्राचीन हठयोग सम्बन्धी ग्रन्थ 'घेरण्ड-संहिता, और 'शिवसंहिता' है। गोरखनाथ कृत हठयोग', गोरक्षनाथ ज्ञानामृत,' 'गोरक्षकल्प,' गोरक्षसहस्रनाम,' 'चतुरशीत्यासव', 'योगचिन्तामणि,' 'योगमहिमा,' 'योगमार्तण्ड,' योग-सिद्धान्त पद्धति,' 'विवेकमार्तण्ड', 'सिद्धसिद्धान्त पद्धति,' 'गोरखबोध,' 'दत्त गोरक्षसंवाद' गोरखनाथ जी के पद,' गोरखनाथ के स्फुट ग्रन्थ,' ज्ञानसिद्धान्त योग,' 'ज्ञानविक्रम,' 'योगेश्वरी साखी,' नर-बैबोध,' 'विरह पुराण' और 'गोरखसार ग्रन्थ' भी नाथ सम्प्रदाय के प्रमाणिक ग्रन्थ हैं।

शाक्त साम्प्रदाय

(क) कौलाचार

'कौल' शाक्तों के वाममार्गी सम्प्रदाय में एक शाखा है। इसका आधारभूत साहित्य 'कौलोपनिषद्' तथा 'परशुराम–भार्गव–सूत्र' है। दूसरे ग्रन्थ में कौल प्रणाली की सभी शाखाओं का सम्पूर्ण विवरण है। दिव्य, घोर और पशु-इन तीन भागों में से दिव्य भाव में लीन ब्रह्मज्ञानी को 'कौल' कहते हैं। 'कुलार्णव तन्त्र' में कौल की परिभाषा इस प्रकार है—

'दिव्यभावरतः कौलः सर्वत्र समदर्शनः।'

दिव्यभाव में रत, सर्वत्र समान रूप से देखने वाला 'कौल' होता है।

'महानील-तन्त्र' में 'कौल' को और भी विशिष्ट रूप से परिभाषित किया गया है—

परोर्वक्त्राल्लब्धमन्त्रः पशुरेव न संशयः।
वीराल्लब्धमनुर्वीरः कौलाच्च ब्रह्मविद् भवेत्॥

'पशु के मुख से मन्त्र प्राप्त कर मनुष्य निश्चय ही पशु रहता है; वीर से मन्त्र पाकर 'वीर' और 'कौल' के मुख से मन्त्र पाकर ब्रह्मज्ञानी होता है।'

तान्त्रिक गण सात प्रकार के आचारों में विभक्त हैं। कुलार्णव तन्त्र के अनुसार वेद, वैष्णव शैव, दक्षिण वाम, सिद्धान्त एवं कौल—ये सात आचार हैं। 'कौलाचार' सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। किन्तु प्रथम तीन अन्तिम चार की निन्दा भी करते हैं। प्रत्येक आचार के अनेक तन्त्र-ग्रन्थ हैं। कौलाचार का वर्णन नित्या-तन्त्र[1] में इस प्रकार है—

'देश एवं काल का नियम नहीं है', तिथि आदि का भी नियम नहीं है। हे देवेशि! महामन्त्र साधन का भी नियम नहीं है। कभी शिष्ट, कभी भ्रष्ट और कभी भूतपिशाच के समान, इस तरह नाना वेशधारी कौल महीतल पर विचरण करते हैं। कर्दम (कीचड़) और चन्दन में, मित्र और शत्रु में, श्मशान और गृह में, स्वर्ग और तृण में, जिनका भेदज्ञान नहीं है उन्हें ही 'कौल' कहा जाता है।

कौलों के विषय में एक अन्य कथन इस प्रकार है—

अन्तः शाक्ता बहिः शैवाः सभामध्ये तु वैष्णवाः।
नानारूपधराः कौला विचरन्ति महीतले॥

भीतर से शाक्त, बाहर से शैव, सभा में वैष्णव, इस प्रकार नाना रूप धारण करके कौल लोग पृथ्वी पर विचरण करते हैं।'

कौलाचार में जो वस्तुएँ मूल में रूपकात्मक थीं, वे आगे चलकर व्यवहार में अपने भौतिक रूप में प्रयुक्त होने लगीं। कौलों की साधना में पञ्च मकार [मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा, और मैथुन] का उन्मुक्त प्रयोग होता है। इन पञ्च मकारों से जगदम्बिका का पूजन होता है। काली अथवा तारा का मन्त्र ग्रहण करके जो पञ्च मकार का सेवन नहीं करता है वह कलियुग में पतित है। वह, जप होम आदि कार्यों में अनधिकारी होता है। तथा मूर्ख कहलाता है। उसका पितृतर्पण श्वान मूत्र के समान है। काली

---

१. दिक्कालनियमो नास्ति तिथ्यादिनियमो न च।
नियमो नास्ति देवेशि महामन्त्रस्य साधने॥
क्वचित् शिष्टः क्वचिद् भ्रष्टः क्वचिद् भूतपिशाचकः।
नानावेशधराः कौलाः विचरन्ति महीतले॥
कर्दमे चन्दनेऽभिन्नं मित्रे शत्रौ तथा प्रिये।
श्मशाने भवने देवि तथैव काञ्चने तृणे॥
न भेदो यस्य देवेशि स 'कौलः' परिकीर्तितः॥
(नित्यातंत्र)

और तारा का मन्त्र पाकर जो वीराचार नहीं करता वह शूद्रत्व को प्राप्त होता है। सुरा सभी कार्यों में प्रशस्त मानी जाती है। पृथ्वी में यह एकमात्र मुक्तिदायिनी समझी जाती है इसका नाम ही तीर्थ है और यही भौतिक प्रयोग इनके गर्हित होने का मूल कारण बना।

'कौलोपनिषद्' कौलमार्ग का आधार ग्रन्थ है। यह संक्षिप्त है और सरल गद्य में किन्तु संकेतों के साथ लिखा गया है। अतः पहेली के समान सरलता से समझ में न आने वाला है तथा इसका निर्देश अस्पष्ट है। इसके कथनानुसार पूजा-पाठ एवं यज्ञादि से मुक्ति नहीं मिलेगी। इसे प्राप्त करने के लिए सामाजिक परम्परा से चले आ रहे अन्धविश्वासी बन्धनों से मुक्ति पानी चाहिए। कौल धर्म वीरों का मार्ग हैं कायरों का नहीं।

(ख) समयाचार

समैय का अर्थ है—हृदयाकाश में चक्र की भावना कर पूजा विधान[1], अथवा शक्ति के साथ अधिष्ठान, अनुष्ठान, अवस्थान, नाम, तथा रूप भेद से पञ्च प्रकार के साम्य को धारण करने वाले शिव (=शिव एवं शक्ति का सामरस्य]। समयाचार में मूलाधार में सुप्त कुण्डलिनी को जाग्रत कर स्वाधिष्ठानादि चक्रों से होकर सहस्रार चक्र में विराजमान सदाशिव के साथ संयोग कर देना ही प्रधान आचार है।[2] इस प्रकार समयाचार 'श्री विद्या' के उपासकों का एक अन्य ही आचार है। इस मार्ग में अन्तर्याग का प्राधान्य है।

भास्कर राय ने 'ललितसहस्रनाम' के भाष्य के आरम्भ में ही 'कुल' शब्द का अर्थ बताया है – मूलाधारचक्र'। लक्ष्मीधर के कथनानुसार आधार चक्र या योनि की प्रत्यक्षरूपेण पूजा करने वाली तान्त्रिक 'कौल' तथा उसकी भावना करने वाले उपासक 'समयमार्गी' कहे जाते हैं। लक्ष्मीधर ने कौलों के दो मतों का भी उल्लेख किया है—पूर्वकौल तथा उत्तरकौल। पूर्वकौल श्रीचक्र के भीतर स्थित योनि की पूजा करते हैं। परन्तु उत्तरकौल सुन्दरी तरुणी को प्रत्यक्ष योनि के पूजक होते हैं। वे अन्य मकारों का भी प्रत्यक्ष प्रयोग करते हैं उत्तरकौलों के इसी

---

१. 'दहराकाशावकाशे चक्रं विभाव्य तत्र पूजादिकं समय इति रूढ्या उच्यते'—भास्कर राय। (ललितसहस्रनाम पृ० ५४ का भाष्य)

२. कुः पृथिवीतत्त्वं लीयते यस्मिन् तदाधारचक्रं कुलम्। इसकी 'त्रिकोण' या 'योनि' भी अन्यतम संज्ञा है। भास्करराय (ललितसहस्रनामभाष्य)।

वामाचार के कारण तान्त्रिक विधि-विधान सर्वसाधारण में गर्हित होने लगा था। किन्तु कौलो के प्रधान तन्त्र ग्रन्थ 'कुलार्णव-तन्त्र' में मद्य-मांसादि के प्रत्यक्ष प्रयोग की बड़ी कड़ी निन्दा की गई है।[1] वस्तुतः कौल वही है जो शक्ति (=कुल) को शिव (=अकुल) के साथ मिलन करने में समर्थ होता है। योगक्रिया से कुण्डलिनी का अभ्युत्थान कर सहस्रार में स्थित शिव के साथ सम्मेलन कराना ही 'कौल' है। स्वच्छन्दतन्त्र में यही कहा भी है—

कुलं शक्तिरिति प्रोक्तमकुलं शिव उच्यते।
कुलेऽकुलस्य सम्बन्धः कौलमित्यभिधीयते॥

ग्रन्थकार केशव काश्मीरी

इस 'कमदीपिका' के रचयिता काश्मीरी कवि श्री केशव भट्ट हैं। ये निम्बार्क सम्प्रदाय के विद्वान् थे। निम्बार्को का इतिहास १३५० ई० से १५०० ई० तक अज्ञात है। किन्तु १५०० ई० से इनका पुनरुन्मेष होता है। इस सम्प्रदाय के दो प्रकार के आचार्य हुए हैं १. गृहस्थ, तथा २. सन्यासी। इन आचार्यों में केशव काश्मीरी का नाम सर्वप्रमुख रूप से आता है। पुन विकास काल के आरम्भिक नेताओं का युग्म केशव काश्मीरी, जो निम्बार्को में अग्रणी थे, तथा उनके भगिनीपति हरि व्यास देव का था जो निम्बार्को के अन्य नेता थे। ये कृष्ण चैतन्य एवं वल्लभाचार्य के समकालीन थे। केशव काश्मीरी प्रसिद्ध तार्किक विद्वान् एवं निम्बार्कदर्शन के भाष्यकार हैं। उपासना के क्षेत्र में उनकी 'क्रमदीपिका' की विशेष प्रतिष्ठा है जो विशेषकर गौतमीय तन्त्र के आधार पर निर्मित हुई है।

वस्तुतः केशवाचार्य निम्बार्काचार्य के शिष्य श्रीनिवास द्वारा कृत 'ब्रह्मसूत्रभाष्य' के व्याख्याता विद्वान् थे। निम्बार्काचार्य के 'वेदान्तपरिजात सौरभ' का भाष्य 'वेदान्तकौस्तुभ' नाम से श्रीनिवासाचार्य ने लिखा था। उस 'वेदान्तकौस्तुभ' की टीका केशवाचार्य ने लिखी है। निम्बार्काचार्य की परम्परा में ये अत्यन्त प्रौढ़ विद्वान् माने जाते हैं। इन्हें केशव भट्ट के नाम से भी जाना जाता है। इस प्रकार निम्बार्काचार्य की परम्परा के उत्तरार्द्ध में उनके दो शिष्य केशव भट्ट और हरिव्यास से दो श्रेणियाँ निकलीं। ये गृहस्थ और सन्यासी थी, जो आपसी भेदों के होते हुए भी बड़े आदृत थे।

---

१. कलार्णव २. १-११७-१३६।

केशवभट्ट का काल

केशव काश्मीरी के देशकाल का भलीभाँति परिचय नहीं प्राप्त होता है। सुना जाता है कि इन्होने तीन बार दिग्विजय कर 'दिग्विजयी' की उपाधि प्राप्त की थी। काश्मीर में अधिक दिनों तक निवास के कारण काश्मीरी नाम से विख्यात हुए थे। ये अलाउद्दीन खिलजी (शासनकाल १२९६ ई०-१३२० ई०) के समकालीन माने जाते हैं। ऐसी किंवदन्ती है कि मथुरा के किसी मुसलमान सूबेदार के आदेशानुसार एक फकीर ने लाल दरवाजे पर एक मन्त्र टाँक दिया था, जिसके प्रभाव से जो भी हिन्दू उधर से निकलता था उसकी शिखा कट जाती और वह मुसलमान बन जाता था। हरि-भक्त काश्मीरी कवि भी सूचना पाकर उस स्थान पर अपने शिष्यों के साथ पहुँचे। वहाँ अपने प्रभाव से उस यन्त्र को उन्होंने व्यर्थ बना डाला। ये मथुरा में ध्रुवटीले पर निवास करते थे। इनका जन्मोत्सव ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी को मनाया जाता है। इनके एक शिष्य संकर्षणशरणदेव ने 'वैष्णवधर्मसुरद्रुममञ्जरी' की रचना की, जिसमें इस मत की श्रेष्ठता तथा व्रतादि का वर्णन है। काश्मीरी कवि के विषय में यह श्लोक प्रसिद्ध—

वागीशा यस्य ,वदने हृत्कञ्जे श्रीहरिःस्वयम्।
यत्यादेशकरा देवा मन्त्रराजप्रसादतः॥

नाभादास जी ने इनके पूर्वोक्त चमत्कार तथा सर्वत्र दिग्विजय की सूचना पाकर यह छप्पय लिखा था—

कासमीर की छाप पाय तापन जगमण्डल
दृढ़ हरि भक्ति कुठार आनमत विटप विहंडन।
मथुरा मध्य मलेच्छ बदल करि वर बट जीते
काजी अजित अनेक देखि परचे भय भीते।
विदित बात संसार सब सन्त साखि नाहिन दुरी।
'श्री केशवभट' नरमुकुटमणि जिनकी प्रभुता निस्तरी॥
(छप्पय ७५)

इस प्रकार केशव काश्मीरी निम्बार्क सम्प्रदाय के महनीय आचार्य एवं विशिष्ट सिद्ध पुरुष थे।[1] इनके जीवन के अनेक अलौकिक चमत्कार

---

१. इनके जीवन चरित के विशेष अध्ययन के लिए श्री नारायण देवाचार्य द्वारा संगृहीत 'आचार्य चरित्र' एवं सर्वेश्वर का 'वृन्दावनाङ्क' देखना चाहिए।

सम्प्रदाय के इतिहास में बहुश चर्चित हैं। इनके प्रमुख शिष्य 'श्रीभट्ट' थे। इन्होंने 'युगल शतक' की रचना १३५२ विक्रमी (=१९९५ ई०) में की थी— इस प्रकार इस सम्प्रदाय की मान्यता है। अतः केशव काश्मीरी का समय ई० की १३ वीं शती का पूर्वार्ध होना चाहिए। 'युगल शतक टीका' बड़ी ही पाण्डित्यपूर्ण है तथा इसमें भागवत के पद्यों की व्याख्या में वेद तथा उपनिषदों से प्रचुर प्रमाण उद्धृत किए गए हैं।

क्रमदीपिका और उसका काल

इस प्रकार 'क्रमदीपिका' केशव काश्मीरी निम्बार्कों के एक दिग्विजयी नेता, विद्वान् एवं भाष्यकार के द्वारा रचित है। यह तन्त्र ग्रन्थ यजन, पूजार्चन आदि पर एक गौरवपूर्ण रचना है, जो गौतमीय तन्त्र की चुनी हुई सामग्रियों का संग्रह है। इसके विषय कुछ 'गोपालपूर्वतापनीयोपनिषत्' से भी लिए गए हैं। किन्तु उन सभी पूजा के ही विषयों को उपासना के क्रम में रक्खा गया है और यह स्वतन्त्र रचना उस 'उपासना क्रम' की 'दीपिका' हो गई है जिसे स्वयं कवि ने पुस्तक के अन्तिम पटल[1] में इस इस प्रकार व्यक्त किया हैं—

न्यासजपहोमपूजातर्पणमन्त्राभिषेकविनियोगात्
दीपिकयैव मयोद्भाषितः क्रमः कृत्स्नमन्त्रगणकथितानाम् ॥

'श्रीकृष्ण विषयक अनुष्ठान के लिए न्यास, जप, होम, पूजा, तर्पण, मन्त्र और अभिषेक की तथा सम्पूर्ण मन्त्रों की दीपावली के समान मैंने क्रमपूर्वक यह दीपिका प्रकाशित की है।'

इसकी रचना १३वीं शती के प्रारम्भ में हुई थी।

केशव काश्मीरी के ग्रन्थ

इनके जो ग्रन्थ मिलते हैं वे इस प्रकार हैं—

१. **तत्त्वप्रकाशिका**—गीता का निम्बार्कमतानुयायी भाष्य मुद्रित है।

२. **कौस्तुभप्रभा**—यह वेदान्त कौस्तुभ का नितान्त पाण्डित्यपूर्ण व्याख्यान है जिसमें परमत का खण्डन बड़ी युक्तियों के साथ साग्रह किया गया है। यह ग्रन्थ भी मुद्रित है।

३. **प्रकाशिका**— यह दशोपनिषद् पर भाष्य है। जिसमें से मात्र मुण्डक का ही भाष्य प्रकाशित है।

---

१. क्रम० ८.११३।

४ **भागवती टीका**– मात्र वेदस्तुति का भाष्य उपलब्ध है और प्रकाशित भी है।

५. **क्रमदीपिका**— 'विवरण' नामक टीका के साथ मुद्रित है।

क्रमदीपिका के टीकाकार

'क्रमदीपिका' पर श्रीगोविन्द भट्टाचार्य कृत 'विवरण' नामक टीका है जिसका प्रकाशन इस ग्रन्थ में किया गया है। पुष्पिका[1] में इन्हें 'विद्या-विनोद' विशेषण दिया गया है जिससे प्रतीत होता है कि ये अत्यन्त विद्याव्यसनी थे।

टीका में इन्होंने अन्य आचार्यों के मतों का संग्रह भी किया है। इन आचार्यों के नाम इस प्रकार हैं—परमानन्द भट्टाचार्य, भैरवत्रिपाठी, रुद्रधर, विद्याधराचार्य आदि। इनके अतिरिक्त मन्त्रमुक्तावलीकार और लघु-दीपिकाकार का भी उल्लेख किया गया है। जिन ग्रन्थों के नाम यहाँ आए हैं वे हैं—प्रपञ्चसार, प्रपञ्चसारविवरण, शारदातिलक, शारदातिलकोद्योत (टीका), वैशम्पायन संहिता, नारदीय पाञ्चरात्र, गौतमीय तन्त्र और सनत्कुमार कल्प आदि।

टीकाकार का परिचय कहीं भी टीका में प्राप्त नहीं है। इनकी इस टीका के बिना ग्रन्थ को समझना अत्यन्त कठिन है। इन्होंने एक 'होमा-नुष्ठानविधि' नामक हवन विषयक ग्रन्थ भी लिखा था जिसका उल्लेख टीका में प्राप्त है।[2]

क्रमदीपिका-विषय-विवेचन

इस तन्त्र ग्रन्थ में गोपाल की पूजार्चना का क्रमपूर्वक वर्णन प्रस्तुत किया गया है। इसलिए इसका नाम **'क्रमदीपिका'** है इसमें तान्त्रिक क्रम से पूजा के उपचारों को इस प्रकार प्रदर्शित किया गया है—

१. न्यास, २. जप, ३. होम, ४. पूजा, ५. तर्पण, ६. मन्त्र, और ७. अभिषेक।

पूजा क्रम की इस 'दीपिका' के आठ पटलों में इसी का क्रम बद्ध वर्णन है।

---

१. इति श्रीविद्याविनोदगोविन्दभट्टाचार्यविरचिते क्रमदीपिकाया विवरणे प्रथमः पटलः ॥ १ ॥ क्रम० पृ० २८।

२. होमादेश्चानुष्ठानप्रकारो मत्कृतहोमानुष्ठानपद्धतेरवगन्तव्यः। क्रमदीपिका टीका०, पृ० १४२।

प्रथम पटल—

इस पटल में ग्रन्थ की उपादेयता, गोपाल मन्त्र की सिद्धि, भूतशुद्धि, मातृका न्यास; केशवादि मूर्ति और कीर्त्यादि शक्ति का न्यास, उनका ध्यान, तत्त्वों के नाम, न्यास के प्रयोजन, मन्त्रविशेष में प्राणायाम के प्रकार, पीठ शक्ति का दिग्दर्शन एवं कर-शोधन वर्णित है।

इस ग्रन्थ में श्रीकृष्ण के पूजा-होमादि रूप यजन विधियों का प्रतिपादन नारद एवं गौतम प्रभृति महर्षियों के ग्रन्थों में कहे गये विवेचनों पर आधारित है। इसके लिए ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र तथा ब्रह्मचारी एवं गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यासी किंवा स्त्रियाँ भी अधिकारी हैं।[1] इस घोर कलि काल में श्रीकृष्ण के मन्त्र के अतिरिक्त कोई अन्य मन्त्र का जप, हवन, एवं तर्पण तथा अनुष्ठान शायद ही कभी फलप्रद होता है।[2] पुरुषार्थचतुष्टय की प्राप्ति के लिए विष्णु और गुरु की भक्ति ही इस ग्रन्थ का प्रयोजन है।

पूजा के लिए भूत अर्थात् देह की शुद्धि अत्यन्त आवश्यक है। अतः साधक अपने गृह्योक्त विधि से अथवा आगमविधि से स्नान कर निर्मल एवं शुद्ध (प्रक्षालित) वस्त्र धारण करे। तदनन्तर पुनः हाथ मुँह एवं पैर धोकर आचमन करे तथा पवित्री धारण करे। श्वेत ऊर्ध्वपुण्ड्र का तिलक लगावे। पुनः पूर्वाभिमुख हो पद्मासन तथा स्वस्तिकासन से दृढ़तापूर्वक बैठकर हाथ जोड़कर गुरुओं तथा गणपति की वन्दना करे। दोनों पैरों को जानु के अन्दर करके सीधे-सादे एवं सरल विधि से बैठना 'स्वस्तिकासन' है। गौतमीय तन्त्र के अनुसार वाम भाग में गुरु की, दक्षिण में गणेश की, अग्र भाग में दुर्गा की तथा पृष्ठ भाग में क्षेत्रपति की वन्दना करनी चाहिए।[3] शारदातिलक के अनुसार दक्षिणभाग में पूजा-द्रव्यों को रक्खे, वामभाग में जलकुम्भ, पीछे करप्रक्षालन का पात्र और आगे दीप एवं चामर आदि अन्य पूजोपचार के उपकरण रक्खे।

साधक 'ॐ हुं फट्' इस अस्त्र मन्त्र से गन्ध पुष्प आदि लगाकर हाथ शुद्ध करे। उसी मन्त्र से तीन बार ऊपर की ओर ताली बजावे।[4] उसी

---

१. सर्वेषु वर्णेषु तथाऽश्रमेषु नारीषु मानाह्वयजन्मभेषु (१-४)।

२. फलति हि कश्चनकस्यचित्कथंचित्—(१-३)।

३. 'वामे गुरुं दक्षिणतो गणेशं दुर्गां पुरः क्षेत्रपतिं च पश्चात्।'
—गौतमीयतन्त्र।

४. 'करन्यासं समासाद्य कुर्यात्तालत्रयं ततः'—शारदातिलक।

से दसो दिशाओं का दिग्बन्धन करे। उसी से जल द्वारा अपने को अग्नि तत्त्व से परिवेष्टित करे। इस प्रकार जैसे चावल को पकाने से पूर्व उसे बिनकर एवं धोकर शुद्ध किया जाता है वैसे ही बुद्धि को शुद्ध कर पञ्च-भूतात्मक अपने शरीर का क्रमशः शोधन करना चाहिए।

प्राणायाम से मन की एकाग्रता होती है। अतः साधक कुम्भक, रेचक एवं पूरक प्राणयाम करे? वायु कृष्ण वर्ण वाले पञ्चभूतात्मक सम्पूर्ण संसार का शोषण करने वाला है। अतः १. वायु बीज 'यँ' का सोलह बार जप करते हुए बाईं नासिका के छिद्र से उस वायु को ऊपर खींचे। फिर उस वायु के द्वारा अपने को पूर्ण बनाकर उससे शरीर का शोषण हुआ जानकर चौसठ बार जप करते हुये 'कुम्भक' करे और बत्तीस बार जप करके दक्षिण नासिका से उस वायु को बाहर निकाले। २. पुनः इसी प्रकार दक्षिण नासिका से अग्नि वर्ण वाले 'रम्' बीज का सोलह बार जप करते हुये वायु ऊपर खींचे। पुनः उसी मन्त्र का चौसठ बार जप करते हुये कुम्भक करे और बत्तीस बार जप करते हुये बाई नासिका से वायु बाहर निकाले।

३. अब 'ढकार' रूप अत्यन्त श्वेत एवं शुद्ध चन्द्र बीज का सोलह बार जप करते हुए बाई नासिका से पूरक करे। इसी समय यह ध्यान करे कि मैं ललाट स्थित चन्द्रमा से ब्रह्मरन्ध्र स्थित चन्द्रमा को मिला रहा हूँ और इस प्रकार ध्यान में ही दोनों में ऐक्य हो जाने पर ४. वरुण बीज 'वम्' का चौसठ बार जप करते हुए कुम्भक करे। इस समय यह सोंचे कि सम्पूर्ण मातृका स्वरूप अमृतपूर्ण वृष्टि से इस शरीर को आप्लावित कर रहे हैं। ५. पुनः पीले वर्ण वाले पृथ्वी बीज 'लम्' का सोलह बार जप करते हुए दाहिनी नासिका से उस वायु को निकालते हुए 'रेचक' करे और यह सोंचे कि हमने अपने शरीर को शुद्ध (=एकाग्र) कर दिया है और 'सोऽहम्' (=वहीं ईश्वर मैं हूँ) इस मन्त्र का जप करके ब्रह्मरन्ध्रस्थान से जीव को नीचे उतारकर हृत्कमल में स्थापित करे।

न्यास

न्यास अर्थात् उपस्थापित करना। प्राणायाम के बाद एकाग्र होकर मात्तृकाओं [=स्वर वर्ण और हल वर्ण] का विभिन्न अङ्गों में न्यास करे। बुद्धिमान साधक अपने शरीर की शुद्धि के लिए प्रतिदिन पचास अक्षरों के द्वारा हृदय, दोनों कक्ष, दोनों कन्धे, दोनों हाथ, दोनों पैर, पेट, मुख एवं हृदय प्रदेश का न्यास करे। 'अ' से लेकर 'अः' पर्यन्त सोलह स्वरों के एक एक

अक्षर से न्यास करे। फिर ककार से लेकर नकार पर्यन्त बीस वर्णों से आदर पूर्वक दोनों हाथ-पैर की सन्धियों में तथा उसके अग्रभाग में न्यास करे और पकारादि पाँच वर्णों से दोनों पार्श्व, पृष्ठ, नाभि और पेट का न्यास करे। पुनः यरलवशषह पर्यन्त आठ वर्णों से दोनों हाथ, दोनों पैर, उदर एवं दोनों गण्डस्थल तथा हृदय का न्यास करे। साधक अपने शरीर की शुद्धि के लिए यह क्रिया अवश्य करे।

न्यास करते हुए सोलह स्वरों की मूर्त्तियों और शक्तियों का ध्यान करना चाहिए और इसी प्रकार पैंतिस हल वर्णों की मूर्त्तियों एवं शक्तियों का भी ध्यान करना आवश्यक है। न्यास के द्वारा वर्णों के माध्यम से साधक अपने विभिन्न अङ्गों में इन मूर्तियों को एवं उनकी शक्तियों को न्यस्त करता है। यह न्यास 'अं केशव कीर्त्तिभ्यां नमः' कहकर ललाट का स्पर्श करते हुए आरम्भ करे और अन्त में 'मं बैकुण्ठवसुधाभ्यां नमः' पर्यन्त न्यास करके य से लेकर क्ष पर्यन्त बचे हुए दस अक्षरों से 'आत्मने' लगाकर त्वक्, असृक्, मांस, मेद, अस्थि मज्जा, शुक्र, प्राण, जीव एवं क्रोध का न्यास करे। यह न्यास 'यं त्वगात्मने पुरुषोत्तमवसुधाभ्यां नमः' कहकर त्वचा में, 'रं असृगात्मने बलिपराभ्यां नमः' कहकर असृकादि में 'य' से सात अक्षर पर्यन्त 'स' से 'सं हसप्रभाभ्यां नमः' तक न्यास करे। शेष तीन से 'हं प्राणात्मने वराहनिशाभ्यां नमः', क्षं जीवात्मने विमल-अमोघाभ्यां नमः' त्रं क्रोधात्मने नरसिंहविद्युदाभ्यां नमः' प्राण, जीव एवं क्रोध का न्यास करे।

यह न्यास साधक को अपने अपने सम्प्रदाय के अनुसार ही करना चाहिये। 'आत्मने' लगाकर न्यास करना मन्त्रमुक्तावलीकार के द्वारा कहा है। प्रपञ्चसारविवरण में परमानन्दभट्टाचार्य ने भी यही कहा है। इस प्रकार 'अं केशवकीर्तिभ्यां नमः'प्रयोग मन्त्र मुक्तावलीकार और लघु-दीपिकाकार त्रिपाठीरुद्रोपाध्याय, विद्याधराचार्य एवं परमानन्दभटटाचार्य सम्मत है। किन्तु 'अ केशवाय कीर्त्यै नमः' प्रयोग पद्मपादाचार्य सम्मत है। अतः गुरु के अनुसार सम्प्रदाय को ध्यान में रखकर ही प्रयोग करना चाहिये।

न्यास में ध्यान—

उक्त प्रकार के मूर्त्तिसहित शक्ति-मन्त्रों के न्यास में इस प्रकार के विष्णु का ध्यान करना चाहिये—

जिनके शरीर की कान्ति उदित होते हुए सैकड़ो सूर्य के समान देदीप्यमान हो रही है; अग्नि में डाले गये सुवर्ण के समान जो गौर वर्ण के हैं, जिनके दक्षिण पार्श्व में महालक्ष्मी एवं वाम भाग में भगवती भू देवी विराजमान हैं। जिनके आभूषण नाना प्रकार के रत्नों से जगमगा रहे हैं, तथा जिन्होंने पीताम्बर धारण किया है, जिनके हाथों में शङ्ख, कमल, कौमोदकी गदा एवं चक्र सुशोभित हो रहे हैं।"

इस प्रकार के भगवान् विष्णु की वन्दना करते हुए ध्यान करते रहना चाहिए।

न्यास में ध्यान की फलश्रुति—

इस ध्यान का फल यह है कि जो इस प्रकार के अक्षरों से महाविष्णु का ध्यान करते हुए प्रतिदिन केशवादि मूर्त्ति से युक्त शक्तियों से न्यास करता है वह बहुत काल पर्यन्त मेधा अर्थात् धारणा युक्त बुद्धि, आयु, स्मृति, धैर्य, कीर्ति, कान्ति, लक्ष्मी अर्थात् ऐश्वर्य और सौभाग्य अर्थात् सर्वप्रियता को प्राप्त कर बहुकाल पर्यन्त समृद्धि को प्राप्त करता है।[1] इस प्रकार इस जीवन में तो वह महती लक्ष्मी (=ऐश्वर्य) प्राप्त करता है और अन्त में विष्णुत्व को प्राप्त कर लेता है।

द्वितीय पटल—

इस पटल में दशाक्षर मन्त्र का उद्धार बताया गया है। उसके ऋषि, देवता का कथन करके मन्त्र के पाँच अङ्ग बताए गए हैं।

१. दशाक्षर मन्त्र है—'**गोपीजनवल्लभाय स्वाहा।**' दस अङ्ग में इनका न्यास बताया गया है। इस प्रकार इस पटल में मन्त्र का बीज, शक्ति अधिष्ठातृ देवता बताकर इसका विनियोग बताया गया है।

(२) द्वादशाक्षर मन्त्र है—'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय।' (पृ० ५३)।

(३) अष्टादशाक्षर मन्त्र है-ॐ क्री कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा।' (पृ० ३९)। इन दोनों मन्त्रों के ऋषि देवता और विनियोग का वर्णन कर मन्त्र का न्यास, पञ्चाङ्ग न्यास आदि बताया गया है।

तृतीय पटल—

इस पटल में देवता का विभिन्न प्रकार का ध्यान वर्णित है। ३८ वें श्लोक से शंख की पूजा विधि कही गई है। वह्नि सूर्य और चन्द्र का मण्डल

---

१. ध्यात्वैवं.....सौभाग्यैश्चिरमुपबृंहितो भवेत् सः—१.२६ पृ० १४।

बनाकर उनकी पूजा विधि कहकर शङ्ख में तीर्थ का आवाहन कहा गया है। स्वदेह में पीठ पूजा का क्रम एवं पुष्पाञ्जलि विधान करके उपचार पूजा वर्णित है। जपविधि इस प्रकार कही गई है—मूल मन्त्र का जप साधक को मन्त्रार्थ का स्मरण करते हुए करना चाहिए। उसे अनन्य भाव से श्रीकृष्ण की हृदय में भावना करनी चाहिए। जपारम्भ से पहले काम बीज को प्रणव से सम्पुटित कर १०८ बार जप करे। जप की समाप्ति पर प्राणायाम करना चाहिये।

चतुर्थ पटल—

इस पटल में मन्त्र के जप में दीक्षित को ही अधिकृत बताया गया है तथा दशाक्षर और अष्टादशाक्षर मन्त्र की सिद्धि को देने वाले दीक्षा-विधान का वर्णन में है। दीक्षा में प्रथमोपस्थितिकत्वात् गुरु के लक्षणों का प्रतिपादन किया गया है। प्रपञ्चसार में उक्त दीक्षा-विधि को ही यहाँ भी उद्धृत किया गया है। वस्तु बलि, कुण्ड विधान और राशिमण्डल की विधि बताकर पात्रों के स्थापन को कहा गया है। दीक्षा में भगवत् पूजा का विधान फिर आवरणपूजा का क्रम वर्णित है। प्रथम आवरण में दाम, सुदाम, वसुदाम एव किङ्किणी का पूजन, द्वितीय आवरण में कर्णिका के कोणों में अङ्गों का पूजन उनका ध्यान, तृतीय आवरण में अष्टदल कमल के आठ पत्तों पर रुक्मिणी आदि श्रीकृष्ण की पटरानियों का पूजन विहित है। चतुर्थ आवरण में अष्टदल कमल के अग्रभाग में वसुदेव-देवकी, नन्द-गोप यशोदा, बलभद्र सुभद्रा तथा गोप-गोपियों का पूजन करना चाहिये। पञ्चम आवरण में कर्णिका के मध्य मन्दार, सन्तानक, पारिजात, कल्पद्रुम एवं हरिचन्दन के वृक्ष की पूजा, षष्ठ आवरण में इन्द्र अग्नि, यम, निशाचर (निर्ऋति) वरुण, वायु सोम, ईश्वर, अनन्त और ब्रह्मा की पूजा वाहनसहित, शक्तिसहित तथा परिवारसहित करनी चाहिए। सप्तम आवरण में पूर्वादि दिशाओं में वज्र, शक्ति, दण्ड, कृपाण, पाश, उग्राङ्कुश, गदा, त्रिशूल, चक्र और पद्मों की पूजा करनी होती है। इसके बाद श्रीकृष्ण की पूजा उनके आठ नामों से करे। धूप, दीप, नैवेद्य समर्पित करके मुद्राविशेष को प्रदर्शित करे। दीक्षाङ्गहोम के बाद आत्म-समर्पण करे। इसके बाद अभिषेक मण्डप में गुरु शिष्य को भूत शुद्धचादि से शुद्ध करके उसके आसन का पूजन कर उसे तिलक लगावे। पुनः मङ्गल वाचन द्वारा आचार्यत्वेन अभिवृत गुरु उस कलश को आत्मीय शिष्य के समीप लावे। फिर दशाक्षर मन्त्र को मैं तुम्हें दे रहा हूँ कहते हुए उसे

मन्त्र का उपदेश करे। गुरूपदिष्ट मन्त्र का शिष्य १०८ बार जप करे। इसके बाद मन्त्र देने से स्वयं की हानि न हो इसलिए गुरु स्वयं भी एक हजार आठ बार मन्त्र का जप करे। इसके बाद शिष्य ब्राह्मणों को नाना प्रकार के भोज्य पदार्थों से सन्तुष्ट करे।

पञ्चम पटल—

इस पटल में मन्त्र ग्रहण से दीक्षित शिष्य गायत्री जप से अपने को निष्पाप करे और कमल गट्टे के बीज की माला से जप प्रारम्भ करे। मन्त्र जप किये हुए जल से तीन बार अपने को अभिषिक्त करे। ३२ बार जप करके आचमन करे और ७ बार मन्त्र जप कर भोजन करे। ७ बार अभिमन्त्रित जल को नेत्र में लगावे।

जप

आठ स्थान पर जप किया जा सकता है— पर्वत पर, नदी के तट पर बेल के वृक्ष के नीचे, हृदय पर्यन्त जल में, गोष्ठ में, विष्णु मन्दिर में, पीपल के नीचे, और समुद्र तट पर। जप संख्या चालीस हजार होनी चाहिये। अष्टादशाक्षर मन्त्र की संख्या बीस हजार होनी चाहिये।

जप के समय आहार, शाक, मूल, फल, गोदुग्ध, दही, भिक्षा से प्राप्त अन्न, सत्तू और खीर होना चाहिये। इन आठ में से कोई एक भोजन ही ग्रहण करना चाहिये। इस प्रकार एक पुरश्चरण समाप्त होने पर पुनः दूसरा जप प्रारम्भ करे।

होम

दशाक्षर सन्त्र का दस लाख जप करे। फिर उसके दशांश एक लाख से लाल कमल से युक्त गुड़, घी, मधु आदि हविष्य से हवन करे। यदि हवन न कर पावे तो १८ हजार और जप कर देवे। होम करने में असमर्थ होने पर ब्राह्मण चार गुना, क्षत्रिय छः गुना और वैश्य आठ गुना जप बढ़ा देवे। स्त्रियों के लिए भी जप संख्या वही होगी।

पुरश्चरण समाप्त होने पर गुरु से पुनः अभिषेक कराके पर्याप्त दक्षिणा देकर ब्राह्मण भोजन करावे। दोनों मन्त्र में से कोई एक को जप, होम, एवं तर्पण से सिद्ध कर लेने पर तीनों समय स्नान कर साधक को श्रीकृष्ण की पूजा अटूटभाव से प्रतिदिन करनी चाहिए। उसे श्रीकृष्ण का ध्यान उनके विभिन्न लीला विग्रह के रूप में करते रहना चाहिए।

पूजा एवं नैवेद्य

साधक को चाहिए कि वह शर्करा, कदली, नवनीत, दही, चावल का बना पायस का नैवेद्य भगवान् कृष्ण को समर्पित करे। नित्य प्रति श्रीकृष्ण का पूजन कर गुड़मिश्रित दही का नैवेद्य निवेदन कर जल में गुड़मिश्रित जल की भावना करते हुए उसी से आचमन द्वारा श्रीकृष्ण को तृप्त कर मूल मन्त्र का एक हजार आठ बार जप करे।

मध्यन्दिन की पूजा में कृष्ण का ध्यान, होम, नैवेद्य और उसका फल बताकर पुनः तृतीय काल की पूजा का विधान कहते है। आवरण पूजा करके जल में शर्करामिश्रित दूध की भावना कर उसी से श्रीकृष्ण को तृप्त करे। पुनः १०८ बार मूल मन्त्र का जप करे। तीनों कालों की पूजा में हवन करे। अर्घ्य पर्यन्त पूजा कर स्तुति करे एवं साष्टाङ्ग प्रणाम करे।

रात्रि में 'रासक्रीडा' का ध्यान कर पूजन करे। ५३ से लेकर ६२ श्लोक पर्यन्त 'रासगोष्ठी' की लीला वर्णित है। इस प्रकार का ध्यान करते हुए सर्वप्रथम पूर्व में कहे गये उनके पाँच दाम-सुदामादि अङ्गों की पूजा करे। तदनन्तर रास में रहने वाले उनके केशव की कीर्त्यादि द्वन्द्व स्वरूपों का पूजन करे। इस रास-पूजा का फल अतुल सम्पत्ति प्राप्त करना और अन्त में विष्णु सायुज्य बताया गया है।

तर्पण

तीनों काल में श्रीकृष्ण के तर्पण के लिए प्रत्येक काल में तर्पण की संख्या २८ बार बताई गई है। १.४०-४५ में कहे गए 'आधार शक्त्यै नमः' इत्यादि आधार शक्ति के मन्त्रों से पीठाङ्गभूत देवताओं का एक-एक बार जल से अर्चन करे। पुनः उस जलमय पीठ पर श्रीकृष्ण का आवाहन कर जल में ही गन्धादि उपचारों की भावना कर उसी से पूजन करे। धेनु मुद्रा प्रदर्शित कर जल में ही तर्पण की सारी सामग्री की भावना कर उस समस्त द्रव्यमान जल से युक्त अपनी अञ्जलि में सुवर्णपात्र की संभावना करते हुए भगवान् श्रीकृष्ण का तर्पण करे। इस प्रकार तत्तदावरणोक्त देवताओं का भी एक एक बार तर्पण करे। तर्पण के लिए १६ द्रव्य इस प्रकार हैं—पायस, दधि से परिष्कृत अन्न मूँग और चावल, गुड़ में पकाया हुआ चावल, दूध, दही, नवनीत, घी, कदली, मोचा, रजस्वला (कदली विशेष) चोच, लड्डू अपूप, चिवड़ा और लावा। अन्त में लाजा से तर्पण

करने के पश्चात् क्षीर से तर्पण करे। इसके पहले मिश्री की भावना करते हुए जल से श्रीकृष्ण का तर्पण करे। इस विधि से प्रतिदिन प्रातः ७४ बार तर्पण करे। इससे ४९ दिन में ही आकाङ्क्षित सम्पत्ति हस्तगत हो जाती है।

यन्त्र निर्माण की विधि

जो उपासक 'क्लीँ' इस कामबीज को आदि में रखकर **'कृष्णाय'** इस पद का 'गोविन्दाय' इस पद का तथा **गोपीजनवल्लभाय'** इस पद का **'स्वाहा'** सहित एक साथ उच्चारण करेगा, उसे शीघ्र ही श्रीकृष्ण-मिलन रूपा सद्गति प्राप्त होगी। उसके लिए दूसरी गति नहीं है। श्रीकृष्ण भगवान् की भक्ति ही भजन है। उस भजन का स्वरूप है—इस लोक तथा परलोक के समस्त भोगों की कामना का सर्वथा परित्याग करके श्रीकृष्ण में ही इन्द्रियों सहित मन को लगा देना। वही नैष्कर्म्य अर्थात् वास्तविक सन्यास भी है। उन सच्चिदानन्दमय भगवान् कृष्ण का वेदज्ञ ब्राह्मण नाना प्रकार से यजन करते हैं। 'गोविन्द' नाम से प्रसिद्ध उन भगवान् की अनेक प्रकार से आराधना करते हैं। वे 'गोपीजनवल्लभ' (=जीवमात्र के अकारण सुहृद् एवं प्रियतम तथा गोप सुन्दरियों के प्राणाधार) श्याम सुन्दर ही सम्पूर्ण लोकों का पालन करते हैं और संकल्प रूप उत्तम वीर्य वाले उन भगवान् ने ही 'स्वाहा' (अपनी माया शक्ति) का आश्रय लेकर जगत् को उत्पन्न किया है। जैसे सम्पूर्ण विश्व में फैला हुआ एक ही वायुतत्त्व प्रत्येक शरीर में प्राण आदि पाँच रूपों से अभिव्यक्त हुआ है, उसी प्रकार भगवान् श्रीकृष्ण एक होते हुए भी इस उपर्युक्त मन्त्र में भिन्न भिन्न नाम से पाँच नामों वाले प्रतीत होते हैं—वास्तव में 'कृष्ण' आदि पाँच नामों द्वारा एक ही भगवान् का प्रतिपादन होता है।

पञ्चपदी

जलवाचक 'क्', भूमिवाचक 'ल' 'ई', तथा चन्द्रमा के समान आकार धारण करने वाला अनुस्वार इन सबका समुदाय है—'क्लीँ' यही कामबीज है। इसको आदि में रखकर 'कृष्णाय' पद का उच्चारण करे। यह 'क्लीँ कृष्णाय' सम्पूर्ण मन्त्र का एक पद है। **'गोविन्दाय'** यह दूसरा पद है। 'गोपीजन' यह तीसरा पद है। 'वल्लभाय' यह चौथा पद है, और 'स्वाहा' यह पाँचवाँ पद है। पाँच पदों का यह **'क्लीँ कृष्णाय गोविन्दाय गोपी-जनवल्लभाय स्वाहा'** मन्त्र 'पञ्चपदी' कहलाता है। आकाश, पृथ्वी, सूर्य,

चन्द्रमा और अग्नि—इन सबका प्रकाशक अथवा स्वरूप होने के कारण यह चिन्मय मन्त्र पाँच अङ्गों से युक्त है। अतः—

१. क्लीं कृष्णाय दिवात्मने हृदयाय नमः।
२. गोबिन्दाय भूम्यात्मने शिरसे स्वाहा।
३ गोपीजनसूर्यात्मने शिखायै वषट्।
४. वल्लभाय चन्द्रात्मने कवचाय हुम्।
५. स्वाहा अग्न्यात्मनेऽस्त्राय फट्।

इस प्रकार पञ्चाङ्गन्यास करके इस पाँच पद और पाँच अङ्गों वाले मन्त्र का जप करने वाला साधक मन्त्रात्मक होने से परब्रह्मस्वरूप श्रीकृष्ण को प्राप्त होता है।

यन्त्र

पीठ पर सुवर्णमय अष्टदलकमल बनाए। उसके मध्यभाग (कर्णिका) में दो त्रिकोण लिखे, जो एक दूसरे से सम्पुटित हों। इस प्रकार छ कोण होंगे। इन कोणों के मध्यभाग में स्थित जो कर्णिका है, उसमें आदि अक्षर रूप कामबीज का जो सम्पूर्ण कार्यों की सिद्धि का अमोघ साधन है, उल्लेख करे। फिर प्रत्येक कोण में 'क्लीं" बीजसहित 'कृष्णाय नमः' मन्त्र के एक एक अक्षर का अङ्कन करे। तत्पश्चात् ब्रह्म-मन्त्र अर्थात् अष्टादशाक्षर गोपाल विद्या एवं कामगायत्री का यथावत् उल्लेख करके आठ वज्रों से घिरे हुए भूमण्डल का उल्लेख करे। तत्पश्चात् उक्त मन्त्र को अङ्ग; वासुदेवादि, रूक्मिणी आदि स्वशक्ति एवं इन्द्र आदि, वसुदेव आदि, पार्थ आदि तथा निधि आदि आठ आवरणों से आवेष्टित करके उसकी पूजा करे।

धारण के लिए यन्त्र

यन्त्र की स्पष्ट विधि इस प्रकार समझनी चाहिये। अपने घर पर गोबर और जल से भूमि को लीप दे। फिर उस शुद्ध भूमि में धोया हुआ पीठ स्थापित करके उसके ऊपर सुवर्णमय अष्टदल कमल की स्थापना करे अथवा घिसे हुए चन्दन में रोली या केसर मिलाकर उसी से अष्टदल कमल का रेखाचित्र बना लें। तदनन्तर उस अष्टदल कमल के मध्य भाग (बीच की कर्णिका) में परस्पर सम्पुटित दो त्रिकोण खींच ले। इसी प्रकार छः कोण बन जायँगें। इन कोणों के मध्यभाग में आदि अक्षररूप कामबीज (क्लीं) का, जो सम्पूर्ण कार्यों की सिद्धि का बीज है, उल्लेख करे। साथ ही साध्य व्यक्ति का तथा उसके कार्य का भी उल्लेख

करे (यथा—'अमुकस्य अमुककार्यं सिद्धयतु')। ऐसा उल्लेख तभी आवश्यक है, जब धारण करने के लिए यन्त्र बनाया गया हो। पूजा के लिये निर्मित यन्त्र में साध्य और कार्य का नाम आवश्यक नहीं है। इसके बाद जो छः कोण हैं, उनमें 'क्लीं कृष्णाय नमः' इस मन्त्र के एक एक अक्षर का उल्लेख करे। तत्पश्चात् कोणों के मध्य भाग अर्थात् कर्णिका में लिखे हुये पूर्वोक्त क्लीं" बीज के चारो ओर अष्टादशाक्षर मन्त्र को इस प्रकार लिखे, जिससे वह उसके द्वारा आवेष्टित हो जाय। तदनन्तर छः कोणों में से जो पूर्व, नैर्ऋत्य और वायव्य वाले कोण हैं, उनमें (श्रीं) का उल्लेख करे तथा पश्चिम, अग्निकोण और ईशान वाले कोणों में माया बीज (ह्रीँ) को अङ्कित करे। फिर अष्टदलों के केसरों में तीन-तीन अक्षर के क्रम से चौबीस अक्षरों की काम-गायत्री का उल्लेख करे। कामगायत्री इस प्रकार है—'कामदेवाय विद्महे, पुष्पबाणाय धीमहि, तन्नोऽनङ्ग प्रचोदयात्।' इसके बाद प्रत्येक दल में छः-छः अक्षर के क्रम से अड़तालीस अक्षर वाले काम-माला यन्त्र का लेखन करे। वह मन्त्र इस प्रकार है—'नमः कामदेवाय सर्वजनप्रियाय सर्वजनसंमोहनाय ज्वल ज्वल प्रज्वल सर्वजनस्य हृदय मम वंश कुरु कुरु स्वाहा।' इसके बाद अष्टदलों के बाहर गोल रेखा खींचकर उसके ऊपर अकारादि इक्यावन अक्षरों की पूरी वर्णमाला को इस प्रकार लिखे, जिससे सम्पूर्ण अष्टदल कमल घिर जाय।

फिर इस समस्त चक्र के बाह्यभाग में चौकोर भूमण्डल बनावे। उसके पूर्वादि दिशाओं में तो श्रीबीज (श्रीं) का उल्लेख करे और कोणों में मायाबीज (ह्रीँ) लिखे। तत्पश्चात् इस भूमण्डल की आठ दिशाओं में आठ वज्र अङ्कित करे। वज्र, शक्ति, दण्ड, खड्ग, पाश, ध्वज, गदा और शूल—यह वज्रादि-अष्टक ही आठ वज्र कहे गये हैं। इस प्रकार जो यन्त्र बनेगा, वह धारण करने योग्य होगा। इसी में पूर्वकथित साध्य और कार्य का उल्लेख आवश्यक है।

इसके धारण की विधि इस प्रकार है—यन्त्र धारण के समय पहले देव-पूजन करके मन्त्रोच्चारपूर्वक एक सहस्र घी की आहुतियाँ अग्नि में डाले। प्रत्येक आहुति का हुतशेष घृत यन्त्र पर ही डाले। आहुतियाँ समाप्त होने पर यन्त्र का मार्जन करे। फिर दस सहस्र बार अष्टादशाक्षर मन्त्र का जप कर इस उत्तम यन्त्र को धारण करना चाहिये। इसे विधिपूर्वक धारण करने वाले पुरुष को त्रिभुवन का

ऐश्वर्य मिल सकता है तथा वह देवताओं के लिये भी आदरणीय हो जाता है।

पूजन के लिए यन्त्र

जब पूजा के लिये यन्त्रनिर्माण किया जाय, तब भी यन्त्र का स्वरूप तो वैसा ही रहेगा, केवल साध्य और कार्य का नाम नही रहेगा। इसके सिवा यन्त्र-पूजा के पहले पीठ की विभिन्न दिशाओं में कुछ देवताओं का पूजन कर लेना आवश्यक होगा तथा पीठस्थ यन्त्र के चारो ओर आवरण-देवताओं की भी स्थापना और पूजा आवश्यक होगी। यहाँ पहले पीठ के सब ओर पूजित होने वाले देवताओं का क्रम बताया जाता है—

पहले पीठ के उत्तर भाग में वायव्यकोण से लेकर ईशान कोण तक चतुर्विध गुरुओं का पूजन करे, यथा—'ॐ गुरुभ्यो नमः, परमगुरुभ्यो नमः, परात्परगुरुभ्यो नमः, परमेष्ठिगुरुभ्यो नमः। फिर पीठ के दक्षिण भाग में गणेश का आवाहन एवं पूजन करे। तत्पश्चात् यन्त्रगत् अष्टदल कमल की कर्णिका के निम्नभाग में—आधारशक्ति प्रकृति, कमठ, शेष, पृथ्वी, क्षीर-सागर, श्वेतद्वीप, रत्नमण्डप तथा कल्पवृक्ष—इन नौ अवयवों की पूजा करे। यह पूजा भावना द्वारा कर्णिका में ही कर ली जायेगी। फिर पीठ (चौकी) के पायों में धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य की पूजा करे।

क्रम इस प्रकार होगा—अग्निकोण में धर्म, नैर्ऋत्यकोण में ज्ञान, वायव्यकोण में वैराग्य तथा ईशानकोण में ऐश्वर्य की पूजा होगी। इस प्रकार पीठ के पूर्वादि अवयवों में भी क्रमशः 'अनन्ताय नमः,' 'पद्माय नमः,' 'अं द्वादशकलाव्याप्तसूर्यमण्डलात्मने नमः,' 'ॐ' षोडशकलाव्याप्त-चन्द्रमण्डलात्मने नमः,' मं दशकलाव्याप्तवह्निमण्डलात्मने नमः,' 'सं सत्वाय नमः,' 'रं रजसे नमः,' 'तं तमसे नमः,' 'आं आत्मने नमः,' 'अं अन्तरात्मने नमः,' 'पं परमात्मने नमः,' 'ह्रीं ज्ञानात्मने नमः'—इन मन्त्रों द्वारा पूजा करे। फिर अष्टदल कमल के प्रत्येक दल में क्रमशः 'विमलायै नमः' 'उत्कर्षिण्यै नमः,' 'ज्ञानायैः नमः,' 'क्रियायै नमः,' 'योगायै नमः,' 'प्रह्वयै नमः,' 'सत्यायै नमः,' 'ईशानायै नमः'—इन मन्त्रों से विमला आदि आठ शक्तियों की पूजा करके पुनः कर्णिका में 'अनुग्रहायै नमः' इस मन्त्र से नवीं शक्ति की पूजा करे। तत्पश्चात् 'ॐ नमो विष्णवे सर्वभूतात्मने वासुदेवाय सर्वात्मसंयोगाय पद्मपीठात्मनो नमः' इस पीठ मन्त्र का अष्टदल कमल के ऊपर विन्यास करके पीठ की पूजा करे। फिर पीठ पर भगवान्

श्रीकृष्ण का आवाहन और ध्यान करके षोडशोपचार से पूजन करना चाहिए।

भगवान् का ध्यान इस प्रकार करे—

फुल्लेन्दीवरकान्तिमिन्दुवदनं बर्हावतंस प्रियं
श्रीवत्साङ्कुदारकौस्तुभधरं पीताम्बरं सुन्दरम्।
गोपीनां नयनोत्पलार्चिततनुं गो-गोपसघावृतं
गोविन्दं कलवेणुवादनपरं दिव्याङ्गभूषं भजे॥

स्मरेद् वृन्दावने रम्ये मोदयन्तं मनोरमम्।
गोविन्दं पुण्डरीकाक्षं गोपकन्याः सहस्रशः॥
आत्मनो वदनाम्भोजप्रेरिताक्षिमधुव्रताः।
पीडिताः कामबाणेन चिरमाश्लेषणोत्सुकाः॥
मुक्ताहारसत्पीनतुङ्गस्तनभरान्विताः।
स्रस्तधम्मिल्लवसना मदस्खलितभूषणाः॥
दन्तपङ्क्तिप्रभोद्भासिस्पन्दमानाधराञ्चिताः।
विलोभयन्त्यो विविधैर्विभ्रमैर्भावगर्भितैः॥

आवरण पूजा विधान

तत्पश्चात् आवरण पूजा करनी चाहिये। यह आवरण पूजा अष्टदल कमल में ही करना चाहिये। इसका प्रथम आवरण इस प्रकार है-छः कोणों में से आग्नेय कोण में 'हृदयाय नमः,' नैर्ऋत्यकोण में 'शिरसे स्वाहा' वायव्यकोण में 'शिखायै वषट्,' ईशान कोण में 'कवचाय हुम्,' अग्रभाग में 'नेत्रत्रयाय वौषट' तथा पूर्व आदि चारों दिशाओं में 'अस्त्राय फट्' इस प्रकार मन्त्रोच्चारणपूर्वक पूजन करे।

द्वितीय आवरण—पूर्व दिशा में 'वासुदेवाय नमः,' दक्षिण में 'संकर्षणाय नमः,' पश्चिम में 'प्रद्युम्नाय नमः,' उत्तर में 'अनिरुद्धाय नमः'—इन मन्त्रों से पूजा करके अग्निकोण में 'शक्त्यै नमः,' नैर्ऋत्यकोण में 'श्रियै नमः, वायव्यकोण में 'सरस्वत्यै नमः' तथा ईशान कोण में 'रत्यैनमः—इन मन्त्रों द्वारा शक्ति आदि का पूजन करे।

तृतीय आवरण—फिर कमल के आठ दलों में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से रुक्मिणी आदि आठ पटरानियों की स्थापना और पूजा करे, यथा—रुक्मिण्यै नमः, सत्यभामायै नमः, जाम्बवत्यै नमः, नाग्नजित्यै नमः, मित्रविन्दायै नमः, कालिन्द्यै नमः, लक्ष्मणायै नमः, सुशीलायै नमः।

चतुर्थ आवरण—यहाँ पूर्व में पीतवर्ण वसुदेव, अग्निकोण में श्यामवर्णा देवकी, दक्षिण में कर्पूरगौरवर्ण नन्द, नैर्ऋत्य में कुङ्कुमसदृश गौरवर्णा यशोदा, पश्चिम में शङ्ख कुन्द एवं चन्द्र के समान उज्ज्वल वर्ण वाले बलदेव, वायव्यकोण में मयूरपिच्छतुल्य श्यामवर्णा सुभद्रा उत्तर में गोपगण तथा ईशानकोण में गोपाङ्गनाओं की क्रमशः पूजा करनी चाहिए। इनके नाम को चतुर्थ्यन्त करके 'नमः' लगा देने से पूजा का मन्त्र हो जाता है।

पञ्चम आवरण—कमल के मध्यभाग में क्रमशः 'अर्जुन, निशठ, उद्धव, दारुक, विष्वक्सेन, सात्यकि, गरुड़, नारद तथा पर्वत की पूजा नाम-मन्त्रों से ही करे।

षष्ठ आवरण—पूर्व में 'इन्द्रनिधये नमः,' अग्निकोण में 'नीलनिधये नमः,' दक्षिण में 'स्कन्दाय नमः', नैर्ऋत्यकोण में 'मकराय नमः' पश्चिम में 'आनन्दाय नमः' वायुकोण में 'कच्छपाय नमः,' उत्तर में 'शङ्खाय नमः, तथा ईशानकोण में 'पद्मनिधये नमः'—इस प्रकार पूजन करे।

सप्तम आवरण—पूर्व में पीतवर्ण इन्द्र, अग्निकोण में रक्तवर्ण अग्नि, दक्षिण में नीलोत्पलवर्ण यम, नैर्ऋत्यकोण में कृष्ण वर्ण राक्षसाधिपति निर्ऋति, पश्चिम में शुक्लवर्ण वरुण, वायव्य में धूम्रवर्ण वायु, उत्तर में नीलवर्ण कुबेर तथा ईशानकोण में श्वेत वर्ण ईशान के नाम-मन्त्र द्वारा ही पूजन करे।

अष्टम आवरण—पूर्व और ईशान के मध्य में गोरोचन वर्ण ब्रह्मा, नैर्ऋत्यकोण और पश्चिम के मध्य भाग में शुक्लवर्ण शेषनाग, पूर्व दल में पीतवर्ण वज्र, अग्निकोण वाले दल में शुक्लवर्णा शक्ति, दक्षिण दल में नीलवर्ण दण्ड, नैर्ऋत्य दल में श्वेतवर्ण खड्ग, पश्चिम दल में विद्युद्वर्ण पाश, वायव्य दल में रक्तवर्ण ध्वज, उत्तर दल में नीलवर्णा गदा तथा ईशान दल में शुक्लवर्ण त्रिशूल की नाममन्त्र द्वारा ही पूजा करे।

षष्ठ पटल

इस पटल में साधित मन्त्रों के प्रयोग आदि का विवेचन किया गया है। दोनों मन्त्रों का ध्यान इस प्रकार है—मैं आकाश के समान नील वर्ण वाले बाल-स्वरूप पीताम्बरधारी देवकी पुत्र श्री कृष्ण को नमस्कार करता हूँ जिनके हाथों में शङ्ख, चक्र, गदा, और कमल शोभित हो रहे हैं। ब्राह्ममुहूर्त में इस प्रकार ध्यान करते हुए दशाक्षर या अष्टादशाक्षर मन्त्र का एक लाख जप करे। बाद में घृत, मधु एवं शर्करासहित पलाश पुष्पों

से दस हजार आहुति दे। इससे वह साधक श्रेष्ठ कवि होता है।

मन्त्र विशेष के विशिष्ट प्रयोग—

१. मुकुन्द का अष्टादशाक्षर मन्त्र है—**'श्रीमन्मुकुन्दचरणौ सदा शरण-महं प्रपद्ये**। प्रतिदिन १०८ बार इस मन्त्र से अभिमन्त्रित जल पीने वाला श्रुतधर हो जाता है। इस मुकुन्द मन्त्र का दस हजार जप और उतने ही मन्त्रों से अग्नि में घृत की आहुति देने वाला भक्ति, श्रद्धा एवं शाश्वत शान्ति प्राप्त करता है।

२. अन्य मन्त्र भी अष्टादशाक्षर के समान है—**'समस्त मरुन्नमित बाललीलात्मने हुँ फट् नमः।'** इससे भी सारी सिद्धियाँ प्राप्त होती है।

३. **'अन्नरूप रसरूप तुष्टरूप नमो नमः अन्नाधिपतये ममान्नं प्रयच्छ स्वाहा'** इस तीस अक्षर के मन्त्र से भी पूर्वोक्त क्रियाएं की जाती हैं।

४. **'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय हुं फट् स्वाहा'** इस षोडशाक्षर मन्त्र का एक हजार जप कर पञ्चगव्य का प्राशन और कलश के जल से यजमान का अभिषेक सभी उपद्रवों को शान्त करता है। इसके बाद मृत्युञ्जय विधि और उसका ध्यान कहा गया है।

५. **'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय पुरुषोत्तम आयुर्मे देहि—विष्णवे प्रभ-विष्णवे नमः'**—इस बत्तीस अक्षर के मन्त्र से एक लाख जप करके दस हजार से घृत-दूध से परिप्लुत दूर्वा का हवन साधक को दीर्घायु प्रदान करता है। इसी मन्त्र से अभिषिक्त तेल लगाने से बालक सद्यः सुखी हो जाते हैं।

६. **'बालवपुषे स्वाहा' अथवा 'गोपालकवेशधराय वासुदेवाय हुँ फट् स्वाहा'**—यह अष्टादशाक्षर मन्त्र बालक और गो की रक्षा के लिए प्रयुक्त होता है। इसी मन्त्र से सर्प का विष भी उतारा जाता है।

७. **'कालिय व्यफणामध्ये इति नृत्यं करोति तं देवकीपुत्रं नमामि नृत्य राजानमच्युतम्'**—इस मन्त्र का एक लाख जप और दस हजार से हवन विष दूर करने के लिए किया जाता है।

दशाक्षर एवं अष्टादशाक्षर मन्त्र के विशिष्टप्रयोग

विषघ्नी क्रिया इस प्रकार है—करञ्ज या सेमर के पञ्चाङ्ग को गाय के मूत्र में पीसकर मुख में लेप करने से सारा विष उतर जाता है। गोवर्धन की लीला का ध्यान कर दशाक्षर या अष्टादशाक्षर मन्त्र का जप वर्षा, वात एवं बिजली के भय को दूर करता है। इन्द्र को कम्पित हुआ एवं

भागते हुए-सा श्री कृष्ण का ध्यान कर नमक से दस हजार की आहुति अनावृष्टि उत्पन्न करती है। यमुना जल की धारा से सिच्यमान कृष्ण का ध्यान कर दुग्धसिक्त वेतस की समिधा से दस हजार हवन से अकाल में भी महान् वृष्टि होती है। ज्वर से आर्त व्यक्ति का रोग शान्त हो जाता है। असाध्य ज्वर और त्रिदोषादि उपद्रव शान्त हो जाते हैं। ज्वर की शान्ति के लिए गुरुच की समिधा से हवन किया जाता है। भीष्म के शर के परिताप को दूर करने वाले कृष्ण का ध्यान कर रोगार्त प्राणी का स्पर्श कर मन्त्र का जप करने से शान्ति मिलती है। सन्तान वृद्धि के लिए समस्त पुत्रों को प्रदान करते हुए अर्जुन सहित श्रीकृष्ण का ध्यान कर जप करना चाहिये। पुत्रार्थिनी नारी का जल से अभिषेक और दस हजार जप कर अभिमन्त्रित घृत का प्राशन पुत्र दिलाता है।

पुत्र चाहने वाली स्त्री प्रातः काल मौन धारण कर पीपल के पत्ते के दोने में १०८ बार दशाक्षर मन्त्र से अभिमन्त्रित जल पीए तो निश्चय ही पुत्र प्राप्त करती है।

इसी प्रकार कृत्या एवं शरीर के तेज की वृद्धि, परस्पर मित्रो में द्वेष कराने के लिये, शत्रु का उच्चाटन करने के लिए, शत्रू का मारण प्रयोग, शत्रु विनाश का प्रयोग शत्रू पराभव प्रयोग आदि वर्णित हैं। मारण प्रयोग कभी भी नहीं करना चाहिये। इसमें स्वयं के मर जाने का भय है और यह अत्यन्त घृणित कार्य है।

गीता का उपदेश करते हुए कृष्ण का ध्यान कर मन्त्र का जप धर्म की वृद्धि एवं मोक्ष प्राप्ति के लिये होता है। शर्करा, मधु एवं घृत मिश्रित पलाश पुष्प से एक लाख आहुति देने से व्यक्ति शास्त्रों का व्याख्याता, कवि, एवं वादियों को पराजित करने वाला पण्डित सम्राट् होता है।

इन दोनों मन्त्रों का जप राष्ट्र, ग्राम, नगर गृह की रक्षा के लिए भी बताया गया है। गीता में कहे गए 'स्थाने हृषीकेश' आदि मन्त्र का जप कर घी से दशांश का हवन करे तो सभी प्रकार के उपद्रव शान्त हो जाते हैं और दुःखों से रक्षा हो जाती है।

सप्तम पटल

इस पटल में गोपाल एवं उनकी आठ पटरानियों का ध्यान वर्णित है। अष्टनिधि ध्यान के अनन्तर विभिन्न प्रकार के प्रयोगों का वर्णन है।

(१) **'ह्रीं श्रीं क्रीं कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय नमः'**—इस बीस अक्षर के मन्त्र का चार लाख जप और चालिस हजार से आहुति सिद्धि प्रदान करता है। इस बीस अक्षर के मन्त्र की पूजा और मातृका न्यास आदि कहकर षडङ्गन्यास की विधि कही गयी है। इस आत्म पूजा में सर्वप्रथम अभ्यन्तर में परमेश्वराराधन तदनन्तर मूर्तिपञ्जर का फिर सृष्टि, स्थिति न्यास का तदनन्तर षडङ्गन्यास का यजन करना चाहिए।

आत्म पूजा के बाद विष्णु की बाह्य पूजा का विधान है। फिर साध्य नाम लिखकर कार्य की सिद्धि के लिए 'क्रीं अमुकस्य अमुककार्यं सिद्धयतु' लिखकर कार्य सिद्धि का प्रयोग बताया गया है। पुनः यन्त्र निर्माण की विधि बताई गई है जिसका वर्णन पहले ही पञ्चम पटल के साथ कर दिया गया है।

(२) काम गायत्री इस प्रकार है—**कामदेवाय विद्महे पुष्पबाणाय धीमहि तन्नोऽनङ्गः प्रचोदयात्।**

(३) ४८ अक्षरों का माला मन्त्र इस प्रकार है—**'नमः कामदेवाय सर्वजनप्रियाय सर्वजनसम्मोहनाय ज्वल ज्वल प्रज्वल सर्वजनस्य हृदयं मम वंश कुरु कुरु स्वाहा।'** इस माला मन्त्र का पूजा अर्चन विनियोग आदि वर्णित है। मन्त्र में पूजा प्रकार बतलाकर श्रीकृष्ण और उनके आयुधों का पूजन बताया गया है। आठ आवरणों में पूजा कहकर घृत युक्त खीर का नैवेद्य अर्पित कर राजोपचार बताया गया है। चार प्रकार के प्रयोग भी कहे गये हैं।

(४) **श्रीं ह्रीं क्रीं कृष्णाय गोविन्दाय स्वाहा'**—इस बारह अक्षर के मन्त्र का जप अर्चन पूर्वोक्त प्रकार से करे।

(५) **क्रीं ह्रीं श्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा।'**

(६) **'ह्रीं श्रीं क्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा।'**

(७) **'श्रीं ह्रीं क्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा।'**

इन तीनों मन्त्रों में से एक का पाँच लाख जप और दस हजार से पायस का हवन मन्त्र सिद्ध कर देता है।

(८) **ऐं क्रीं कृष्णाय ह्रीं गोविन्दाय श्रीं गोपोजनवल्लभाय स्वाहा शौः'**—इस ३२ अक्षर के मन्त्र का जप वागीश्वरत्व प्रदान करता है।

(९) **ॐ नमो भगवते नन्दपुत्राय आनन्दवपुषे श्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा।'**—२८ अक्षरात्मक इस मन्त्र का और

(१०) **नन्दपुत्राय श्यामलाङ्गाय बालवपुषे कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा।'** इस ३२ अक्षर वाले मन्त्र का जप त्रैलोक्य के ऐश्वर्य को देने वाला है।

(११) **'ॐ श्रीं ह्रीं नमो भगवते नन्दपुत्राय बालवपुषे'** इस १९ अक्षरात्मक मन्त्र की सिद्धि से सम्पूर्ण सम्पत्ति की प्राप्ति होती है।

(१२) **'ॐ नमो भगवते रुक्मिणीवल्लभाय स्वाहा'** इस षोडशाक्षर मन्त्र का एक लाख जप धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति के लिए करे।

(१३) **'लीलादण्डगोपीजनसंसक्तदोर्दण्डबालरूपमेघश्याम - भगवन् - विष्णो स्वाहा'** २९ अक्षर के इस मन्त्र से पूजन करने वाला समस्त लोकों से पूजित होता है एवं लक्ष्मी सर्वदा उसके साथ रहती है।

(१४) **'गोवल्लभाय स्वाहा'** इस सप्ताक्षर मन्त्र का सात लाख जप और सात हजार से होम करने से साधक गो समूह से सम्पन्न हो जाता है।

(१५) **'ॐ नमो भगवते श्री गोविन्दाय'** इस द्वादशाक्षर मन्त्र का १२ लाख जप और १२ हजार से दूध से हवन सिद्धि प्रदान कराता है। इसके बाद आयतन आदि की पूजा, द्वारपूजा, तथा विष्णु के पार्षदों के नाम, पीठ पूजा, कुमुद आदि दिग्गज के नाम और पूजा का फल वर्णित है।

(१६) **'गोकुलनाथाय नमः'** इस अष्टाक्षर मन्त्र का एक लाख जप, पलाश की समिधा अथवा पायस से आठ हजार आहुति देने वाला साधक संपत्तियों से परिपूर्ण हो जाता है।

(१७) **ॐ श्रीं ह्रीं क्रीं श्रीकृष्णाय श्रीगोविन्दाय श्रीगोपीजनवल्लभाय श्रीं श्रीं श्रीं**—यह 'सिद्धिगोपाल मन्त्र' है। (१८) **'कृः'**—यह एकाक्षर गोपाल मन्त्र है। (१९) **'कृष्णः'** यह द्वयक्षर गोपाल मन्त्र है। (२०) **'क्रीं कृष्णः'** यह तीन अक्षर का (२१) **'क्रीं कृष्णाय'**—यह चार अक्षर का और (२२) **'कृष्णाय नमः'** यह पाँच अक्षर का तथा (२३) **'क्रीं कृष्णाय क्रीं'**—यह दूसरे प्रकार का पञ्चाक्षर गोपाल मन्त्र है।

(२४) **'गोपालाय स्वाहा'** और (२५) **'क्रीं कृष्णाय स्वाहा'** ये दो षडक्षर गोपाल मन्त्र है। (२६) **'श्रीं ह्रीं क्रीं कृष्णाय क्रीं'** यह सप्ताक्षर मन्त्र हैं। (२७) **क्रीं कृष्णायगोविन्दाय'**—यह अष्टाक्षर मन्त्र है। (२८) **'दधिभक्षणाय स्वाहा'** और (२९) **'सुप्रसन्नात्मने नमः'**—यह अष्टाक्षर मन्त्र है। (३०) **'कृष्णाय गोविन्दाय नमः'** यह नौ अक्षरात्मक मन्त्र है। (३१) **क्लीं ग्लौं क्लीं श्यामलाङ्गाय नमः'** यह दशाक्षर मन्त्र

है। (३२) **'क्लीं कृष्णाय बालवपुषे स्वाहा'** यह एकादशाक्षर मन्त्र है। पाँच वर्ष की अवस्था वाले कृष्ण का ध्यान कर इन मन्त्रों में से किसी एक का एक लाख जप तदनन्तर घृत, मधु एवं शर्करा युक्त पायस से दस हजार से हवन मन्त्र को सिद्ध कर देता है। दस हजार से तर्पण करे। अन्य २१ मन्त्रों की सिद्धि केवल दस हजार के तर्पण मात्र से हो जाती है।

(३३) **'क्लीं कृष्ण क्लीं'**—यह चार अक्षर का मन्त्र है। इन मन्त्रों के जप में षडङ्गों से, पद्मादि निधियों से, इन्द्रादिकों से तथा वज्रादि आयुधों से युक्त नील श्रीकृष्ण के पूजन का विधान है। मन्त्री जल में त्रिमधु की भावना कर उसी से तर्पण भी करे।

क्लीँ, क्लूँ, क्लें, क्लों, क्लौं, क्लः—इन ६ प्रकार के दीर्घों से युक्त करने पर मन्त्र का षडङ्ग बन जाता है।

मुकुन्द का स्मरण कर मन्त्रों का जप और १०८ बार अग्नि में आहुति करने से पचास दिन में धन-धान्य से परिपूर्ण हो जाता है। जो पुरुष भक्ति से युक्त हो इन दो मन्त्रों में से किसी एक के द्वारा परमात्मा श्रीकृष्ण का अर्चन, जप एवं होम के द्वारा यजन करता है वह श्री सम्पन्न हो जाता है।

अष्टम पटल

इस पटल में वशीकरण आदि प्रयोग वर्णित हैं। जो साधक पूर्वोक्त विधि से पूजा कर एक हजार आठ वार दशाक्षर मन्त्र का जप करता है, वह पचास दिन से पहले ही विद्वान् ब्राह्मणों के समुदाय को अपने वश में कर लेता है। जाती पुष्प के पूजन से क्षत्रिय, रक्त करवीर पुष्पों के पूजन से वैश्य एवं नीलकमलों के द्वारा पूजन से शूद्र वश में हो जाता है। श्वेत पुष्प सहित चावलों से सात रात्रि तक एक हजार आहुति से तरुणी स्त्रियों को वश में कर सकता है।

राजद्वार में राजा के समीप व्यवहार लेन-देन, क्रय-विक्रयादि, सभा, द्यूत एवं मुकदमे में १०८ बार जप से विजय प्राप्त होती है। श्रीकृष्ण का ध्यान कर मधुमिश्रित अपामार्ग की समिधाओं द्वारा १०८ बार हवन करने से त्रैलोक्य को वश में कर सकता है। दशाक्षर मन्त्र के जप से साधक एक महीने में सुलक्षणा कन्या प्राप्त कर सकता है। कदम्ब शाखा पर बैठे श्रीकृष्ण का ध्यान कर एक हजार आठ दशाक्षर मन्त्र का जप करने वाली कन्या को अभीष्ट वर प्राप्त होता है। अष्टादशाक्षर मन्त्र का एक लाख

जप और दस हजार हवन अभिलषित कन्या प्राप्त कराता है। सर्षप बीजों से प्रतिदिन रात्रि में तीन हजार होम करने से इन्द्र भी वश में हो जाते हैं। बिल्ववृक्ष के फल, समिधा, पुष्प एवं पत्रों से अथवा श्वेत कमल से तीन हजार हवन करने से महालक्ष्मी को वश में कर लेता है। कदम्ब वृक्ष पर चढ़ श्रीकृष्ण का ध्यान कर प्रतिदिन हजार आहुति देने से दस दिन में उर्वशी को भी पास बुलाने में सक्षम हो सकता है।

दोनों में से किसी एक का बारह लाख जप प्रफुल्लहृतकमल पर विराजमान श्रीकृष्ण का ध्यान करते हुए करे और उदुम्बर की समिधा से बारह हजार हवन करे। सायंकाल की विधि से फिर प्रतिदिन तीन हजार जप करे तो जन्म-मरण रूप तरङ्गों वाले संसार सागर को पार कर परमात्मा के परम धाम को प्राप्त करता है।

(१) '**क्लीं हृषीकेशाय नमः**'–मन्त्र पूजा और मातृका न्यास आदि से सिद्ध करना चाहिए। ह्रीं शोषणाय नमः' से शिर और ॐ ह्रीं **मोहनाय नमः**' से मुख का स्पर्श करे। काम बाण से युक्त तरुण अवस्था सम्पन्न महालक्ष्मी से आलिङ्गित श्री कृष्ण का ध्यान कर पूर्वोक्त एकाक्षर या अष्टाक्षर मन्त्र का बारह लाख जप कर बारह हजार हवन और बारह हजार से ही तर्पण करे। पूर्वोक्त विंशत्यक्षरात्मक यन्त्र में प्रतिदिन भक्ति से अर्चन करे। यन्त्र की पजा का प्रकार बताकर श्रीकृष्ण की आठ शक्तियों का स्वरूप कहा गया है।

(२) '**त्रैलोक्यमोहनाय विद्महे स्मरायेति धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्**' यह 'सम्मोहन-गायत्री' है। सभी जपों के पूर्व इसका जप आवश्यक है। मोहन पुष्पों से मिश्रित जल से दो मन्त्रों में से किसी एक से श्रीकृष्ण का प्रतिदिन तर्पण सारे मनोरथों को पूर्ण करता है। उक्त दोनों मन्त्रों में से दस हजार हवन कर हुतशेष घृत को यदि कासुकी स्त्री अपने पुरुष को पिलावे या कामुक पुरुष अपनी स्त्री को पिलावे तो दोनों ही परस्पर वश में हो जाते हैं। वशीकरण के आदि देवता काम हैं। अतः वंशी बजाते हुए श्रीकृष्ण का ध्यान करे।

(३) रुक्मिणीवल्लभमन्त्र इस प्रकार है—'**ऐं ह्रीं श्रीं द्रीं न्रीं त्रीं भ्रीं जय कृष्ण जय कृष्ण निरन्तरक्रीडासक्त प्रमुदितचेतसे नित्यप्रियाय कृष्णाय क्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा श्रीं ह्रीं ऐं**।' इस मन्त्र के नारद ऋषि, हरि देवता और विराट् छन्द है। इसके अङ्ग और न्यास तथा द्वारकापुरी के कृष्ण का ध्यान कहा गया है। गुरु से दीक्षा ग्रहण कर भक्तिपूर्वक एक

लाख जप करे। प्रयोग काल में स्त्रियों से बात भी न करे। उन्हें देखे भी नहीं। फिर दस हजार से आहुति देकर नित्य दशाक्षर या अष्टादशाक्षर मन्त्र की पीठ पर श्रीकृष्ण का पूजन करे। इस प्रकार साधक सूर्य के समान तेजस्वी हो जाता है। कर्पूर चन्दन आदि से युक्त मालती के पुष्पों से इस मन्त्र के द्वारा दस हजार हवन करने वाला साधक त्रैलोक्य प्रिय एवं श्रेष्ठ कवि हो जाता है। इस रुक्मिणीवल्लभ मन्त्र के ध्यान मात्र से देवाङ्गनाएँ वश में हो जाती हैं। लक्ष्मी भी उसकी सेवा करती हैं। सभी वैष्णव मन्त्र श्रेष्ठ हैं। लेकिन सभी में यह सम्मोहन मन्त्र अपरिमेय संपत्तियों को देने वाला है। श्रीकृष्ण का पूजन अर्चन करते हुए जब तक मन भगवान् के मनोहर मन्द स्मित में विलीन न हो जाय तबतक प्राणायामपूर्वक अष्टादशाक्षर या दशाक्षर मन्त्रों में से किसी एक का जप करते रहना चाहिए।

इस प्रकार न्यास, जप, होम, पूजा, तर्पण, मन्त्राभिषेक और विनियोग का क्रमशः वर्णन इस ग्रन्थ में किया गया है। यह दीपिका समस्त साधकों को सदैव साथ में रखनी चाहिए। इससे समस्त सुखों की प्राप्ति होती है।

जिस परमात्मा से यह जगत् पैदा है, जिसका आश्रय ग्रहण कर गोपी अर्थात् माया इस जगत् की रक्षा करती है उस विपुल प्रकाश स्वरूप परमात्मा को नमस्कार है। सदाशिव द्वारा प्रदत्त चक्र को जगत् की रक्षा के लिए धारण करने वाले और सभी सांसारिक उपद्रवों को नष्ट करने वाले यदुकुलोत्पन्न भगवान् कृष्ण को मैं नमस्कार करता हूँ।

मुद्राएँ

चतुर्थ पटल में विष्णु पूजा विधि में आवरण पूजा (४.४५) का कथन करने के बाद श्रीकृष्ण के पाठ नाम की पूजा कही गई है। धूप, दीप नैवेद्य का समर्पण मुद्राओं के साथ बताया गया है। नैवेद्य का स्पर्श करके धेनु-मुद्रा दिखाकर नैवेद्य को सर्वथा निर्दोष बनाना चाहिए (४.५३-५४)। नैवेद्य समर्पण के लिए मन्त्र है-'निवेदयामि भगवते जुषाणेदं हविर्हरे।' (४.५६)

अब भोजनोपयोगि मुद्राविशेष को कहते हैं। नैवेद्य समर्पण करके बाएँ हाथ से फूले हुए कमल के सदृश ग्रास-मुद्रा को प्रदर्शित करे। इसके बाद दाहिने हाथ से वक्ष्यमाण प्राणादि-मुद्राओं को प्रदर्शित करना चाहिए।

दाहिने हाथ के अङ्गुष्ठ के ऊपरी भाग से कनिष्ठा तथा अनामिका अङ्गुलियों को मिलावे तो प्रथमा प्राणमुद्रा तथा तर्जनी और मध्यमा को अङ्गुष्ठ के ऊपरी भाग में मिलावे तो द्वितीया, अपानमुद्रा और अनामिका और मध्यमा मिलावे तो तृतीया व्यान मुद्रा, अनामिका तर्जनी और मध्यमा मिलावे तो चतुर्थी उदान मुद्रा पुनः कनिष्ठा अनामिका मध्यमा एवं तर्जनी अङ्गुलियों को अङ्गुष्ठ के ऊपरी भाग में मिलावे तो पञ्चमी समान मुद्रा हो जाती है। इन पाँच मुद्राओं को बनाते समय क्रमशः वक्ष्यमाण मन्त्रों को भी पढ़े ॥ ५८ ॥ ५९ ॥

तदनन्तर दोनों हाथों की अनामिकाओं को दोनों हाथ के अगूठों से स्पर्श कर मन्त्रों का जप करते हुए **नैवेद्य मुद्रा** प्रदर्शित करे। पुनः धेनुमुद्रा प्रदर्शित करके आचमन के लिए जल प्रदान करे।

इस प्रकार चतुर्थपटल में प्रयुक्त मुद्राओं का चित्र या रेखाङ्कन यहाँ प्रस्तुत करना आवश्यक था जिसे ग्रन्थ विस्तार के भय से न दे सका। फिर भी इनके लक्षणों का एक छोटा सा संग्रह ग्रन्थ के अन्त में प्रथम परिशिष्ट के रूप में जोड़ दिया गया है।

मुद्राएँ भगवान् की प्रसन्नता के लिए प्रदर्शित की जाती हैं। यहाँ पर भगवान् केशव की पूजा में प्रयुक्त होने वाली कुछ मुद्राओं का लक्षण प्राय: इकतालिस श्लोकों में दिया गया है। नवधा भक्ति से सम्बन्धित नव मुद्राएँ इस प्रकार हैं—

१. आवाहनी मुद्रा, २. स्थापनी मुद्रा, ३. सन्निधान मुद्रा, ४. सन्निरोधन मुद्रा, ५. सम्मुखीकरण मुद्रा, ६. सकलीकरणमुद्रा, ७. अवगुण्ठनमुद्रा, ८. धेनु-पीयूषकरणमुद्रा, और ९. परमीकरण मुद्रा।

ये महामुद्राएँ हैं। इनके अतिरिक्त अन्य भी मुद्राएँ हैं जिन्हें पूजा में प्रयोग में लाते हैं। ये इस प्रकार हैं—१. शङ्ख, २. चक्र, ३. गदा, ४. पद्म, ५. मुसल, ६. शार्ङ्ग, ७. खड्ग, ८. पाश, ९. अङ्कुश, १०. वैनतेय, ११ श्रीवत्स, १२. कौस्तुभ, १३. वेणु, १४. अभय-मुद्रा, १५ वर-मुद्रा और १६. वनमालिका मुद्रा।

इनके लक्षणों का प्रतिपादन सत्रहवें श्लोक से लेकर चालिस तक किया गया है। अन्त में प्रणाम के समय 'छोटिका' मुद्रा का निर्देश इकतालिसवें श्लोक में करके इस छोटे से मुद्रा के लक्षणों का परिशिष्ट साधकों के सौविध्य के लिए यहाँ संलग्न है॥

'लघुस्तवराजस्तोत्रम्' दूसरा परिशिष्ट है। यह गुरु की स्तुति है:—

लघुस्तवराजस्तोत्रम्

भारतीय साहित्य में गुरु सर्वथा वन्दनीय हैं। इसी लिए काव्यारम्भ गुरु-वन्दना से ही होता आया है। समाज में सदैव गुरु का स्थान सम्मानीय है। अपनी महत्ता के ही कारण उसे ईश्वर पद की प्राप्ति हो जाती है। इसीलिए शास्त्र-वाक्य भी है—

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः॥

गुरु ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश के रूप में होकर शिष्य के लिए मङ्गल कामना करते हैं। वह साक्षात् रूप से परब्रह्म के स्वरूप हैं। तीनों देव वस्तुतः अलग-अलग एक-एक काम करते हैं किन्तु गुरु तीनों ही कार्य करते हैं।

श्वेताश्वतरोपनिषद् के अन्तिम श्लोक में गुरु तथा देवता की समानता स्पष्ट की गई है—

यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।

इस प्रकार जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है, वैसी ही गुरु के लिए भी होनी चाहिए।

जिससे हमें ज्ञान प्राप्त हो वही हमारा गुरु है। अतः मुख्य रूप से इन ज्ञान दाता गुरु के तीन भेद हो जाते हैं—१. कुल गुरु, २. विद्या गुरु, और ३. धर्म गुरु। एक परिवार के गुरु कुलगुरु कहे जाते हैं। पैतृक परम्परा से हम उनके शिष्य बनते जाते हैं। उनका कार्य धार्मिक, अनुष्ठान आदि कराना है। विद्यागुरु से हम शिक्षा प्राप्त करते हैं। ये विद्यागुरु कई हो सकते हैं। किन्तु धर्म गुरु वह है जो हमें धर्म विशेष में दीक्षित करता है। इनका कार्य है मन्त्र की दीक्षा देना।

गुरु का कार्य अत्यन्त पुनीत और श्लाघ्य है। वह ईश्वर प्राप्ति का मार्ग दिखलाता है। ईश्वर का ही अंश रूप यह 'जीव' इस संसार में आकर अंशी रूप उस मूल ईश्वर को ही भूल जाता है। माया मोह-लोभ-ईर्ष्या, एवं तृष्णा युक्त इस संसार के, अन्धकार में जीव लक्ष्यहीन भटकता रहता है और निरन्तर आवागमन के चक्कर में फँसा रहता है। जिस प्रकार बालू से तेल नहीं निकल सकता, पानी के मन्थन से घी नहीं निकल सकता, उसी प्रकार हरिभजन के अभाव में संसार सागर का संतरण नहीं हो सकता, और यह तभी हो सकता है, जब सच्चे गुरु की प्राप्ति हो जाय।

गुरु के ज्ञान के विषय में 'घरेण्डसंहिता' में कहा गया है कि वह ज्ञान का सागर है। वह शिष्य-उपयोगी ज्ञान का उपदेशक है। जिस ज्ञान को सद्गुरु ने अपने मुख से उच्चारित किया है, वह निरर्थक नहीं जाता। स्वामी विवेकानन्द अपने गुरु श्री रामकृष्ण परमहस के कारण ही ज्ञान प्राप्त कर सके और यह तो इसी शताब्दी में हुआ है। इसलिए गुरु की सेवा मनसा, वाचा, कर्मणा करनी चाहिए। वह ज्ञान का भण्डार है। उससे लाभ प्राप्त करना शिष्य की अपनी योग्यता पर निर्भर है और यदि उस ज्ञान का उपयोग शिष्य प्राप्त न कर सके तो गुरु का क्या दोष है? वशी में तो संगीत उत्पन्न करने की क्षमता तो है ही। किन्तु उस ध्वनि को उत्पन्न करना बजाने वाले योग्य शिष्य का ही कार्य है।

वस्तुतः सद्गुरु मिलने पर शिष्य का नया जन्म होताहै। गुरु अपने शिष्य को अपने स्पर्शमात्र से ज्ञान एवं विद्या प्रदान कर सकता है। शरीर में रहने वाली महाशक्ति का नाम कुण्डलिनी है। यह सुप्तावस्था में शरीर में विद्यमान रहती है। इसे जागृत करना योगी के लिए आवश्यक है। इसके जागृत हो जाने से योगी के लिए कुछ भी अज्ञेय नही रह जाता है। वह सब कुछ जान लेता है। किन्तु इस कुण्डलिनी को जगाने में कई जन्म लग जाते हैं किन्तु गुरु के स्पर्श से यह शीघ्र जगायी जा सकती है। इसके अनेक उदाहरण पुराण आदि में मिलते हैं। ध्रुव को मात्र शङ्ख के स्पर्श से सम्पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति भगवान् विष्णु ने करा दी थी।

भगवान् दत्तात्रेय के चौबिस गुरु थे। उन्होंने उनसे ज्ञान ग्रहण किया था। संसार में समुचित मार्ग दर्शन के लिए गुरु का होना अत्यन्त आवश्यक है। सर्वप्रथम गुरु माता होती है। यह बालक में जीवन्त शक्ति प्रदान करती है, उसमें संस्कारों को जन्म देती है। इसी प्रकार सद्गुरु भी माँ के ही समान है। माँ तो जन्म देकर आगे बढ़ जाती है किन्तु सद्गुरु रूपी माता शिष्य को पञ्चसंस्कारों से दीक्षित करके जन्म-मरण के चक्कर से छुड़ाता है।

स्तोत्र के रचयिता श्रीनिबासाचार्य

ये निम्बार्क के प्रधान शिष्य थे। इनका निवासस्थान मथुरा जिला गोवर्धन से एक कोस दूर श्री राधाकुण्ड, ललिता संगम पर माना जाता है। इनका जन्म वसन्तपञ्चमी को हुआ था।

ग्रन्थ

१. 'वेदान्त-कौस्तुभ' नामक शारीरिक मीमांसा भाष्य मुद्रित है।

२. लघुस्तवराजस्तोत्र ('गुरुभक्तिमन्दाकिनी' नामक टीका सहित) मुद्रित है।

३. 'ख्याति-निर्णय' अप्राप्त है।

४. पारिजात कौस्तुभ' भाष्य अप्राप्त है।

५. 'रहस्य-प्रबन्ध' अप्राप्त है।

लघुस्तवराजस्तोत्रम्

इस स्तोत्र में गुरु की स्तुति की गयी है। वैष्णवाचार्य श्रीश्रीनिवासाचार्य विरचित इस स्तोत्र में इकतालिस श्लोक हैं। श्रीनिवासाचार्य के गुरु श्रीनियमानन्द थे। उन्होंने श्रीपुरुषोत्तमदेव की आज्ञा से अनन्त श्री विभूषित आद्य वैष्णवाचार्य श्री नियमानन्द की स्तुति की है। उनकी स्तुति करते हुए फलश्रुति के रूप में 'दासोऽहमिति मां ज्ञात्वा भक्तिं देहि पदाम्बुजे' (श्लोक ४१) से गुरु से भक्ति प्रदान की प्रार्थना की गयी है। सिद्धि में गुरुकृपा ही कारण है। उसी समय उस जीव को सब प्रकार की सिद्धि प्राप्त हो जाती है जब गुरु उसे अपना लेते हैं। वह अपना लेने का काल ही उत्तम नक्षत्र आदि से युक्त काल है। पुष्यादि नक्षत्र, सिद्धि आदि योग, उत्तम वार तथा उत्तम तिथि के अभाव में कार्य सिद्धि नहीं होती, क्योंकि सिद्धि में गुरु की कृपा ही कारण है (श्लोक २५)। गुरु में यह मनुष्य' है यह बुद्धि नहीं होनी चाहिए। वे सभी प्रकार के मङ्गलों के स्थान हैं (श्लोक २४)। वस्तुतः गुरु पाँच प्रकार से शिष्य को संस्कृत करके दीक्षित करते हैं (श्लोक २६)। ये पाँच वैष्णव संस्कार हैं—

१. ताप (श्रीविष्णु के आयुधभूत शङ्खचक्रादि के चिह्न से अङ्कित होना)।

२. पुण्ड्र (विष्णु के पैर की आकृति के समान मस्तक में तिलक धारण करना)।

३. नाम (अपना नाम वैष्णवसम्प्रदायानुसारी रखना)।

४. मन्त्र (गुरु के द्वारा शुद्ध वैष्णव मन्त्रों से दीक्षित होना)।

५. योग (श्रीविष्णु अर्चावतार शालग्रामादि की नियमपूर्वक पूजा करना।)

गुरुभक्तिमन्दाकिनी

इस छोटे से स्तोत्र पर श्रीपुरुषोत्तमप्रसाद वैष्णव की अत्यन्त विस्तृत टीका है। इस टीका का नाम 'गुरुभक्तिमन्दाकिनी' इसलिए है क्योंकि

टीका को पढ़ने से गुरुभक्तिरूपी गङ्गा प्रवाहित होने लगती है। इस टीका में महाभारत, हरिवंश, भागवत आदि अनेक पुराणों से उद्धरण लिए गये हैं। अनेक वैदिक मन्त्रों का सन्निवेश गुरु के स्तोत्र में प्रयुक्त विशेषणों का अर्थ लगाने के लिए प्रस्तुत किया गया है।

इस स्तोत्र को 'लघु' अर्थात् मिताक्षर पदों के होने से 'लघु' कहा गया है। बहुत थोड़े से पदों के द्वारा अत्यन्त गूढ़ बातों का सन्निवेश है।

गुरु की पूजा अर्चना के लिए वर्ष में एक बार 'गुरुपूर्णिमा' का दिन निश्चित है। आषाढ़ की पूर्णिमा तिथि को गुरु की पूजा के लिए होने से 'गुरुपूर्णिमा' कही जाती है। इस दिन गुरुरूप से व्यास की पूजा की जाती है। यह विशेषतः संन्यासियों द्वारा की जाती है। (स्मृतिकौस्तुभ पृ० १४४-१४५, पुरुषार्थचिन्तामणि पृ० २८४)। तमिलदेश में व्यास पूजा ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा (मिथुन) पर की जाती है। वस्तुतः लोकोत्तर शक्ति सम्पन्न भगवान् व्यास भगवान् नारायण के कलावतार थे। उनका वर्ण घननील था। अतएव वे 'कृष्णद्वैपायन' नाम से विख्यात हुए। वे बदरीवन में रहने के कारण 'बादरायण' भी कहे जाते हैं। महर्षि व्यास मूर्तिमान धर्म थे। हिन्दू जाति तो उनकी चिरऋणी रहेगी। वस्तुतः हिन्दूसंस्कृति का वर्तमान स्वरूप उन्हीं की देन है। भगवान् व्यास इस कल्प के अन्त तक रहेंगे। आद्य शंकराचार्य तथा अन्य कितने ही महापुरुषों ने उनका दर्शन लाभ किया था। श्रद्धा-भक्ति सम्पन्न अधिकारी महात्मा उनके दर्शन अब भी पा सकते हैं। जिनके कोई गुरु न हों उनके गुरु भगवान् व्यास होते हैं।

शास्त्र में लिखा है कि जो दान का खाता है उसे अपने पुण्य में से कुछ देना पड़ता है। इसलिए किसी से भी मुफ्त का लेने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए। इसलिए गुरु को दीक्षा दान के बदले में शिष्य श्रीनिवासाचार्य ने वैष्णवाचार्य गुरु श्रीनियमानन्द के प्रति कृतज्ञता स्वरूप यह 'स्तवराज' प्रस्तुत किया है। श्रुति में भी कहा है—'**आचार्य देवो भव।**' इसीलिए पद्मपुराण में कहा है—

भक्तिर्यथा हरौ मेऽस्ति तद्वदिष्टा गुरौ यदि।
समास्थितेन सत्येन स्वं दर्शयतु मे हरिः॥

सब समय और सब स्थान में जो परमात्मा का अनुभव करता है वह सद्गुरु है। गुरु सुलभ हैं किन्तु सद्गुरु दुर्लभ हैं। शुकदेव जी राजा परीक्षित को परमानन्द का दान करने के लिए ही गए थे। गुरु निरपेक्ष

थे। अतएव उन्होंने कहा कि मुझे जो मिला है वही मैं देने को आया हूँ। इसी प्रकार श्रीनियमानन्द भी निरपेक्ष थे। अतः शिष्य श्रीनिवासाचार्य उनके प्रति कृतज्ञ हैं।

विष्णुधर्म पुराण में कहा है—

देवतायां च मन्त्रे च तथा मन्त्रप्रदे गुरौ।
भक्तिरष्टविधा यस्य तस्य विष्णुः प्रसीदति॥

मन्त्रप्रदाता गुरु में जिसकी भक्ति होती है उससे भगवान् विष्णु प्रसन्न होते हैं।

श्रीराधिकामाधवयोरपार-
माधुर्यलीलागुणरूपनाम्नाम्।
प्रतिक्षणास्वादनलोलुपस्य
वन्दे गुरोः श्रीचरणारविन्दम्॥

'अपने इष्टदेव श्रीराधाकृष्ण के अपार माधुर्य, अपार लीलाओं, अपार गुण, अपार रूप एवं अनन्त नामावलियों का प्रतिक्षण रसास्वादन करने के लिए लालायित रहने वाले श्रीगुरुदेव के शोभायमान चरणारविन्द की मैं वन्दना करता हूँ।'

विदुषांवशंवदः
सुधाकर मालवीयः

गुरुपूर्णिमा
१८. ७. १९८९
वि० सं० २०४६
३१/२१, वाराणसी-२२१००५

विषय-सूची

अथ प्रथमः पटलः

	पृष्ठाङ्काः
मङ्गलाचरणम्	१
एतद्ग्रन्थस्योपादेयता	२
सर्वेषु मन्त्रेषु श्रीगोपालमन्त्रस्य सिद्धत्वकथनम्	३
पूजाक्रमः	५
भूतशुद्धिः	६
मातृकान्यासकथनम्	८
केशवादिमूर्त्ति-कीर्त्त्यादिशक्तिन्यासप्रकारः	१२
तत्र ध्यानम्	१३
ध्यानन्यासयोः फलम्	१४
तत्त्वानां नामानि न्यासः स्थानं च	१५
न्यासप्रयोजनम्	२०
मन्त्रविशेषे प्राणायामप्रकारः	२१
आत्मयागार्थं देहे पीठकल्पना	२४
पीठशक्तिप्रदर्शनम्	२६
करशोधनम्	२७

॥ इति प्रथमः पटलः ॥ १ ॥

अथ द्वितीयः पटलः

सर्वेषु मन्त्रेषु दशाक्षराष्टादशाक्षरयोर्मौलीभूतत्वम्	२९
दशाक्षरमन्त्रराजोद्धारः (१)	३१
मन्त्रस्य ऋष्यादिकथनम्	३२
तत्पञ्चाङ्गानि दशाङ्गानि	३२, ३४
मन्त्रविनियोगः	३४
मन्त्रार्थः	३६

तत्र प्रकारान्तरम् ३७
अष्टादशाक्षरमन्त्रराजोद्धारः (२) ३८
तस्य ऋष्यादिकथनम् ३९
मन्त्रबीजादि ४०
न्यास-क्रमः ४०
मातृकान्यासविशेषः ४१
संहारसृष्टिप्रकारः ४३
न्यासान्तरम् ४५
विभूतिपञ्जरन्यासः ४८
न्यासस्थानम् ४८
न्यासफलम् ५०
मूर्त्तिपञ्जरन्यासः ५०
मस्तके मन्त्रन्यासप्रयोजनम् ५२
द्वादशाक्षरमन्त्रोद्धारः (३) ५३
हृदयाद्यङ्गन्यासमुद्राः ५६
बिल्वादिमुद्राकरण प्रकाराः ५८
एतेषां फलम् ५९
अस्त्र-मन्त्रः ५९

॥ इति द्वितीयः पटलः ॥ २ ॥

अथ तृतीयः पटलः

मन्त्रद्वयसाधारणं देवताध्यानम् ६१
आत्मपूजा-क्रमः ६१
शङ्खपूरणविधिः ८२
तत्र तीर्थावाहनमन्त्रः ८५
स्वदेहे पीठपूजाक्रमः ८६
पुष्पाञ्जलि-विधिकथनम् ८८
तुलसीप्रदानविभागः ८९
जपविधिः ९१

॥ इति तृतीयः पटलः ॥ ३ ॥

अथ चतुर्थः पटलः

मन्त्रजपादौ दीक्षितस्यैवाधिकारः ९३

गुरुलक्षणम्	९३
गुरुसेवाप्रकारः	९४
दीक्षाविधिकथनम्	९५
दीक्षायां पूजाक्रमः	९६
मण्डपपूर्वकृत्यकथनम्	९६
कुण्डविधानम्	९७
राशिमण्डलविधिः	९७
कलशस्थापनप्रकारः	९८
वैष्णवगन्धाष्टककथनम्	१०८
दीक्षायां भगवत्-पूजाविधानम्	१०९
आवरण-पूजाक्रमः	११०
अङ्गदेवताध्यानम्	१११
रुक्मिण्याद्यष्टशक्तिपूजनम्	१११
दीक्षाविधावशक्तस्य कृत्यम्	११७
दीपदानविधिः	१२०
नैवेद्यस्वरूपम्	१२०
नैवेद्यार्पण-मन्त्रः	१२२
भोजनोपयोगिमुद्राविशेषः	१२२
प्राणादिमुद्रास्वरूपम्	१२३
प्राणादिमुद्रास्वरूपम्	१२३
प्राणादिमुद्रामन्त्राः	१२४
निवेद्यमुद्रामन्त्रौ	१२४
तन्मन्त्रोद्धारः	१२४
दीक्षाङ्गहोमविधिः	१२५
पूजानन्तरप्रकारः	१२६
आत्मसमर्पणमन्त्रः	१२८
आत्मसमर्पणप्रकारः	१२८
अभिषेकप्रकारः	१३२
मन्त्रग्रहणानन्तरं शिष्यकृत्यम्	१३३
मन्त्रदानानन्तरं गुरुकृत्यम्	१३४

॥ इति चतुर्थः पटलः ॥ ४ ॥

अथ पञ्चमः पटलः

दीक्षितमन्त्रविधिः	१३६
जपस्थानानि	१३९
जपस्थानेषु क्रमेणाहारनियमः	१४०
पुरश्चरणकथनम्	१४१
पुरश्चरणोत्तरकृत्यम्	१४४
सिद्धमन्त्रस्य कृत्यम्	१४४
पूजायां प्रातःकालिकध्यानम्	१४५
प्रातस्सवनपूजाफलम्	१४८
प्रातः पूजायां नैवेद्यं तर्पणं च	१४९
मध्याह्नसवनध्यानम्	१४९
आवरणनैवेद्यदानप्रकारः	१५२
होमादिकम्	१५२
एतत् फलम्	१५३
तृतीयकालपूजाव्यवस्था	१५४
तृतीयकालपूजाध्यानम्	१५५
आवृत्तिदेवतानामनिर्देशः	१५८
तर्पणप्रकारः जपसंख्या च	१५९
सायाह्नपूजाफलम्	१६०
रात्रौ पूजाप्रकारः	१६०
रासक्रीडास्वरूपम्	१६०
रात्रिपूजोचितध्यानम्	१६१
आवरणानि	१६६
पूर्वोक्तावृतिसंख्यापूर्वकं नैवेद्यम्	१६८
रासपूजाफलम्	१६८
उक्तोपसंहारः	१६९
कालत्रयतर्पणद्रव्यम्	१७१
तर्पणमन्त्रः	१७२
उत्तरकृत्यम्	१७२
काम्यतर्पणद्रव्यम्	१७३

काम्यतर्पणम् १७७
षोडशद्रव्याणि १७३
काम्यतर्पणफलम् १७४
काम्यतर्पणान्तरम् १७५
तस्य फलम् १७५
तर्पणान्तरम् १७६
तर्पणस्याशेषफलदातृत्वं तर्पणोत्तरकृत्यं च १७६
प्रयोगान्तरम् १७६
यन्त्रः (गोपालयन्त्रः) १७७
तल्लेखनप्रकारः १७८
संस्कृतयन्त्रधारणफलम् १७८
यन्त्रस्य धारणादन्यत्राप्युपयोगः १७९
यन्त्रषडक्षरमन्त्रोद्धारः १७९
शक्तिबीजोद्धारः १७९
परमेश्वरपूजास्थाननियतिः १८०
कथितप्रकाराणां फलम् १८१

॥ इति पञ्चमः पटलः ॥ ५ ॥

अथ षष्ठः पटलः

एवं साधितमन्त्रयोः प्रयोगौ १८२
प्रयोगार्थं दशाष्टादशाक्षरयोर्ध्यानम् १८२
तत्फलम् १८३
तन्मन्त्रः १८३
ऋष्यादिकथनम् १८४
प्रयोगान्तरम् १८४
मन्त्रान्तरम् (१) १८५
ऋष्यादिकथनम् १८५
मन्त्रान्तरम् (२) १८६
ऋष्यादिकथनम् १८६
प्रयोगः १८७
प्रयोगान्तरम् १८७

मन्त्रान्तरम् (३)	१८८
ऋष्यादिकथनम्	१८८
पूर्वोक्त श्रीमन्मुकुन्देत्यादिचतुर्णां मन्त्राणामङ्गावरणानि	१८९
मृत्युञ्जयविधिः	१८९
मन्त्रान्तरम् (४)	१९०
एतस्य पुरश्चरणादिकम्	१९१
अस्मिन्नेव बालरक्षार्थं मन्त्रान्तरम्	१९२
अस्मिन्नेव गोरक्षार्थं मन्त्रान्तरम्	१९२
विषहरणप्रयोगः	१९३
प्रयोगान्तरम्	१९४
कालियमर्दनमन्त्रः	१९४
अस्य मन्त्रस्य अङ्गादिकम्	१९४
अस्य पुरश्चरणम्	१९५
प्रयोगश्च, विषघ्नप्रयोगान्तरम्	१९५
प्रयोगान्तराणि	१९६
जलपानमन्त्रः	
सन्तानगोपालमन्त्रः	२००
प्रयोगान्तराणि	१०१
अस्य प्रयोजनस्य प्रकारान्तरेणाऽपि सिद्धिः	२०४
अस्मिन्नेवाऽर्थे प्रयोगान्तरम्	२०५
रागान्मारणप्रयोगे प्रायश्चित्तम्	२०५
प्रयोगान्तराणि	२०६
प्रकारान्तरम्	२०७

॥ इति षष्ठः पटलः ॥ ६ ॥

अथ सप्तमः पटलः

गोपालध्यानम्	२०९
अष्टमहिषीध्यानम्	२११
पत्न्यन्तरध्यानम्	२१२
अष्टनिधिध्यानम्	२१३
विंशत्यक्षरमन्त्रोद्धारः (५)	२१३

ऋष्यादिकथनम्	२१४
पूजाप्रकारः	२१४
अक्षरन्यासस्थानानि	२१५
षडङ्गानि	२१६
आत्मपूजाप्रकारः	२१६
बाह्यपूजाप्रकारः	२१७
कामगायत्र्युद्धारः (६)	२१९
मालामन्त्रोद्धारः (७)	२१९
विनियोगः	२२०
यन्त्रे पूजाप्रकारः	२२०
आवरणानि	२२१
अङ्गानि	२२३
नैवेद्यम्	२२३
फलम्	२२४
प्रयोगः	२२५
प्रयोगान्तराणि	२२५
मन्त्रान्तरद्वयम् (८)	२२७
ध्यानम्	२२८
पुरश्चरणजपादिकम्	२२८
क्रमेण मन्त्राणामुद्धारो ध्यानञ्च	२२९
पुरश्चरणम्	२२९
होमविधिस्तत्फलं च	२३०
मन्त्रान्तरम् (९)	२३१
द्वात्रिंशदक्षरमन्त्रान्तरोद्धारः (१०)	२३५
ऋष्यादिकं ध्यानं च	२३६
मन्त्रान्तरोद्धारः ध्यानञ्च (११)	२३७
पुरश्चरणं पूजा च	२३९
प्रात्यह्निकपूजाफलम्	२४१
मन्त्रान्तरोद्धारः (१२)	२४२
ऋष्यादिकं ध्यानञ्च	२४२
पुरश्चरणम्	२४३

प्रयोगान्तरम् २४४
मन्त्रान्तरम् (१३) २४४
ऋष्यादिकं ध्यानञ्च २४४, २४५
पुरश्चरणम् २४५
आयतनादिषु पूजाविशेषः २४६
द्वारपूजाप्रकारः २४७
विष्णुपार्षदनामानि २४७
अस्त्रोद्धारः २४७
पीठपूजाकथनम् २४७
आवरणपूजाकथनम् २४९
कुमुदादिनामानि २५०
पूजाफलम् २५१
मन्त्रान्तरम् (१४) २५१
ऋष्यादिकं ध्यानञ्च २५२
पुरश्चरणम् २५२
पूजाप्रकारस्तत्फलं च २५३
मन्त्रान्तरं ध्यानञ्च (१५) २५४
एकाक्षरादिगोपालमन्त्राः (१६) २५४
उक्तमन्त्राणामृष्यादि ध्यानञ्च २५७
एतेषां पुरश्चरणं तत्फलं च २५८
मन्त्रान्तरम् (१७) २५९
ध्यान-पुरश्चरण-पूजा-तर्पणानि २६०, २६१
मन्त्रान्तरं ध्यानं च (१८) २६१
आदावुक्तमन्त्रयोः प्रयोगः फलञ्च २६२, २६३

॥ इति सप्तमः पटलः ॥ ७ ॥

अथ अष्टमः पटलः

वशीकरणप्रयोगः २६५
क्षत्रिय वैश्य-शूद्रस्य प्रयोगत्रयम् २६६
प्रयोगः २६६
प्रयोगान्तरम् २६६

पुनःप्रयोगान्तरम् २६७
पुनः प्रयोगान्तरम् २६७
पुनः प्रयोगान्तरम् २६८
पुनः प्रयोगान्तरम् २६९
समानफले प्रयोगद्वयम् २६९
प्रयोगान्तरम् २७०
होमद्रव्याणि २७०
प्रयोगान्तरचतुष्टयम् २७१
मन्त्रयोर्माहात्म्यम् २७३
मोक्षसाधकप्रयोगान्तरम् २७३
परममन्त्रद्वयम् (१९) २७६
ऋष्यादिकम् २७७
षडङ्गानि २७७
बाण न्यासध्यानानि २७८
बाणनामानि २७८
ध्यानम् २७९
पूजाप्रकारः २८१
शक्तिवर्णकथनम् २८२
संमोहनगायत्री (२०) २८३
तत्प्रभावः २८४
मन्त्रद्वयसाधारणतर्पणम् २८४
मन्त्रद्वयसम्बन्धिप्रयोगान्तरम् २८४
रुक्मिणीवल्लभमन्त्रोद्धारः (२१) २८६
मन्त्रवर्णसंख्या २८७
मन्त्रस्य ऋष्यादिकम् २८८
अङ्गविधिश्च २८८
न्यासः ध्यानं च २८९; २९०
होमः सेवा च २९९
तत्फलम् ३०२
मन्त्रान्तरेभ्योऽस्याऽतिशयः ३०४

प्रयोगप्रकारस्तत्फलं च ३०५, ३०९
उपसंहारः ३१४, ३१६

॥ इति अष्टमः पटलः ॥ ८ ॥

परिशिष्ट (क)

१. अथ मुद्रालक्षणानि १–३
२. लघुस्तवराजस्तोत्रम् १–५०

परिशिष्ट (ख)

१. श्लोकानुक्रमणिका १–१२
२. क्रमदीपिका पारिभाषिक-शब्दकोषः १३–१४
३. टीकोद्धृतग्रन्थः ग्रन्थकारश्च १४

——o——

क्रमदीपिका

संपातसिक्तमभिजप्तमिदं महद्भि-
र्धार्यं जगत्त्रयवशीकरणैकदक्षम् ।
रक्षायशःसुतमहीधनधान्यलक्ष्मी
सौभाग्यलिप्सुभिरजस्रमनर्घ्यवीर्यम् ॥

इस गोपालयन्त्र को आहुति देने के पश्चात् शेष घृत से सिक्त करे तथा पुनः अभिमन्त्रित करे। इस प्रकार बनाये गये गोपालयन्त्र की प्राणप्रतिष्ठा करे। पञ्चगव्य एवं पञ्चामृत से छींटा देकर इसे अभिषिक्त करे। पुनः १०८ बार अथवा १००८ बार मूलमन्त्र का जप करे। तब सारे जगत् को वश में करने वाला यह अप्रमेय यन्त्र शक्ति से सम्पन्न हो जाता है। यह यन्त्र महाभय को दूर करता है, इसलिए यश, पुत्र, पृथ्वी, धन-धान्य, लक्ष्मी और सौभाग्य चाहने वाले महान् पुरुषों को इस अनर्घ्य यन्त्र को धारण करना चाहिये ॥

—क्रमदीपिका ५८९

॥ श्रीः ॥

क्रमदीपिका

श्रीमद्भगवत्श्रीकृष्णाराधननिरूपणप्रवण आगमनिबन्धः

विद्याविनोदश्रीगोविन्दभट्टाचार्यकृतविवरणसहिता-

'सरला' हिन्दीव्याख्योपेता

——०——

प्रथमपटलम्

वेणुवादनविनोदलालसं दिव्यगन्धपरिलिप्तवक्षसम् ।
वल्लवीहृदयवित्तहारिणं भावये कमपि गोपनन्दनम् ॥ १ ॥

विशिष्टशिष्टाचारानुमितश्रुतिबोधितकर्तव्यताकप्रारिप्सितप्रतिबन्धक-दुरितनिवृत्त्यसाधारणकारणमिष्टदेवताऽनुस्मरणपूर्वकं मङ्गलमाशीर्व्याजेन कृतं शिष्यशिक्षार्थमादौ निबध्नाति—कलात्तमायेत्यादिना ।

कलात्तमायालवकात्तमूर्त्तिः
कलक्वणद्वेणुनिनादरम्यः ।
श्रितो हृदि व्याकुलयंस्त्रिलोकी
श्रियेऽस्तु गोपीजनवल्लभो वः ॥ १ ॥

गोपीजनवल्लभो युष्माकं श्रिये सम्पदेऽस्तु भूयादिति योजना, गोपीजनस्य गोपाङ्गनाजनस्य वल्लभः स्वामी तथा च गोपीजनस्यैवाविज्ञातविनयप्रकारस्यापि वल्लभः किं पुनः साधकस्याशेषपूजाविधानकोविदस्येति भावः, यद्वा गोपी प्रकृतिर्जनो महदादिः अनयोर्वल्लभः प्रेरक इत्यर्थः । कीदृशः कलायां ज्ञानस्वरूपे स्वस्मिन् आत्तायाः प्राप्ताया अध्यस्तायाः मायाया लवकेन लेशेन विक्षेपात्मस्वभावेन आत्ता प्राप्ता मूर्तिर्येन स तथोक्तः, एतेन तस्य शरीरसम्बन्धेऽपि न स्वरूपानुसन्धानप्रच्युतिरावरणशक्तेरप्रामाण्यादिति भावः । अथ वा कल बन्धने, तथा च बन्धनात्मकसंसारप्रवर्तनार्थं स्वीकृतमायालेशात्मकजलतत्त्वात्मनाऽङ्गीकृतमूर्तिरिति तोयेन जीवान् विससर्ज भूम्यामिति । अथ वा संमोहनमन्त्ररूपकं कामबीजं सकलगोपालमन्त्राणांबीजमुद्ध रति कलेति, कश्च लश्च कलौ ताभ्यामात्तौ गृहीतौ सम्बद्धौ

गङ्गा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिन्धु एवं कावेरी नदी का जल इस जल में प्राप्त होवे । इस प्रकार ('गङ्गे' से लेकर 'सन्निधिं कुरु' पर्यन्त) यह मन्त्र तीर्थावाहन का मन्त्र कहा गया है जो समस्त पापों को क्षय करने वाला है । दोनों हाथों की अलग-अलग कनिष्ठा और अँगूठे को एक दूसरे से मिला दे । फिर तर्जनी, मध्यमा और अनामिका अंगुलियों को कुछ मोड़कर परस्पर एक दूसरे से सटा दे तो उसे 'गालिनी' मुद्रा कहते हैं । ऐसी मुद्रा शङ्ख के ऊपर घुमा देने से देवताओं को महान् प्रीति उत्पन्न करती है ॥ ४५-४७ ॥

अधुना स्वदेहे पीठपूजाक्रममाह—अथेत्यादि ।

अथ मूर्द्धनि मूलचक्रमध्ये निजनाथान् गणनायकं समर्च्य ।
न्यसनक्रमतश्च पीठमन्त्रैर्जलगन्धाक्षतपुष्पधूपदीपैः ॥ ४८ ॥

अथानन्तरं मूर्द्धनि स्वकीयशिरसि मूलचक्रमध्ये मूलाधारचक्रे यथाक्रमं स्वनाथान् स्वगुरून् गणपतिं च पूजयित्वा पूर्वोक्तन्यासक्रमेण पीठमन्त्रैराधारशक्तिमारभ्य पीठमन्त्रान्तं तत्तन्मन्त्रैर्जलगन्धाक्षतपुष्पधूपदीपैः स्वशरीरे पीठपूजनं कुर्यात् ॥ ४८ ॥

इसके अनन्तर अपने शिर जहाँ मूलाधार सहस्रदल चक्र है उसके मध्य भाग में अपने गुरुदेव तथा गणपति का पूजन करे । फिर पूर्वोक्त न्यास क्रम से आधार शक्ति से आरम्भ कर पीठमन्त्र पर्यन्त कहे गये तत्तन्मन्त्रों से जल-गन्धाक्षत-पुष्प-धूप और दीपों द्वारा अपने शरीर में पीठपूजन करना चाहिए ॥ ४८ ॥

प्रयजेदथ मूलमन्त्रतेजो निजमूले हृदये भ्रुवोश्च मध्ये।
त्रितयं स्मरतः स्मरेत्तदेकीकृतमानन्दघनं तडिल्लताभम् ॥४९॥

अथानन्तरं तन्मूलाधारहृदयभ्रूमध्यगततेजस्त्रितयं मूलमन्त्रात्मकं प ज्योतिः स्मरतः कामबीजेन क्लीमित्यनेनैकीभूतं चिन्तयेत्। कीदृशम्? आनन्दघनं चिदानन्दम्। पुनः कीदृशम्? विद्युत्प्रभम् ॥ ४९ ॥

तदनन्तर मूलाधार-हृदय और भ्रूमध्य में रहने वाले इन तीनों तेजों को जो आनन्दघन और विद्युल्लता के समान है मूलमन्त्रात्मक परज्योति का स्मरण करते हुए 'क्लीम्' इस मन्त्र से एक होने की भावना करे ॥ ४९ ॥

तत्तेजोऽङ्गैरिति।

तत्तेजोऽङ्गैः सावयवीकृत्यविभूत्या-
द्यङ्गान्तं विन्यस्य यजेदासनपूर्वैः।
भूषान्तैर्भूयो जलगन्धादिभिरर्चां
कुर्याद् भूत्याद्यङ्गविधानावधि मन्त्री ॥ ५० ॥

तदेकीकृतं तेजः पञ्चाङ्गैः सावयवीकृत्य शरीरयुक्तं सम्पाद्य तत्र विभूत्याद्यङ्गान्तं विभूतिपञ्जरमारभ्याङ्गन्यासपर्यन्तं स्वशरीरे विन्यस्य आसनादिभूषान्तैरुपचारैर्देवं पूजयेत्। भूयः पुनरपि जलगन्धादिभिर्विभूतिपञ्जरमूर्तिपञ्जरकरस्थसृष्टिस्थितिदशपञ्चाङ्गन्यासस्थानेषु न्यासक्रमेणैव तन्मन्त्रैरेव पूजयेत् ॥ ५० ॥

उस एकीभूत तेज को पाँच भागों में प्रविभक्त कर उसे अपने शरीर में मिल जाने की भावना करे। फिर 'विभूति पञ्जर' से लेकर अङ्गन्यास पर्यन्त कहे गये मन्त्रों को अपने शरीर में विन्यस्त कर आसनादिभूषित उपचारों से श्रीकृष्ण का पूजन करे। फिर जल गन्धादिकों के द्वारा विभूतिपञ्जर, मूर्त्तिपञ्जर, करस्थ सृष्टि स्थिति दशाङ्गन्यास तथा पञ्चाङ्गन्यास स्थानों में न्यास में कहे गये मन्त्रों से पूजन करे ॥ ५० ॥

भूय इति।

भूयो वेणुं वदनस्थं वक्षोदेशे वनमालाम्।
वक्षोजोर्द्धं प्रयजेच्च श्रीवत्सं कौस्तुभरत्नम् ॥ ५१ ॥

भूयः पुनरपि मुखस्थं वेणुं पूजयेत् हृदये च वनमालां कण्ठमारभ्य पादद्वयमवलम्बिनीं पत्रपुष्पमयीं मालाम् ।

तदुक्तम्—

कण्ठमारभ्य या तिष्ठेत् पादद्वयविलम्बिनी ।
पत्रपुष्पमयी माला वनमाला प्रकीर्त्तितेति ।
स्तनस्योपरि श्रीवत्सं कौस्तुभं च प्रपूजयेत् ॥ ५१ ॥

तदनन्तर मुख स्थित वेणु की, हृदय प्रदेश में वनमाला (कण्ठ से लेकर पादपर्यन्त लटकती हुई माला) की तथा स्तन के ऊपर श्रीवत्स चिह्न तथा कौस्तुभमणि की पूजा करे ॥ ५१ ॥

श्रीखण्डनिःस्यन्दविचर्चिताङ्गो
मूलेन भालादिषु चित्रकाणि ।
लिख्यादथो पञ्जरमूर्तिमन्त्र-
रनामया दीपशिखाकृतीनि ॥ ५२ ॥

अथानन्तरं मूलमन्त्रेण चन्दनपङ्कलिप्ताङ्गः पूजक एव ललाटादिषु मूर्तिपञ्जरन्यासस्थानेषु चित्रकाणि तिलकानि दीपशिखाकाराणि अनामिकया मूर्त्तिपञ्जरमन्त्रैः अँ ॐ केशवधातृभ्यां नम इत्यादिना द्वादशमूर्त्तिभिः लिख्यात्कुर्यादित्यर्थः ॥ ५२ ॥

इसके बाद घिसे हुए मलयागिरिचन्दन के पङ्क को मूलमन्त्र से अपने शरीर में उपलिप्त करने वाला साधक ललाटादि तत्तत् स्थानों में (जो मूर्त्तिपञ्जर के न्यास में कहे गये स्थान हैं) मूर्त्तिपञ्जर के मन्त्रों को पढ़कर अनामिका अङ्गुलि से दीपशिखा के आकार का अपने मस्तक में तिलक करे ॥ ५२ ॥

विमर्श—'अँ ॐ केशवधातृभ्यां नमः' आदि मन्त्र से द्वादशमूर्त्ति बनावे ॥ ५२ ॥

अधुना पुष्पाञ्जलिविधिं दर्शयति—पुष्पाञ्जलिमिति ।

पुष्पाञ्जलिं वितनुयादथ पञ्चकृत्वो
मूलेन पादयुगले तुलसीद्वयेन ।
मध्ये हयारियुगलेन च मूर्द्धि पद्म-
द्वन्द्वेन षड्भिरपि सर्वतनौ च सर्वैः ॥ ५३ ॥

अथानन्तरं पञ्चकृत्वः पञ्चवारान् मूलमन्त्रेण पुष्पाञ्जलिं वितनुयात्। तुलसीद्वयेन श्वेतकृष्णतुलसीद्वयेन पादयुगले क्रमेण दक्षिणवामपादयोरित्यञ्जलिद्वयं मध्ये हृदि हयारियुगलेन श्वेतरक्तकरवीराभ्यामित्येकोऽञ्जलिः मूर्द्धिनपद्मद्वयेन श्वेतरक्तपद्माभ्याम् इत्यपरोऽञ्जलिः सर्वतनौ सर्वैश्च षड्भिरपि तुलसीद्वयकरवीरद्वयपद्मद्वयैश्चाञ्जलिं तनुयादिति पञ्चमोऽञ्जलिः ॥ ५३ ॥

पुष्पाञ्जलिविधि—

तदनन्तर साधक पाँच बार अपनी पाँचों अङ्गुलियों से मूलमन्त्र को पढ़कर देवाधिदेव को पुष्पाञ्जलि प्रदान करे। श्वेत और कृष्ण दोनों प्रकार की तुलसी से क्रमशः श्वेत तुलसी की पुष्पाञ्जलि दाहिने पैर पर तथा कृष्ण तुलसी की पुष्पाञ्जलि बायें पैर पर इस प्रकार दो पुष्पाञ्जलि पैर पर देवे। हृदय स्थान पर श्वेत और रक्त मिश्रित कनेर के पुष्पों की एक पुष्पाञ्जलि प्रदान करे (इस प्रकार तीन पुष्पाञ्जलि हुई) और श्वेत रक्त दोनों प्रकार के कमलों से मिश्रित एक पुष्पाञ्जलि शिर पर देवे (इस प्रकार चार पुष्पाञ्जलि पूर्ण करे)। पुनः दोनों प्रकार की तुलसी, दोनों प्रकार के कनेर के पुष्प तथा दोनों प्रकार के कमल इस प्रकार छओ प्रकार के पुष्पों को मिलाकर एक पुष्पाञ्जलि संपूर्ण शरीर में अर्पित करे ॥ ५३ ॥

विमर्श—यहाँ तक पाँच पुष्पाञ्जलि का प्रकार कहा गया ॥ ५३ ॥

अधुना श्वेतकृष्णतुलस्यादीनां प्रदानविभागं दर्शयति—श्वेतानीति।

श्वेतानि दक्षभागे सितचन्दनपङ्किलानि कुसुमानि
रक्तानि वामभागेऽरुणचन्दनपङ्कसिक्तानि ॥ ५४ ॥

श्वेतानि तुलस्यादीनि पुष्पाणि श्वेतचन्दनपङ्कयुक्तानि दक्षिणविभागे देयानि रक्तानि तुलस्यादीनि रक्तचन्दनपङ्कयुक्तानि वामविभागे देयानि ॥ ५४ ॥

श्वेत चन्दन के पङ्क से युक्त श्वेत तुलसी की पुष्पाञ्जलि दाहिने पैर पर तथा रक्त चन्दन के पङ्क से युक्त कृष्ण तुलसी की पुष्पाञ्जलि बायें पैर पर देनी चाहिए ॥ ५४ ॥

विमर्श—ग्रन्थकार ने तुलसी की पुष्पाञ्जलि देने का विधान इस श्लोक में प्रतिपादित किया है ॥ ५४ ॥

उपचारं दर्शयति—तद्वदिति ।

तद्वच्च धूपदीपौ समर्प्य धिनुयात्सुधारसैः कृष्णम् ।
मुखवासाद्यं दत्वा समर्चयेत्साधुगन्धाद्यैः ॥ ५५ ॥

धूपदीपौ समर्प्य सुधारसैर्ब्रह्मरन्ध्रस्थितशशाङ्कबिम्बगलितामृत-द्रवैर्धिनुयात् प्रीणयेत् । सुधारसैर्मन्त्रकृतजलैरिति रुद्रधरः । श्रीकृष्णं प्रीणयेत् अनन्तरं मुखवासाद्यं गन्धवटिकां दत्वा गन्धपुष्पैः पूजयेत् ॥ ५५ ॥

तदनन्तर धूप-दीप प्रदान कर ब्रह्मरन्ध्र में स्थित चन्द्रमण्डल से भरते हुए अमृत द्रव से श्री कृष्ण को प्रसन्न करने की भावना करे । फिर मुखवासादि (सुगन्धित पदार्थ) प्रदान कर गन्धादि उपचारों से उनका पूजन करे ॥ ५५ ॥

ताम्बूलेति ।

ताम्बूलगीतनर्तनवाद्यैः सन्तोष्य चुलुकसलिलेन ।
ब्रह्मार्पणाख्यमनुना कुर्यात्स्वात्मार्पणं मन्त्री ॥ ५६ ॥

ततस्तदनन्तरं मन्त्री साधकः उपासकः ताम्बूलगीतादिभिः श्रीकृष्णं परितोष्य चुलुकोदकेन ब्रह्मार्पणमन्त्रेण वक्ष्यमाणस्वात्मसमर्पणं कुर्या-दित्यर्थः ॥ ५६ ॥

तदनन्तर साधक ताम्बूल, गीत, नृत्य एवं वाद्य आदि उपचारों से श्रीकृष्ण को संतुष्ट हुए जान एक चुल्लू जल से ब्रह्मार्पण मन्त्र से श्रीकृष्ण के सामने अपने को समर्पित कर देवे ॥ ५६ ॥

विमर्श—ब्रह्मार्पण मन्त्र इस प्रकार है—

'ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम् ।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्म समाधिना' ॥ ५६ ॥

अथाशक्त प्रत्याह—अथ वेति ।

अथ वा संकुचितधियामयं विधिर्मूर्तिपञ्जरारब्धः ।
यद्यष्टादशलिपिना सार्णपदाङ्गैश्च वेणुपूर्वैः प्रोक्तः ॥ ५७ ॥

अथ वा मन्दमतीनां पूजकानां पूजाप्रकारो मूर्त्तिपञ्जरादिभिरुक्त इयं दशाक्षरेण पूजा, अष्टादशाक्षरपूजामाह । यद्यष्टादशाक्षरमन्त्रेण पूजा तदा कचभुविललाटादिस्थानेषु मन्त्राक्षरन्यासपदपञ्चाङ्गन्यासैर्वेणवादिभिश्च प्रोक्तः ॥ ५७ ॥

यहाँ तक हमने अल्पबुद्धिवाले पूजकों के लिए मूर्त्तिपञ्जरादि विधियों से पूजा का विधान कहा। यदि अष्टादशाक्षरमन्त्र से पूजा करनी हो तो ललाटादि स्थानों में मन्त्राक्षर न्यासपद पञ्चाङ्ग न्यास से वेष्णवादिकों में कह दिया गया है उसी के अनुसार करे ॥ ५७ ॥

जपविधिं दर्शयति—सुप्रसन्नेति।

सुप्रसन्नमथ नन्दतनूजं
भावयन् जपतु मन्त्रमनन्यः।
सार्थसंस्मृतियथाविधिसङ्ख्या-
पूरणेऽसुयमनं विदधीत ॥ ५८ ॥

अथानन्तरं मन्त्रार्थस्मरणपूर्वकं मूलमन्त्रं जपतु। किङ्कुर्वन्? सुप्रसन्नं पूर्वोक्तरूपम् आत्मभिन्नं कृष्णं हृदि भावयन्। पुनः किम्भूतः? अनन्यस्तत्परः यथोक्तजपसङ्ख्यापूरणे सति असुयमनं प्राणायामं कुर्यात् जपारम्भे चात्र विद्याधराचार्यः बाह्यपूजाशक्तौ आत्मपूजानन्तरं जपं कुर्यात् शक्तौ तु पूजानन्तरमित्याह ॥ ५८ ॥

साधक अनन्य होकर सुप्रसन्न मन से आत्माभिन्न श्री कृष्ण की हृदय में भावना करते हुए, तथा मन्त्रार्थ का स्मरण करते हुए मूलमन्त्र का जप करे। जब जपसंख्या की पूर्ति हो जाय तब प्राणायाम करे ॥ ५८ ॥

प्रयोगपूर्वकृत्यमाह—प्रणवेति।

प्रणवपुटितं बीजञ्जप्त्वा शतं सहिताष्टकं
निजगुरुमुखादाप्तान् योगान्युनक्तु महामतिः।
सदमृतचिदानन्दात्माऽथो जपञ्च समापये-
दिति जपविधिः सम्यक् प्रोक्तो मनुद्वितयाश्रितः ॥ ५९ ॥

कामबीजं प्रणवपुटितं सहिताष्टकं शतमष्टोत्तरशतं जप्त्वा निजगुरुमुखात्प्राप्तान्योगान् आत्मपरदेवतासमावेशलक्षणान् अष्टमपटले वक्ष्यमाणान्महामतिर्युनक्तु करोतु।

प्रकृतमुपसंहरति—

अनन्तरं सदमृतचिदानन्दात्माऽमुं जपं समापेयत् इत्यनेन प्रकारेण मनुद्वितयाश्रितः दशाक्षराष्टादशाक्षराश्रितः पूजाप्रकारः सम्यक् प्रकारेणोक्तः ॥ ५९ ॥

जपारम्भ करने के पूर्व बुद्धिमान साधक काम बीज को प्रणव से संपुटित कर १०८ बार जप करे, यथा (ॐ क्लीम् ॐ)। तत्पश्चात् अपने गुरु के मुख से प्राप्त हुए आत्मा को ही परदेवता के रूप में समझे जाने वाले योगों का आरम्भ करे। तदनन्तर सदमृतचिदानन्दात्मक साधक अपने जप को समाप्त करे। इस प्रकार हमने आभ्यन्तर तथा बाह्य दोनों प्रकार से श्रीकृष्ण परमात्मा के पूजा का प्रकार वर्णन किया ॥ ५९ ॥

य इति।

य इमं भजते विधिं नरो भविताऽसौ दयितः शरीरिणाम्।
अपि वाकमलैकमन्दिरं परमं ते समुपैति तन्महः ॥ ६० ॥

॥ इति श्रीकेशवभट्टाचार्यविरचितायां क्रमदीपिकायां
तृतीयः पटलः ॥ ३ ॥

—o—

यो नरो मनुष्य इमं पूजाप्रकारं सेवतेऽसौ शरीरिणां वल्लभो भविष्यति। तदा सरस्वतीलक्ष्म्योरावासो भविता अन्ते देहपातानन्तरं तेजः समुपैति तद्रूपो भवतीत्यर्थः ॥ ६० ॥

॥ इति श्रीविद्याविनोदगोविन्दभट्टाचार्यप्रवरविरचिते क्रमदीपिकाया विवरणे तृतीयः पटलः ॥ ३ ॥

—o—

जो मनुष्य इस प्रकार से कहे गये पूजा के प्रकार का अनुष्ठान करेगा वह समस्त प्राणियों के प्रेम का पात्र होगा और सरस्वती तथा महालक्ष्मी दोनों का एक मात्र अधिष्ठान होगा। तदनन्तर मृत्यु के पश्चात् उस सच्चिदानन्दात्मक तेज स्वरूप को प्राप्त होगा ॥ ६० ॥

॥ इस प्रकार श्रीकेशवाचार्यविरचित क्रमदीपिका की डा० सुधाकर मालवीय कृत 'सरला' नामक हिन्दी व्याख्या का तृतीय पटल समाप्त हुआ ॥ ३ ॥

—o—

चतुर्थपटलम्

अथ मन्त्रजपादौ दीक्षितस्यैवाधिकारः तदुक्तमागमान्तरे—

द्विजानामनुपेतानां स्वकर्माध्ययनादिषु ।
यथाधिकारो नास्तीह स्याच्चोपनयनादनु ॥
तथात्रादीक्षितानां तु मन्त्रे देवार्चनादिषु ।
नाऽधिकारोस्त्यतः कुर्यादात्मानं शिवसंस्कृतम् ॥

इत्यतो मन्त्रजपप्रधानाङ्गभूतां दीक्षां कथयामीत्याह—कथ्यत इति ।

कथ्यते सपदि मन्त्रवर्ययोः साधनं सकलसिद्धिसाधनम् ।
यद्विधाय मुनयो महीयसीं सिद्धिमीयुरिह नारदादयः ॥ १ ॥

सपदि साम्प्रतं मनुवर्ययोः दशाक्षराष्टादशाक्षरयोः साध्यते वाञ्छितमनेनेति । साधनं दीक्षणं कथ्यते । कीदृशम् ? सकलफलसाधनं यत् कृत्वा नारदादयो मुनयः महतीं सिद्धिम् इह जगति प्राप्तवन्तः ॥ १ ॥

* सरला *

दीक्षाविधान—

अब दशाक्षर तथा अष्टादशाक्षर दोनों मन्त्रों की सिद्धि प्रदान करने वाली दीक्षा विधि का वर्णन करता हूँ जिसके अनुष्ठान करने से नारदादि महर्षियों ने महती सिद्धि प्राप्त की ॥ १ ॥

विमर्श—अब इस पटल में मन्त्र के जप में सर्व प्रधान होने के कारण दीक्षा विधान का वर्णन किया गया है ॥ १ ॥

दीक्षाया गुरुसाध्यत्वादादौ गुरुलक्षणमाह—विप्रमिति ।

विप्रं प्रध्वस्तकामप्रभृतिरिपुघटानिर्मलाङ्गं गरिष्ठां
भक्तिं कृष्णाङ्घ्रिपङ्केरुहयुगलरजोरागिणीमुद्वहन्तम् ।
वेत्तारं वेदशास्त्रागमविमलपथां सम्मतं सत्सुदान्तं
विद्यां यः संविवित्सुः प्रणततनुमना देशिकं संश्रयेत ॥ २ ॥

यो विद्यां संविवित्सुर्मन्त्रं सम्यक् ज्ञातुमिच्छति स एतादृशं देशिकं गुरुं संश्रयेत् सेवेत । कीदृशम्? विप्रं ब्राह्मणजातम् उपदेशे क्षत्रियादेरनधिकारात् । पुनः कीदृशम् ? प्रकर्षेण दूरीभूता कामाद्यरिषड्वर्गघटा तया पूतं शरीरं यस्य तथा तं कामक्रोधौ लोभमोहौ मदमत्सरौ एते रिपवः कामादयः लोभाद्युपहत-चित्तस्य निरन्तरं प्रत्यवायोत्पत्त्या सेव्यत्वाभावात् । पुनः कीदृशम् ? श्रीकृष्ण-चरणकमलयुगले यद्रजस्तत्र रागयुक्ताम् अतिशयितां भक्तिं धारयन्तम् अभ्य-क्तस्य पुरुषार्थानवाप्तेः । पुनः कीदृशम् ? वेदशास्त्रागमसम्बन्धिविमलमार्गाणां ज्ञातारम् अन्यथा आगमशास्त्रविचारानुपपत्तेः । पुनः कीदृशम् ? सत्सु जनेषु मध्ये सम्मतं सज्जनत्वेन प्रसिद्धम् अन्यथा खलत्वात् शुश्रूषानर्हत्वात्सच्छब्दार्थ एव न स्यात् ।

पुनः किम्भूतम् ? दान्तं वशीकृतेन्द्रियम् अवशीकृतेन्द्रियस्य देवता-पराङ्मुखत्वात् । कीदृशः ? प्रणतानम्रा विनीतातनुः कायो मनो हृदयं च यस्य स तथा अत्राऽधिकं मत्कृतशारदातिलकेऽवगन्तव्यम् ॥ २ ॥

मन्त्र का सफल जिज्ञासु साधक ब्राह्मण कुल में उत्पन्न कामादि षड् विकारों के नष्ट हो जाने से पवित्र शरीर वाले परमात्मा श्री कृष्ण के चरणयुगल के रज में अनुरागयुक्त भक्ति रखने वाले वेदशास्त्र और आगम के ज्ञाता, सदाचारी सज्जनों में मान्य और इन्द्रियों को अपने वश में रखने वाले ऐसे गुरु के पास शरीर तथा हृदय से विनीतभाव में जाना चाहिए ॥ २ ॥

विमर्श—यहाँ दीक्षा में प्रथमोपस्थितिकत्वात् गुरु के लक्षणों का वर्णन किया गया है ॥ २ ॥

गुरुसेवाप्रकारमाह—सन्तोषयेदिति ।

सन्तोषयेदकुटिलाद्रेतरान्तरात्मा
तं स्वैर्धनैश्च वपुषाप्यनुकूलवाण्या ।
अब्दत्रयङ्कमलनाभधियाऽतिधीर-
स्तुष्टे विवक्षतु गुरावथ मन्त्रदीक्षाम् ॥ ३ ॥

अथानन्तरम् उक्तलक्षणं गुरुं वत्सरत्रयं पद्मनाभबुद्ध्या सन्तोषयेत् । कैः? स्वीयद्रव्यैः तथा शरीरेण तथा प्रियवचनेन । कीदृशः ? सुधीरः पण्डितः। पुनः कीदृशः ? अवक्रोऽतिस्निग्धो अन्तरात्मा अन्तःकरणं यस्य स तथा अथानन्तरं तुष्टे गुरौ मन्त्रदीक्षां विवक्षतु वक्तुमिच्छतु शिष्य एव यत्त्वन्यत्रोक्तम् ।

एकाब्देन भवेद् विप्रोभवेदब्दद्वयान्नृपः।
भवेदब्दत्रयैर्वैश्यः शूद्रो वर्षचतुष्टयैः॥ इति।

तदत्यन्तपरिशीलितविषयम्।

अन्यथा तु—

त्रिषु वर्षेषु विप्रस्य षड्वर्षेषु नृपस्य च।
विशो नवसु वर्षेषु परीक्षेतेति शस्यते॥
समास्वपि द्वादशसु तेषां ये वृषलादयः।

इति बोद्धव्यम्।
विहितनक्षत्रादिकं मत्कृतशारदातिलकोद्द्योते बोद्धव्यम्॥ ३॥

इस प्रकार बुद्धिमान जिज्ञासु ऊपर कहे गये लक्षणों से युक्त गुरु के पास जाकर अपने द्रव्यों से, शरीर से, प्रियवाणी से तथा निश्छल अन्तःकरण से तीन वर्ष पर्यन्त निरन्तर उसमें विष्णु की भावना करते हुए उसे सेवा भाव से संतुष्ट करे। फिर उन्हें संतुष्ट जान उनसे मन्त्र प्राप्ति के लिए दीक्षा लेने की जिज्ञासा व्यक्त करे॥ ३॥

कलावत्यादिभेदेन दीक्षाया बहुविधत्वात् मया पुनरत्र प्रपञ्चसारोक्ता क्रियावती दीक्षैव सङ्क्षेपेण प्रदर्श्यते इत्याह—प्रपञ्चसारेति।

प्रपञ्चसारप्रथिता तु दीक्षा
संस्मार्यते सम्प्रतिसर्वसिद्ध्यै।
ऋते यया सन्ततजापिनोऽपि
सिद्धिं न वै दास्यति मन्त्रपूगः॥ ४॥

सम्प्रति दीक्षा क्रियावती संस्मार्यते तस्याः स्मरणमात्रं क्रियते नतु सम्यगभिधीयते। अत्रहेतुः यतः प्रपञ्चसारे विविच्योक्ता, किमर्थमभिधीयते? सर्वेषां फलानां प्राप्त्यै यया दीक्षया विना सर्वदा जपकर्तुः पुरुषस्य मन्त्रसमूहः फलं यस्मान्न ददाति।

यदाहुः—

मन्त्रवर्गानुसारेण साक्षात्कृत्येष्टदेवताम्।
गुरुश्चेद्बोधयेच्छिष्यं मन्त्रदीक्षेति सोच्यते॥
इति॥ ४॥

अब मैं संपूर्ण सिद्धि की प्राप्ति के लिए 'प्रपञ्चसार' नामक ग्रन्थ में कही गयी दीक्षा विधि का स्मरण करता हूँ। जिसके न रहने से सर्वदा मन्त्रों का जप करने वाले भी साधकों को मन्त्र समूह फल प्रदान नहीं करते ॥ ४ ॥

अथ शोधितशालादिस्थाने मण्डपपूर्वकृत्यं वास्तुबलिमाह—अथेति।

अथ पुरो विदधीत भुवः स्थलीमधि यथाविधि वास्तुबलिं बुधः।
अचलदोर्मितमत्र तु मण्डपं मसृणवेदिकमारचयेत्ततः ॥ ५ ॥

अथानन्तरं प्रथमं भुवः स्थलीमधि पृथिव्यामुपरि यथाविधि यथोक्तप्रकारेण वास्तुबलिं बुधो दद्यात्। अत्र बलिदानादिविधिश्च मत्कृतशारदातिलकोद्द्योते बोद्धव्यः। ततस्तदन्तरम् अत्र संस्कृतभूमौ मण्डपं कुर्यात्। कीदृशम्? अचलदोर्मितं सप्तहस्तपरिमितम्। तु शब्दो अनुक्तसमुच्चयार्थः। तेन पञ्चहस्तपरिमितं नवहस्तमितं चेति बोद्धव्यम्। पुनः कीदृशम्? मसृणवेदिकं चिक्कणवेदिकम् उत्कृष्टवेदिकमित्यर्थः ॥ ५ ॥

सर्व प्रथम बुद्धिमान साधक पृथ्वी पर शास्त्रोक्तरीति से वास्तु बलि करे। फिर अच्छी प्रकार से उपलेपादि से शुद्ध उस भूमि में सात हाथ, पाँच हाथ अथवा नव हाथ का मण्डप निर्माण करे। तदनन्तर उस मण्डप में लिपी-पोती शुद्ध चिकनी उत्तम वेदी बनाये ॥ ५ ॥

त्रिगुणेति।

त्रिगुणतन्तुयुजा कुशमालया परिवृतं प्रकृतिध्वजभूषितम्।
मुखचतुष्कपयस्तरुतोरणं सितवितानविराजितमुज्ज्वलम् ॥ ६ ॥

पुनः कीदृशम्? कुशमालया वेष्टितम्। किम्भूतया? श्वेतरक्तश्यामवर्णतन्तुयुक्तया यद्वा त्रिगुणीकृतसूत्रयुक्तया। पुनः कीदृशम्? अष्टभिध्वजैः शोभितं प्रकृतिरष्टसङ्ख्या। पुनः कीदृशम्? मुखचतुष्के द्वारचतुष्टये पयस्तरुभिः क्षीरवृक्षैः तोरणं बहिर्द्वारं यत्र तादृशम्। क्षीरवृक्षास्तु अश्वत्थोदुम्बरप्लक्षन्यग्रोधाख्याः (पुनः कीदृशम्? शुभ्रचन्द्रातपेन शोभितम्) पुनः कीदृशम्? उज्ज्वलं निर्मलम् ॥ ६ ॥

फिर उस वेदी को श्वेत, रक्त तथा श्यामवर्णके कुशों से अथवा कुश निर्मित तीन सूत्रों से उसे परिवेष्टित करे। उसके आठों दिशाओं में आठ ध्वज लगावे तथा उसके चारों द्वारों पर क्षीर वृक्षों का तोरण बाँधे तदनन्तर उस पर शुभ्रवितान लगाकर सुशोभित करे ॥ ६ ॥

विमर्श—अश्वत्थ, उदुम्बर, प्लक्ष और न्यग्रोध ये चार क्षीर वृक्ष कहे जाते हैं ॥ ६ ॥

कुण्डविधिमाह—वस्विति ।

वसुत्रिगुणिताङ्गुलप्रमितखाततारायतं
वसोर्वसुपतेरथो ककुभिधिष्ण्यमस्मिन् बुधः ।
करोतु वसुमेखलं वसुगणार्द्धकोणं प्रती-
च्यवस्थितगजाधरप्रतिमयोनिसंलक्षितम् ॥ ७ ॥

अथानन्तरम् अस्मिन् मण्डपे बुधः वसोर्वह्नेर्धिष्ण्यं कुण्डं करोतु। कीदृशम्? वसुरष्टसङ्ख्या अष्टौ वसवः इति प्रसिद्धेः। तेषां वसूनां त्रिगुणानि चतुर्विंशाङ्गुलानि तैः प्रमितं तत्प्रमाणं खातस्य गर्त्तस्य उच्चत्वं विस्तारश्च यत्र तादृशम्। कुत्र? वसुपतेः कुबेरस्य ककुभिदिशि उत्तरस्याम्। पुनः कीदृशम्? वसुमेखलम्। अत्र वसुशब्देन अग्निरुच्यते स च गार्हपत्याहवनीयेत्यादित्रिविधः। पुनः कीदृशम्? वसुगणार्द्धकोणं चतुष्कोणम्। पुनः कीदृशम्? पश्चिमदिश्यवस्थितं गजोऽष्टसदृशद्वादशाङ्गुलायामा या योनिस्तया भूषितम्। तदुक्तम्—

द्वादशाङ्गुलिरूपत्वाद्योनिः स्याद् द्वादशाङ्गुलिः। इति ।

अपरोऽत्र विशेषः शारदातिलकतोऽवगन्तव्यः ॥ ७ ॥

वेदी निर्माण के पश्चात् उसी मण्डप के उत्तर दिशा में २४ अङ्गुल गहरा तथा २४ अंगुल विस्तार वाला खात बनाकर चतुष्कोण अग्निकुण्ड का निर्माण करे। उसे तीन मेखला से विभूषित करे। पुनः पश्चिम दिशा में द्वादशाङ्गुल प्रमाण योनि का निर्माण करे ॥ ७ ॥

अधुना राशिमण्डलविधिं दर्शयति—तत इति ।

ततो मण्डपे गव्यगन्धाम्बुसिक्ते
लिखेन्मण्डलं सम्यगष्टच्छदाब्जम् ।
सवृत्तत्रयं राशिपीठाङ्घ्रिवीथि-
चतुर्द्वारशोभोपशोभास्रयुक्तम् ॥ ८ ॥

ततो मण्डपानन्तरम् अस्मिन् मण्डपे सम्यक् यथोक्तप्रकारेण मण्डलं लिखेत्। कीदृशे? गव्यैः पञ्चगव्यैः शारदातिलकोक्तवैष्णवगन्धाष्टकजलेन प्रोक्षिते। कीदृशम्? अष्टदलपद्मसहितम्। पुनः कीदृशम्? वृत्तत्रयसहितम्। पुनः राशयो-मेषादयः पीठं कलसस्थापनस्थानं तस्याङ्घ्रिपीठपात्रचतुष्टयं चतस्रो वीथयः चत्वारि द्वाराणि शोभा उपशोभा अस्रं कोणम् एतैर्युक्तम्। अयमर्थः-सार्द्धहस्तद्वय-

प्रमाणेन समं चतुरस्रम्भूभागं परिष्कृत्य तत्र पूर्वापरायतानि सप्तदशसूत्राणि पातयेत्। एवं सति षटपञ्चाशदुत्तरं द्विशतं कोष्ठानां भवति। तत्र कोष्ठविभागो मध्ये षोडशभिः कोष्ठैर्वृत्तत्रयान्वितं पद्मं लिखेत् (तत्र च पद्मोपरिशिष्टे पीठं तदङ्गं च लिखेत्) तद्बहिरष्टाधिकचत्वारिंशताद्वादशराशीन् लिखेत्,तद्बहिः षट्त्रिंशतापीठं पीठाङ्गञ्च लिखेत् (तद्बहिरशीतिभिः पदैर्लिखेत्)। अत्रेदं बोद्धव्यं पद्मस्य दलाग्रस्थं वृत्तं पीठशक्तिश्च एतयोर्मध्ये पूर्वदक्षिणपश्चिमोत्तरं सूत्रचतुष्टयं दद्यात्, अनन्तरं द्वादशाधिकैः शतपदैर्द्वारशोभोपशोभाकोणानि विलिखेत्।तत्रसर्वस्यां दिशि द्वारं षट्पदम्। तत्र प्रकारः बाह्यपङ्क्तिगतमध्य-कोष्ठद्वयन्तदन्तर्गतपङ्क्तिगतमध्यकोष्ठद्वयमिति द्वारस्यैकस्मिन्भागे कोष्ठचतु-ष्टयेनैका शोभाभवति। तत्र बाह्यपङ्क्तिगतमेकं कोष्ठं तदन्तर्गतपङ्क्तिगतं कोष्ठत्रयमिति। एवं कोष्ठचतुष्टयेनैकोपशोभा भवति। अत्र बाह्यपङ्क्ति-गतकोष्ठत्रयन्तदन्तर्गतपङ्क्तिगतमेकं कोष्ठमिति तथा कोष्ठषट्केन कोण-मिति। एवमपरस्मिन्भागेऽपि शोभोपशोभाकोणानि बोद्धव्यानि। एवं दिक्-चतुष्टयेऽपि मिलित्वा द्वादशाधिकं शतं भवतीति। अत्रानुक्तं शारदातिलके बोध्यम् ॥ ८ ॥

इस प्रकार मण्डप वेदी तथा अग्निकुण्ड के निर्माण कर लेने के बाद उसे पञ्चगव्य छिड़क कर पवित्र करे। फिर उसमें अष्टदल कमल का निर्माण करे। वह अष्टदल तीनवृत्त, द्वादश राशियाँ, कलशस्थान, पीठ के लिए पात्र चतुष्टय, चार वीथी, चार द्वार शोभा उपशोभा और कोणों से युक्त हो ॥ ८ ॥

विमर्श—यहाँ पर सर्वतोभद्र की विधि तथा उस पर वृत्तादि के निर्माण का प्रकार शारदातिलक ग्रन्थ में देखें ॥ ८ ॥

ततो देशिकः स्नानपूर्वं विधानं
विधायाऽऽत्मपूजावसानं विधिज्ञः।
स्ववामाग्रतः शङ्खमप्यर्घ्यपाद्या-
चमाद्यानि पात्राणि सम्पूरितानि ॥ ९ ॥
विधायाऽन्यतः पुष्पगन्धाक्षताद्यं
करक्षालनं पृष्ठतश्चाऽपि पात्रम्।
प्रदीपावलीदीपिते सर्वमन्यत्
स्वदृग्गोचरे साधनं चाऽऽददीत ॥ १० ॥

तदनन्तरं विधिज्ञः आगमोक्तप्रकारज्ञः देशिको गुरुः स्नानपूर्वकं विधानं स्वगृह्योक्तादिस्नानविधिम् आत्मपूजापर्यन्तं समाप्य स्ववामाग्रे शङ्खार्घ्य-पाद्याचमनीयपात्राणि जलादिस्वच्छद्रव्यैः सम्पूरितानि कृत्वा यथोत्तरं स्थापयित्वाऽन्यतो दक्षिणभागे पुष्पाणि पूजाद्रव्याणि निधाय करप्रक्षालन-पात्रमेकं पृष्ठदेशे निधाय सर्वमन्यत् साधनम् उपकरणम् स्वदृग्गोचरे चक्षुर्गोचरे प्रदीपश्रेणिविराजिते स्थापयेत् । अत्राऽपरो विशेषः श्रीपरमानन्द-भट्टाचार्यकृते प्रपञ्चसारविवरणे द्रष्टव्यः ॥ ९ ॥ १० ॥

तदनन्तर आगमशास्त्र का ज्ञाता गुरु अपने गृह्योक्त विधि के अनुसार स्नान से लेकर आत्मपूजापर्यन्त सारी क्रिया समाप्त कर अपनी बाईं ओर शङ्ख अर्घ पात्र और आचमन आदि पात्रों को स्वच्छ एवं पवित्र जल से पूर्ण कर उत्तरोत्तर क्रम से स्थापित करे ॥ ९ ॥

पुनः अपनी दाहिनी ओर पुष्प गन्ध और अक्षतादि पूजा की सामग्री स्थापित करे । तथा अपने पीछे की ओर हाथ धोने के एक पात्र को रखे । शेष समस्त साधनों को अपने आँखों के सामने जहाँ दीपों की पंक्ति रखी गयी हो वहीं पर स्थापित करे ॥ १० ॥

विमर्श—यहाँ पर अन्य विशेषता श्रीपरमानन्दभट्टाचार्य कृत 'प्रपञ्चसार' नामक ग्रन्थ के 'विवरण' टीका में देखिये ॥ १० ॥

वायव्येति ।

वायव्याशादीशपर्यन्तमर्च्य-
पीठस्योदग्गौरवी पङ्क्तिरादौ ।
पूज्योऽन्यत्राऽप्याम्बिकेयः कराब्जैः
पाशं दन्तं शृण्यभीती दधानः ॥ ११ ॥

पीठस्य राशिपीठस्य उदक् उत्तरभागे वायव्यकोणादीशानकोणपर्यन्तं गुरुसम्बन्धिनी पङ्क्तिरादौ प्रथममतः पूज्या । प्रयोगस्तु ॐगुरुभ्यो नमः इति । अन्यत्र दक्षिणभागे अम्बिकेयो गणपतिः पूज्यः । कीदृशः ? हस्तपद्मैः स्वदन्तं शृणिम् अङ्कुशम् अभयं दधानः ॥ ११ ॥

राशिपीठ के उत्तर भाग में वायव्य कोण से लेकर ईशानकोण पर्यन्त गुरु सम्बन्धिनी पङ्क्ति कही गयी है । वहाँ सर्वप्रथम पूर्व में ('ॐ गुरुभ्यो नमः' इस मन्त्र से) गुरु की पूजा करे । और दक्षिणभाग में गणपति की ('ॐगणपतये नमः' इस मन्त्र से) पूजा करे; जो गणपति अपने चार करकमलों में पाश, स्वदन्त, अङ्कुश तथा

अभयमुद्रा धारण किये हुए हैं ॥ ११ ॥

अधुनाकलशस्थापनप्रकारं दर्शयति यतो देशिक इत्यादिना–आराध्येति ।

आराध्याऽऽधारशक्त्याद्यमरचरणपावध्यथो मध्यभागे
धर्मादीन् वह्निरक्षःपवनशिवगतान् दिक्ष्वधर्मादिकांश्च ।
मध्ये शेषाब्जबिम्बत्रितयगुणगणात्मादिकं केशराणां
वह्नेर्मध्ये च शक्तीर्नवसमभियजेत्पीठमन्त्रेण भूयः ॥ १२ ॥

अथानन्तरं मण्डलमध्यभागे आधारशक्तिमारभ्य कल्पवृक्षपर्यन्तमाराध्य पूजयित्वा पीठन्यासक्रमेण वह्नीति अग्न्यादिकोणगतान् धर्मादीन् पूर्वादिचतुर्दिक्षु अधर्मादीन् तथा मध्ये शेषं पद्मं तथा सूर्यसोमवह्नीनां बिम्बत्रयं द्वादशषोडशदशकलाव्याप्तं मण्डलत्रयं तथा सत्त्वादिगुणत्रयं तथाऽऽत्मादिचतुष्टयं पूजयेत् । अथ केशराणां मध्ये कर्णिकायां च विमलाद्या नव शक्तीः पूर्वादिक्रमेण पूजयेत् । भूयः पुनरपि पूर्वोक्तेन पीठमन्त्रेण पीठं पूजयेदित्यर्थः ॥ १२ ॥

इसके बाद मण्डल के मध्यभाग में आधारशक्ति से आरम्भ कर कल्पवृक्षपर्यन्त पूजा कर पीठन्यास क्रम से आग्नेय, नैऋत्य, वायव्य तथा ईशान कोणों में धर्मादि का पूजन करे । पश्चात् पूर्वादि दिशाओं में अधर्मादि चतुष्टय का, मध्य में शेष पद्म तथा सूर्य सोम अग्नि रूप बिम्बत्रय का (जो द्वादश कला षोडशकला और दश कला से व्याप्त मण्डल वाले हैं); सत्त्व रज तम आदि त्रितय गुणों का तथा आत्मादि चतुष्टय का पूजन करना चाहिए । इसी प्रकार केशरों के मध्य की कर्णिका में विमलादि नवशक्तियों का तत्पश्चात् पीठ मन्त्र से पीठ का पुनः पूजन करे ॥ १२ ॥

तत इति ।

ततः शालीन् मध्येकमलममलांस्तण्डुलवरा-
नपि न्यस्येद्भांस्तदुपरि च कूर्चाक्षतयुतान् ।
न्यसेत्प्रादक्षिण्यात्तदुपरि कृशानोर्दश कला-
यकाराद्यर्णाद्या यजतु च सुगन्धादिभिरिमाः ॥ १३ ॥

तदनन्तरं मध्येकमलं कमलमध्ये शालीन् आढकपरिमितान् तथा शुभ्रान् शाल्यष्टभागपरिमितान् तण्डुलान् श्रेष्ठान् न्यस्येत् स्थापयेत् ।

तदुक्तम्—

शालीन् वै कर्णिकायां च निक्षिप्याढकसंमितान् ।
तण्डुलांश्च तदष्टांशान् दर्भैः कूर्चैः प्रविन्यसेत् ॥ इति ॥

तदुपरि तण्डुलोपरि कूर्चाक्षतयुक्तान् दर्भान् विन्यसेत्, कुशत्रयघटितो ब्रह्मग्रन्थिः कूर्चशब्देनोच्यते, कूर्चः कुशमुष्टिरिति त्रिपाठिनः, तदुपरि कूर्चोपरि कृशानोर्वह्नेर्दश कला यकारादयो दशवर्णा आद्याः प्रथमा यासां ताः प्रादक्षिण्येन न्यसेत् तदनन्तरं इमा दश कला गन्धादिभिः पूजयेत् ।

ताश्च—

धूम्रार्चिरूष्माज्वलिनीज्वालिनीविस्फुलिङ्गिनी ।
सुश्रीः सुरूपा कपिला हव्यवहा कव्यवहेति ॥
प्रयोगस्तु—धूम्रार्चिषे नम इति ॥ १३ ॥

तदनन्तर कमल के मध्य में एक आढ़क के परिमाण वाले अथवा उसके अष्टमांश परिमाण वाले उत्तम चावल को स्थापित करे । उस चावल पर तीन कुशों की ग्रन्थि, अथवा मुष्टिप्रमाण के कुशा को अक्षत युक्त कर स्थापित करे । उस कूर्च पर दक्षिण दिशा के क्रम से अग्नि की दश कलाओं (धूम्रार्चि, ऊष्मा; ज्वलिनी, ज्वालिनी, विस्फुलिङ्गिनी, सुश्रीः, सुरूपा, कपिला, हव्यवहा, कव्यवहा ये अग्नि की दश कलाओं के नाम हैं) को यकार से लेकर दशवर्णों से न्यास करे । पश्चात् गन्धादि द्वारा उन दश कलाओं का पूजन करे ॥ १३ ॥

विमर्श—प्रयोग विधि इस प्रकार जानना चाहिए यं—धूम्रार्चिषे नमः, रं ऊष्मायै नमः' इत्यादि ॥ १३ ॥

न्यसेदिति ।

न्यसेत्कुम्भं तत्र त्रिगुणितलसत्तन्तुकलितं
जपंस्तारं धूपैः सुपरिमलितं जोङ्कटमयैः ।
कभाद्यैः कुम्भेऽस्मिन् ठडवसितिभिर्वर्णयुगलैः
तथान्यस्याऽभ्यर्च्यास्तदनु खमणेर्द्वादश कलाः ॥ १४ ॥

तत्र दशकलामये कूर्चे तारमोंकारमुच्चरन् कुम्भं न्यसेत् । कुम्भस्तु सुवर्णादिनिर्मितः ।

तदुक्तम्—

सौवर्णं राजतं वापि मृण्मयं वा यथोदितम् ।
क्षाणयेदस्त्रमन्त्रेण कुम्भं सम्यक् सुरेश्वरि ॥ इति ॥

कीदृशम् ? ग्रीवायां त्रिगुणिता लसन्तः शोभमाना ये तन्तवः कन्याकर्तित-कार्पाससूत्राणि तैः कलितम् अस्त्रमन्त्रेण वेष्टितम् । पुनः कीदृशम् ? जोङ्गटमयैः कृष्णागुरुप्रधानैर्धूपैः सुधूपितं तदनन्तरं खमणेः सूर्यस्य द्वादशकला अस्मिन् कुम्भे न्यस्य अनन्तरं पूज्याः । कैः ? वर्णयुगलैः । कीदृशैः ? कभाद्यैः ककारभकाराद्यैः । पुनः कीदृशैः ? ठडवसितिभिः ठकारडकारावसानैः । अयमर्थः—अनुलोमपठितककाराद्येकैकमक्षरं प्रतिलोमपठितभकाराद्येकैकमक्षरेण सहितं तपिन्यादिषु द्वादशकलासु संयोज्य न्यासादिकं कार्यम् ।

ताश्च—

तपिनी तापिनी धूम्रा मरीचिर्ज्वालिनी रुचिः ।
सुषुम्णा भोगदा विश्वा वेधिनी धारिणी क्षमा ॥ इति ॥

प्रयोगस्तु—कं भं तपिन्यै नमः, खं बं तापिन्यै नम इत्यादिकार्यम् ॥१४॥

इस प्रकार दशकलामय उस कूर्च पर अपनी शक्ति के अनुसार सुवर्ण, रजत, ताम्र अथवा मिट्टी का बना हुआ कलश प्रणव मन्त्र का जप करते हुए स्थापित करे। उसके कण्ठप्रदेश में कन्या के हाथ का काता हुआ त्रिगुणित सूत्र अस्त्र मन्त्र (ॐ अस्त्राय फट्) इस मन्त्र को पढ़ते हुए बाँधे । फिर उसे कालागुरु के धूप से धूपित करे । फिर उस कुम्भ पर सूर्य की द्वादश कलाओं को स्थापित कर (तपिनी, तापिनी, धूम्रा, मरीचि, ज्वालिनी, रुचि, सुषुम्णा, भोगदा, विश्वा, बोधिनी, धारिणी और क्षमा ये सूर्य की द्वादश कलाओं के नाम हैं) ककार से लेकर ठकार पर्यन्त द्वादशवर्णों का अनुलोम पूर्वक तथा भकार से लेकर उकार पर्यन्त वर्णों का प्रतिलोमपूर्वक एक साथ क्रम से पढ़ते हुए न्यास करे । यथा 'कं भं तपिन्यै नमः' 'खं बं तापिन्यै नमः' इत्यादि ॥ १४ ॥

एवमित्यादि ।

एवं सङ्कल्प्याऽग्निमाधाररूपं
भानुं तद्वत्कुम्भरूपं विधिज्ञः ।
न्यस्येत्तस्मिन्नक्षताद्यैः समेतं
कूर्चं स्वर्णैः रत्नवर्यैः प्रदीप्तम् ॥ १५ ॥

एवमनेन प्रकारेणाऽऽधाररूपमग्निं सङ्कल्प्य तद्वत्कुम्भरूपं भानुं विचिन्त्य तस्मिन् कुम्भे विधिज्ञ आगमोक्तप्रकाराभिज्ञः मूलमन्त्रेणाऽक्षताद्यैः सहितं कूर्चं पूर्वोक्तलक्षणैः सुवर्णरत्नवर्यैर्नवरत्नैः शोभितं न्यसेत् ।

तदुक्तं भैरवेण—

एतान् नयित्वा तन्मध्ये शुक्लपुष्पं सिताक्षतम् ।
नवरत्नं च कूर्चं च मूलेनैव विनिक्षिपेत् ॥ इति १५ ॥

इसी प्रकार पूर्वोक्त रूप से आधार रूप अग्नि का संकल्प कर पश्चात् कुम्भ पर उसी प्रकार सूर्य का संकल्प कर मन्त्र वेत्ता गुरु उस कुम्भ में अक्षत सहित त्रिकुश की ग्रन्थि तथा नवरत्नों को डाल कर उसे सुशोभित करे ॥ १५ ॥

अथेति ।

अथ क्वाथतोयैः क्षकारादिवर्णै-
रकारावसानैः समापूरयेत्तम् ।
स्वमन्त्रत्रिजापावसानं पयोभि-
र्गवां पञ्चगव्यैर्जलैः केवलैर्वा ॥ १६ ॥

अथाऽनन्तरं पीठकुम्भयोरैक्यं विचिन्त्य पञ्चाशद्वर्णैरोषधितोयैः पलाशत्वग्जलैः क्षीरद्रुमत्वक्क्वाथजलैर्वा सर्वौषधिजलैर्वा गवां पयोभिर्वा पञ्चगव्यैर्वा केवलजलैः कर्पूरादिजलैर्वा तीर्थजलैर्वा क्षकारादिवर्णैरकारावसानैर्विलोममातृकाभिः स्वमन्त्रत्रिजपावसानं मूलमन्त्रवारत्रयजपान्तं यथा स्यादेवं पूरयेत् ॥ १६ ॥

इसके अनन्तर आधार पीठ और कुम्भ का एकाकार रूप से ध्यान करते हुए पचास प्रकार की औषधियों के जल से, अथवा पलाशत्वक् के जल से अथवा दूध वाले वृक्षों के क्वाथ जल से अथवा सर्वौषधिजल से अथवा गोदुग्ध से अथवा पञ्चगव्य के जल से अथवा मात्र केवल जल से अथवा कर्पूरमिश्रित जल से अथवा तीर्थजल से क्षकारादिवर्ण से आरम्भ कर रकारपर्यन्त प्रतिलोम क्रम से वर्णों को पढ़कर तदनन्तर मूल मन्त्र का तीन बार जपावसान पर्यन्त पाठ करते हुए उस कलश को जल परिपूर्ण करे ॥ १६ ॥

कलशजले इति ।

कलशजलेऽस्मिन् वसुयुगसङ्ख्याः
स्वरगणपूर्वा न्यसतु तथैव ।
उडुपकलास्ताः सलिलसुगन्धा-
क्षतसुमनोभिस्तदनु यजेत ॥ १७ ॥

तस्मिन् कलशजले उडुपकलाश्चन्द्रकलाः वसुयुगसङ्ख्याः षोडशसङ्ख्याः स्वरगणपूर्वा अकारादिवर्णपूर्वा न्यसतु । तदनु तदनन्तरं ताश्चन्द्रकलास्तथैव तेनैव क्रमेण पुष्पाञ्जलिभिः पूजयेत् ।

ताश्च—

अमृता मानदा पूषा तुष्टिः पुष्टी रतिर्धृतिः ।
शशिनी चन्द्रिका कान्तिर्ज्योत्स्ना श्रीः प्रीतिरङ्गदा ॥
पूर्णापूर्णामृतेति ॥ १७ ॥

पुनः कलश को जल से उपरोक्त विधि के अनुसार जल से परिपूर्ण कर उस जल में अकारादि से लेकर अः पर्यन्त षोडशस्वरों के एक एक अक्षर से चन्द्रमा की १६ कलाओं का (अमृता, मानदा, पूषा, तुष्टि, पुष्टि, रति, धृति, शशिनी, चन्द्रिका, कान्ति, ज्योत्स्ना, श्री, प्रीति, अङ्गदा, पूर्णा, अपूर्णामृता) न्यास करे ॥ १७ ॥

विमर्श—प्रयोगविधि—'अं अमृतायै नमः' इत्यादि। तदनन्तर उन चन्द्रकलाओं को जल, अक्षत तथा पुष्पाञ्जलियों द्वारा पूजन करे ॥ १७ ॥

अधुना वैष्णवगन्धाष्टकमाह—उदीच्येत्यादिना ।

उदीच्यकुष्टकुङ्कुमाम्बुलोहसज्जटामुरैः ।
सशीतमित्युदीरितं हरेः प्रियाष्टगन्धकम् ॥ १८ ॥

उदीच्यम् उशीरं कुष्टं कुङ्कुमम् अम्बुवाला नेत्रवाला लोहः कृष्णागुरुः जटया सह मुरा जटा मांसी मुरा मांसी च एतैः सह शीतं चन्दनमिति हरेः प्रियकारिगन्धाष्टकमुक्तम् ॥ १८ ॥

उशीर, कुष्ठ, कुङ्कुम, नेत्रवाला, कृष्णागुरु, जटामांसी, मुरामांसी तथा शीतचन्दन (मलयागिरि चन्दन) ये अष्टगन्ध विष्णु को अत्यन्त प्रिय हैं ॥ १८ ॥

शङ्खपूरणमाह—क्वाथेति ।

क्वाथतोयपरिपूरितोदरे-
संविलोड्य विधिनाऽष्टगन्धकम् ।
सोमसूर्यशिखिनां पृथक्कलाः
सेचकं विनियोजयेत् क्रमात् ॥ १९ ॥

उदरे शङ्खे विधिनाऽऽगमोक्तप्रकारेण मूलमन्त्रेण पूर्वोक्तक्वाथजलेन परिपूरिते गन्धाष्टकं नमोमन्त्रेण संविलोड्य दत्वा सोमसूर्यवह्नीनां कलाः

पृथक् समावाह्य सेचकर्म प्राणप्रतिष्ठाकर्म क्रमेण विनियोजयेत् कुर्यात् ॥ १९ ॥

शङ्ख को जलपूर्ण करने की विधि—

पुनः शङ्ख में आगमशास्त्र के अनुसार पूर्वोक्तरीति से क्षीरीवृक्षों के क्वाथ का जल भर कर उसमें पूर्व में कहे गये अष्टगन्धों को 'नमो' मन्त्र से डाल देवे। पश्चात् उसमें भी सोम सूर्य एवं अग्नि की तत्तत्कलाओं का आवाहन कर क्रमशः प्रतिष्ठा कर्म का आरम्भ करे ॥ १९ ॥

तद्वदिति ।

तद्वदाक्षरभवास्तु कादिभि-
ष्टादिभिः पुनरुकारजाः कलाः ।
पादिभिर्मलिपिजास्तु विन्दुजाः
षादिभिः स्वरगणेन नादजाः ॥ २० ॥

पूर्वोक्तप्रकारेण आक्षरभवा अकाराक्षरभवा दश कलाः कादिभिः ककारादिभिर्दशभिरक्षरैः सहिताः पुनरुकारजा उकाराक्षरभवा दश कलाः टादिभिर्दशभिरक्षरैः सहिताः तथा मलिपिजा मकाराक्षरभवा दश कलाः पादिभिर्दशभिरक्षरैः सहिताः तथा विन्दुजा विन्दूप्रभवाः चतस्रः कलाः षादिभिश्चतुरक्षरैः सहिताः तथा नादजा नादप्रभवाः षोडश कलाः स्वरसमूहेन षोडशभिः स्वरैः सहिताः शङ्खसलिले न्यस्याः ।

ताश्च—

सृष्टिधृतिः स्मृतिर्मेधा कान्तिर्लक्ष्मीर्द्युतिः स्थिरा ।
स्थितिः सिद्धिरकारोत्थाः कला दश समीरिताः ॥ १ ॥
यवा च पालिनी शान्तिरैश्वरी रतिकामिके ।
वरदा ह्लादिनी प्रीतिर्दीर्घा उकारजाः कलाः ॥ २ ॥
तीक्ष्णा रौद्री भया निद्रा तन्द्रा क्षुत् हृदिनी क्रिया ।
उत्कारी चैव मृत्युश्च मकाराक्षरजाः कलाः ॥ ३ ॥
विन्दोरपि चतस्रः स्युः पीता श्वेताऽरुणाऽसिता ।
निवृत्तिः सुप्रतिष्ठा च विद्या शान्तिस्तथैव च ॥ ४ ॥
ईरिका दीपिका चैव रेचिका मोचिका परा ।
सूक्ष्मा सूक्ष्ममता ज्ञानाऽमृता चाऽऽप्यायनी तथा ।

व्यापिनी व्योमरूपा च अनन्ता नादसम्भवा ॥ ५ ॥ इति ।

प्रयोगश्च—कं सृष्टयै नम इत्यादि ॥ २० ॥

आवाहन की विधि—

अकार अक्षर से उत्पन्न होने वाली दश कलाओं का (सृष्टिर्धृतिः स्मृतिर्मेधा कान्तिर्लक्ष्मीर्द्युतिः स्थिरा । स्थितिः सिद्धिरकारोत्थाः कलाः दश समीरिताः ॥) ककारादि दश वर्णों से न्यस्त कर आवाहन करे । इसी प्रकार उकार से उत्पन्न होने वाली दश कलाओं का (यवा च पालिनी शान्तिरैश्वरी रतिकामिके । वरदा ह्लादिनी प्रीतदीर्घा उकारजाः कलाः ॥) टकारादि दश अक्षरों से न्यस्त कर आवाहन करे । पुनः मकार से उत्पन्न होने वाली दश कलाओं का (तीक्ष्णा रौद्री भया निद्रा तन्द्रा क्षुत् हृदिनी क्रिया । उत्कारी चैव मृत्युश्च मकाराक्षरजाः कलाः ॥) पकारादि दश अक्षरों से न्यस्त कर आवाहित करे । विन्दु से उत्पन्न होने वाली चार कलाओं का (विन्दोरपि चतस्रः स्युः पीता श्वेतारुणाऽसिता) षादि चार अक्षरों से न्यस्त कर आवाहित करे और नाद से उत्पन्न १६ कलाओं का (निवृत्तिः सुप्रतिष्ठा च विद्या शान्तिस्तथैव च । ईरिका दीपिका चैव रोचिका मोचिका परा । सूक्ष्मा सूक्ष्ममता ज्ञाना अमृता चाप्यायनी तथा । व्यापिनी व्योमरूपा च अनन्ता नादसम्भवा ॥) १६ स्वरों से न्यस्त कर आवाहित करे ।

विमर्श—प्रयोगविधि—यथा 'सृष्ट्यै नमः' इत्यादि ॥ २० ॥

समावाहनान्ते इत्यादि ।

समावाहनान्तेऽसुसंस्थापनात्प्राक्
ऋचस्तत्र तत्राभिजप्या बुधेन ।
समभ्यर्च्य तास्ताः पृथक् तच्च पाथोऽ-
र्पयेन्मूलमन्त्रेण कुम्भे यथावत् ॥ २१ ॥

समावाहनस्याऽन्तेऽसुसंस्थापनात् प्राक् प्राणप्रतिष्ठायाः पूर्वं तत्र तत्र स्थाने पण्डितेन धार्य्याश्चाऽभिजप्याः पठनीयाः । अयमर्थः—शङ्खजलेऽकार-प्रभवककारादिकलावाहनानन्तरं प्राणप्रतिष्ठायाः पूर्वं "हंसः शुचिष"दिति ऋचं पठेत् । उकारप्रभवटादिकलावाहनानन्तरं "प्रतद्विष्णुः"रिति ऋचं पठेत् । मकारादिप्रभवपकारादिकलावाहनानन्तरं "तत्सवितु"रित्यादि ऋचं पठेत् । नादप्रभवतकारादिकलावाहनानन्तर "विष्णोर्योनि"रित्यादि ऋचं पठेत् । अनन्तरं मूलमन्त्रं शङ्खजले विलोमेन जपेत् । तास्ताः कलाः पृथगे-कैकशः यथावत् यथाविधि सम्पूज्य तच्च पाथः तच्छङ्खोदकं मूलमन्त्रं पठित्वा कुम्भे विनिक्षिपेत् ॥ २१ ॥

शङ्ख जल में अकार प्रभव कलाओं को 'ककारादि वर्णों' से आवाहन के अन्त में तथा प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 'हंसः शुचिषद्' इस ऋचा का पाठ करना चाहिए। उकार प्रभव कलाओं को 'टकारादिवर्णों' से आवाहन के अन्त में तथा प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 'प्रतद्विष्णुः' इस ऋचा का पाठ करना चाहिए। मकरादि प्रभव कलाओं को 'पकारादिवर्णों' से आवाहन के अन्त में तथा प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 'तत्सवितुः' इत्यादि ऋचा का पाठ करना चाहिए। विन्दु प्रभव कलाओं को षकारादि वर्णों से आवाहन के अन्त में तथा प्राणप्रतिष्ठा से पूर्व 'विष्णुर्योनिं कल्पयतु' इस ऋचा का पाठ करना चाहिए। इसी प्रकार नादप्रभव कलाओं को उकारादि स्वरों से आवाहन के अनन्तर तथा प्राणप्रतिष्ठा से पूर्व पुनः 'विष्णुर्योनिं कल्पयतु' इत्यादि ऋचा का पाठ करना चाहिए। इसके अनन्तर मूल मन्त्र को विलोम रूप से जपते हुए उन उन कलाओं का नाम लेकर पृथक् पृथक् पूजन करना चाहिये। तदनन्तर मूल मन्त्र को अनुलोम रीति से पढ़ते हुए उस शङ्ख के जल को प्रधान कलश में डाल देना चाहिए॥ २१॥

सहेति।

सहकारबोधिपनसस्तवकैः
शतमन्युवल्लिकलितैः कलशम्।
पिदधातु पुष्पफलतण्डुलकै-
रभिपूर्णयाऽपि शुभचक्रिकया॥ २२॥

सहकार आम्रः बोधिरश्वत्थः पनसः कण्टकिफलवृक्षः एतेषां स्तवकैः पल्लवैः शतमन्युवल्लिकलितैरिन्द्रवल्लीवद्धैः कलशं कलशमुखं सुरद्रुमधिया पिदधातु समाच्छादयतु तथा पुष्पादिभिः परिपूर्णया शुभचक्रिकया शोभमान-शरावेण तदुपरि पिदधातु॥ २२॥

तदनन्तर आम, अश्वत्थ तथा पनस (कटहल) के पत्तों को इन्द्रवल्ली नामक लता में बाँधकर उसी से कलश के मुख में कल्पवृक्ष की भावना करते हुए आच्छादित कर देना चाहिए और उसको पुष्प, फल एवं तण्डुल से परिपूर्ण शराव से ढक देना चाहिए॥ २२॥

अभीति।

अभिवेष्टयेत्तदनु कुम्भमुखं
नवनिर्मलांशुकयुगेन बुधः।

समलङ्कृतेऽत्र कुसुमादिभिर-
प्यभिवाहयेत्परतरञ्च महः ॥ २३ ॥

तदनु तदनन्तरं नूतनमलरहितवस्त्रद्वयेन परितः कुम्भमुखमभिवेष्टयेत् । अनन्तरं कुम्भे पुष्पादिभिरलङ्कृते परमोकृष्टं महस्तेजः पूज्यदेवतास्वरूपमावाहयेत् आवाहनादिकं कुर्यात्, यथा श्रीकृष्णेहाऽऽगच्छेह तिष्ठ इह संनिधेहि ॥ २३ ॥

फिर बुद्धिमान गुरु नवीन एवं निर्मल दो वस्त्र खण्डों से कुम्भ के मुख को अभिवेष्टित कर देवे। इस प्रकार पुष्पादि से अलङ्कृत उस कुम्भ पर परमोत्कृष्ट तेजःस्वरूप परदेवता के रूप का 'श्रीकृष्णेहागच्छेह तिष्ठ इह संनिधेहि' इस मन्त्र से आवाहन करना चाहिए ॥ २३ ॥

सकलीति ।

सकलीविधाय कलशस्थममुं
हरिमर्णतत्त्वमनुविन्यसनैः ।
परिपूजयेद् गुरुरथाऽवहितः
परिवारयुक्तमुपचारगणैः ॥ २४ ॥

अमुं कलशस्थं हरिं सकलीकृत्य देवताङ्गे षडङ्गानां न्यासः स्यात्-सकलीकृतिरिति ।

उत्तमाङ्गं विधाय वर्णतत्त्वमन्विति अक्षरमयतत्त्वमन्त्रन्यासैः सहेति रुद्रधरः । अर्ण इति सृष्टिसंहारभेदेन अङ्गुल्यारोपणभेदेन च मन्त्रवर्णविन्यासोऽर्णन्यासः तत्त्वेति सृष्टिसंहारभेदेन मन्त्राक्षरान्वितदशतत्त्वन्यासः तथा मूलमन्त्रन्यासो मनुन्यासः मनुपुटितमातृकान्यास इत्यर्थः । इत्यादिन्यासैस्तत्तेजोरूपधरं सकलं सगुणं शरीरं कुर्यादिति भैरवत्रिपाठिनः । विद्याधरोऽप्येवमाह-पीठन्यासकरन्यासौ विनाऽपि प्रथमद्वितीयपटलप्रोक्तन्यासादिजातैरिति । केचित् अष्टादशाक्षरे पक्षे तत्त्वन्यासस्थाने मन्त्राक्षरन्यासो द्रष्टव्यः । अथाऽनन्तरम् अवहितः सावधानो गुरुः सपरिवारम् आवरणसमेतम् उपचारगणैः षोडशदशपञ्चोपचारान्यतमोपचारेण पूजयेत् ॥ २४ ॥

इस प्रकार कलश पर आवाहन किये गये श्रीकृष्ण के अङ्गो में षडङ्गन्यास-पूर्वक कला से युक्त कर (साकार रूप बनाकर) अक्षरमयतत्त्व के मन्त्रों का न्यास कर सावधानी से आवरणों से युक्त श्रीकृष्ण की पूजा षोडशोपचारों से दशोपचारों से अथवा पञ्चोपचारों से करनी चाहिए ॥ २४ ॥

पूजाक्रममाह—दत्वेति ।

दत्वाऽऽसनं स्वागतमित्युदीर्य:
तथाऽर्घ्यपाद्याचमनीयकानि ।
देयानिपूर्वं मधुपर्ककंयूञ्जि
नन्दात्मजायाऽऽचमनान्तकानि ॥ २५ ॥
स्थानं च वासश्च विभूषणानि
साङ्गाय तस्मै विनियोज्य मन्त्री ।
गात्रे पवित्रैरथ गन्धपुष्पै:
पूर्वं यजेन्न्यासविधानतोऽस्य ॥ २६ ॥

तस्मै साङ्गाय नन्दात्मजाय कृष्णाय आसनं पद्मादिकुसुमरूपं दत्वा स्वागतमित्युदीर्य स्वागतमिति शब्दमुच्चार्य अनन्तरं पूर्वं प्रथमत: अर्घ्यपाद्याचमनीयकानि मधुपर्कसहितानि देयानि आचमनान्तकानि मधुपर्कं दत्वा पुनराचमनीयं देयं स्नानं गन्धजलादिभि: कार्यं वासो वस्त्रयुगलं शरीरे देयं विभूषणानि कुण्डलादीनि यथास्थानं विनियोज्यानि । अथाऽनन्तरम् अस्य परमेश्वरस्य गात्रे शरीरे पूर्वं प्रथमत: पवित्रै: शुद्धै: गन्धपुष्पैर्न्यासप्रकारेण यजेत् पूजयेत् ॥ २५ ॥ २६ ॥

उन सपरिवार नन्दतनय परमात्मा श्री कृष्ण को कमलादि पुष्पों का आसन देकर 'स्वागतम्' इस शब्द का उच्चारण करना चाहिए । तदनन्तर अर्घ्य पाद्य आचमनीय को मधुपर्क के साथ समर्पित करना चाहिए । आचमन के अन्त में मधुपर्क समर्पित कर पुन: आचमन करावे । फिर सुगन्धित जल से उन्हें स्नान करावे । तदनन्तर वस्त्र और उपवस्त्र के रूप में दो वस्त्र समर्पित करना चाहिए । तदनन्तर उनको यथास्थान कुण्डलादि आभूषणों से अलङ्कृत करना चाहिए । फिर इन परमेश्वर के शरीर में पहले से शुद्ध किये गये गन्ध पुष्पों से न्यास में कही गयी विधि के अनुसार पूजा करनी चाहिए ॥ २५ ॥ २६ ॥

पूजाप्रकारमेवाह—सृष्टिस्थितीति ।

सृष्टिस्थिती स्वाङ्गयुगं च वेणुं
मालामभिज्ञानवराश्ममुख्यौ ।

मूलेन चाऽऽत्मार्चनवत्प्रपूज्य
समर्चयेदावरणानि भूयः ॥ २७ ॥

वर्णन्यासमन्त्रैर्यथाक्रमं पूजयेत् । ॐ गों ॐ नमः इत्यादि । सृष्टिस्थिती पूर्वोक्तं स्वाङ्गयुगं पञ्चाङ्गदशाङ्गन्यासौ वेणुं मालां वनमालाम् अभिज्ञानवरं श्रीवत्सलाञ्छनमिति अश्ममुख्यः कौस्तुभः एतानि सम्पूज्य मूलेन चाऽऽत्मार्चनवत् यथाऽऽत्मनि परमेश्वरपूजा मूलमन्त्रेण पञ्चकृत्वः तुलस्यादिपुष्पाञ्जलिभिः पदद्वयादिषु कृता तथा कुम्भस्थमपि सम्पूज्य भूयः पुनरपि आवरणानि वक्ष्यमाणानि पूजयेत् । अष्टादशार्णपक्षे सृष्ट्यादिस्थानेषु वर्णन्यासपदन्यासानां पूजा कार्येति बोद्धव्यम् ॥ २७ ॥

प्रथम (२४ श्लोक में) कहे गये वर्ण न्यास मन्त्रों से (ॐ गों ॐ नमः इत्यादि) सृष्टि स्थिति पूर्वोक्त पञ्चाङ्ग दशाङ्ग न्यास (द्र० २.२६+२७) वेणु, वनमाला श्रीवत्स कौस्तुभमणि (द्र० ३. ५१) इनका पूजन करे । फिर मूल मन्त्र से जिस प्रकार आत्मा का अर्चन पूर्व में बताया गया है (द्र० ३ ३७) उसी प्रकार तुलसी आदि पुष्पाञ्जलियों से पाँच बार (द्र० ३. ५३) कलशस्थ श्री कृष्ण का पूजन कर अनन्तर आगे कहे जाने वाले आवरणों की पूजा करे ॥ २७ ॥

आवरणपूजाक्रममाह—दिक्ष्विति ।

दिक्ष्वथ दामसुदामौ वसुदामः किङ्किणी च सम्पूज्याः ।
तेजोरूपास्तद्बहिरङ्गानि च केशरेषु समभियजेत् ॥ २८ ॥

अथाऽनन्तरं कर्णिकायां देवस्य पूर्वादिचतुर्दिक्षु दामादयश्चत्वारः पूज्याः । कीदृशाः ? तेजोरूपाः देदीप्यमानाः । प्रयोगस्तु—ॐदामाय नम इत्यादि । द्वितीयावरणमाह तद्बहिरिति । कर्णिकाकोणेषु अङ्गानि समभियजेत् ॥२८॥

आवरण पूजा का क्रम—

इसके बाद कर्णिका में देवाधिदेव श्री कृष्ण के चारों दिशाओं में पूर्वादि क्रम से तेजःस्वरूप दाम, सुदाम, वसुदाम तथा किङ्किणी का पूजन करे । (प्रयोग विधि पूर्व में दामाय नमः, दक्षिण में सुदामाय नमः आदि) (अब द्वितीयावरण की पूजा कहते हैं) उसके बाहर कर्णिका के कोणों में अङ्गों का पूजन करे ॥ २८ ॥

पूजाविधानमाह—हुतवहनिर्ऋतिसमीरशिवेति ।

हुतवहनिर्ऋतिसमीरशिवदिक्षु हृदादिवर्मपर्यन्तम् ।
पूर्वादिदिक्ष्वथाऽस्त्रं क्रमेण गन्धादिभिः सुशुद्धमनाः ॥ २९ ॥

अग्न्यादिकोणचतुष्टयेषु हृदयादिकवचान्तानि चत्वार्य्यङ्गानि अथाऽनन्तरं पूर्वादिचतुर्दिक्षु अस्त्रमङ्गं पूजयेत् ॥ २९ ॥

आग्नेय, निर्ऋति, वायव्य तथा ईशान इन चार कोणों में हृदय से लेकर कवच पर्यन्त चारों अङ्गों का गन्धादि द्वारा पूजन करे। फिर पूर्वादि दिशाओं में शुद्धमन से अस्त्र रूप अङ्ग का भी गन्धादि द्वारा पूजन करे ॥ २९ ॥

अङ्गदेवताध्यानमाह—मुक्तेति ।

मुक्तेन्दुकान्तकुवलयहरिनीलहुताशसभाः प्रमदाः ।
अभयवरस्फुरितकराः प्रसन्नमुख्योऽङ्गदेवताः स्मर्याः ॥ ३० ॥

अङ्गदेवता ध्येयाः । किम्भूताः ? प्रमदाः स्त्रीस्वभावाः । पुनः किम्भूताः ? मुक्ताः इन्दुकान्तश्चन्द्रकान्तमणिः कुवलयं नीलपद्मं हरिनीलः इन्द्रनीलमणिः हुताशो वह्निश्च एतेषां समानाऽऽभा प्रभा वर्णो यासान्तास्तथा । पुनः किम्भूता ? अभयेन वरेण च शोभिताः करा यासान्ताः । पुनः किम्भूताः ? प्रसन्नवदनाः ॥ ३० ॥

इसके बाद मोती, चन्द्रकान्तमणि नीलपद्म, इन्द्रनीलमणि तथा अग्नि के समान प्रभावाली प्रमदा स्वरूपा अङ्गदेवता का ध्यान करना चाहिए। जिनके हाथ अभय और वरमुद्रा से सुशोभित हैं। तथा जिनका मुख अत्यन्त प्रसन्नता से परिपूर्ण है ॥ ३० ॥

तृतीयमावरणमाह—रुक्मिण्येति ।

रुक्मिण्याद्या महिषीरष्टौ
सम्पूजयेद्दलेषु ततः ।
दक्षिणकरधृतकमला वसुभरि-
तसुपात्रमुद्रितान्यकराः ॥ ३१ ॥

ततस्तदनन्तरं दलेषु पूर्वादिपत्रेषु रुक्मिण्याद्याः अष्टौ महिषीर्मुख्या महादेवीः सम्पूजयेत् । किम्भूताः ? दक्षिणकरैर्धृतानि कमलानि याभिस्ताः तथा । पुनः किम्भूताः ? वसुपूरितपात्रैर्मुद्रिताः पूरिता अन्ये वामकरा यासां तास्तथा ॥ ३१ ॥

इसके अनन्तर अष्टदल कमल के आठ पत्तों पर पूर्वादि दिशाओं के क्रम से रुक्मिणी आदि श्रीकृष्ण की पटरानियों का पूजन करे जिनके दाहिने हाथ में

कमल तथा बायें हाथ में अन्न से परिपूर्ण पात्र सुशोभित हो रहे हैं ॥ ३१ ॥

अष्टौ वर्णयति—रुक्मिण्येति ।

रुक्मिण्याख्या सत्या सनाग्निजित्याह्वया सुनन्दा च ।
भूयश्च मित्रविन्दा सुलक्ष्मणा ऋक्षजा सुशीला च ॥ ३२ ॥

ऋक्षजा जाम्बवती ॥ ३२ ॥

रुक्मिणि, सत्यमामा, नाग्नजिती, सुनन्दा, मित्रविन्दा, सुलक्ष्मणा, जाम्बवती तथा सुशीला-ये श्री कृष्ण परमात्मा की आठ पट्टमहिषियों के नाम हैं ॥ ३२ ॥

तासां रूपाणि दर्शयति—तपनीयेति ।

तपनीयमरकताभाः सुसित-
विचित्राम्बरा द्विशस्त्वेताः ।
पृथुकुचभरालसाङ्ग्यो विविध-
मणिप्रकरविलसिताभरणाः ॥ ३३ ॥

एता रुक्मिण्याद्या द्विशः युग्मशः क्रमेण काञ्चनमरकतयोरिवाऽऽभा दीप्तिर्यासां तास्तथा पुनः। किम्भूताः? शोभमानानि शुक्लानि नानाप्रकाराणि वस्त्राणि यासान्तास्तथा। पुनः किम्भूताः ? अचला ये कुचास्तेषां गौरवेण अलसानि निष्क्रियाणि अङ्गानि यासान्तास्तथा। पुनः किम्भूताः ? नाना-प्रकारो मणिप्रकर इन्द्रनीलादिसमूहस्तेषु विशेषेण शोभितानि आभ-रणानि यासाम् ॥ ३३ ॥

इन रानियों में क्रमशः दो दो के शरीर का वर्ण काञ्चन तथा मरकत मणियों के समान है (अर्थात् रुक्मिणी सत्यभामा काञ्चन वर्ण की हैं तो नाग्न-जिती सुनन्दा मरकतमणि के सदृश हैं। इसी क्रम से अन्यत्र जानना चाहिए)। ये पृथु स्तनमण्डल के भार से अलस अङ्गों वाली हैं तथा नाना प्रकार के मणियों से सभी निर्मित उत्तमोत्तम आभूषणों विभूषित हैं ॥ ३३ ॥

चतुर्थावरणमाह—तत इति ।

ततो यजेद्दलाग्रेषु वसुदेवं च देवकीम् ।
नन्दगोपं यशोदां च बलभद्रं सुभद्रिकाम् ।
गोपान् गोपीश्च गोविन्दविलीनमतिलोचनान् ॥ ३४ ॥

ततस्तदनन्तरं दलाग्रेषु पूर्वादिक्रमेण वसुदेवादीन् सम्पूजयेत् । किदृशाः ? गोविन्दे विलीना सम्बद्धा मतिर्लोचनं येषान्ते तथा ॥ ३४ ॥

इसके बाद अष्टदल कमल के अग्रभाग में पूर्वादिक्रम से वसुदेव देवकी, नन्द गोप यशोदा, वलभद्र सुभद्रा तथा गोप गोपियों का पूजन करे; जो अपनी बुद्धि तथा दोनों नेत्रों को सर्वदा श्री कृष्ण में लगाये हुए हैं ॥ ३४ ॥

एतेषामायुधा निदर्शयति—ज्ञानेति ।

ज्ञानमुद्राभयकरौ पितरौ पीतपाण्डरौ ।
दिव्यमाल्याम्बरालेपभूषणे मातरौ पुनः ॥ ३५ ॥

ज्ञानमुद्रा अभयं च करेषु ययोस्तौ पितरौ वसुदेवनन्दगोपौ । कीदृशौ ? हरिद्राभश्वेतौ मातरौ देवकीयशोदे । कीदृश्यौ ? दिव्यानि देवार्हाणि माल्याम्बरभूषणानि ययोस्तादृश्यौ ॥ ३५ ॥

उनमें श्री कृष्ण के पिता वसुदेव एवं नन्दगोप दोनों ही हरिद्रा के समान ईषत् पीत वर्ण युक्त श्वेत वर्ण के हैं, तथा माताएँ देवकी और यशोदा दिव्य अम्बर, दिव्य आलेप एवं दिव्य आभूषणों से संयुक्त हैं ॥ ३५ ॥

धारयन्त्यौ च वरदं पायसापूर्णपात्रकम् ।
अरुणाश्यामले हारमणिकुण्डलमण्डिते ॥ ३६ ॥

वरदं वरदानं मुद्राविशेषं पायसापूर्णपात्रं च धारयन्त्यौ । पुनः किम्भूते ? अरुणाश्यामले । पुनः किदृश्यौ ? हारकुण्डलाभ्यां शोभिते ॥ ३६ ॥

दोनों ने अपने दोनों हाथों में वरदान की मुद्रा तथा पायसान्न से पूर्ण पात्र धारण किया है । दोनों में एक अरुण वर्णा हैं तो दूसरी श्याम वर्णा हैं । दोनों ही हार तथा मणिनिर्मित कुण्डलों से शोभित हो रही हैं ॥ ३६ ॥

बलः शङ्खेन्दुधवलो मुसलं लाङ्गलं दधत् ।
हालालोलो नीलवासा हेलावानेककुण्डलः ॥ ३७ ॥

बलो बलभद्रः शङ्खेन्दुधवलः श्वेतः लाङ्गलं मुसलं विभ्राणः । पुनः कीदृशः । हाला माध्वी तस्याः पाने (लोलः) चञ्चलः अमृष्यकारी । पुनः कीदृशः ? नीलवासाः । पुनः कीदृशः ? हेलावान् लीलावान् । पुनः कीदृशः ? एककुण्डलधारी ॥ ३७ ॥

बलभद्र शङ्ख तथा चन्द्रमा के समान धवल वर्ण वाले हैं, मुसल तथा लाङ्गल (हल) हाथों में लिये हुए हैं, उनका वस्त्र नीले रङ्ग का है, वे माध्वीक मदिरा पीकर

चञ्चलता से युक्त हैं, लीला करने में पटु हैं तथा एक कुण्डल धारण किये हुए हैं ॥ ३७ ॥

कलायश्यामला भद्रा सुभद्रा भद्रभूषणा ।
वराभययुता पीतवसना रूढयौवना ॥ ३८ ॥

सुभद्रा कलायश्यामला भद्रा समीचीना भद्रभूषणा शोभमानाभरणा । पुनः किम्भूता? वराभययुता । पुनः किम्भूता ? पीतवसना । पुनः किम्भूता ? प्रौढयौवना ॥ ३८ ॥

सुभद्रा कलाप के समान श्यामवर्णवाली, सुन्दर तथा उत्तम आभूषणों से सुशोभित रहने वाली है, वह अपने दोनों हाथों में वर तथा अभय मुद्रा धारण किये हुए हैं, पीतवस्त्र पहने हुए प्रौढ़ युवावस्था से सम्पन्न है ॥ ३८ ॥

वेण्विति ।

वेणुवीणावेत्रयष्टिशङ्खशृङ्गादिपाणयः ।
गोपा गोप्यश्च विविधप्रभृतात्तकराम्बुजाः ।
मन्दारादींश्च तद्बाह्ये पूजयेत्कल्पपादपान् ॥ ३९ ॥

वेणुवंशी वीणातन्त्री वेत्रं यष्टिः शङ्खः शृङ्गादि नानावस्तु पाणौ करे येषाम् एवं विशिष्टा गोपाः गोप्यः पुनर्नानाप्रकारं यत्प्राभृतमुपढौकनं तेनात्तमायत्तं वशीकृतं कराब्जं यासान्ताः । पञ्चमावरणमाह—

मन्दारादीनिति । तद्बाह्ये तदनन्तरं मन्दारादीन् अग्रे वक्ष्यमाणान् कल्पवृक्षान् पूजयेत् ॥ ३९ ॥

सभी गोप और गोपियों के हाथ वंशी, वीणा, बेंत की छड़ी; शङ्ख एवं शृङ्गादि नाना वस्तुओं से शोभित हो रहे हैं तथा अनेक प्रकार के उपढौकन (उपायनों) से युक्त हैं । इसके बाद उसके बाहर मन्दारादि (पारियात्रादि) तथा कल्पवृक्षादि जो आगे कहे जाने वाले हैं उनका पूजन करना चाहिए ॥ ३९ ॥

मन्दारसन्तानकपारिजात-
कल्पद्रुमाख्यान् हरिचन्दनं च ।
मध्ये चतुर्दिक्ष्वपि वाञ्छितार्थ-
दानैकदक्षान् फलनम्रशाखान् ॥ ४० ॥

तानेवाह मन्दारेति। कुत्र कः पूजनीयः तत्राह मध्ये इति। मध्ये कर्णिकायां प्रथमपरित्यागे मानाभावात् प्रथमनिर्दिष्टवत् पूजा चतुर्दिक्षु पूर्वादिचतुर्दिक्षु एतादृशान् वाञ्छिता आकाङ्क्षिता ये अर्थास्तेषां दाने एकं अद्वितीया दक्षाः तान् तथा फलैः नम्राः शाखा येषु तान् यद्वा आकाङ्क्षित-दाने अद्वितीयसमर्थान् तथा फलैः नम्राः शाखा येषु तान् ॥ ४० ॥

पञ्चम आवरण की पूजा—

पुनः कर्णिका के मध्य के चारों दिशाओं में मन्दार, सन्तानक, पारिजात; कल्पद्रुम एवं हरिचन्दन वृक्षों की पूजा करनी चाहिए जो फलों के भार से झुके हुए हैं तथा पूजा करने से अभीष्ट फल प्रदान करने वाले हैं ॥ ४० ॥

षष्ठावरणमाह—हरीति।

हरिहव्यवाट्तरणिजक्षपाचरा-
ऽप्पतिवायुसोमशिवशेषपद्मजान्।
प्रयजेत् स्वदिक्ष्वमलधीः स्वजात्यधी-
श्वरहेतिपत्रपरिवारसंयुतान् ॥ ४१ ॥

हरिरिन्द्रः हव्यवाडग्निः तरणिजो यमः क्षपाचरो निशाचरो निर्ऋतिः अप्पतिर्वरुणः वायुः सोमः ईशः शेषोऽनन्तः पद्मजो ब्रह्मा एतान्स्वदिक्षु पूर्वादिदिक्षु निर्मलमतिः पूजयेत्। अत्र निर्ऋतिवरुणयोर्मध्येऽनन्तं सोमेशा-नयोर्मध्ये ब्रह्माणं स्वादिक्ष्वितिकथनात् अन्यत्र कल्पितपूर्वादिदिक्षु पूजाऽवगम्यते।

तदुक्तमागमान्तरे—

देवाग्रे स्वस्य वाप्यग्रे प्राची प्रोक्ता च देशिकैः।
प्राची प्राच्येव विज्ञेया मुक्तये देवतार्चनम् ॥ इति ॥

कीदृशान्? स्वजातिः इन्द्रत्वादिः अधीश्वरोऽधिपतिः हेतिः शस्त्रं पत्रं वाहनं परिवारो गणः एतैः संयुक्तान् एतेषां च बीजानि उच्चारयितव्यानि। प्रयोगस्तु लं इन्द्राय सर्वसुराधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय नम एवमन्यत्राप्यूहनीयः ॥ ४१ ॥

षष्ठ आवरण की पूजा—

शुद्ध बुद्धि से इन्द्र, अग्नि, यम, निशाचर (निर्ऋति), वरुण, वायु, सोम, ईश्वर, अनन्त और ब्रह्मा इनको शस्त्र, वाहन तथा परिवार गणों से समन्वित कर

पूर्वादि दिशाओं से आरम्भ कर पूजन करे। यहाँ पर दश दिक्पालों में आठ का चार दिशाओं और चारों कोनों में पूजन करे, किन्तु अनन्त का निर्ऋति और वरुण के मध्य में तथा सोम एवं ईशान के मध्य में ब्रह्मदेव का पूजन करे। पूजन करते समय इन देवताओं के बीजमन्त्र का भी उच्चारण करना चाहिए ॥ ४१ ॥

विमर्श—प्रयोगविधि—यथा पूर्वं—'लं इन्द्राय सर्वसुराधिपतये सायुधाय सवाहनाय सशक्तिकाय सपरिवाराय नमः' आदि। इसी तरह सर्वत्र ऊहापोह कर पूजन करना चाहिए ॥ ४१ ॥

इदानीं वर्णमाह—कपिशेति।

कपिशकपिलनीलश्यामलश्वेतधूम्रा-
मलसितशुचिरक्ता वर्णतो वासवाद्याः।
करकमलविराजत्स्वायुधा दिव्यवेशा-
विविधमणिगणोस्रप्रस्फुरद्भूषणाढ्याः ॥ ४२ ॥

कपिशः कनकवर्णः कपिलस्ताम्रवर्णाभः श्यामलः कृष्णः श्वेतः शुक्लः धूम्रोऽसितभेदः अमलसितः श्वेतः शुचिरपि श्वेत एव रक्तोलोहित एते वासवाद्याः वर्णतो वर्णेन यथाक्रमं पूर्वोक्तक्रमतः। पुनः कीदृशः ? हस्तपद्मे शोभमानानि आयुधानि येषां ते। पुनः उत्कृष्टवेशा नानाप्रकारमणिसमूहानां पद्मरागादीनाम् उस्रेण किरणेन प्रस्फुरद्देदीप्यमानं यद्भूषणं तेनाढ्या उपचिताः शोभमाना इत्यर्थः ॥ ४२ ॥

इन देवताओं में इन्द्र का कनकवर्ण, अग्नि का ताम्रसदृश, यम का नील, निर्ऋति का काला, वरुण का श्वेत, वायु का धूम्र, सोम का निर्मल, ईश्वर का श्वेत, अनन्त का भी श्वेत तथा ब्रह्मा का रक्तवर्ण है, इनके करकमलों में उनके तत्तदायुध शोभा पा रहे हैं और वेश भी मनोहर हैं तथा नाना प्रकार के मणिसमूहों से निर्मित आभूषणों के धारण से इनके शरीर की कान्ति जगमगा रही है ॥ ४२ ॥

सप्तमावरणमाह—दम्भोलीति।

दम्भोलिशक्त्यभिधदण्डकृपाणपाश-
चण्डाङ्कुशाह्वयगदात्रिशिखारिपद्माः।
अर्च्या बहिर्निजसुलक्षितमौलियुक्ताः
स्वीयायुधाभयसमुद्यतपाणिपद्माः ॥ ४३ ॥

दम्भोलिर्वज्रं शक्तयमिधं शक्तिनामकमस्त्रं दण्डः कृपाणः खड्गः चण्डाङ्कुशाह्वयः उग्राङ्कुशाख्यः गदा त्रिशिखं त्रिशूलम् अरि चक्रं पद्मं च एतानि वह्निवासवादितो वहिः सम्पूज्यानि। दम्भोलिप्रभृतयः कीदृशाः? निजसुलक्षितमौलियुक्ताः वज्रादिलाञ्छितमुकुटाः, पुनः स्वस्वायुधैरस्त्रैरभयेन च समुद्यतं सुलक्षितं हस्तपद्मं येषां ते तथा॥ ॥ ४३ ॥

सप्तम आवरण की पूजा—

इन देवताओं से बाहर क्रमशः पूर्वादि दिशाओं में वज्र, शक्ति, दण्ड, कृपाण; पाश, उग्राङ्कुश, गदा, त्रिशूल, चक्र और पद्मों की भी पूजा करनी चाहिए। ये सभी वज्रादिनिर्मितमुकुटों से शोभित तथा अपने हाथों में विद्यमान आयुधों से अभय प्रदान करने वाले हैं॥ ४३ ॥

वज्रादीनां वर्णमाह—कनकेति।

कनकरजततोयदाभ्रचम्पा-
रुणहिमनीलजवाप्रवालभासः।
क्रमत इति रुचा तु वज्रपूर्वा-
रुचिरविलेपनवस्त्रमाल्यभूषाः॥ ४४ ॥

वज्रपूर्वाः वज्राद्याः रुचा वर्णेन क्रमतोऽनुक्रमेणैवंरूपा ज्ञेयाः। पुनः कीदृशाः? काञ्चनं रौप्यं तोयदो मेघः अभ्रं चम्पकपुष्पम् अरुणो रक्तः हिमं श्वेतः नीलः श्यामलः जवा औण्ड्रपुष्पं प्रबालो नवपल्लवः एवंभूता दीप्तिर्येषान्ते तथा। पुनः कीदृशाः? रुचिरं मनोहरं विलेपनं चन्दनादि वस्त्रं माल्यं भूषणं च येषान्ते तथा॥ ४४ ॥

वज्रादिकों के वर्ण—

ऊपर कहे गये वज्रादिकों के वर्ण से क्रमशः काञ्चन, रौप्य, तोयद (मेघ), अभ्र (मेघ), चम्पकपुष्प, अरुण (रक्त), हिम (श्वेत), नील (श्यामल), जवा (अढ़उलपुष्प) तथा नवीन पल्लव के समान है तथा उनके चन्दनादि विलेपन एवं वस्त्र, माल्य, आभूषणादि अत्यन्त मनोहर हैं॥ ४४ ॥

पूर्वोक्तमुपसंहरति—कथितमिति।

कथितमावृतिसप्तकमच्युता-
र्चनविधाविति सर्वसुखावहम्।

प्रयजतादथवाऽङ्गपुरन्दरा-
शनिमुखैस्त्रितयावरणं त्विदम् ॥ ४५ ॥

इति पूर्वोक्तप्रकारेण विष्णुपूजाविधौ आवरणसप्तकं कथितम्। कीदृशम्? सकलसुखार्थदायकम्? अशक्तं प्रत्याह प्रयजतादिति। पूर्वोक्ताशक्तः त्रितयावरणम् आवरणत्रयसहितं प्रयजेत्। कैः? अङ्गम् इन्द्रवज्रम् एतन्मुखैरेतत्प्रधानैरित्यर्थः ॥ ४५ ॥

इस प्रकार श्रीकृष्ण पूजाविधि में मैंने सातों आवरणों का वर्णन किया, जो संपूर्ण सुखों को प्रदान करने वाला है। यदि सप्तावरण के पूजन में अशक्त हो तो इन्द्रवज्र आदि प्रमुख तीनों आवरणों की ही पूजा करे ॥ ४५ ॥

प्रकृतमुपसंहरन्पूजान्तरमाह—इत्यर्चयित्वेति।

इत्यर्चयित्वा जलगन्धपुष्पैः
कृष्णाष्टकेनाऽप्यथ कृष्णपूजाम्।
कुर्याद् बुधस्तानि समाह्वयानि
वक्ष्यामि तारादिनमोऽन्तकानि ॥ ४६ ॥

इति पूर्वोक्तप्रकारेण जलगन्धपुष्पैः पूजयित्वा अथानन्तरं कृष्णाष्टकेन वक्ष्यमाणेन बुधः पण्डितः कृष्णपूजां कुर्यात् तानि। समाह्वयानि नामानि प्रणवादिनमोऽन्तकानि वक्ष्यमाणानि ॐ कृष्णाय नम इत्यादीनि ॥ ४६ ॥

इस प्रकार इन आवरणों की जल, गन्ध और पुष्पों से पूजा संपादन कर आगे कहे जाने वाले कृष्ण के आठ नामों द्वारा उनकी पूजा करे। उनके जिन नामों के आदि में प्रणव तथा अन्त में नमः लगाकर चतुर्थ्यन्त विभक्ति से पूजा करनी चाहिए उन नामों को कहता हूँ ॥ ४६ ॥

तान्येव दर्शयति—श्रीकृष्ण इत्यादि।

श्रीकृष्णो वासुदेवश्च नारायणसमाह्वयः।
देवकीनन्दनो यदुश्रेष्ठो वार्ष्णेय इत्यपि ॥ ४७ ॥
असुरान्तकशब्दान्ते भारहारीति सप्तमः।
धर्मसंस्थापकश्चाऽष्टौ चतुर्थ्यन्ताः क्रमादिमे ॥ ४८ ॥

असुरान्तकशब्दान्ते भारहारीत्यर्थः। इमे कृष्णादयः शब्दाः क्रमादेकैकशः प्रणवाद्याश्चतुर्थ्यन्ता नमोऽन्तकाश्च विज्ञेयाः ॥ ४७ ॥ ४८ ॥

श्रीकृष्ण [१] वासुदेव [२] नारायण [३] देवकीनन्दन [४] यदुश्रेष्ठ [५] वार्ष्णेय [६] असुरान्तकः—भारहारी [७] तथा धर्मसंस्थापक [८] ये आठ नाम हैं। इनमें चतुर्थी विभक्ति लगाकर पूजा करनी चाहिए ॥ ४७-४८ ॥

विमर्श—प्रयोगविधि—'ॐ श्रीकृष्णाय नमः' श्रीकृष्णमावाह्यामीत्यादि ॥४८॥

अत्यन्ताशक्तं प्रत्याह—एभिरिति।

एभिरेवाऽथवा पूजा कर्तव्या कंसवैरिणः।
संसारसागरोतीर्त्यै सर्वकामाप्तये बुधैः ॥ ४९ ॥

अथवा एभिरेव कृष्णादिभिः शब्दैः कंसवैरिणः श्रीकृष्णस्य पूजा बुधैः पण्डितैः कर्तव्या। किमर्थम् ? संसार एव सागरः तस्य उतीर्त्यै उत्तरणाय। पुनः किमर्थम् ? सकलमनोरथप्राप्त्यर्थम् ॥ ४९ ॥

अथवा इन्हीं मात्र कृष्णादि नामों से कंस वैरी श्रीकृष्ण की पूजा करनी चाहिए जिससे संसारसागर से पार हो जावे और सम्पूर्ण मनोरथों की प्राप्ति भी हो जावे ॥ ४९ ॥

धूपदानविधिं दर्शयति—साराङ्गारे इति।

साराङ्गारे घृतविलुलितैर्जर्जरैः संविकीर्णै-
र्गुग्गुल्वाद्यैर्घनपरिमलैः धूपमापाद्य मन्त्री।
दद्यान्नीचैर्दनुजमथनायाऽपरेणाऽथ दोष्णा
घण्टां गन्धाक्षतकुसुमकैरर्चितां वादयानः ॥ ५० ॥

साराङ्गारे दृढकाष्ठाङ्गारे। खादिराङ्गारे इति त्रिपाठिनः। संविकीर्णैः क्षिप्तैः गुग्गुल्वाद्यैः गुग्गुलुशर्करामधुचन्दनागुरूशीरैः घृतविलुलितैर्घृतप्लुतैः जर्जरैः कुट्टनेन चूर्णितैर्घनपरिमलैर्निविडसौरभशालिभिः धूपमापाद्य कृत्वा मन्त्री उपासकः नीचैर्नाभिप्रदेशे दनुजमथनाय गोपालकृष्णाय दद्यात्। किङ्कुर्वन् ? अथाऽनन्तरम् अपरेण वामेन दोष्णा हस्तेन गजध्वनिमन्त्रमातः स्वाहेति घण्टाम्वादयन्। किम्भूताम् ? गन्धाक्षतपुष्पैः पूजिताम् ॥ ५० ॥

पुनः बुद्धिमान मन्त्रवेत्ता गुरु धधकते काठ के अङ्गारे में गुगुल, शर्करा, मधु, चन्दन, अगुरु तथा उशीर के चूर्णों से निर्मित धूप को जो घृत से अच्छी तरह

परिप्लुत हो अग्नि में डालकर अच्छीतरह परिपूर्ण सुगन्ध से श्रीकृष्ण के नाभि प्रदेश को गन्धाक्षतपुष्पों से पूजित घण्टा को बायें हाथ से बजाते हुए सुगन्धित करे ॥ ५० ॥

विमर्श—घण्टा बजाने का मन्त्र–गजध्वनिमातः स्वाहा ॥ ५० ॥

दीपदाने विधिं दर्शयति – तद्वदिति ।

तद्वद्दीपं सुरभिघृतसंसिक्तकर्पूरवर्त्या
दीप्तं दृष्ट्याद्यतिविशदधीः पद्मपर्यन्तमुच्चैः ।
दत्वा पुष्पाञ्जलिमपि विधायार्पयित्वा च पाद्यं
साचामं कल्पयतु विपुलस्वर्णपात्रे निवेद्य ॥ ५१ ॥

तद्वदापाद्य दीपं कुर्यात् । कया ? सुरभि सुगन्धि यद्घृतं तेन सिक्ता उक्षिता कर्पूरसहिता वर्त्तिः तया । कीदृशम् ? दृष्ट्या दीप्तम्, दृष्टिमनोहरमिति रुद्रधरः । पद्मपर्यन्तं मस्तकपर्यन्तमुच्चैरुपरि दत्वा दृष्ट्यादीति दक्षिणावर्तेन पद्मपर्यन्तम्, चरणकमलपर्यन्तमिति त्रिपाठिनः । पादपर्यन्तमिति क्वचित्पाठः । अनन्तरं पुष्पाञ्जलिमपि शिरसि दत्वा पाद्याचमनीये च दत्वा विपुलस्वर्णपात्रे बृहत्कनकभाजने नैवेद्यङ्कल्पयतु सम्पादयतु । साचामम् आचमनसहितं प्रथमं वदनेत्यादिभिराचमनन्दत्वा अनन्तरं नैवेद्यन्ददात्वित्यर्थः ॥ ५१ ॥

तदनन्तर सुगन्धित घृत में डुबोयी गयी मनोहर घृत युक्त बत्ती को कपूर से युक्त कर नीचे से मस्तक पर्यन्त श्रीकृष्ण की आरती उतारे । इसके पश्चात् पुनः शिर पर पुष्पाञ्जलि देकर पाद्य एवं आचमन समर्पित करे । फिर विशद स्वर्णपात्र में आचमन सहित नैवेद्य स्थापित करे ॥ ५१ ॥

नैवेद्यस्वरूपं दर्शयति—सुरभीति ।

सुरभितरेण दुग्धहविषा सुश्रृतेन सिता-
समुपदेशकै रुचिरहृद्यविचित्ररसैः ।
दधिनवनीतनूतनसितोपलपूपपुलि–
घृतगुडनारिकेलकदलीफलपुष्परसैः ॥ ५२ ॥

अतिसुरभिणा दुग्धान्नेन सुश्रृतेन सुपक्वेन सितासमुपदेशकैः शर्करा-व्यञ्जनैः सह । शर्करया सह उपदंशकैर्व्यञ्जनैरिति त्रिपाठिनः । अस्मिन्पक्षे

शुचितेन सितासमुपदंशकैरिति पाठः। रुचिर इच्छाकरः हृद्यः सुस्वादः विचित्रो मधुरादिरसो येषु तैः नूतनं श्रेष्ठं सितोपलं खण्डादिप्रसिद्धं पुष्परसो मधु एतैर्द्रव्यैर्नैवेद्यं कल्पयतु ॥ ५२ ॥

अत्यन्त सुगन्धित दूध तथा अन्न में पकाये गये खीर जो शर्करा तथा नाना प्रकार के व्यञ्जनों से इच्छानुकूल स्वादिष्ट एवं माधुर्यादिरसों से परिपूर्ण हो उसका एव दूध, मक्खन, शर्करा, अपूप, गुलगुला, घृत, नारिकेल, कदली फल एवं मधु आदि पदार्थों का नैवेद्य समर्पित करना चाहिए ॥ ५२ ॥

किं विशिष्टं नैवेद्यं कल्पयतु—तत्राह अस्त्रोक्षितमिति।

अस्त्रोक्षितं तदरिमुद्रिकयाऽभिरक्ष्य
वायव्यतोयपरिशोषितमग्निदोष्णा ।
संदह्य वामकरसौधरसाभिपूर्णं
मन्त्रामृतीकृतमथाऽभिमृषन्प्रजप्यात् ॥ ५३ ॥

मनुमष्टशः सुरभिमुद्रिकया
परिपूर्णमर्चयतु गन्धमुखैः ।
हरिमर्चयेदथ कृतप्रसवा-
ञ्जलिरास्यतोऽस्य प्रसरेच्च महः ॥ ५४ ॥

मूलमन्त्रास्त्रमन्त्रेणाऽस्त्राय फडित्यनेन वा उक्षितं सिक्तं चक्रमुद्रयाऽभिरक्ष्य वायव्येति वायुबीजजप्तोदकप्रोक्षणपरिशोषितदोषम् अग्निदोष्णा संदहचेति रमिति वह्निबीजाभिजप्तदक्षिणकरेण स्पृष्ट्वा दोषान् दग्ध्वा वामकरसौधरसाभिपूरणमिति वामहस्तेन पिधाय वंबीजजपेनाऽमृतरसाभिपूर्णं विचिन्त्य मूलमन्त्रेणाऽमृतरूपं विचिन्त्याऽथाऽनन्तरं तदेतादृशं नैवेद्यम् अभिमृशन् स्पृष्ट्वा मनुं मन्त्रम् अष्टशः अष्टवारं प्रजपतु सुरभिमुद्रिकया धेनुमुद्रिकया परिपूर्णं नैवेद्यं विचिन्त्यगन्धमुखैः चन्दनाद्यैः पूजयतु। दानप्रकारं दर्शयति-हरिमित्यादिना। कृतप्रसवाञ्जलिर्हरिं प्रत्यर्चयेत् नैवेद्यग्रहणायाऽस्यतस्तेजो निःसरत्विति प्रार्थयेत्। अथानन्तरम् अस्य हरेरास्यतो मुखतस्तेजो निःसरेत् प्रसरत्विति चिन्तयेत्। नैवेद्ये संयोजयेदिति त्रिपाठिनः ॥५३॥५४॥

उन निवेदनीय पदार्थों को 'अस्त्राय फट्' इस मन्त्र से सिक्त करे तथा चक्रमुद्रा से रक्षित करे। वायु बीज (यम्) के मन्त्र के जप से उसका दोष सुखावे पुनः

'रम्' इस अग्नि मन्त्र के जप से उसे जला देवे फिर उसे वायें हाथ से ढक कर 'वम्' इस वरुण मन्त्र का जप कर अमृत रस से परिपूर्ण करे। इस प्रकार के अन्न को स्पर्श करते हुए मूल मन्त्र का आठ वार जप करे। तदनन्तर धेनु मुद्रा दिखाकर नैवेद्य को सर्वथा निर्दोष बनावे। तदनन्तर गन्धादि दान से उसे पूजितकर हाथ जोड़ कर भगवान् के सामने प्रत्यर्पित करे और प्रार्थना करे कि उनके मुख से तेज प्रवाहित होवे ॥ ५३ ॥ ५४ ॥

वीतिहोत्रदयितान्तमुच्चरन्
मूलमन्त्रमथनिक्षिपेज्जलम् ।
अर्पयेत्तदमृतात्मकं हवि-
र्दोर्युजा सकुसुमं समुद्धरन् ॥ ५५ ॥

अथानन्तरं वीतिहोत्रदयितान्तं स्वाहाकारान्तं मूलमन्त्रमुच्चरन् किञ्चिज्जलन्तदुपरि क्षिपेत् प्रोक्षयेत्। अत्र स्वाहान्तेऽपि मन्त्रे पुनः स्वाहापद-प्रयोगः कार्यः एतद्बलादेव अनन्तरन्दोर्युजा हस्तद्वयेन सकुसुमं सपुष्पं समुद्धरन् उत्तोलयन् तदमृतात्मकं हविः समर्पयेत् ॥ ५५ ॥

मूलमन्त्र के अन्त में 'स्वाहा' लगाकर उच्चारण करते हुए नैवेद्य में जल छोड़े। इस प्रकार उस अमृतात्मक हविष्य को दोनों हाथों में पुष्प लेकर भगवान् को समर्पित करे ॥ ५५ ॥

नैवेद्यार्पणमन्त्रमाह—निवेदयामीति ।

निवेदयामि भगवते जुषाणेदं हविर्हरे ।
निवेद्यार्पणमन्त्रोऽयं सर्वाचासु निजाख्यया ॥ ५६ ॥

अयं मन्त्रः सर्वासु देवानां पूजासु निजाख्ययेति हरे इत्यस्मिन् स्थाने यस्मै देवाय दीयते तन्नामग्रहणं कर्तव्यमिति निजाख्याशब्दार्थः। निवेद्या-ख्ययेति केचित् ॥ ५६ ॥

नैवेद्य समर्पण के लिए 'निवेदयामि भगवते जुषाणेदं हविर्हरे' यह मन्त्र पढ़े। इसी प्रकार सभी देवताओं को नैवेद्य समर्पण करने के लिए मन्त्र में उस देवता का नाम जोड़ देवे ॥ ५६ ॥

भोजनोपयोगिमुद्राविशेषं दर्शयति—ग्रासेति ।

ग्रासमुद्रां वामदोष्णा विकचोत्पलसन्निभाम् ।
प्रदर्शयेद्दक्षिणेन प्राणादीनां च दर्शयेत् ॥ ५७ ॥

वामदोष्णा ग्रासमुद्रां दर्शयेत्। किम्भूताम्? प्रफुल्लोत्पलसदृशीम्। अनन्तरं दक्षिणहस्तेन प्राणादीनां वक्ष्यमाणां मुद्रां दर्शयेदिति॥ ५७॥

तदनन्तर अपने वायें हाथ से फूले हुए कमल के सदृश ग्रास मुद्रा प्रदर्शित करे। फिर दाहिने हाथ से आगे कही जाने वाली प्राणादि मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए॥ ५७॥

प्राणादीनां मुद्रां दर्शयति—स्पृशेदिति।

स्पृशेत्कनिष्ठोपकनिष्ठिके द्वे
अङ्गुष्ठमूर्ध्नां प्रथमेह मुद्रा।
तथाऽपरा तर्जनिमध्यमे स्या-
दनामिकामध्यमिके च मध्या॥ ५८॥
अनामिकातर्जनिमध्यमाः स्या-
त्तद्वच्चतुर्थी सकनिष्ठिकास्ताः।
स्यात्पञ्चमी तद्वदिति प्रदिष्टाः
प्राणादिमुद्रा निजमन्त्रयुक्ताः॥ ५९॥

कनिष्ठोपकनिष्ठिके कनिष्ठानामिके द्वे स्वाङ्गुष्ठमूर्ध्नां स्पृशेत्। इह मुद्रा प्रथमा तथा तर्जनीमध्यमे स्वाङ्गुष्ठमूर्ध्नां स्पृशेत् अनामिकामध्यमिके च तेन स्पृशेदेवं व्यानमुद्रा अनामातर्जनीमध्यमाः तेन स्पृशेत् चतुर्थी उदानस्य तास्तिस्रः कनिष्ठासहिताः तद्वत् स्वाङ्गुष्ठमूर्ध्नां यदि स्पृशेत्तदा समानमुद्रा इत्यनेन प्रकारेण प्राणादिमुद्राः प्रदिष्टाः कथिताः। किम्भूताः? यथायोग्य-स्वमन्त्रसहिताः मन्त्रसाहित्येन तासां मुद्रात्वम्भवति विल्वमुद्रा-वदित्यर्थः॥ ५८॥ ५९॥

दाहिने हाथ के अङ्गुष्ठ के ऊपरी भाग से कनिष्ठा तथा अनामिका अङ्गुलियों को मिलावे तो प्रथमा प्राण मुद्रा तथा तर्जनी और मध्यमा को अङ्गुष्ठ के ऊपरी भाग में मिलावे तो द्वितीया, (अपान) अनामिका और मध्यमा मिलावे तो तृतीया (व्यान मुद्रा) अनामिका तर्जनी और मध्यमा मिलावे तो चतुर्थी उदान मुद्रा पुनः कनिष्ठा अनामिका मध्यमा एवं तर्जनी अङ्गुलियों को अङ्गुष्ठ के ऊपरी भाग में मिलावे तो पञ्चमी समान मुद्रा हो जाती है। इन पाँच मुद्राओं को बनाते समय क्रमशः वक्ष्यमाण मन्त्रों को भी पढ़े॥ ५८॥ ५९।

के ते मन्त्रा इत्याकाङ्क्षायां प्राणादीनां मन्त्रानाह—प्राणेति ।

प्राणापानव्यानोदानसमानाः क्रमाच्चतुर्थ्यन्ताः ।
ताराधारा वध्वा चेद्धाः कृष्णाध्वनस्त्विमे मनवः ॥ ६० ॥

प्राणादयः पञ्च क्रमाच्चतुर्थीविभक्तिसहिताः तथा ताराधाराः ॐकाराधाराः प्रणवाद्या इत्यर्थः । तथा कृष्णाध्वनोऽग्नेर्वध्वा प्रियया इद्धा उद्दीप्ताः सम्बद्धाः स्वाहाकारान्ता इत्यर्थः । एवं च सति ॐप्राणाय स्वाहा इत्याद्याः पञ्च मन्त्रा भवन्तीत्यर्थः ॥ ६० ॥

प्राणादि मन्त्र—

प्राण, अपान; व्यान, उदान और समान—इन्हें क्रम से एक एक को चतुर्थी विभक्ति से युक्त करके तथा आदि में प्रणव लगाकर और अन्त में स्वाहा लगाना चाहिए ॥ ६० ॥

विमर्श—इस प्रकार 'ॐ प्राणाय स्वाहा' ॐ अपानाय स्वाहा, ॐव्यानाय स्वाहा' ॐ उदानाय स्वाहा, ॐ समानाय स्वाहा—ये प्राणादि मन्त्रों के स्वरूप हुए ॥ ६० ॥

निवेद्य मुद्रां प्रदर्शयन्मन्त्रं च दर्शयति—

ततो निवेद्य मुद्रिकां प्रधानया करद्वये ।
स्पृशन्ननामिकां निजं मनुं जपन् प्रदर्शयेत् ॥ ६१ ॥

ततस्तदनन्तरं निवेद्यमुद्रां प्रदर्शयेत् । किङ्कुर्वन् करद्वये करयोरनामिकां प्रधानयाऽङ्गुष्ठेन स्पृशन् । पुनः किङ्कुर्वन् ? निजं स्वीयं मनुं मन्त्रं प्रजपन् ॥ ६१ ॥

तदनन्तर दोनों हाथों की अनामिकाओं को दोनों हाथ के अँगूठों से स्पर्श करे वक्ष्यमाण का जप करते हुए नैवेद्य मुद्रा प्रदर्शित करे ॥ ६१ ॥

मन्त्रमुद्धरति—नन्देति ।

नन्दजोऽम्बुमनुबिन्दुयुङ्नातिः
पार्श्वरामरुदवात्मनेऽनि च ।
रुद्धङेयुक्निवेद्य मात्मभू
र्मांसपार्श्वमनिलस्तथाऽमियुक् ॥ ६२ ॥

नन्दजः ठकारः अम्बु वकारः मनुः औकारः बिन्दुः एतैर्युक्ता नतिर्नमः पार्श्वः पकारः रा इति स्वरूपं मरुत् यकारः अवात्मने इति अनिस्वरूपं रुद्धं इति स्वरूपं ङेचतुर्थी अनिरुद्धशब्दश्चतुर्थीयुक्त इत्यर्थः। निवेद्यमिति त्रयः आत्मभूः ककारः मांसो लकारः पार्श्वः पकारः लकारयकाराभ्यां युक्तोऽनिलो यकारः अमीति स्वरूपं तथा ठ्वौँ नमः परायाऽवात्मने अनिरुद्धाय नैवेद्यं कल्पयामि इतिमन्त्रः ॥ ६२ ॥

मन्त्रोद्धार—

नन्दज (ठकार) अम्बु (मकार) मनु (औकार) इन सभी वर्णों को संयुक्तकर उस पर बिन्दु लगावे। तदनन्तर नमः शब्द जोड़कर पार्श्व (पकार) आगे 'रा' उसके आगे मरुत् (यकार) जोड़े फिर, 'अवात्मने' जोड़कर अनिरुद्ध शब्द के आगे चतुर्थी विभक्ति लगाकर उसमें 'नैवेद्य' शब्द जोड़े फिर ककार के आगे 'लकार और पकार' को संयुक्त कर आमि शब्द जोड़ देवे ॥ ६२ ॥

विमर्श—इस प्रकार 'ठ्वौं नमः परायावात्मने अनिरुद्धाय नैवेद्यं कल्पयामि' यह मन्त्र का उद्धार हुआ ॥ ६२ ॥

मण्डलमभित इति—

मण्डलमभितो मन्त्री
बीजाङ्कुरभाजनानि विन्यस्य ।
पिष्टमयानपिदीपान्
घृतपूर्णान् विन्यसेत्सुदीप्तशिखान् ॥ ६३ ॥

मण्डलपरितो बीजाङ्कुरपात्राणि संस्थाप्य तथैव पिष्टकृतान् घृतपरिपूर्णान् प्रज्वलितशिखान् प्रदीपान् स्थापयेत् ॥ ६३ ॥

तदनन्तर मन्त्रवेत्ता गुरु मण्डप के चारों ओर बीजाङ्कुर के पात्रों को रखकर उसके समीप पिष्ट (पिसान या चूर्ण) का दीपक बनाकर उसे घी से पूर्ण कर वत्ती से युक्त कर ऊर्ध्व शिखावाली दीपों को स्थापित करे ॥ ६३ ॥

दीक्षाङ्गहोमविधिं दर्शयति—अथेति ।

अथ संस्कृते हुतवहेऽमलधी-
रभिवाद्य सम्यगभिपूज्य हरिम् ।
जुहुयात् सिताघृतयुतेन पयः-
परिसाधितेन सितदीधितिना ॥ ६४ ॥

अष्टोत्तरं सहस्रं समाप्य होमं पुनर्बलिं दद्यात् ।
राशिष्वधिनाथेभ्यो नक्षत्रेभ्यस्ततश्च करणेभ्यः ॥ ६५ ॥

अथानन्तरं शास्त्रोक्तसंस्कारैः संस्कृते वह्नौ निर्मलबुद्धिः यथोक्तरूपं हरिमावाह्य गन्धादिभिश्च यथाविधि सम्पूज्याऽष्टोत्तरसहस्रं जुहुयात् । केन सितदीधितिना भक्तेन कीदृशेन पयःपरिसाधितेन दुग्धपरिपाचितेन परमान्नेनेत्यर्थः । पुनः कीदृशेन ? सिताघृतयुतेन शर्कराघृतसहितेन अनन्तरं यथोक्तहोमं समाप्याऽवशिष्टपरमान्नेन राशिषु मेषादिषु अधिनाथेभ्यो राशिदेवताभ्यो मङ्गलादिभ्यः नक्षत्रेभ्योऽश्विन्यादिभ्यः करणेभ्यो ववादिभ्यो बलिं दद्यात् । प्रयोगस्तु मेषवृश्चिकाधिपतये मङ्गलाय एष बलिर्नमः एवं वृषतुलाधिपतये शुक्राय मिथुनकन्याधिपतये बुधाय कर्कटाधिपतये चन्द्राय सिंहाधिपतये सूर्याय धनुर्मीनाधिपतये गुरुवे मकरकुम्भाधिपतये शनये एष बलिर्नमः एवम् अश्वनीभरणीकृत्तिकापादीयमेषराशये एष बलिर्नम इत्यादि एवं ववबालवकौलवतैतिलगरवणिजविष्टिभ्यः एष बलिर्नमः ॥ ६४ ॥६५ ॥

इसके बाद शास्त्ररीति से संस्कार की गयी अग्नि में विशुद्धान्तःकरण वाला ब्राह्मण श्री कृष्ण का आवाहन कर गन्धादि द्वारा उनकी पूजा करे । पुनः दूध में पकाये गए शर्करा घृतयुक्त परमान्न (खीर) से १०८ बार हवन करे । तदनन्तर होम समाप्त करने के पश्चात् बचे हुये शेष खीर से राशियों के नामग्रहणपूर्वक उनके अधिपतियों को नक्षत्रों के नामग्रहण पूर्वक उनके राशियों को तथा करणादिकों के लिए बलि प्रदान करे ॥ ६४ ॥ ६५ ॥

विमर्श—प्रयोग विधि-यथा 'मेषवृश्चिकाधिपतये मङ्गलाय एष बलिर्नमः, वृषतुलाधिपतये शुक्राय एष बलिर्नमः मिथुनकन्याधिपतये बुधाय एष बलिर्नमः, कर्कटाधिपतये चन्द्राय एष बलिर्नमः, सिंहाधिपतये सूर्याय एष बलिर्नमः, धनुर्मीनाधिपतये गुरवे एष बलिर्नमः, मकरकुम्भाधिपतये शनये एष बलिर्नमः । इसी प्रकार अश्विनीभरणीकृत्तिकापादीय मेषराशये एष बलिर्नमः, कृतिकारोहिणी मृगशिरःपादीयवृषराशये एष बलिर्नमः । पुनश्च 'ववबालकौलवतैतिलगरवणिजविष्टिभ्यः एष बलिर्नमः इत्यादि ॥ ६४ ॥ ६५ ॥

पूजानन्तरं प्रकारमाह—सम्पाद्येति ।

सम्पाद्य पानीयसुधां समर्प्य
दत्वाऽम्भ उद्वास्य मुखार्चिरास्ये ।

नैवेद्यमुद्धृत्य निवेद्य विष्वक्-
सेनाय पृथ्वीमुपलिप्य भूयः ॥ ६६ ॥

पानीयमेव धेनुमुद्रया सुधां कृत्वा पानार्थं कृष्णाय समर्प्याऽम्भो दत्वा जलमाचमनार्थं दत्वा मुखार्चिर्देवमुखान्नैवेद्येऽवतारितं तेजः आस्ये देवमुखे उद्वास्य निवेश्य नैवेद्यमुत्तोल्य विश्वक्सेनाय देवगणाय नैवेद्यं समर्प्य पृथिवीमुपलिप्य ॥ ६६ ॥

पुनः (धेनुमुद्रा दिखाकर) जल को अमृतमय बनाते हुए पीने के लिए जल देकर आचमन के लिये जल देवे। पुनः नैवेद्य के लिए अवतररित मुख से निकले हुए तेज को भगवान के मुख में समाविष्ट कर (द्र.४.५४) थोड़ा नैवेद्य निकाल कर विष्वक्सेन नामक विष्णु गण को समर्पित करे, फिर पृथ्वी को लीपकर (आगे का कार्य करे) ॥ ६६ ॥

गण्डूषदन्तधवनाचमनास्यहस्त-
मृज्यानुलेपमुखवासकमाल्यभूषाः ।
ताम्बूलमप्यभिसमर्प्य सुवाद्यनृत्य-
गीतैः सुतृप्तमभिपूजयतात्पुनरेव ॥ ६७ ॥

भूयः पुनरपि गण्डूषं चुलुकोदकं दन्तधवनं दन्तकाष्ठम् । दन्तधवनं दन्तधावनमिति त्रिपाठिनः । आचमनं शेषाचमने द्विराचमनम् आस्यहस्तयोर्मृज्यं मुखहस्तयोः प्रोञ्छनवस्त्रम् अनुलेपश्चन्दनादिः मुखं वास्यते सुरभि क्रियते अनेनेति मुखवासङ्कर्पूरादि माल्यं पुष्पं भूषाऽलङ्करणं ताम्बूलमपि समुच्चये एतानि समर्प्य पुनरेव यथापूर्वं पूजा कृता एवं सुवाद्यनृत्यगीतैः सुतृप्तं हरिं नत्वा अभिपूजयेत् ॥ ६७ ॥

गण्डूष (कुल्ला करने के लिए एक चुल्लू जल) दन्त काष्ठ, आचमन, मुख-हाथ पोंछने के लिए वस्त्र एवं सुगन्ध के लिए चन्दनादि द्रव्य, मुखावास (कर्पूरादि) माला अलङ्कार तथा ताम्बूल इन सभी वस्तुओं को एक साथ समर्पित करे। फिर पूर्व में जिस प्रकार पूजा की गयी थी उसी प्रकार वाद्य, नृत्य और गीत के द्वारा तृप्त हुए परमात्मा श्री कृष्ण का पुनः पूजन करे ॥ ६७ ॥

गन्धादिभिः सपरिवारमथाऽर्घमस्मै
दत्वा विधाय कुसुमाञ्जलिमादरेण ।

स्तुत्वा प्रणम्य शिरसा चुलुकोदकेन
स्वात्मानमर्पयतु तच्चरणाब्जमूले ॥ ६८ ॥

कैः ? गन्धादिभिः सपरिवारं पूर्वोक्तावरणसहितम् अथानन्तरम् अस्मै हरये अर्घ्यं दत्वा आदरेण पुष्पाञ्जलिन्दत्वा स्तुत्वा शिरसा प्रणम्य तच्चरणारविन्दमूले स्वात्मानं चुलुकेन अर्घ्यशेषजलेन समर्पयतु ॥ ६८ ॥

इसके अनन्तर ऊपर कहे गये सात आवरणों से युक्त (द्र० ४.२८-४५) इन परमात्मा श्री कृष्ण को श्रद्धा सहित अर्घ्य प्रदान कर पुष्पाञ्जलि देकर स्तुति करे और शिर से साष्टाङ्गप्रणाम कर अर्घ्य के लिए विशेष प्रकार का जल लेकर अपने को समर्पित कर देवे ॥ ६८ ॥

आत्मनः समर्पणमन्त्रमाह—इत इत्यादिना स्वात्मसमर्पणे इत्यन्तेन ग्रन्थेन ।

इतः पूर्वं प्राणबुद्धिदेहधर्माधिकारतो जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यवस्थासु मनसा वाचा कर्मणा हस्ताभ्यां पद्भ्यामुदरेण शिश्ना यत्स्मृतं यदुक्तं यत्कृतं तत्सर्वं ब्रह्मार्पणं भवतु स्वाहा मां मदीयं च सकलं हरये सम्यगर्पये ॐतत्सदिति च प्रोक्तमन्त्रः स्वात्मसमर्पणे ॥

एतच्च मन्त्रत्रयं स्पष्टत्वान्न लिख्यते—अनुस्मरन्निति ।

अनुस्मरन्कलशगमच्युतं जपेत्
सहस्रकं मनुमथ साष्टकं बुधः ।
वपुष्यथो दितिजजितः समावृती-
र्विलाप्य तास्तदपि नयेत्सुधात्मताम् ॥ ६९ ॥

अथानन्तरं बुधः पण्डितः कलशगङ्कुम्भादिनिष्ठं हरिश्चिन्तयन् साष्टकम् अष्टसहितं सहस्रं मनुं मन्त्रं जपेत् अथानन्तरं दितिजजितः श्रीकृष्णस्य वपुषि शरीरे ताः पूर्वोक्ताः समावृतीः आवरणदेवता विलाप्य विलीना इति विचिन्त्य तदपि देववपुः सुधात्मताम् अमृततां नयेत् ॥ ६९ ॥

आत्मसमर्पण का मन्त्र—

इससे पहले प्राण, बुद्धि, देह और धर्माधिकार रूप से जागते हुए, स्वप्न में सुषुप्ति आदि अवस्थाओं में मनसा, वाचा, कर्मणा, हाथ, पैर, उदर या शिश्न को

स्मृत हुआ, जो कहा गया या जो किया गया कार्य है वह सभी ब्रह्म को समर्पित होवे। मैं और मेरा सब कुछ हरि को समर्पित है ॐ तत्सत्' इस प्रकार 'इतः पूर्व से लेकर ॐ तत्सत्' पर्यन्त मन्त्र को पढ़ कर परमात्मा श्री कृष्ण के लिए अपने को समर्पित करे।

तदनन्तर बुद्धिमान् साधक कुम्भ में अधिष्ठित हुए भगवान् श्री कृष्ण की भावना करते हुए पुनः १००८ बार मूल मन्त्र का जप करे। फिर श्री कृष्ण के शरीर में पूर्वोक्त आवरण देवताओं को विलीन हुआ जान श्री कृष्ण के वपुः स्वरूप (कलश) को अमृत की स्वरूपता को प्राप्त करावे ॥ ६९ ॥

ध्वजेति।

ध्वजतोरणदिक्कलशादिगता-
मपि मण्डपमण्डलकुण्डगताम्।
अभियोज्य चितिं कलशे कुसुमैः
परिपूज्य जपेत्पुनरष्टशतम् ॥ ७० ॥

कलशे चितिं मन्त्रदेवतां चैतन्यरूपम् अभियोज्य कुसुमैः पुष्पैः सम्पूज्य पुनरष्टसहितं शतं जपेत्। किम्भूताम्? चितिं ध्वजतोरणदिक्कलशादिगतां न केवलं ध्वजादिगताम् अपितु मण्डले मण्डपे कुण्डगताम् ॥ ७० ॥

पुनः ध्वज, तोरण, दिशाएँ, कलश में स्थित समस्त चैतन्य स्वरूप देवताओं को तथा मण्डल, मण्डप एवं कुण्ड के मध्य स्थित समस्त चैतन्य स्वरूप देवताओं को एक जगह कलश में एकत्र कर फूलों से पूजा कर पुनः १०८ बार मन्त्र का जप करे ॥ ७० ॥

अथेति।

अथ शिष्य उपोषितः प्रभाते
कृतनैत्यः सुसिताम्बरः सुवेशः।
धरणीधनधान्यगोकुलै-
र्धिनुयाद्विप्रवरान् हरेः प्रसत्यै ॥ ७१ ॥

अथानन्तरम् उपोषितः कृतोपवासः शिष्यः प्रभाते प्रातःकाले कृतनित्यकृतः शुक्लवस्त्रधरः सुवेशः शोभनभूषणः धरणी पृथिवी धनं सुवर्णादि धान्यं

व्रीह्यादि गौर्दोग्ध्री दुकूलं पट्टवस्त्रम् एतैर्यथा योग्यं विप्रवरान् ब्राह्मणश्रेष्ठान् धिनुयात् प्रीणयेत् । किमर्थम् ? हरेः श्रीकृष्णस्य प्रसादार्थम् ॥ ७१ ॥

इसके बाद पूर्व दिन में उपवास करने वाला शिष्य दूसरे दिन के प्रभात काल की नित्य क्रिया संपादन कर श्वेत वस्त्र से संयुक्त हो सुन्दर वेश में सन्नद्ध होकर श्री कृष्ण प्रीत्यर्थ पृथ्वी, सुवर्ण, धान्य, सवत्सा गौ और वस्त्रों का दान कर उत्तमोत्तम ब्राह्मणों को प्रसन्न करे ॥७१॥

भूय इति ।

भूयः प्रतर्प्य प्रणिपत्य देशिकं
तस्मै परस्मै पुरुषाय देहिने ।
तां वित्तशाठ्यं परिहृत्य दक्षिणां
दत्वा तनुं स्वां च समर्प्पयेत्सुधीः ॥ ७२ ॥

भूयः पुनरपि प्रतर्प्य ब्राह्मणान् सन्तोष्य पुनः कथनम् अत्यन्ततर्प्पणार्थं परीत्येति पाठे प्रदक्षिणी कृत्येत्यर्थः । देशिकं गुरुं प्रणिपत्य नमस्कृत्य तस्मै गुरवे देहिने देहधारिणे परस्मै पुरुषाय श्रीकृष्णाय धनशाठ्यं परिहृत्य वैभवानुसारेण तां प्रसिद्धां वित्तार्द्धं चतुर्थांशं वा दत्वा न तु दक्षिणामिव मन्त्रादानानन्तरमेव तत्प्रसङ्गात्स्वां स्वीयां तनुं सुबुद्धिः समर्पयेत् ॥ ७२ ॥

इस प्रकार पर्याप्त धन से ब्राह्मणों को संतुष्ट करने के अनन्तर दीक्षा लेने वाला बुद्धिमान् शिष्य परब्रह्म परमात्मा श्री कृष्ण के विग्रह स्वरूप अपने गुरु को वित्त की शठता त्याग कर उन्हें पर्याप्त दक्षिणा देवे और उन्हें अपना शरीर अर्पण कर देवे ॥ ७२ ॥

अथेति ।

अथाऽभिषेकमण्डपे सुखोपविष्टमासने ।
गुरुर्विशोधयेदमुं पुरेव शोषणादिभिः ॥ ७३ ॥

अथानन्तरं गुरुः अमुं शिष्यं पुरेव पूर्ववदेव शोषणादिभिः भूतशुद्धयादिभिर्विशोधयेत् । कीदृशम् ? अभिषेकमण्डपे आसने सुखोपविष्टम् ॥ ७३ ॥

इसके बाद गुरु अभिषेक मण्डप में सुखपूर्वक बैठे हुए शिष्य को पूर्ववत् भूत शुद्धयादि (पञ्चतत्व की शुद्धिरूप) क्रियाओं के द्वारा शुद्ध करे ॥ ७३ ॥

पीठेति ।

पीठन्यासावसानं वपुषि विमलधीर्न्यस्य तस्यासिकाया
मन्त्रेणाऽभ्यर्च्य दूर्वाक्षतकुसुमयुतां रोचनां के निधाय ।
आशीर्वादैर्द्विजानां विशदपटुरवैर्गीतवाद्यैर्घोषै-
र्माङ्गल्यैरानयत्तं कलशमभिवृतस्तत्समीपं प्रतीतः ॥ ७४ ॥

तस्य शिष्यस्य वपुषि शरीरे पीठन्यासावसानं पीठन्यासपर्यन्तं सकलं न्यासं विन्यस्य आसिकाया आसनस्य मन्त्रेणासनं पूजयित्वा रोचनां मस्तके निधाय तिलकंकारयित्वा । कीदृशीं रोचनाम्? दूर्वाक्षतपुष्पसहिताम् । अनन्तरं द्विजानामाशीर्वादैर्गीतिमङ्गलादिशब्दैः कीदृशैरेतैः ? विशदपटुरवैः स्पष्टोत्तमशब्दैः तथा अन्यैरपि माङ्गल्यैः मङ्गलस्योपयुक्तैः सहितं तं कलसम् अभिवृतः आचार्यत्वेन वृतः तत्समीपं शिष्यसमीपम् आनयेत् । कीदृशः ? शिष्यात्मीयतया प्रतीतो विश्वासान्वितो यः कश्चिदित्यर्थः—इति त्रिपाठिनः ॥ ७४ ॥

शुद्ध चित्त गुरु अपने उस शिष्य के शरीर में पीठन्यास पर्यन्त समस्त न्यास कर उसके आसन को आसन के मन्त्रों से पूजित करे । तदन्तर दूर्वा-अक्षत और फूल से संयुक्त गोरोचन का तिलक मस्तक में लगावे । पुनः ब्राह्मणों द्वारा वैदिक आशीर्वादों के उच्च घोष द्वारा तथा गीत-वाद्य के माङ्गलिक शब्दों द्वारा आचार्यत्वेन अभिवृत गुरु उस कलश को आत्मीय शिष्य के समीप लावे ॥७४॥

तनेति ।

तेनाऽभिलीनमणिमन्त्रमहौषधेन
धाम्ना परेण परमामृतरूपभाजा ।
सम्पूरयन्वपुरमुष्य ततो वितन्वन्
तत्सामरस्यमभिषेचयताद्यथावत् ॥ ७५ ॥

कुम्भस्य पल्लवान् शिष्यशिरसि निधाय तेन कलसेनेत्यर्थाद्यथावत् यथायुक्तप्रकारेणाऽभिषेचयेत् अभिषेचनं कुर्यात् ।

तदुक्तम्—

विधिवत् कुम्भमुद्धृत्य तन्मुखस्थान् सुरद्रुमान् ।
शिशोः शिरसि विन्यस्य मातृकां मनसा जपेत् ॥ इति ।

किम्भूतेन ? अभिलीनः संलीनः मणिर्नव रत्नानि मन्त्रः ऋक् महौषधं दिव्यपिप्पलीप्रभृति यत्र तेन । कीदृशेन ? परेण धाम्ना परतेजःस्वरूपेण ।

पुनः कीदृशेन ? परमामृतरूपभाजा परमामृतरूपमयेन । किङ्कुर्वन् ? अमुष्य शिशोर्वपुः शरीरं पूरयन् । किङ्कुर्वन् ? ततस्तदनन्तरं तत्सामरस्यं तेन तेन तेजोरूपेण कलशैक्यं वितन्वन् ॥ ७५ ॥

फिर गुरु उस कलश के पल्लवों को शिष्य के शिर पर धारण करे और नवरत्न, ऋग्वेद के मन्त्र एवं पिप्पल आदि दिव्य महौषध से परिपूर्ण, परमामृत-स्वरूप एवं परतेजःस्वरूप उस कलश के जलसे शिष्य की एकरूपता हो जावे ॥७५॥

अभिषेकमाह—क्षाद्यैरित्यादि ।

क्षाद्यैरान्तैर्वर्णैरभिपूर्णतनुस्त्रिरुक्तमन्त्रान्तैः ।
परिहितसिततरवसनद्वितीयो वाचंयमः समाचान्तः ॥ ७६ ॥

क्ष आदिर्येषां तैः आन्तैः अकार अन्तो येषां तैर्वर्णैर्मातृकाक्षरैर्मूलमन्त्र-त्रिजपावसानैरभिषिक्तशरीरः शिष्यः धृतनवीनातिशुक्लवसनयुगलः मौनी कृतद्विराचमनः ॥ ७६ ॥

बहुशः प्रणम्य देशिकनामानं हरिमथोपसङ्गम्य ।
तद्दक्षिणत उपास्तामभिमुखमेकाग्रमानसः शिष्यः ॥ ७७ ॥

बहुवारं देशिकनामानं गुरुरूपं हरिं नत्वा अथानन्तरम् उपसंगृह्य गुरु-चरणौ व्यत्यस्तहस्तद्वयं कृत्वा तद्दक्षिणतो गुरुदक्षिणे अभिमुखं गुरुसन्मुखम् एकाग्रमानसः एकचित्तस्तिष्ठेत् उपविशेत् ॥ ७७ ॥

क्षकार वर्ण अभिषेक के लिए मातृका मन्त्र से आरम्भ कर अकारपर्यन्त मातृका वर्णों को तीन बार पढ़ते हुए आचार्य शिष्य का उस कलश के जल से अभिषेक करें। पुनः शुक्ल नवीन वस्त्र धारण किया हुआ शिष्य मौन हो दो बार आचमन करने के उपरान्त गुरु के स्वरूप में साक्षात् विष्णु को व्यत्यस्त हाथों से अर्थात् दाहिने हाथ से दाहिना पैर एवं बायें हाथों से बायां पैर पकड़कर अनेक बार प्रणाम करे। पुनः गुरु के दाहिनी ओर गुरुके सामने एकाग्र चित्त हो बैठे ॥७६-७७॥

न्यासैरिति ।

न्यासैर्यथाविधि तमच्युतसाद्विधाय
गन्धाक्षतादिभिरलङ्कृतवर्ष्मणोऽस्य ।
ऋष्यादियुक्तमथ मन्त्रवरं यथावद्
ब्रूयात्त्रिशो गुरुरनर्घ्यमवामकर्णे ॥ ७८ ॥

अथानन्तरं यथाविधि यथोक्तप्रकारेण न्यासैः पञ्चाङ्गन्यासादिभिः ते शिष्यम् अच्युतसाद्विधाय श्रीकृष्णरूपं कृत्वा गन्धाक्षतपुष्पैः विभूषितशरीरस्याऽस्य अवामकर्णे दक्षिणकर्णे ऋषिच्छन्दोदेवतासहितम् अनर्घ्यममूल्यं मन्त्रवरं मन्त्रश्रेष्ठं त्रिशः त्रिवारं ब्रूयात् यथावत् यथोक्तप्रकारेण स च प्रकारः प्रथमं दक्षिणहस्ते गुरुर्जलं ददाति अमुकमन्त्रं ददामीति अनेन शिष्योऽपि ददस्व इति ब्रूयात् ततो मन्त्रं दद्यादिति अत्राऽवश्यं वारत्रयं गुरुणा मन्त्रः पठनीयः दत्ते यावच्छिष्यस्य मन्त्रः स्वायत्तो भवति तावत्पठनीय इति ॥ ७८ ॥

इसके बाद पञ्चाङ्गन्यासादि से उस शिष्य को श्रीकृष्ण का स्वरूप बना कर आचार्य स्वयं गन्धाक्षतपुष्पों से उसके शरीर को पूजित करे। इस प्रकार भूषित शरीर वाले शिष्य के दाहिने कान में ऋषि छन्द-एवं देवता सहित सभी मन्त्रों में उत्तमोत्तम इस दशाक्षर मन्त्र का तीन बार यथोक्त प्रकार से उपदेश करे ॥ ७८ ॥

विमर्श—उपदेश का प्रकार इस विधि से है—सर्व प्रथम आचार्य शिष्य के हाथ में जल दे और कहे कि मैं अमुक दशाक्षर मन्त्र तुम्हें दे रहा हूँ। फिर शिष्य कहे कि 'दीजिये'। तब आचार्य शिष्य के दाहिने कान में तीन बार मन्त्रोपदेश करे। अथवा जब तक मन्त्र शिष्य को याद न हो तब तक उपदेश के रूप में पढ़ता रहे ॥ ७८ ॥

मन्त्रग्रहणानन्तरं शिष्यकृत्यं दर्शयति—गुरुणेति।

गुरुणा विधिवत्प्रसादितं
मनुमष्टोद्ध्वंशतं प्रजप्य भूयः।
अभिवाद्य ततः शृणोतु सम्यक्-
समयान्भक्तिभरेण नम्रमूर्त्तिः ॥ ७९ ॥

यथाविधि गुरुणा हेतुना प्राप्तं मन्त्रं प्रसाधितम् अनुग्रहेण दत्तमिति त्रिपाठिनः। अष्टौ ऊर्ध्वं यस्य तस्य तदष्टाधिकशतं प्रजप्य भूयः पुनरपि गुरुमभिवाद्यं नमस्कृत्य दण्डवत्प्रणम्य ततो गुरुतः समयान् आचारान् सम्यक्कृत्वा शृणोतु यत्तु विद्यामष्टकृत्वो जपेदिति तत्तन्यूनसङ्ख्याकजपनिषेधपरम्। कीदृशः? भक्त्यातिशयेन नम्रशरीरः ॥ ७९ ॥

तदनन्तर गुरु के द्वारा दिये गये मन्त्रों को विनयशील शिष्य १०८ वार जप करे, फिर गुरु को प्रणाम करे और उनके मुख से दीक्षित शिष्यों के नियमाचार का श्रवण करे ॥ ७९ ॥

मन्त्रदानानन्तरं गुरुकृत्यमाह—दत्वेति ।

दत्त्वा शिष्याय मनुं न्यस्याऽथ गुरुः कृतात्मयजनविधिः ।
अष्टोत्तरं सहस्रं स्वशक्तिहान्यनवाप्तये जप्यात् ॥ ८० ॥

अथानन्तरं गुरुः शिष्याय मन्त्रं दत्त्वा न्यस्य न्यासादिकं कृत्वा कृतात्मयजनविधिः कृताभ्यन्तरयागः अष्टाधिकं सहस्रं स्वसामर्थ्यहान्यनवाप्तये स्वसामर्थ्यरक्षार्थं दत्तमन्त्रं जपेत् ॥ ८० ॥

इस प्रकार शिष्य को मन्त्र देने के बाद स्वयं गुरु भी न्यास कर अभ्यन्तर याग सम्पादन कर दीक्षा देने से शक्ति की हानि न हो एवं अपनी शक्ति पूर्ण बनी रहे एतदर्थ १००८ वार पुनः मूल मन्त्र का जप करे ॥ ८० ॥

शिष्यकृत्यमाह—कुम्भादिकमिति ।

कुम्भादिकं च सकलं गुरवे समर्प्य
सम्भोजयेद् द्विजवरानपि भोज्यजातैः ।
कुर्वन्त्यनेन विधिना य इहाऽभिषेकं
ते सम्पदां निलयनं हि त एव धन्याः ॥ ८१ ॥

कुम्भादिकं सकलं मण्डलसहितं मण्डपावस्थितद्रव्यं गुरवे समर्प्य दत्त्वा भोज्यसमूहैर्द्विजश्रेष्ठान्सन्तोषयेत् एतत्करणस्य फलमाह—इह जगति अनेन विधिना अनया परिपाट्या ये अभिषेकं कुर्वन्ति ते सम्पदां सर्वसमृद्धीनां निलयनं स्थानं त एव धन्याः पुरुषार्थभागिनः ॥ ८१ ॥

मण्डप में स्थित कलश को तथा अन्य वस्तु जात द्रव्यों को गुरु को समर्पण कर दीक्षित शिष्य नाना प्रकार के भोज्य पदार्थों से श्रेष्ठ ब्राह्मणों को सन्तुष्ट करे। जो इस प्रकार की परिपाटी से अभिषेक करते हैं वे संपूर्ण समृद्धियों के एक मात्र स्थान होते हैं तथा धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष चारों पुरुषार्थों को प्राप्त करते हैं ॥ ८१ ॥

उक्तमर्थमुपसंहरति—सङ्क्षिप्येति ।

संक्षिप्य किञ्चिदुदिता दीक्षा संस्मरणाय हि विशदधियाम् ।
एतां प्रविश्य मन्त्री सर्वान् जपेज्जुहोतु यजेच्च मनून् ॥ ८२ ॥

॥ इति श्रीकेशवाचार्यविरचितायां क्रमदीपिकायां दीक्षापूजानाम चतुर्थपटलः ॥ ४ ॥

—०—

किञ्चित् सङ्क्षिप्य दीक्षा उक्ता कथिता विशदधियां निर्मलबुद्धीनां संस्मरणाय एतां दीक्षां प्रविश्य प्राप्य मन्त्री साधकः सर्वान् मन्त्रान् जपेत् यजेज्जुहोतु ॥ ८२ ॥

॥ इति श्रीविद्याविनोदगोविन्दभट्टाचार्यविरचिते क्रमदीपिकाया विवरणे चतुर्थपटलः ॥ ४ ॥

—०—

निर्मल अन्तःकरण वालों के स्मरण के लिए मैंने संक्षेप मे दीक्षा विधान का वर्णन किया। इस प्रकार दीक्षा के मार्ग में प्रविष्ट हुआ साधक सभी मन्त्रों का जप करे, हवन करे तथा पूजन करे ॥ ८२ ॥

॥ इस प्रकार श्रीकेशवाचार्यविरचित क्रमदीपिका की डा० सुधाकर मालवीयकृत 'सरला' नामक हिन्दी व्याख्या का चतुर्थ पटल समाप्त हुआ ॥ ४ ॥

—•—

पञ्चमपटलम्

अधुना दीक्षितस्य मन्त्रविधिं दर्शयति—

चैत्रे कृत्वैतन्मासि कर्माऽच्छपक्षे
पुण्यर्क्षे भूयो देशिकात्प्राप्य दीक्षाम् ।
तेनाऽनुज्ञातः पूर्वसेवां द्वितीये
मासि द्वादश्यामारभेताऽमलायाम् ॥ १ ॥

चैत्रे मासि पुण्यर्क्षे शुभनक्षत्रे अच्छपक्षे शुक्लपक्षे एतत्कर्म मन्त्रदीक्षात्मकं कर्म कृत्वा भूयः पुनरपि देशिकात् गुरोर्दीक्षां मन्त्रोपदेशं प्राप्याऽनन्तरं तेन गुरुणाऽनुज्ञातः द्वितीये मासि वैशाखे अमलायां द्वादश्यां तिथौ पूर्वसेवां पुरश्चरणमारभेत् । 'चैत्रे दुःखाय दीक्षा स्यात् 'इति वचनं गोपालमन्त्रभिन्नदीक्षाविषयम् ॥ १ ॥

दीक्षा लेने वाला शिष्य चैत्र मास के शुक्ल पक्षमें जब पुण्य नक्षत्र हो उस समय आचार्य से दीक्षा ग्रहण कर पुनः उनकी आज्ञा ले वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में जब द्वादशी तिथि आवे उस समय से पुरश्चरण प्रारम्भ करे ॥ १ ॥

विमर्श—'चैत्र में दीक्षा दुखद होती है' यह वचन गोपालमन्त्र से भिन्न दीक्षा का विषय है ॥ १ ॥

कृत्वेति ।

कृत्वा स्नानाद्यं कर्म देहार्चनान्तं
वर्त्माऽऽश्रित्य प्रागीरितं मन्त्रिमुख्यः ।
शुद्धो मौनी सन् ब्रह्मचारी निशाशी
जप्याच्छान्तात्मा शुद्धपद्माक्षदाम्ना ॥ २ ॥

मन्त्रिमुख्यः साधकः स्नानमारभ्यात्मयागान्तं कर्म कृत्वा प्रागीरितं वर्त्माऽऽश्रित्य पूर्वोक्तपूजाप्रकारमाश्रित्य शुद्धो गायत्रीजपेन निष्पापः ब्राह्मणाद्युक्तबाह्यान्तरशौचयुक्तो मौनी वाग्यतः ब्रह्मचारी अष्टविधमैथुनत्यागी

निशाशी रात्रिभोजी शान्तात्मा अनुद्धतचित्तः शुक्लपद्मबीजमालया जप्यात् ।

अत्रैवमागमान्तरोक्तं बोद्धव्यम् ।

शुभे दिने क्रोशं क्रोशद्वयं वा क्षेत्रं विहारार्थं परिकल्प्य क्षीरद्रुमभवविंतस्तिपरिमिताऽष्टकीलकाः प्रत्येकमेकदैव वा दशकृत्वः शतकृत्वो वा जपित्वा अष्ट दिग्देवताः सम्पूज्य मध्ये क्षेत्रे क्षेत्रपालवलिं दत्वा पूजां कृत्वा पूर्वाद्यष्टदिक्षु तान्निखन्यात् तत्र तत्र तत्तन्नाम्ना दिक्पतिवलिं च दत्वा दीपकं च दत्वा जपपूर्वदिवसे एकभोजनमुपवासो वा गुरुं ब्राह्मणांश्च तर्पयेत् ।

तथाच सनत्कुमारकल्पे—

विप्रांश्च भोजयेदन्नभोजनाच्छादनादिभिः ।
बहुभिर्वस्त्रभूषाभिः सम्पूज्य गुरुमात्मनः ॥
आरभेत जपं पश्चात् तदनुज्ञापुरस्सरम् । इति ।

ततोऽग्रिमदिने स्नानादिकं कृत्वा सङ्कल्पं कुर्यात् ॐअद्यों नम इत्याद्युच्चार्याऽमुकमन्त्रस्य सिद्धिकाम इयत्सङ्ख्याकजपतद्दशांशामुकद्रव्यहोमतद्दशांशामुकद्रव्यतर्पणतद्दशांशामुकाभिषेकतद्दशांशब्राह्मणसंप्रदानकभोज्यदानात्मकपुरश्चरणकर्म करिष्ये इति सङ्कल्पं कुर्य्यात् ततो मन्त्रर्षिच्छन्दोदेवतानां कामस्थाने पुरश्चरणजपे विनियोग इति ।

जपे चायं नियमः—

नैरन्तर्यविधिः प्रोक्तो न दिनं व्यतिलङ्घयेत् ।
शयनं दर्भशय्यायां शुचिः प्रयतमानसः ।
दिवसातिक्रमे दोषः सिद्धिबाधः प्रजायते ।

नारदीये—

शनैः शनैरविस्पष्टं न द्रुतं न विलम्बितम् ।
न न्यूनं नाधिकं वाऽपि जपं कुर्याद् दिने दिने ।

तथान्यत्र—

अनन्यमानसः प्रातः कालान् मध्यंदिनावधि ।

नारदीये तथैव च—

न वदन्नस्वपन् गच्छन्नान्यत् किमपि संस्मरन् ।
न क्षुज्जृम्भणहिक्कादिविकलीकृतमानसः ॥
मन्त्रसिद्धिमवाप्नोति तस्माद्यत्नपरो भवेत् ।
उष्णीषो कञ्चुकी नग्नो मुक्तकेशः तथैव च ॥

प्रसारितपाणिपादो नोच्चपादासनो भवेत् ।

तथा वैशम्पायनसंहितायाम्—

स्नानं त्रिसवनं प्रोक्तमशक्तौ द्विः सकृत्तथा ।
अस्नातस्य फलं नाऽस्ति न चाऽतर्प्पयतः पितॄन् ॥
नाऽसत्यमभिभाषेत नेन्द्रियाणि प्रलोभयेत् ।
शयनं दर्भशय्यायां शुचिः प्रयतमानसः ॥
तद्वासः क्षालयेन्नित्यमन्यथा विघ्नमावहेत् ।
नैकवासा जपेन्मन्त्रं बहुवस्त्री कदाचन ॥
उपर्यधो वहिर्वस्त्रे पुरश्चरणकृद्भवेत् ।

तथा नारदीये—

स्त्रीशूद्राभ्यां न सम्भाषेद्रात्रौ जपपरो न च ।
जपेन्न सन्ध्याकालेषु प्रदोषे नोभयेषु च ॥

ब्राह्मणानीतवस्त्रशुद्धजलेनकर्मकृद्भवेदिति ॥ २ ॥

मन्त्र ग्रहण से दीक्षित साधक स्नान क्रिया से लेकर आत्मयोग (अपने शरीर में श्री कृष्ण की भावना कर उसी में उनकी पूजा) पर्यन्त सारी क्रिया समाप्त कर पूर्वोक्तपूजा के क्रमानुसार गायत्री जप से अपने को निष्पाप करे। इस प्रकार भीतरी तथा बाहरी समस्त पापों से रहित हो मौन धारण करते हुये ब्रह्मचर्य (अष्टविध मैथुन त्याग) का व्रत धारण करे। रात्रि में भोजन करे तथा प्रशान्त चित्त हो कबलगट्टे के बीज से बनी हुई माला द्वारा जप प्रारम्भ करे ॥ २ ॥

जपितुः कृत्यमाह—तन्वन्निति ।

तन्वन् शुश्रूषां गोषु ताभ्यः प्रयच्छन्
ग्रासं भूतेषु प्रोद्वहँश्चानुकम्पाम् ।
मन्त्राधिष्ठात्रिं देवतां बन्दमानो
दुर्गां दुर्बोधध्वान्तभानुं गुरुं च ॥ ३ ॥

गोषु शुश्रूषां गोपरिचर्यां धूमकण्डूयनादिरूपां सेवां विस्तारयन् । किङ्कुर्वन् ? ताभ्यो गोभ्यो ग्रासं प्रयच्छन् गोपालमन्त्र एव ग्रासादिकम् अत्रोपादानादन्यत्रानुक्तेश्च भूतेषु प्राणिषु करुणां धारयन् मन्त्राधिष्ठातृदेवतां दुर्गाम् अज्ञानान्धकारसूर्यं गुरुं च वन्दमानः ॥ ३ ॥

नित्य गायों की (धूआँ आदि से मशकों को दूर करे उनके शृङ्गादि स्थानों में खुजलावे) सेवा करे। उन्हें गोग्रास देवे। सभी प्राणियो पर दयालु बना रहे।

संम्पूर्ण मन्त्रों की अधिष्ठात्री माँ दुर्गा की बन्दना करे। इसी प्रकार अज्ञान रूपी अन्धकार को दूर करने वाले गुरु को भी श्रद्धा समेत प्रणाम करे ॥ ३ ॥

कुर्वन्निति।

कुर्वन्नात्मीयं कर्म वर्णाश्रमस्थं
मन्त्रं जप्त्वा त्रिः स्नानकालेऽभिषिञ्चेत्।
आचामन् पाथस्तत्त्वसङ्ख्याप्रजप्तं
भुञ्जानश्चाऽन्नं सप्तजप्ताञ्जनादि ॥ ४ ॥

स्वीयं वर्णाश्रमोक्तं कर्म कुर्वन् आत्मीयं आत्मनो यो वर्णो ब्राह्मणादिर्यो वाऽऽश्रमो ब्रह्मचर्यादिस्तत्र तत्रस्थं कर्म विहितं तत्तत्कुर्वन्नित्यर्थः। मन्त्रजप्तैः जलेन काले वारत्रयं स्वात्मानमभिषिञ्चेत् तत्त्वसङ्ख्याप्रजप्तं द्वात्रिंशत्सङ्ख्याप्रजप्तं पञ्चविंशतिप्रजप्तं वा तथा जलम् आचामन् इत्थमेवाऽन्नं भुञ्जानः। पुनः कीदृशः? सप्तजप्तं अञ्जनादि कज्जलादि यस्य स तथा आदिशब्देन गन्धमाल्यादीनां परिग्रहः। अञ्जनाद्य इति क्वचित्पाठः ॥ ४ ॥

अपने वर्ण एवं आश्रम के लिय विहित कर्म का अनुष्ठान करे। मन्त्र जप किये हुए जल से समय समय पर तीन बार अपने को अभिषिक्त करे। तत्त्व संख्या (३२ अथवा २५) बार मूल मन्त्र का जप कर आचमन करे। पुनः ७ बार मूल मन्त्र से जपे हुये अन्नादि का भोजन करे तथा उतनी ही वार जप से अभिमन्त्रित जलादि भी नेत्रों में लगावे ॥ ४ ॥

जपस्थानमाह—अद्रेरिति।

अद्रेः शृङ्गे नद्यास्तटे बिल्वमूले
तोये हृदघ्ने गोकुल विष्णुगेहे।
अश्वत्थाधस्तादम्बुधेश्चाऽपि तीरे
स्थानेष्वेतेष्वासीन एकैकशस्तु ॥ ५ ॥
प्रजपेदयुतचतुष्कं दशाक्षरं मनुवरं पृथक् क्रमशः।
अष्टादशाक्षरं चेदयुतद्वयमित्युदीरिता सङ्ख्या ॥ ६ ॥

पर्वतशृङ्गे नदीतीरे बिल्ववृक्षसमीपदेशे हृदयप्रमाणजले गोष्ठे विष्णुप्रतिमाधिष्ठितगेहे पिप्पलवृक्षसमीपदेशे समुद्रस्य तीरे अष्टसु स्थानेषु आसीन

उपविष्टः एकैकश एकैकस्मिन् स्थाने स्थानेषु क्रमशः क्रमेण पृथक् अयुत-चतुष्कं कृत्वा दशाक्षरमन्त्रं जपेत् यदाऽष्टादशाक्षरमन्त्रः तदाऽयुतद्वयं कृत्वा इति जपसंङ्ख्योदीरिता अत्र न प्रतिस्थानम् अयुतचतुष्कायुतद्वयजपः किन्तु तथा जप्तव्यं येन सर्वत्र जपेन तावत्येव संख्या भवति अन्यथा ऽष्टसु स्थानेषु जपेनाऽष्टादशाक्षरे षोडशायुतजपः स्यात् ।

प्रपञ्चसारेऽपि—'अयुतद्वितयावधिजपः स्याद्' इति ।

यद्यप्यष्टादशाक्षरे इयं सङ्ख्या तथाऽपि तुल्यन्यायाद् दशाक्षरेऽपि इयमेव व्यवस्थेति रुद्रधरः ॥ ५ ॥ ६ ॥

पर्वत की चोटी पर, नदीके किनारे, विल्ववृक्ष के नीचे, हृदयपर्यन्त जलमें, गोष्ठ में, विष्णुमन्दिर में, पीपल के नीचे और समुद्र तट पर इन आठों स्थानों में वारी वारी से जप करना चाहिए। सब मिलाकर आठों स्थानों में जप की संख्या चार अयुत (चालीस हजार) होनी चाहिए एवं अष्टादशाक्षर की संख्या दो अयुत (बीस हजार) होनी चाहिए। यहाँ तक हमने जप के स्थान एवं मन्त्र के जप की संख्या का उल्लेख किया ॥ ५-६ ॥

उक्तेषु स्थानेषु क्रमेणाऽऽहारनियममाह-शाकमिति ।

शाकं मूलं फलं गोस्तनभवदधिनी भैक्षमन्नं च सक्तुं
दुग्धान्नं चेत्यदानः क्षितिधरशिखरादौ क्रमात्स्थानभेदे ।
एकं चैषामशक्तौ गदितमिह मया पूर्वसेवाविधानं
निर्वृत्तेऽस्मिन्पुनश्च प्रजपतु विधिवत्सिद्धये साधकेशः ॥ ७ ॥

क्षितिधरशिखरादौ पूर्वोक्तपर्वतशृङ्गादौ स्थानविशेषे क्रमादेकैकं क्रमेण विहितं शाकं वास्तुकादि मूलं शूरणादि फलम् आम्रादि गोस्तनभवं दुग्धं दधि च द्वन्द्वः भैक्षं भिक्षात उपलब्धमन्नं च प्रशस्तं हैमतिकं सितास्विन्नं सक्तुं भृष्टयवचूर्णं दुग्धान्नं पायसम् अदानो भक्षमाणः जपं कुर्यात् मितोदनम् ।

शस्तान्नं च समश्नीयान् मन्त्रसिद्धिसमीहया ।
तस्मान्नित्यं प्रयत्नेन शस्तान्नाशी भवेन्नरः ॥ इति ॥

अशक्तं प्रत्याह एकमिति अशक्तो चैषामद्रिशृङ्गाद्यष्टस्थानानां मध्ये एकं स्थानं समाश्रित्य शाकाद्यष्टविधेष्वेकं भोजनमाश्रित्य जपं कुर्यात् ।

तदुक्तं नारदीये—

मृदु सोष्णं सुपक्वं च कुर्याद्वै लघु भोजनम् ।
नेन्द्रियाणां यथा वृद्धिस्तथा भुञ्जीत साधकः ॥

यद्वा तद्वा परित्याज्यं दुष्टानां सङ्गमं तथा ।

इह ग्रन्थे पूर्वसेवाविधानं मया गदितम् कथितम् अस्मिन्निवृत्ते सम्पूर्णे पुरश्चरणजपे पुनश्च प्रजपतु सिद्धये विशिष्टफलसिद्धये विधिवत् यथोक्त-प्रकारेण अत्र केचिदस्मिन्पूर्वसेवारम्भे कर्मणि निर्वृत्ते समाप्ते पुनःपुरश्च-रणजपं करोत्वित्याहुः ॥ ७ ॥

अब उपर्युक्त तत्तत् स्थानों में जप करते समय क्रमशः किस किस आहार का सेवन करना चाहिए उसे इस श्लोक में बताते हैं—

१ शाक, २ मूल, ३ फल, ४ गोदुग्ध, ५ दही, ६ भिक्षा से प्राप्त हुआ अन्न, ७ सक्तू और ८ दूध में पकाया गया अन्न (पायस या खीर) का भोजन क्रमशः प्रशस्त कहा गया है । यदि इन स्थानों में सर्वत्र जप करना संभव न हो तो किसी एक स्थान पर बैठकर ऊपर कहे गये आठ भोजनों में कोई एक भोजन कर जप करे । इस प्रकार हमने इस ग्रन्थ में पुरश्चरण की विधि कही । एक पुरश्चरण समाप्त होने पर साधक पुनः अपनी सिद्धि के लिए जप का प्रारम्भ करे ॥ ७ ॥

देहार्चनान्ते दिनशो दिनादौ
दीक्षोक्तमार्गान्यतरं विधानम् ।
आश्रित्य कृष्णं प्रयजेद्विविक्ते
गेहे निषण्णो हुतशिष्टभोजी ॥ ८ ॥

देहार्चनान्ते देहपूजावसाने दिनशः प्रतिदिनं दिनादौ प्रातर्दीक्षोक्तमार्गेषु षोडशपञ्चोपचारादिषु अन्यतरमेकं वर्त्मार्श्रित्य कृष्णं प्रयजेत् पूजयतु आवरणभेदाद्वर्त्मभेदः । कीदृशः ? विविक्त एकान्ते गृहे निषण्ण उपविष्टः । पुनःकीदृशः ? हुतशिष्टभोजी प्रात्यहिकजपदशांशहोमावशिष्टभोजी ॥ ८ ॥

साधक प्रतिदिन प्रातःकाल शरीर अर्चन के अन्त में दीक्षामार्ग में कही गई विधि के अनुसार षोडशोपचार-पञ्चोपचार इन दोनों में से किसी एक विधि से श्री कृष्ण का पूजन घर में बैठकर किसी एकान्त स्थान में करे और प्रतिदिन के किये गये जप के दशांश हवन से शेष बचे अन्न का भोजन करे ॥ ८ ॥

प्रकारान्तरमपि महते फलाय पुरश्चरणमाह—दशलक्षमिति रुद्रधरः । वयं तु पश्यामः ।

प्रकृतयथोक्तपुरश्चरणमाह—दशलक्षमिति ।

दशलक्षमक्षयफलप्रदं मनुं
प्रतिजप्य शिक्षितमतिर्दशाक्षरम् ।

जुहुयाद् गुडाज्यमधुसंप्लुतैर्नवै-
ररुणाम्बुजैर्हुतवहे दशायुतम् ॥ ९ ॥

शुद्धमतिः साधकः अक्षयफलदं मोक्षफलं दशाक्षरं मनुं दशलक्षं प्रतिजप्य हुतवहे संस्कृताग्नौ अरुणाम्बुजैररुणकमलैर्दशायुतं लक्षमेकं जुहुयात्। कीदृशैः ? गुडाज्यमधुसंप्लुतैः गुडघृतमधुसयुक्तैः ॥ ९ ॥

शुद्धबुद्धि वाला साधक अक्षय [मुक्ति] फल देने वाले इस दशाक्षर मन्त्र का दश लाख जप करे। पुनः लाल कमल से युक्त गुड़-घी-मधु आदि हविष्य पदार्थों से इसका दशांश [एक लाख] होम सुसंस्कृत अग्नि में करे ॥ ९ ॥

शुषिरेति।

शुषिरयुगलवर्णं चेन्मनुं पञ्चलक्षं
प्रजपतु जुहुयाच्च प्रोक्तकल्प्त्याऽर्द्धलक्षम्।
अमलमतिरलाभे पायसैरम्बुजानां
सहितघृतसितैरेवाऽऽरभेद्धोमकर्म ॥ १० ॥

शुषिरयुगलवर्णं शुषिरं छिद्रं नवसङ्ख्यात्मकं तस्य युगलं द्वन्द्वम् अष्टादशाक्षरं जपेत् तदा पञ्चलक्षं प्रजपतु प्रोक्तकल्प्त्या पूर्वोक्तपरिपाट्या चाऽर्द्धलक्षं जुहुयात् यथोक्तहोमद्रव्यालाभे द्रव्यान्तरमाह अमलमतिरिति शुद्धमतिः अम्बुजानां पद्मानामलाभेऽप्राप्तौ पायसैः परमान्नैर्होममारभेत। कीदृशैः ? सहिते घृतसिते येषु तैः घृतशर्करासहितैरित्यर्थः। स्वाहान्तेन होमपूजेति सर्वत्र बोद्धव्यं होमादेश्चानुष्ठानप्रकारो मत्कृतहोमानुष्ठानपद्धतेरवगन्तव्यः।

नारदीये यथा—
जपस्य तु दशांशेन होमः कार्यो दिने दिने।
अथवा लक्षपर्यन्तं होमः कार्यो विपश्चित ॥ इति ॥ १० ॥

ऊपर कहे गए होम के लिये हविष्य पदार्थों की अशक्तता हो तो मात्र १८ हजार का जप और कर देवे, किन्तु यदि जप की संख्या पाँच लाख हो तो आधे लाख मन्त्र से हवन करे। उपर्युक्त हविष्य पदार्थों के लिए कमल न मिलने पर केवल शर्करा युक्त पायस से हवन करे। होम में मन्त्र के अन्त में स्वाहा शब्द का उच्चारण अवश्य करना चाहिए।

विमर्श—इसके लिये तन्त्रकार द्वारा बनायी गयी 'होमानुष्ठानविधि' नामक ग्रन्थ देखे ॥ १० ॥

होमाशक्तं प्रत्याह—अशक्तानामिति ।

असक्तानां होमे निगमरसनागेन्द्रगुणितो
जपः कार्यश्चेति द्विजनृपविशामाहुरपरे ।
सहोमश्चेदेषां सम इह जपो होमरहितो
य उक्तो वर्णानां स खलु विहितस्तच्चलदृशाम् ॥११॥

तावद्द्रव्याद्यसम्पत्त्या होमकर्मणि असमर्थानां ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यानां यथासङ्ख्यं निगमा वेदाश्चत्वारः रसाः षट् नागेन्द्राः अष्टौ एतैर्गुणितैर्जपोऽनुष्ठेय इत्यपरे आचार्या आहुः । तत्र कृत एव जपः एतैर्गुणित इति रुद्रधरः ।

वस्तुतस्तु ।

होमाशक्तौ जपं कुर्याद्धोमसंख्याचतुर्गुणम् ।
षड्गुणं चाष्टगुणितं यथासङ्ख्यं द्विजातयः ॥

इतिपुरश्चरणचन्द्रिकोक्तमेव युक्तं पश्यामः ।

होमकर्मण्यशक्तानां विप्राणां द्विगुणो जपः ।
इतरेषां तु वर्णानां त्रिगुणो हि विधीयते ॥

इति एतेषां मतापेक्षया अपर इत्युक्तम् । एतेषां च मते तर्पणादिव्यतिरेकेण मूलभूतजपद्विगुणजपेनैव पुरश्चरणसिद्धिर्भवति तथैव ग्रन्थान्तरेऽभिधानात् । एषां ब्राह्मणादीनां होमसहितश्चेज्जपः तदा त्रयाणामपि अयुतचतुष्टयादिसमानमेव वर्णानां ब्राह्मणादीनां होमरहितो य उक्तो जपः, अत्र होमरहितो यश्चतुर्गुणो जप इति भैरवत्रिपाठिनः । स एव तच्चलदृशां तत् पत्नीनां विहितः ॥ ११ ॥

होम करने में असमर्थ ब्राह्मण प्राप्त होम संख्या का चार गुना, क्षत्रिय छः गुना और वैश्य आठ गुना जप बढ़ा देवे । यदि जप के अन्त में होम करना हो तो सभी वर्णों को जप की संख्या समान ही समझनी चाहिए । जप में होम न करना हो तो ऊपर सभी वर्णों के लिए विहित जप संख्या कह दी गयी है, जो ब्राह्मणादि वर्णों के लिए जप एवं होम संख्या कही गयी है, वही उनकी स्त्रियों के लिए भी समझनी चाहिए ॥ ११ ॥

शूद्रं प्रत्याह—यमिति ।

यं वर्णमाश्रितो यः शूद्रः स च तन्नतभ्रुवाम् ।
विदधीत जपं विधिवच्छ्रद्धावान् भक्तिभरावनम्रतनुः ॥१२॥

ब्रह्मणादीनां मध्ये यं वर्णं शूद्रः समाश्रितः स तन्नतभ्रुवां तेषामेव द्विजात्यादीनां स्त्रीणां विहितं जपं विधिवत् कथितप्रकारेण विहितं कुर्यात्। कीदृशः ? श्रद्धायुतः। पुनः कीदृशः ? भक्तिभरेण भक्तयतिशयेन नम्रा तनुः शरीरं यस्य स तथा। जपश्चायं होमरहित इति रुद्रधरः ॥ १२ ॥

जिस वर्ण का आश्रय लेकर शूद्र निवास करे तो उस वर्ण के स्त्री को भी उनके पतियों के समान उतनी ही जप संख्या का विधान है जप विधि पूर्वक श्रद्धा एवं भक्ति युक्त विनम्रभाव से करना चाहिए ॥ १२ ॥

पुरश्चरणोत्तरकृत्यमाह—पुनरिति।

पुनरभिषिक्तो गुरुणा विधिवद्विश्राण्य दक्षिणां तस्मै।
अभ्यवहार्य च विप्रान् विभवैः सम्प्रीणयेच्च भक्तियुतः ॥१३॥

गुरुणा पुनरपि विधिवत् यथोक्तविधिना अभिषिक्तः कृताभिषेकः तस्मै गुरुवे दक्षिणां विश्राण्य दत्वा विप्रानभ्यवहार्यं भोजयित्वा भक्तियुतः सन् सम्प्रीणयेत् धनधान्यादिभिः प्रीतिं कुर्यात् ॥१३॥

पुरश्चरण के पूर्ण हो जाने पर साधक पुनः गुरु से विधिपूर्वक अभिषेक करावे, उन्हें पर्याप्त दक्षिणा देवे। ब्राह्मणों को भोजन करावे और विपुलधनधान्यादि विभवों से उन्हें भक्तिपूर्वक संतुष्ट करे ॥ १३ ॥

सिद्धमन्त्रस्य कृत्यमाह—इतीति।

इति मन्त्रवरद्वितयान्यतरं
परिसाध्य जपादिभिरच्युतधीः।
प्रयजेत्सवनत्रितये दिनशो
विधिनाऽथ मुकुन्दममन्दमतिः ॥ १४ ॥

इत्यनेन प्रकारेण मन्त्रद्वितयान्यतरं मन्त्रद्वितययोर्मध्ये एकं जपादिभिर्जपपूजाहोमतर्पणादिभिः परिसाध्य साधयित्वा अच्युतधीः अच्युते श्रीकृष्णे धीर्बुद्धिर्यस्य स तथा यद्वा अच्युता न क्षरिता विष्णौ बुद्धिर्यस्य स तथा सवनत्रितये सन्ध्यादित्रये दिनशः प्रतिदिनं विधिना उक्तप्रकारेण मुकुन्दं कृष्णं प्रयजेत् पूजयतु अमन्दमतिः शुद्धमतिः ॥ १४ ॥

श्रीकृष्ण को आत्मसमर्पण करने वाले साधक को उपर्युक्त दशाक्षर एवं अष्टा-

दशाक्षर मन्त्रों में से किसी एक मन्त्र को जप, होम एवं तर्पण से सिद्ध कर लेने के पश्चात् तीनों सन्ध्या [प्रातः; मध्याह्न एवं सायम्] में स्नान करना चाहिये और परमात्मा श्री कृष्ण की अटूट श्रद्धाभाव से प्रति दिन पूजा करनी चाहिये ॥ १४ ॥

पूजायां प्रातःकालिकध्यानमाह—अथेति ।

अथ श्रीमदुद्यानसंवीतहैम-
स्थलोद्भासिरत्नस्फुरन्मण्डपान्तः ।
लसत्कल्पवृक्षाध उद्दीप्तरत्न-
स्थलीधिष्ठिताम्भोजपीठाधिरुढम् ॥ १५ ॥

सप्तश्लोकान्तं कुलकम् ।

अथानन्तरं भक्तिनम्रः भक्त्यतिशयेन नम्रदेहः प्रगे प्रातःकाले कथितरूपं कृष्णमनुस्मृत्य ध्यात्वा तदङ्गेन्द्रवज्रादिभिः तस्य कृष्णस्याङ्गानि पूर्वोक्तानि हृदयादीनि इन्द्रादयो दश दिक्पालाः वज्रादयस्तदायुधानि च तैः सह पूजयित्वा तं कृष्णं सिता शर्करा मोचा कदलीविशेषः हैयङ्गवीनं सद्योजातघृतम्, एभिस्तथा दध्ना विमिश्रेण दधिसंयुक्तेन दौग्धेन पायसेन च मन्त्री सम्प्रीणयेत् । कीदृशम् ? श्रीमत् शोभायुक्तं यदुद्यानं क्रीडावनं तेन संवीतं वेष्टितं यद्धैमस्थलं लसत्काञ्चनभूमिस्तत्रोद्भासीनि उद्गतकिरणानि यानि यानि रत्नानि तैः स्फुरत् देदीप्यमानो यो मण्डपस्तस्याऽन्तर्मध्ये देदीप्यमानो यः कल्पवृक्षस्तस्याधश्छायायाम् उद्गता दीप्तिर्यस्य तादृशं रत्नमयं यत्स्थानं तदधिष्ठितं तत्रावस्थितं यदम्भोजं पद्मं तदेव पीठं तत्राधिरूढमुपविष्टम् ॥ १५ ॥

अब (श्री कृष्णकी पूजा में ध्यान का स्वरूप कहते हैं) साधक को सुशोभित हो रहे उद्यान से परिवेष्टित जगमगाती हुई सुवर्णमयी भूमि में जहाँ रत्नों से देदीप्यमान मण्डप है उसके बीच में शोभित कल्प वृक्ष के नीचे प्रकाशित रत्नस्थली के ऊपर बने हुये कमल के आसन पर विराजमान श्रीकृष्ण का ध्यान करना चाहिये ॥ १५ ॥

महानीलेति ।

महानीलनीलाभमत्यन्तबालं
गुडस्निग्धवक्त्रान्तविस्रस्तकेशम् ।

अलिव्रातपर्याकुलोत्फुल्लपद्म-
प्रमुग्धाननं श्रीमदिन्दीवराक्षम् ॥ १६ ॥

पुनः कीदृशम् ? महानील इन्द्रनील तद्वन्नीलाभं श्यामम्, पुनः अत्यन्त-वालं पञ्चवार्षिकम्, पुनः गुडाः कुटिलाः स्निग्धाः चिक्कणाः कर्णान्ते कपोले विस्रस्ताः पर्याकुलाः वक्त्रान्तेति पाठे विश्रस्ता मुखावलम्बिताः केशा यस्य तम् अलिव्रातेन भ्रमरसमूहेन पर्याकुलं चञ्चलं व्याप्तं वा यत्फुल्लं विकसितं पद्मं तद्वत्प्रमुग्धं मनोहरम् आननं मुखं यस्य तम्, पुनः श्रीमत् दोषरहितं यद् इन्दीवरं नीलपद्मं तत्सदृशे अक्षिणी यस्य तम् ॥ १६ ॥

जिन श्री कृष्ण के शरीर की कान्ति इन्द्रनीलमणि के समान है, जो अभी पाँच वर्ष के बालक हैं, जिनके गण्डस्थल पर चिक्कण, कुटिल एवं गमुआरे केश बिखरे हुये हैं, जिनका मुखमण्डल भौरों के गुञ्जार से युक्त प्रफुल्लित एवं निर्दोष नीले कमल के समान मनोहर रूप से शोभित हो रहा है ॥ १६ ॥

चलदिति ।

चलत्कुण्डलोल्लासिसंफुल्लगण्डं
सुघोणं सुशोणाधरं सुस्मितास्यम् ।
अनेकाश्मरश्म्युल्लसत्कण्ठभूषा-
लसन्तं वहन्तं नखं पौण्डरीकम् ॥ १७ ॥

पुनः कीदृशम् ? चञ्चले ये कुण्डले ताभ्यामुन्नतौ उल्लसितौ शोभमानौ संफुल्लौ विकाशितौ गण्डौ यस्य तम्, पुनः शोभमाना घोणा नासा यस्य तम्, पुनः सुशोणो लोहितोऽधरो यस्य तम्, पुनः शोभनं यत् स्मितमीषद्धासस्तद्युक्त-मास्यं यस्य तम्, पुनः अनेकानि यान्यश्मानि इन्द्रनीलप्रभृतीनि रत्नानि तेषां ये रश्मयः किरणाः तैरुल्लसन्ती या कण्ठभूषा तया लसन्तं शोभमानम्, पुनः पौण्डरीकं व्याघ्रसम्बन्धिनखं वहन्तं धारयन्तम् ॥ १७ ॥

जिनका गण्डस्थल चलायमान कुण्डलों से शोभित हो रहा है, नासिका अत्यन्त मनोहर है, अधर रक्तवर्ण के हैं, और जिनका ईषद्धास्य युक्त मुख मण्डल है, जिनका ग्रीवा प्रदेश नाना प्रकार के इन्द्रनीलादि मणियों से विभूषित है तथा जो व्याघ्रनख को धारण किये हुए हैं ॥ १७ ॥

समुद्धूसर इति ।

समुद्धूसरोरःस्थलं धेनुधूल्या
सुपुष्टाङ्गमष्टापदाकल्पदीप्तम् ।
कटीरस्थले चारुजङ्घान्तयुग्मे-
पिनद्धं क्वणत्किङ्किणीजालदाम्ना ॥ १८ ॥

पुनः कीदृशम् ? धेनुधूल्या गोरजसा समुद्धूसरं धूसरितम् उरः स्थलं यस्य त गवामनुगमनात् सुष्ठु पुष्टमङ्गम् यस्य तम्, कीदृशम ? अष्टापदा-कल्पदीप्तम् = सुवर्णघटितालङ्कारेण शोभमानम्, पुनः कीदृशम् ? क्वणत्कि-ङ्किणीजालदाम्ना शब्दायमान क्षुद्रघण्टिकासमूहमालया कटिस्थले श्रोणितटे चारुजङ्घान्तयुग्मे मनोहरगुल्फद्वयोद्ध्वंप्रदेशे पिनद्धं बद्धम् ॥ १८ ॥

गौओं के खुरो से उठी हुई धूलि से जिनका वक्षःस्थल धूसरित हो रहा हैं, अङ्गावयव अत्यन्त सुपुष्ट हैं तथा सुवर्णमय अलङ्कारों से जगमगा रहा हैं ; मनोहर दोनो गुल्फ प्रदेश से ऊपर के कटितट में बँधी हुई काञ्ची की क्षुद्रघण्टिकाओं से जिनका श्रोणीतट (नितम्ब प्रदेश) शब्दायमान हो रहा है ॥ १८ ॥

हसन्तमिति ।

हसन्त हसद्बन्धुजीवप्रसून-
प्रभां पाणिपादाम्बुजोदारकान्त्या ।
करे दक्षिणे पायसं वामहस्ते
दधानं नवं शुद्धहैयङ्गवीनम् ॥ १९ ॥

पुनः कीदृशम् ? पाणिपादाम्बुजोदारकान्त्या हस्तचरणपद्मविपुलशोभया हसद्बन्धुजीवपुष्पकान्ति हसन्तम् उपहसन्तम्, पुनः कीदृशम् ? दक्षिणे करे हस्ते पायसं सव्यहस्ते वामकरे नवं नूतनं शुद्धं निष्कलुषं हैयङ्गवीनं नवनीतं ह्यो गोदोहोद्भवं घृतं दधानं धारयन्तम् ॥ १९ ॥

जो अपने हस्त कमल एवं चरण कमलों की कान्ति से बन्धु जीव के पुष्पों का उपहास करते हुए ज्ञात हो रहे हैं, जिनके दाहिने हाथ में पायस तथा बायें हाथ में सद्यः निकाला गया ताजा-ताजा मक्खन शोभा पा रहा है ॥ १९ ॥

महीति ।

महीभारभूतामरारातियूथा-
ननःपूतनादीन्निहन्तुं प्रवृत्तम् ।

प्रभुं गोपिकागोपगोवृन्दवीतं
सुरेन्द्रादिभिर्वन्दितं देववृन्दैः ॥ २० ॥

पुनः कीदृशम् ? महीभारभूतामरारातियूथान् पृथिवीभाररूपदैत्यसमूहान् अनःपूतनादीन् शकटासुरप्रभृतीन् निहन्तुं प्रवृत्तम्, पुनः कीदृशम् ? प्रभुं समर्थम् ईश्वरम्, पुनः कीदृशम् ? गोपिका गोपस्त्री गोपः गौः एतेषां समूहेन वीतं वेष्टितम्, पुनः कीदृशम् ? इन्द्रादिभिर्देवसमूहैर्नमस्कृतम् ॥ २० ॥

जो पृथ्वी के भारभूत शकटासुरादि समूहों एवं पूतनादि महा राक्षसियों के वध के लिए अवतार धारण किये हुए हैं, जो गोपिका एवं गोप समूहों से परिवेष्टित हैं एवं इन्द्रादि देवताओं से नमस्कृत सर्वलोक के स्वामी हैं ॥ २० ॥

प्रगे पूजयित्वेत्यनुस्मृत्य कृष्णं
तदङ्गेन्द्रवज्रादिकैर्भक्तिनम्रः ।
सितामोचहैयङ्गवीनैश्च दध्ना
विमिश्रेण दौग्धेन सम्प्रीणयेत्तम् ॥ २१ ॥

पूर्वश्लोके व्याख्यातमपि क्रमानुरोधेन व्याख्याते प्रगे प्रातःकाले उक्तप्रकारेण कृष्णमनुस्मृत्य ध्यात्वा उपचारैः सम्पूज्य अङ्गाद्यावरणैः सह सम्पूज्य नैवेद्यं दद्यात् । नैवेद्यद्रव्यमाह—सितेति । सिता शर्करा मोचा कदली हैयङ्गवीनं दौग्धेन पायसेन ॥ २१ ॥

साधक भक्ति से विनम्र हो (इस प्रकार के श्री कृष्ण के स्वरूप का ध्यान कर प्रातः काल में नाना प्रकार के उपचारों से आयुध सहित इन्द्रादि आवरण देवताओं के साथ परमात्मा श्री कृष्ण का पूजन करे । पुनः शर्करा, कदली, नवनीत, दही, चावल के बने हुए पायसों का नैवेद्य समर्पित करे ॥ २१ ॥

प्रातःसवनपूजाफलमाह—इतीति ।

इति प्रातरेवार्चयेदच्युतं यो
नरः प्रत्यहं शश्वदास्तिक्ययुक्तः ।
लभेताचिरेणैव लक्ष्मीं समग्रा-
मिहप्रेत्य शुद्धं परं धाम भूयात् ॥ २२ ॥

इत्यनेन प्रकारेण प्रत्यहं शश्वत्सर्वदा आस्तिक्ययुक्तः सन् यो नरः प्रातः-

काले अच्युतमर्चयेत् तमेवावश्यं पूजयति स इह लोके अचिरेणैवाल्पकालेनैव समग्रां सम्पूर्णां लक्ष्मीं सम्पदं लभते प्राप्नोति प्रेत्य देहं परित्यज्य परं शुद्धं ब्रह्माख्यं महः भूयात् प्राप्नोति तत्सरूपो भवतीत्यर्थः ॥ २२ ॥

आस्तिकता से युक्त जो साधक प्रतिदिन इस प्रकार के उपचारों से परमात्मा श्री कृष्ण का पूजन करता है वह थोड़े ही दिनों में इस लोक में समस्त लक्ष्मी (=समृद्धि) प्राप्त करता है और मरणोत्तर शुद्ध परब्रह्म के तेज में सायुज्य पदवी प्राप्त करता है ॥ २२ ॥

प्रातः पूजायामेव नैवेद्यं तर्पणं च दर्शयति—अह्नोमुख इति ।

अह्नोमुखेऽनुदिनमित्यभिपूज्य शौरिं
दध्नाथ वा गुडयुतेन निवेद्य तोयैः ।
श्रीमन्मुखे समनुतर्प्य च तद्धिया तं
जप्यात्सहस्रमथ साष्टकमादरेण ॥ २३ ॥

अथवा शब्दः पादपूरणे इति पूर्वोक्तप्रकारेण अह्नोमुखे प्रातःकाले अनुदिनं प्रत्यहं शौरिं कृष्णम् अभिपूज्य गुडसहितेन दध्ना नैवेद्यं दत्वा जलैस्तद्धिया गुडसहितबुद्धया श्रीमतः कृष्णस्य मुखे समनुतर्प्य अथानन्तरं तं मन्त्रमादरेण साष्टकं सहस्रम् अष्टोत्तरसहस्रं जपेत् ॥ २३ ॥

प्रातःकाल में प्रतिदिन श्रीकृष्ण का पूजन कर गुड़मिश्रित दही का नैवेद्य निवेदन कर जल में गुड़मिश्रित जल की भावना करते हुए उसी से आचमन द्वारा श्रीकृष्ण को तृप्त कर मूल मन्त्र का १००८ बार जप करे ॥ २३ ॥

विमर्श—यहाँ प्रातःकाल की पूजा में नैवेद्य एवं तर्पण की विधि का प्रतिपादन किया गया है ॥ २३ ॥

मध्यन्दिनसवनध्यानमाह—मध्यंदिन इति ।

मध्यं दिने जपविधानविशिष्टरूपं
वन्द्यं सुरर्षियतिखेचरमुख्यवृन्दैः ।
गोगोपगोपवनितानिकरैः परीतं
सान्द्राम्बुदच्छविसुजातमनोहराङ्गम् ॥ २४ ॥

चतुर्थश्लोकस्थक्रियया योजना एवमनेन प्रकारेण मध्यन्दिने यध्याह्ने नन्दजं कृष्णं ध्यात्वा इन्दिरा श्रीस्तस्या आप्त्यर्थम् अर्चयतु। कीदृशम् ? जपविधानेन विशिष्टं रूपं यस्य तं जपार्थं यत् ध्यानम् अथ प्रकटसौरभेत्यादि तृतीयपटलोक्तध्यानं तदेवात्रापीति त्रिपाठिनः। पुनः कीदृशम् वन्द्यं श्रेष्ठम्, पुनः कीदृशं सुरा इन्द्रादय ऋषय नारदादयः यतयः सनकादयः खेचरा स्वर्गवासिनः एतेषां मुख्या श्रेष्ठाः तेषां वृन्दैः समूहैः तथा गौः गोपः गोपस्त्री च एतेषां निकरैः समूहैः परीतं वेष्टितं सान्द्रो निविडो यो अम्बुदो मेघस्तद्वच्छविर्यस्य तत्, अथ च सुजातं दोषरहितम्, अथ च मनोहरं नेत्रोत्सवकारकमङ्गं यस्य ॥ २४ ॥

अब दोपहर काल में परमात्मा श्री कृष्ण के ध्यान का वर्णन करते हैं—पुनः साधक महाश्री की प्राप्ति के लिए मध्याह्नकालिक जप के लिये विहित श्रीकृष्ण के इस प्रकार के स्वरूप का ध्यान करे। जो सर्वलोक वन्द्य है और इन्द्रादि देवगणों, नारदादि महर्षियों, सनकादिसिद्धों तथा मुख्यमुख्य स्वर्गवासियों एवं गोपों और गोपियों से घिरे हुए हैं तथा घने बादलों के समान जिनका शरीर श्याम, निर्दोष एवं नेत्रों के लिए परमह्लादकारक है ॥ २४ ॥

मायूरपत्रपरिकल्पितवतंसरम्य-
धम्मिल्लमुल्लसितचिल्लिकमम्बुजाक्षम् ।
पूर्णेन्दुबिम्बवदनं मणिकुण्डलश्री-
गण्डं सुनासमतिसुन्दरमन्दहासम् ॥ २५ ॥

पुनः कीदृशम् ? मयूरस्येदं मायूरं पत्रं पक्षः मायूरं च तत्पत्रं चेति मायूरपत्रं तेन परिकल्पितो यो वतंसः शिरोभूषणम्। 'वष्टिभागुरिरल्लोपमवाप्योरुपसर्गयोः' इत्यकारलोपः। तेन रम्यो मनोहरो धम्मिल्लः केशपाश यस्य तम् पुनः कीदृशम् ? अम्बुजवत् पद्मवत् अक्षिणी यस्य स तथा तम्, पुनः कीदृशम् ? सम्पूर्णो य इन्दुबिम्बश्चन्द्रमण्डलं तद्वद्वदनं मुखं यस्य स तथा तम्, पुनः कीदृशम् ? मणिमयं यत् कुण्डलं तेन श्रीयुक्तौ शोभासहितौ गण्डौ यस्य तं, पुनः कीदृशम् ? शोभना नासा यस्य तम्, पुनः कीदृशम् ? मनोहरेषद्धास्ययुक्तम् ॥ २५ ॥

शिरः प्रदेश में स्थित मयूर पुच्छ निर्मित आभूषणों से जिनके सँवारे गये केश शोभित हो रहे हैं, भाल प्रदेश में मनोहर तिलक उल्लसित हो रहा है एवं नेत्र

कमल के समान विकसित हैं, मुखमण्डल चन्द्रमण्डल के समान मनोहर है, जिनके दोनों गण्डस्थलों पर मणिनिर्मित कुण्डल जगमगा रहे हैं, नासिका अत्यन्त सुन्दर है और मुख मन्दमुसकान से युक्त है ॥ २५ ॥

पीताम्बरं रुचिरनूपुरहारकाञ्ची-
केयूरकोर्मिकटकादिभिरुज्ज्वलाङ्गम् ।
दिव्यानुलेपनपिशङ्गितमंसराज-
दम्लानचित्रवनमालमनङ्गदीप्तम् ॥ २६ ॥

पुनः कीदृशम् ? पीतमम्बरं वस्त्रं यस्य तम्, पुनः कीदृशम् ? मनोहरनूपुरादिभिः शोभितमङ्गं यस्य तं हारो मुक्तावली काञ्ची क्षुद्रघण्टिका केयूरमङ्गदम् ऊर्मिर्मुद्रिका कटकः कङ्कणः आदिपदेन किरीटादीनां परिग्रहः, पुनः कीदृशम् ? देवसम्बन्धिनाऽनुलेपनेन कुङ्कुमादिना पिशङ्गितं पिञ्जरितम् अंसे स्कन्धे राजन्ती शोभमाना अम्लाना अक्लिष्टा चित्रा नानाप्रकारिका वनमाला पत्रपुष्पमयी आपादलम्बिनी माला यस्य तम्, पुनः कीदृशम् ? अनङ्गवत् कामवत् दीप्तम् ॥ २६ ॥

जो पीताम्बर धारण किये हुए हैं, मनोहर नूपुर, हार, करधनी, केयूरक (अङ्गद), अंगूठी एवं कङ्कण आदि (किरीटादि) से जिनका श्री अङ्ग शोभित हो रहा है एवं दिव्य कुङ्कुमादि के अनुलेपन से जो पीत वर्ण जैसा प्रतीत हो रहा है, कन्धों पर विराजमान कभी न मुरझाने वाली नाना प्रकार के पुष्पों से निर्मित वनमालाओं से जिनका श्री अङ्ग कामदेव के शरीर के समान शोभित हो रहा है ॥ २६ ॥

विमर्श—द्र० ३.१३ ।

वेणुं धमन्तमथवा स्वकरे दधानं
सव्येतरे पशुपयष्टिमुदारवेषम् ।
दक्षे मणिप्रवरमीप्सितदानदक्षं
ध्यात्वैवमर्चयतु नन्दजमिन्दिराप्त्यै ॥ २७ ॥

पुनः कीदृशम् ? वेणुं धमन्तं वादयन्तम् अथवा पक्षान्तरे स्वकरे सव्येतरे वामे गोरक्षणदण्डं दधानं तथा दक्षे दक्षिणे ईप्सितदानदक्षं मणिं दधानम्, पुनः कीदृशम् ? उदारवेषम् । उद्भटवेषमिति रुद्रधरः । वस्तुतस्तु वेणुं वादयन्तं

तदेव दर्शयति अथेति वामकरे सव्यं दक्षिणवामयोरित्यभिधानात् द्वयोरेवात्र-तन्त्रेण संग्रहः तत्र सव्ये द्वितीयवामहस्ते पशुपर्यष्टि परशुरक्षार्थं यष्टिं दण्डं तथा सव्ये दक्षिणे हस्ते मणिप्रवरं मणिश्रेष्ठ चिन्तामणिं दधानम्, कीदृशम् ? मणिप्रवरम् ईप्सितदानदक्षं वाञ्छितार्थदानक्षमम् इत्यर्थः ॥ २७ ॥

जो वेणु को बजा रहे हैं अथवा उसे अपने हाथों में धारण किये हुए हैं, अथवा जिनका बाया हाथ गोरक्षा के लिए धारण किए गये दण्ड एवं दाहिना हाथ ईप्सित फल प्रदान करने वाली चिन्तामणि से परिपूर्ण है, इस प्रकार जिनका वेष उदारता से परिपूर्ण है ऐसे श्रीकृष्ण का ध्यान मध्याह्न काल में पूजन के समय करना चाहिए ॥ २७ ॥

आवरणनैवेद्यदानप्रकारमाह–दामादिकेति ।

दामादिकाङ्गदयितासुहृदङ्घ्रिपेन्द्र-
वज्रादिभिः समभिपूज्य यथाविधानम् ।
दीक्षाविधिप्रकथितं च निवेद्यजातं
हैमे निवेदयतु पात्रवरे यथावत् ॥ २८ ॥

दाम आदिर्यस्य, आदिपदेन सुदामादीनां परिग्रहः । अङ्गानि पूर्वोक्तानि पञ्च दयिता रुक्मिण्याद्याः सुहृदो वसुदेवाद्याः अङ्घ्रिपा मन्दराद्याः पूर्वोक्ता इन्द्रादयो दश दिक्पालाः वज्रादीनि च तेषाम् आयुधानि पूर्वोक्तानि एतैर्यथा-विधानं यथोक्तप्रकारेण कृष्णं सम्पूज्य दीक्षाविधाने कथित नैवेद्यसमूहं हैमे सुवर्णमये पात्रश्रेष्ठे यथावत् निवेदयतु ॥ २८ ॥

तदनन्तर पूर्वोक्त दाम-सुदाम आदि गोपसखारूप अङ्गों रुक्मिण्यादि, पट्टमहिषियों वसुदेवादि सुहृदों, पारिजातादि कल्पवृक्षों, इन्द्रादि दश दिक्पालों तथा वज्रादि रूप उनके आयुधों के सहित पहले कही गयी विधि के अनुसार उनका पूजन करे तथा दीक्षा विधान में कही गयी वस्तुओं को सुवर्णमय पात्र में रखकर नैवेद्य निवेदित करे ॥ २८ ॥

होमादिकमाह–अष्टोत्तरमिति ।

अष्टोत्तरं शतमथो जुहुयात्पयोन्नैः
सर्पिःप्लुतैः सुसितशर्करया विमिश्रैः ।

दद्याद् बलिं च निजदिक्षु सुरर्षियोगि-
वर्गोपदैवतगणेभ्य उदग्रचेताः ॥ २९ ॥

अनन्तरं पयोन्नैः पायसैः सर्पिःप्लुतैः सुसितशर्करया विमिश्रैः अतिशुभ्र-शर्करया मिलितैः अष्टाधिकं शतं जुहुयात् होमं कुर्यात् । साहचर्यात् कल्पना-लाघवाच्च होमोक्तद्रव्येणैव निजदिक्षु स्वस्वदिक्षु सुरर्षियोगिवर्गोपदैवत-गणेभ्यो बलिं दद्यात् । तत्र सुरा विरञ्चिप्रभृतयः पूर्वदिक्स्थाः ऋषयो नारदादयो दक्षिणदिक्स्थाः योगिवर्गः सनकादिः पश्चिमदिक्स्था उपदेव-गणाः यक्षसिद्धगन्धर्वविद्याधराद्याः उत्तरदिक्स्था इतित्रिपाठिनः । उपदेव-गणाः दशदिक्पाला इति रुद्रधरः । उदग्रचेता उद्भटचित्तः सोत्साह इत्यर्थः ॥ २९ ॥

तदनन्तर घृतपरिप्लुत, अत्यन्त स्वच्छ शर्करा विमिश्रित परमान्न (खीर) से १०८ वार होम करे । पुनः उसी होम द्रव्य से उत्साह युक्त चित्त से अपनी अपनी दिशाओं के क्रमशः अधिपति देवताओं, ऋषियों, योनि वर्गों एवं उपदेव गणों को बलिप्रदान करे । अर्थात् पूर्वदिशा में ब्रह्मादि देवताओं को, दक्षिण दिशा में नारदादि ऋषियों को, पश्चिम में सनकादि सिद्धों को तथा उत्तर में यक्ष-सिद्ध गन्धर्व-विद्याधरादिकों को भी बलि प्रदान करे ॥ २९ ॥

नवनीतेति ।

नवनीतमिलितपायसधियाऽर्चनान्ते जलैर्मुखे तस्य ।
सन्तर्प्य जपतु मन्त्री सहस्रमष्टोत्तरशतं वाऽपि ॥ ३० ॥

अर्चनान्ते पूजावसाने तस्य देवस्य मुखे नवनीतेन मिलितं सम्बद्धं यत् पायसं तद्बुध्या जलैः सन्तर्प्य तर्पणं कृत्वा मन्त्री साधकः अष्टाधिकं सहस्रं शतं वा जपतु ॥ ३० ॥

इस प्रकार नैवेद्यादि सामग्री से समर्चा के बाद मन्त्रवेत्ता साधक श्री कृष्ण के मुख को जल में नवनीत विमिश्रित पायस की भावना करते हुए उसी से तृप्त करे । पुनः १००८ बार अथवा १०८ बार मूल मन्त्र का जप करे ॥ ३० ॥

एतत्फलमाह—अह्न इति ।

अह्नो मध्ये बल्लवीवल्लभं तं
नित्यं भक्त्याऽभ्यर्चयेत् यो नराग्र्यः ।

देवाः सर्वे तं नमस्यन्ति शश्वत्
वर्तेरन् वै तद्वशे सर्वलोकाः ॥ ३१ ॥

यो नराग्र्यो नरश्रेष्ठः अह्नः मध्ये मध्याह्ने तं वल्लवीवल्लभं गोपीप्रियं नित्यं सर्वदा भक्त्या सात्त्विकेन भावेनार्चयेत् तं नरश्रेष्ठं सर्वे देवाः नमस्यन्ति तथा शश्वत्सर्वदा सर्वे जना एव तद्वशे वर्तेरन्, तद्वश्याः स्युरित्यथः ॥ ३१ ॥

अब इस मध्याह्न पूजा की फलश्रुति प्रतिपादन करते हैं—जो श्रेष्ठ मनुष्य मध्याह्न काल में कही गयी विधि से सात्त्विक भावना से युक्त हो श्री कृष्ण परमात्मा का अर्चन करता है उस मनुष्य को देवता भी सर्वदा नमस्कार करते हैं और संसार के सारे प्राणी उसके वशीभूत हो जाते हैं ॥ ३१ ॥

मेधेति ।

मेधायुःश्रीकान्तिसौभाग्ययुक्तः
पुत्रैर्मित्रैर्गोमहीरत्नधान्यैः ।
भोगैश्चान्यैर्भूरिभिः सन्निहाढ्यो
भूयात् भूयो धाम तच्चाच्युताख्यम् ॥ ३२ ॥

तथा इह लोके मेधा धारणावती बुद्धिः आयुः जीवन श्रीः लक्ष्मीः कान्तिः शरीरशोभा सौभाग्यं सर्वजनप्रियता एतैः युक्तः सम्बद्धः तथा पुत्रैरौरसैः मित्रैः सुहृद्भिर्गौः पृथिवी रत्न धान्यैः व्रीह्यादिः एतैश्च तथा अन्यैर्भूरिभिः प्रचुरैः सुखैराढ्यः उपचितः सन् पुनः देहावसाने अच्युताख्यं कृष्णनामकं तेजो महो भूयात् तद्रूपो भवतीत्यर्थः ॥ ३२ ॥

वे इस लोक में धारणा, दीर्घजीवन, महालक्ष्मी, शरीर सौन्दर्य, सौभाग्य, पुत्र, मित्र, पृथ्वी, रत्न एवं धान्यादि से समन्वित हो सभी प्रकार का सुख प्राप्त करते हैं और देहत्याग के पश्चात् श्री कृष्ण के परम तेज में मिलकर एकरूपता को प्राप्त करते हैं ॥ ३२ ॥

तृतीयकालपूजाव्यवस्थामाह—तृतीयेति ।

तृतीयकालपूजायामस्ति कालविकल्पना ।
सायाह्ने निशि वेत्यत्र वदन्त्येके विपश्चितः ॥ ३३ ॥

तृतीयकालपूजायां कालस्य वेलायां विकल्पना विकल्पोऽस्ति तमेवाह—सायाह्ने सन्ध्यायां निशि रात्रौ वेति अत्र एके विपश्चितो वदन्ति ॥ ३३ ॥

अब तृतीय काल की पूजा में काल के विषय में विद्वानों का मतभेद प्रस्तुत करते हैं—कोई तो तृतीय काल की पूजा को सायङ्काल करना चाहिए और कोई कहते हैं कि यह तृतीय काल की पूजा रात्रि में करनी चाहिए ॥ ३३ ॥

किं तत्राह—दशाक्षरेणेति ।

दशाक्षरेण चेद्रात्रौ सायाह्नेऽष्टादशार्णतः ।
उभयीमुभयेनैव कुर्यादित्यपरे जगुः ॥ ३४ ॥

चेद्यदि दशाक्षरेण मन्त्रेण पूजादिकं तदा रात्रौ यद्यष्टादशार्णतो अष्टादशाक्षरेण मन्त्रेण तदा सायाह्ने इत्येकेषां मतम् । अपरे च पुनः उभयीम् उभयपूजाम् उभयेनैव दशाक्षरेणाऽष्टादशाक्षरेण च तत् कुर्यात् इति जगुः कथयन्ति, तथा चैच्छिको विकल्प इति भावः ॥ ३४ ॥

कोई इस विषय में व्यवस्था देते हैं कि यदि दशाक्षर मन्त्र से पूजा करनी हो तो रात्रि के समय पूजा करनी चाहिए और अष्टादशाक्षर मन्त्र से पूजा करनी हो तो सायङ्काल में पूजा करनी चाहिए । कोई कहते हैं कि दोनों प्रकार की पूजायें दोनों समय में (सायंकाल अथवा रात्रि में) करनी चाहिए ॥ ३४ ॥

सायाह्न इत्यादि—अत्र नवश्लोकान्तं कुलकम् ।

सायाह्ने द्वारवत्यां तु चित्रोद्यानोपशोभिते ।
द्व्यष्टसाहस्रसङ्ख्यातैर्भवनैरभिसंवृते ॥ ३५ ॥
हंससारससङ्कीर्णैः कमलोत्पलशालिभिः ।
सरोभिरमलाम्भोभिः परीते भवनोत्तमे ॥ ३६ ॥
उद्यत्प्रद्योतनद्योतसद्युतौ मणिमण्डपे ।
मृद्वास्तरे सुखासीनं हेमाम्भोजासने हरिम् ॥ ३७ ॥
नारदाद्यैः परिवृतमात्मतत्त्वविनिर्णये ।
तेभ्यो मुनिभ्यः स्वं धाम दिशन्तं परमक्षरम् ॥ ३८ ॥

सायाह्ने एवमेतादृशवेषधारिणं हरिं ध्यात्वाऽर्चयेत्, कीदृशम् ? मृद्वास्तर-

कोमलासनरूपे हेमाम्भोजासने कनकपद्मासने समासीनम् उपविष्टं कुत्रावस्थितं मणिमण्डपे, किं विशिष्टे ? उद्गच्छन् यः प्रद्योतनः सूर्यः तस्य द्योतस्य समाना द्युतिर्यस्य तस्मिन् कुत्र भवनोत्तमे गृहश्रेष्ठे किंविशिष्टे चित्रोद्यानोपशोभिते बहुधोपवनसेविते, पुनः किं विशिष्टे ? द्वारवत्यां विद्यमाने, पुनः किं विशिष्टे ? भवनैर्गृहैरभिसंवृते, कीदृशैः ? द्व्यष्टसहस्रसंख्यातैः ।

पुनः किंविशिष्टे ? सरोभिः सरोवरैः परीते, कीदृशैः ? अमलाम्भोभिर्निर्मलजलैः, पुनः कीदृशैः, ? हंससारससङ्कीर्णैः हंसादिपक्षिगणैर्व्याप्तैः, पुनः कीदृशैः ? कमलोत्पलशालिभिः पद्मोत्पलसहितैः ।

हरिं कीदृशम् ?

नारदाद्यैः मुनिभिः परिवृतं वेष्टितम् ; किमर्थम् ? आत्मतत्वविनिर्णये आत्मतत्वनिश्चये निमित्ते, पुनः कीदृशम् ? तेभ्यो नारदादिभ्यः स्वं धाम ज्ञानस्वरूपमात्मानं कथयन्तम्, पुनः कीदृशम् ? परमविद्यातत्कार्यरहितम्, पुनः कीदृशम् ? अक्षरम् अविनाशि ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ ३८ ॥

सायङ्काल में बहुत प्रकार के चित्र विचित्र उद्यानों से एवम् १६ हजार उत्तमोत्तम भवनों से सुशोभित द्वारवती (द्वारिका) पुरी के हंस सारस समूहों से व्याप्त, नील एवं रक्तकमलों से सुशोभित स्वच्छजलपूर्ण अनेकों सरों से घिरे हुए सर्वोत्तम भवन में, जहाँ उदीयमान सूर्य के समान देदीप्यमान मणिमय मण्डप है, उसमें सुवर्णमय कमल के मृदु आस्तरण से युक्त आसन पर सुखपूर्वक बैठे हुए नारदादि मुनियों से चारों ओर घिरे हुए और उन्हें परमविद्या के कार्य से विहीन नित्य आत्मतत्त्व का उपदेश करते हुए श्री कृष्ण का पूजन करना चाहिए ॥ ३५-३८ ॥

इन्दीवरनिभं सौम्यं पद्मपत्रारुणेक्षणम् ।
स्निग्धकुन्तलसंभिन्नकिरीटमुकुटोज्ज्वलम् ॥ ३९ ॥

पुनः कीदृशम् ? इन्दिवरनिभं नीलाम्भोजसदृशं सौम्यम् उग्रतारहितम्, पुनः कीदृशम् ? पद्मपत्रवदायते दीर्घे ईक्षणे यस्य तम्, पुनः स्निग्धाः चिक्कणा ये कुन्तलाः केशास्तैः सम्भिन्ने मिलिते किरीटमुकुटे ताभ्यामुज्ज्वलं देदीप्यमानम् तत्र किरीटशब्देन ललाटाश्रितः त्रिशृङ्गोऽलङ्कारविशेषः कथ्यते, मुकुटशब्देन च मूर्ध्नि मध्यभागाश्रितं तच्च दीपशिखाकारोऽलङ्कारविशेषः कथ्यते ॥ ३९ ॥

जो श्री कृष्ण नील कमल के समान उग्रता से रहित सौम्य वर्ण धारण किये

हुए हैं, और जिनके नेत्र रक्त कमल के समान विशल एवं लाल है तथा चिक्कण वालों से संयुक्त किरीट और मुकुट के आभूषणों से जो निरन्तर प्रकाशित हो रहे हैं ऐसे श्री कृष्ण का ध्यान कर पूजन करना चाहिए ॥ ३९ ॥

चारुप्रसन्नवदनं स्फुरन्मकरकुण्डलम् ।
श्रीवत्सवक्षसं भ्राजत्कौस्तुभं वनमालिनम् ॥ ४० ॥

पुनः कीदृशम् ? चारु मनोहरं प्रसन्नं फलदायि वदनं यस्य तम्, पुनः स्फुरती देदीप्यमाने मकराकृती कुण्डले यस्य तम्, पुनः श्रीवत्सो विप्रपाद-प्रहारकृतचिह्नविशेषो वक्षसि यस्य तम्, पुनः भ्राजन् देदीप्यमानः कौस्तुभो मणिविशेषो यस्य त पुनः वनमालाधारिणम् ॥ ४० ॥

जिनका मुखमण्डल अत्यन्त प्रसन्न है, जिनके कानों में धारण किये गये मकराकृति कुण्डल जगमगा रहे हैं, उरःप्रदेश पर श्रीवत्स एवं कौस्तुभ शोभित हो रहा है और जिनके गले में आप्रपदीन वन माला लटक रही है । ऐसे श्री कृष्ण का ध्यान कर पूजन करना चाहिए ॥ ४० ॥

काश्मीरकपिशोरस्कं पीतकौशेयवाससम् ।
हारकेयूरकटकरसनाद्यैः परिष्कृतम् ॥ ४१ ॥

काश्मीरेण कुङ्कुमवर्णम् उरो यस्य तं, पुनः पीतवस्त्रधारिणम्, पुनः हारः मुक्ताहारः केयूरमङ्गदं बाह्वलङ्कारः कटकः कङ्कणः रसना क्षुद्रघण्टिका आदिशब्देनाऽङ्गुलीयकादेः परिग्रहः एतैः परिष्कृतं शोभितम् ॥ ४१ ॥

जिनका उरःप्रदेश केशर से आरक्त है जो पीताम्बर धारण किये हुए हैं, जो अङ्गद, कङ्कण, क्षुद्रघण्टिका तथा अंगूठी आदि आभूषणों से अलंकृत हैं ऐसे परमात्मा श्री कृष्ण का ध्यान करना चाहिए ॥ ४१ ॥

हृतविश्वम्भराभूरिभारं मुदितमानसम् ।
शङ्खचक्रगदापद्मराजद्भुजचतुष्टयम् ॥ ४२ ॥

पुनः कीदृशम् ? हृतोऽपनीतो विश्वम्भरायाः पृथ्व्या भूरिर्भरो वृहद्भारोऽसुरादिलक्षणो येन तम्, पुनः मुदितं हृष्टं मानसं यस्य तम्, पुनः शङ्खचक्रगदापद्मैः शोभितं बाहुचतुष्टयं यस्य तम् ॥ ४२ ॥

जिन्होंने पृथ्वी के समस्त भारभूत असुरों का संहार कर पृथ्वी का भार उतार दिया है, जिनका मन अत्यन्त प्रसन्न है एवं जिनके बाहुचतुष्टय शङ्ख, चक्र, गदा

और पद्म से सुशोभित हैं ऐसें श्रीकृष्ण का ध्यान कर पूजन करना चाहिए ॥ ४२ ॥

एवं ध्यात्वाऽर्चयेन्मन्त्री तदङ्गैः प्रथमावृतिम् ।
द्वितीयां महिषीभिस्तु तृतीयायां समर्चयेत् ॥ ४३ ॥

अत्र पूजायाम् अङ्गैः पूर्वोक्तैः पञ्चाङ्गैः प्रथमावरणं भवति, द्वितीयावरणं महिषीभिः रुक्मिण्यादिभिः, तृतीयायामावृतौ दिक्षु पूर्वादिदिक्षु वक्ष्यमाणान् नारदादीन् अग्रे च विनतासुतं गरुडं पूजयेत् ॥ ४३ ॥

मन्त्रवेत्ता साधक इस प्रकार पूर्वोक्त पाँच दाम-सुदाम आदि सखाओं से युक्त श्रीकृष्ण की प्रथमावरण में पूजा करे । द्वितीयावरण में श्री कृष्ण की रुक्मिणी आदि पटरानियों का तथा तृतीयावरण में पूर्वादि दिशाओं में आगे कहे जाने वाले नारदादि ऋषियों का और आगे गरुड़ का पूजन करना चाहिए ॥ ४३ ॥

तानेवाह ।

नारदं पर्वतं जिष्णुं निशठोद्धवदारुकान् ।
विश्वक्सेनं च सैनेयं दिक्ष्वग्रे विनतासुतम् ॥ ४४ ॥

पर्वतनामा मुनिविशेषः जिष्णुरर्जुनः निशठो यादवविशेषः उद्धवोऽपि तथा दारुकः कृष्णसारथिः विष्वक्सेनः भाण्डागारिकः शैनेयः सात्यकिः ॥ ४४ ॥

साधक पूर्व में नारद का, आग्नेय कोण में पर्वत का, दक्षिण में अर्जुन का, नैर्ऋत्य में निशठ का, पश्चिम में उद्धव का, वायव्य में दारुक (कृष्णसारथि) का, उत्तर में विष्वक्सेन का तथा ईशान में सात्यकि का पूजन करे और आगे विनतापुत्र नारद का पूजन करे । इस प्रकार तीसरे आवरण में पूजा करे ॥ ४४ ॥

लोकेशैस्तत्प्रहरणैः पुनरावरणद्वयम् ।
इति संपूज्य विधिवत्पायसेन निवेदयेत् ॥ ४५ ॥

लोकेशैरिन्द्रादिभिरेकमावरणं तत्प्रहरणैस्तदायुधैर्वज्रादिभिरपरावरणम् एवं क्रमेणाऽवरणद्वयम् इत्यनेन प्रकारेण पञ्चावरणकेन संम्पूज्य विधिवद् दीक्षाकथितं पायसं दद्यात् ॥ ४५ ॥

फिर इन्द्रादि दिक्पालों का एक आवरण में तथा उनके वज्रादि आयुधों का द्वितीय आवरण में इस प्रकार कुल पाँच आवरणों में श्री कृष्ण का पूजन कर

दीक्षा प्रकरण में कही गयी विधि के अनुसार पायस का नैवेद्य अर्पित करे ॥ ४५ ॥

तर्पणप्रकारं जपसंङ्ख्यां च दर्शयति—तर्पयित्वेति ।

तर्पयित्वा खण्डमिश्रैर्दुग्धबुद्ध्या जलैर्हरिम् ।
जपेदष्टशतं मन्त्री भावयन् पुरुषोत्तमम् ॥ ४६ ॥

खण्डेन शर्करया विमिश्रं मिलितं यद्दुग्धं तद्बुद्ध्या जलैः कृष्णं तर्पयित्वा पुरुषोत्तमं भावयन् ध्यायन् मन्त्री साधकः अष्टाधिकशतं जपेत् । यद्यपि तर्पणस्य क्त्वाप्रत्ययेन पूर्वकालता प्रतीयते तथापि प्रथमं जपः तदनु तर्पणं कार्यं तथैवानुक्रमात् सम्प्रदायाच्चेति रुद्रधरः ॥ ४६ ॥

पुनः जल में शर्करामिश्रित दूध की भावना कर उसी से श्रीकृष्ण को तृप्त करे और उन पुरुषोत्तम का ध्यान करते हुए मन्त्रवेत्ता साधक १०८ बार मूलमन्त्र का जप करे ॥ ४६ ॥

पूजास्विति ।

पूजासु होमं सर्वासु कुर्यान्मध्यंदिनेऽथवा ।
आसनादर्घ्यपर्यन्तं कृत्वा स्तुत्वा नमेत्सुधीः ॥ ४७ ॥

सर्वासु तिसृष्वपि पूजासु होमं कुर्यात् । पक्षान्तरमाह–अथवेति । मध्यंदिने मध्याह्नपूजायां वा होमं कुर्यादित्यर्थः । आसनादिति । आसनमन्त्रादारभ्यार्घपर्यन्तं कृत्वा स्तुत्वा स्तवनं कृत्वा नमेत् दण्डवत्प्रणमेत् । अवसानार्घपर्यन्तमितिपाठे अयमर्थः—पूजां कृत्वा पूजाशेषकर्तव्यार्घ्यमवशेषयित्वा मध्ये होमं कृत्वा ततः पूजाशेषार्घ्यमवसानार्घ्यसंज्ञकं पराङ्मुखार्घ्यापरपर्यायं दद्यादित्यर्थः ॥ ४७ ॥

तीनों काल की पूजा में हवन करना चाहिए अथवा केवल मध्याह्न काल में ही होम करे । पुनः होमान्त में आसन से लेकर अर्घ्य पर्यन्त विशेष पूजा कर स्तुति करे । तदनन्तर साष्टाङ्ग प्रणाम करे ॥ ४७ ॥

समर्प्येति ।

समर्प्यात्मानमुद्वास्य तत्स्वे हृत्सरसीरुहे ।
विन्यस्य तन्मयो भूत्वा पुनरात्मानमर्चयेत् ॥ ४८ ॥

आत्मसमर्पणमन्त्रेण स्वात्मानं परमेश्वरे समर्प्य तत् परमेश्वरतेजः पूजास्थानादुद्वास्य उद्वृत्य स्वकीयहृदयपद्मे विन्यस्य तन्मयो भूत्वा पुनरात्मानं पूजयेत् ॥ ४८ ॥

पुनः 'ब्रह्मार्पणम्' इस पूर्वोक्त मन्त्र से श्रीकृष्ण को आत्मसमर्पण करे और परमेश्वर के इस उस तेज को वहाँ से विसर्जित कर उसे अपने हृत्कमल में स्थापित करे पुनः तन्मय हो अपना पूजन करे ॥ ४८ ॥

सायाह्नपूजाफलमाह—सायाह्न इति ।

सायाह्ने वासुदेवं यो नित्यमेवं यजेन्नरः ।
सर्वान् कामानवाप्यान्ते स याति परमां गतिम् ॥ ४९ ॥

यो नरः सायाह्ने वासुदेवं नित्यं सर्वदा एवं कथितप्रकारेण यजेत् पूजातर्पणहोमादिभिः परितोषयेत्सर्वान् कामान्वाञ्छितानर्थान् अवाप्य देहावसाने परां गतिं विष्णुसायुज्यं प्राप्नोति ॥ ४९ ॥

इस प्रकार जो मनुष्य सायङ्काल में परमात्मा श्री कृष्ण का पूजन करता है उसकी सारी अभिलाषाए पूर्ण हो जाती हैं और वह मनुष्य अन्त में विष्णु सायुज्य प्राप्त करता है ॥ ४९ ॥

रात्रावितिं ।

रात्रौ चेन्मन्मथाक्रान्तमानसं देवकीसुतम् ।
यजेद्रासपरिश्रान्तं गोपीमण्डलमध्यगम् ॥ ५० ॥

चेद् यदि रात्रौ पूजा क्रियते तदा रासः क्रीडाविशेषस्तेन परिश्रान्तं देवकीनन्दनं यजेत् मन्मथेनाक्रान्तं मानसं हृदयं यस्य तम्, पुनः गोपीनां मण्डलं गोष्ठीविशेषः तस्य मध्ये स्थितम् ॥ ५० ॥

यदि रात्रि में पूजा करनी हो तो गोपीमण्डल के मध्य में रास से परिश्रान्त एवं कामासक्त मन वाले श्रीकृष्ण का पूजन करे ॥ ५० ॥

रासक्रीडां तदर्शयति—पृथुमिति ।

पृथुं सुवृत्तं मसृणं वितस्ति-
मात्रोन्नतं कौ विनिखन्य शङ्कुम् ।
आक्रम्य पद्भ्यामितरेतरात्त-
हस्तैर्भ्रमोऽयं खलु रासगोष्ठी ॥ ५१ ॥

इतरेतरात्तहस्तैः परस्परगृहीतहस्तैः अयं भ्रमो भ्रमणं रासगोष्ठी किंकृत्वा कौ पृथिव्यां पृथुं स्थूलं सुवृत्तं वर्तुलाकारं मसृणं स्निग्धं वितस्ति-

त्रोत्थितं द्वादशाङ्गुलप्रमाणेनोद्ध्वं स्थितं शङ्कुकाष्ठखण्डं विनिखन्य पुनः किंकृत्वा ? पद्भ्यां शङ्कुमाक्रम्य नियन्त्र्य ॥ ५१ ॥

पृथ्वी में मोटे गोल चिकने तथा एक वित्ते प्रमाण के ऊँचे गड़े हुए काष्ठ के निर्मित कील पर दोनों पैरों के बल से खड़े होकर एक दूसरे के हाथों को पकड़कर घूमते रहने की जो विधि है उसे 'रासगोष्ठी' कहते हैं ॥ ५१ ॥

ध्यानमाह—स्थूलेत्यादि ।

स्थलनीरजसूनपरागभृता
लहरीकणजालभरेण सता ।
मरुता परितापहृताऽध्युषिते
विपुले यमुनापुलिने विमले ॥ ५२ ॥

द्वादशश्लोकान्तं कुलकम् ।

कल्याणमयस्वरूपमजं विचिन्त्य प्रथमोदितपीठवरे पूर्वोक्तदीक्षासम्बन्धि-पूजापीठश्रेष्ठे विधिवत् यथाविधि प्रयत्नेन पूजयेत् । कीदृशम् ? यमुनापुलिने यमुनातटे इतरेतरबद्धकरप्रमदागणकल्पितरासविहारविधौ अन्योन्यबद्धहस्त-स्त्रीसमूहपरिकल्पितक्रीडाविशेषविधौ मणिशङ्कुगं मणिमयशङ्कुमध्यगतं कीदृशे ? पुलिने वायुनाऽध्युषिते आक्रान्ते, कीदृशेन, स्थलनीरजं स्थल कमलं तं पुष्पपरागभृता तत्केशरसंनिकृष्टपुष्परजोयुक्तेन अनेन सौगन्ध्यं वर्णितं पुनः लहरीतरङ्गस्तस्य कणजालं बिन्दुसमूहः तस्य भरेण प्रकर्षेण सताम, उत्कृष्टेन युक्तेनेति त्रिपाठिनः । अनेन शैत्यमुक्तम्, पुनः परितापहृता-खेदविनाशकेन अनेन भान्द्यमुक्तम्, पुनः कीदृशे पुलिने ? विपुले विस्तीर्णे पुनः विमले शुद्धे ॥ ५२ ॥

स्थलकमलिनी (गुलाब) के पुष्पों के पराग को धारण करने से सुगन्धित और यमुना के लहरों के कणसमूहों को धारण करने से शीतल तथा सद्यः खेद को दूर करने के कारण मन्द इस प्रकार तीनों प्रकार के वायु से युक्त यमुना के स्वच्छ एवं विशाल तट पर दीक्षा प्रकरण में कहे गये पूजा के श्रेष्ठ पीठ पर कल्याणस्वरूप परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान कर यथाविधि प्रयत्नपूर्वक उनकी पूजा करे ॥ ५२ ॥

विमर्श—यहाँ से १२ श्लोक पर्यन्त रासगोष्ठी का वर्णन करते हैं—(द्र० भागवत० १०.३३) ॥ ५२ ॥

अशरीरनिशातशरोन्मथित-
प्रमदाशतकोटिभिराकुलिते ।
उडुनाथकरैर्विशदीकृतदिक्-
प्रसरे विचरद्भ्रमरीनिकरे ॥ ५३ ॥

पुनः कीदृशम् ? अशरीरः कामः तस्य यो निशातशरस्तीक्ष्णबाणस्तेन उन्मथिता व्यग्रीकृता याः प्रमदास्तासां शतकोटिभिराकुलीकृते इतस्ततो-व्याप्ते, पुनः कीदृशे ? उडुनाथश्चन्द्रस्तस्य करैः । किरणैर्विशदीकृतः प्रकाशितो दिक्प्रसरो दिगवकाशो यत्र तस्मिन्, पुनः कीदृशे ? विचरन्ती भ्रमन्ती या भ्रमरी तस्या निकरः समूहो यत्र तस्मिन् ॥ ५३ ॥

कामबाण से आहत करोड़ों गोपाङ्गनाओं से इधर-उधर व्याप्त, चन्द्रमा के किरणों से प्रकाशित दिशा वाले और गुञ्जार युक्त भ्रमरीसमूहों से युक्त यमुनातट पर श्रीकृष्ण का (अष्टदल कमल का) पीठ पर ध्यान करते हुए पूजन करे ॥ ५३ ॥

पुनः कीदृशम् ?

विद्याधरकिन्नरसिद्धसुरैः
गन्धर्वभुजङ्गमचारणकैः ।
दारोपहितैः सुविमानगतैः
खस्थैरभिवृष्टसुपुष्पचयैः ॥ ५४ ॥

विद्याधरप्रभृतयो यथाप्रसिद्धाः तथाभुजङ्गमः हस्तपादादिशरीरान्वितो नागलोकस्थः सर्पः एतैर्दारोपहितैः सस्त्रीकैः शोभनविमानगतैः आकाशनिष्ठैः कृतपुष्पवृष्टिसमूहैः आकुलिते ॥ ५४ ॥

अपनी-अपनी स्त्रियों को लेकर आकाश स्थित विमानों पर बैठे हुए तथा पुष्प-समूहों की वर्षा करते हुए विद्याधरों किन्नरों, सिद्धों, गन्धर्वों, भुजङ्गमो (हस्तपादादि शरीरावयवधारी नागलोकस्थ विशेष प्राणियों) और चारणों से युक्त यमुना तट पर विशुद्ध आधारपीठ पर बैठे हुए श्रीकृष्ण का ध्यान कर उनकी पूजा करे ॥ ५४ ॥

इतरेतरबद्धकरप्रमदा-
गणकल्पितरासविहारविधौ ।

मणिशङ्कुगमप्यमुनाबपुषा
बहुधा विहितस्वकदिव्यतनुम् ॥ ५५ ॥

पनः कीदृशं कृष्णम् ? अमुना वपुषा अनेन मणिशङ्कुगतेन शरीरेण नानाप्रकारकृतस्वीयदिव्यशरीरम् ॥ ५५ ॥

प्रत्येक गोपाङ्गनाओं के दोनो हाथों को अपने दोनों हाथों से बाँधे हुए (अर्थात् दो-दो गोपाङ्गनाओं के मध्य में स्थित उनके दोनों हाथों को अपने दोनों हाथों में रखे हुए) इस प्रकार के होने वाले रास-विहार में एवं उसी प्रकार के शरीर से मणिशङ्कु पर भी विराजमान तथा इस प्रकार से नाना दिव्य शरीर धारण करने वाले परमात्मा श्रीकृष्ण का पूजन करे ॥ ५५ ॥

विमर्श—यहाँ दो गोपियों के मध्य में रहने पर भी रासगोष्ठी गत मध्य शङ्कु भी विराजमान होने से श्रीकृष्ण का अनन्तरूप वर्णित किया गया है इसी बात को आगे के श्लोक में स्पष्ट कर रहे हैं ॥ ५५ ॥

सुदृशामुभयोः पृथगन्तरगं
दयितागणबद्धभुजद्वितयम् ।
निजसङ्गविजृम्भदनङ्गशिखि-
ज्वलिताङ्गलसत्पुलकालियुजाम् ॥ ५६ ॥

पुनः कीदृशम् ? सुदृशां कामिनीनामुभयोर्द्वयोः पृथक् द्वयद्वय क्रमेण अन्तरगं मध्यगतम् । पुनः कीदृशम् ? दयितागणेन नारीसमूहेन बद्धं स्वहस्तेनान्योऽन्यं ग्रन्थितं भुजद्वितयं यस्य तम एतेनैतदुक्त भवति कामिन्योर्मध्ये कामिनीनामेव हस्तेन गृहीतहस्तः परमेश्वर इति अपि समुच्चयेन केवलं शङ्कुगं कामिनीनामपि अन्तरेण युक्तमिति भावः । कीदृशाम् ? निजसङ्गेन गोपालकृष्णसङ्गेन विजृम्भमाणः प्रज्वलितो यो अनङ्गशिखी कामाग्निस्तेन ज्वलितं प्रदीप्तं यदङ्गं तत्र लसन्ती शोभमाना या पुलकाली रोमाञ्चपंक्तिस्तया युज्यन्ते इति तद्युजस्तासाम् ॥ ५६ ॥

श्रीकृष्ण का स्पर्श होने से प्रज्वलित कामके कारण जिनके शरीर पें पुलकावली उत्पन्न हो गई है ऐसी दो दो गोपाङ्गनाओं के मध्य अलग अलग रूप से दो-दो रूप धारण कर उनके दोनों हाथों को अपने दोनों हाथों से बाँधे हुए परमात्मा श्रीकृष्ण का पीठासन पर ध्यान करे ॥ ५६ ॥

विविधश्रुतिभिन्नमनोज्ञतर-
स्वरसप्तकमूर्छनतालगणैः ।
भ्रममाणममूभिरुदारमणि-
स्फुटमण्डनशिञ्जितचारुतरम् ॥ ५७ ॥

पुनः कीदृशम् ? अमूभिर्गोपीभिः सहभ्रममाणं भ्रमींकुर्वाणं कैः विविधो नानाप्रकारः श्रुतिर्नामस्वरारम्भकावयवः शब्दविशेषः तेन भिन्नं सङ्गतं मनोज्ञतरम् अतिहृदयग्राहि यत्स्वरसप्तकं निषादेत्यादि तस्य या मूर्छना एकविंशतिप्रकारिका भागतालाश्वतालपरितालादयः ऊनपञ्चाशत् एतेषाङ्गणैः समूहैः । पुनः कीदृशम् ? उदार उदूढो यो मणिस्तस्य स्फुटं प्रव्यक्तम् अतितेजस्वितया यन्मण्डनं तस्य शिञ्जितं शब्दितं तेन चारुतरं हृदयंगमम् ॥ ५७ ॥

नाना प्रकार के स्वरावयवों से सङ्गत होने के कारण उससे उत्पन्न अत्यन्त मनोहर निषाद गान्धारादि जो सप्त स्वर उनकी मूर्छना एवं तालों से युक्त, शब्दायमान मणिमय अलङ्कारों से परम मनोहर श्री कृष्णको गोपियों के साथ घूमते हुए आधार पीठ पर ध्यान कर उनका पूजन करना चाहिए ॥ ५७ ॥

इति भिन्नतनुं मणिभिर्मिलितं
तपनीयमयैरिव मारकतम् ।
मणिनिर्मितमध्यगशङ्कुलस-
द्विपुलारुणपङ्कजमध्यगतम् ॥ ५८ ॥

पुनः कीदृशम् ? इति भिन्नतनुम् । अनेन प्रकारेण गोपीभिर्मिलितदेहङ्गोपालकृष्णं कमिव तपनीयमयैः सुवर्णमयैः मणिभिर्मिलितं ग्रथितं मरकतमणिमिवः । पुनः कीदृशम् ? मणिनिर्मितो मध्यगतो यः शङ्कुः तल्लग्नं लसद्देदीप्यमानं यद्विपुलं बृहदरुणपङ्कजं तस्य मध्यगतम् ॥ ५८ ॥

अगणित पीली-पीली दमकती हुई सुवर्ण मणियों के बीच पिरोई गई ज्योतिर्मयी नीलमणि के समान एवं माणनिर्मित मध्यस्थ शङ्कु पर रखे गये अरुणकमल के मध्य भाग में विराजमान श्रीकृष्ण का ध्यान कर पूजन करे ॥ ५८ ॥

अतसीकुसुमाभतनुं तरुणं
तरुणारुणपद्मपलाशदृशम् ।

नवपल्लवचित्रसुगुच्छलस-
च्छिखिपिच्छपिनद्धकचप्रचयम् ॥ ५९ ॥

पुनः कीदृशम् ? अतसीप्रसिद्धा तस्याः कुसुमानीवाभा दीप्तिर्यस्यास्तनोस्तादृशी तनुर्यस्य तम् । पुनः कीदृशम् ? तरुणेति नूतनारुणपद्मपत्रसदृशनेत्रम् । पुनः कीदृशम् ? नवेति नूतनपल्लवनानाविधस्तबकशोभमानमयूरपुच्छसम्बद्धकेशसमूहम् ॥ ५९ ॥

अतसी के पुष्प के समान जिनके शरीर की कान्ति प्रस्फुटित हो रही है, नवीन रक्त कमल के पत्ते के समान जिनके नेत्र विशाल हैं, नवीन पल्लव के बिचित्र गुच्छे में शोभायमान मयूरपिच्छों से जिनके केश समूह आबद्ध हैं—ऐसे श्रीकृष्ण का पूजन करे ॥ ५९ ॥

चटुलभ्रुवमिन्दुसमानमुखं
मणिकुण्डलमण्डितगण्डयुगम् ।
शशरक्तसदृक्दशनच्छदनं
मणिराजदनेकविधाभरणम् ॥ ६० ॥

पुनः कीदृशम् ? चटुलभ्रुवञ्चलद्भ्रूलताकम् । पुनः कीदृशम् ? शुक्लपक्षीयपूर्णचन्द्रसदृशाननम्, पुनः कीदृशम् ? मणिमयकुण्डलशोभितगण्डद्वयम्, पुनः कीदृशम् ? शशशोणिततुल्याधरम्, पुनः कीदृशम् ? मणिना शोभमाननानाप्रकाराभरणम् ॥ ६० ॥

जिनकी भ्रू लतायें निरन्तर चलायमान हैं तथा मुख पूर्णचन्द्र के समान हैं, दोनों गण्डस्थल मणिनिर्मित कुण्डलों से शोभित हो रहे हैं, जिनका अधर खरगोश के रक्त के समान रक्त वर्ण का है और जो नाना प्रकार के मणियों के आभरण से शोभित हो रहे हैं—ऐसे परमात्मा श्रीकृष्ण का आधार पीठ पर ध्यान कर पूजन करना चाहिए ॥ ६० ॥

असनप्रसवच्छदनोज्ज्वलस-
द्वसनं सुविलासनिवासभुवम् ।
नवविद्रुमभद्रकराङ्घ्रितलं
भ्रमराकुलदामविराजितनुम् ॥ ६१ ॥

पुनः कीदृशम् ? असनो वृक्षविशेषः तस्य प्रसवः पुष्पं तस्य छेदनं पत्रं च तद्वदुज्ज्वलं शोभमानं मनोहरं वस्त्रं यस्य तम्, पुनः कीदृशम् ? शोभनक्रीडाविचित्रस्थानम् । पुनः कीदृशम् ? नवो नूतनो यो विद्रुमः प्रवालस्तद्वत् भद्रं मनोहरं कराङ्घ्रितलं यस्य तम् । पुनः कीदृशम् ? भ्रमरैराकुलं व्याप्तं यत् पुष्पदाममाला तेन विराजितं भुजद्वयं यस्य तं यद्वा मालया विराजिता तनुर्यस्य तम् ॥ ६१ ॥

पीतवर्ण वाले असन वृक्ष के पुष्प एवं पत्तों के समान जिनका उत्तम पीताम्बर शोभा पा रहा है, जो सम्पूर्ण काम चेष्टाओं के विचित्र स्थान हैं, जिनके हाथ तथा पैर के तलवे नवीन प्रवाल के समान हैं एवं जिनके शरीर में पहनी हुई वनमाला पर भ्रमर समूह गुञ्जार कर रहे हैं—ऐसे परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान कर पूजन करना चाहिए ॥ ६१ ॥

तरुणीकुचयुक्परिरम्भमिलत्-
घुसृणारुणवक्षसमुक्षगतिम् ।
शिववेणुसमीरितगानपरं
स्मरविह्वलितं भुवनैकगुरुम् ॥ ६२ ॥

पुनः कीदृशम् ? युवतीनां स्तनद्वयालिङ्गनसम्बद्धकुङ्कुमारुणितमुरःस्थलं यस्य तम् । पुनः कीदृशम् ? उक्षगतिं वृषभगतिम् । पुनः कीदृशम् ? शिवः कल्याणप्रदो यो वेणुर्वंशस्तेन समीरितं संपादितं यद्गानङ्गीतं तत्परं तदासक्तम् । पुनः कीदृशम् ? स्मरेण कामेन विह्वलितमनायत्तम् । पुनः कीदृशम् ? भुवनत्रयस्य एकम् अद्वितीयं गुरुम् ॥ ६२ ॥

युवती गोपाङ्गनाओं के दोनों स्तनों के आलिङ्गन से जिनका वक्षःस्थल अरुण-वर्ण का हो गया है। वृषभ के समान जिनकी चाल, है जो कल्याणकारी वेणु से निकले हुए गान में आसक्त हैं, जो काम के वशीभूत हो जाने के कारण व्यग्र हैं—ऐसे लोक के अद्वितीय गुरु श्रीकृष्ण का ध्यान कर पूजन करना चाहिए ॥ ६२ ॥

विमर्श—(भागवत १०.३३.१—२६) ॥ ६२ ॥

प्रथमोदितपीठवरे विधिवत्
प्रयजेदिति रूपमरूपमजम् ।
प्रथमं परिपूज्य तदङ्गवृतिं
मिथुनानि यजेद्रसगानि ततः ॥ ६३ ॥

इति रूपमजं प्रथमोदिते पीठवरे पूर्वकथितदेवताकल्पितपीठे यजेत् अरूपं निर्गुणम्। आवरणानि दर्शयति—प्रथममिति। तदङ्गवृत्तिं पूर्वोक्ताङ्गावरणं प्रथमं परिपूज्य ततस्तदनन्तरं मिथुनानि केशवकीर्त्यादीनि रासगानि रासक्रीडागतानि ॥ ६३ ॥

इस प्रकार पहले कहे गये आधार पीठ पर निर्गुण एवं अजन्मा परमात्मा श्री कृष्ण के स्वरूप का ध्यान कर पूजन करें। सर्व प्रथम पूर्व में कहे गये उनके पाँच दाम सुदामादि अङ्गों का पूजन करे, तदनन्तर रास में रहने वाले उनके केशव कीर्त्यादि द्वन्द्व स्वरूपों का पूजन करे ॥ ६३ ॥

दलषोडशके स्वरमूर्तिगणं
सहशक्तिकमुत्तमरासगतम्।
सरमामदनं स्वकलासहित
मिथुनाह्वमथेन्द्रपविप्रमुखान् ॥ ६४ ॥

दलषोडशके षोडशपत्रे पूजयेत्—

मिथुनमेव कथयति स्वरमूर्त्तिगणम् इति स्वरभवा अकारादिवर्णभवाः केशवादिषोडशमूर्तयः, स्वरमूर्त्तिगणं कीदृशम्? सहशक्तिकं कीर्त्यादिशक्तिसहितम्। पुनः कीदृशम्? उत्तमो यो रासः तत्र गतम्। क्वचिदुत्तररासगतमिति पाठः। तत्र मध्यरासे परमेश्वरपूजा उत्तरादिरासे केशवादिक पूजयेत्।

पुनः कीदृशम्? रमाश्रीबीजं मदनः कामबीजम् एताभ्यां सहितम्। पुनः कीदृशम्? स्वकीया याः कलाः षोडशस्वराः तैः सहितं प्रयोगश्च श्रीं क्लीम् अं केशवकीर्तिभ्यां नमः इत्यादि। पुनः कीदृशम्? मिथुनाह्वं मिथुनसंज्ञकम्। अथानन्तरम् इन्द्रपविप्रमुखान् इन्द्रादीन् वज्रादींश्च पूजयेदित्यर्थः ॥ ६४ ॥

षोडशदल के कमल पर अकारादिवर्णों से उत्पन्न उत्तम रास क्रीडा में विद्यमान कीर्त्यादि शक्ति सहित षोडश केशवादि मूर्त्तियों की रमा के बीज मन्त्र 'श्री' एवं काम बीज 'क्लीम्' इन दो बीजमन्त्रों से युक्त षोडशस्वरों से प्रथम पूजा करे। तदनन्तर इन्द्रादि देवताओं की तथा उनके वज्रादि आयुधों की भी पूजा करे ॥६४॥

विमर्श—प्रयोग विधि यथा 'श्रीं क्लीं अं केशवकीर्त्तिभ्यां नमः' इत्यादि ॥ ६४ ॥

पूर्वोक्तावृतिसंख्यापूर्वकं नैवेद्य कथयति—इतीति ।

इति सम्यगमुं परिपूज्य हरि
चतुरावृतिसंवृतमार्द्रमतिः ।
रजतारचिते चषके ससितं
सुघृतं सुपयोऽस्य निवेदयतु ॥ ६५ ॥

अनेन प्रकारेण चतुरावरणवेष्टितममुं हरिं सम्यक् यथाविधि सम्पूज्य श्रद्धावान् रजतारचिते रूप्यनिर्मिते चषके पात्रे अस्य हरेः ससितं सशर्करं सघृतं घृतसहितं पाठान्तरम् । सुशृतम् आवर्त्तितं पयो दुग्धं निवेदयतुम् ॥६५॥

इस प्रकार चार आवरणों से युक्त श्रीकृष्ण परमात्मा की सविधि पूजा कर श्रद्धावान् साधक चाँदी के बने हुए पात्रों में शर्करा घृत सहित उष्ण पायस का नैवेद्य निवेदित करे ॥ ६५ ॥

विभवे सति कांस्यमयेषु पृथक्
चषकेषु तु षोडशसु क्रमशः ।
मिथुनेषु निवेद्य पयः ससितं
विदधीत पुरोवदथो सकलम् ॥ ६६ ॥

विभवे सति यदि तादृशमैश्वर्यं भवति तदा कांस्यघटितेषु पृथक् एकैकं षोडश चषकेषु क्रमेण मिथुनगणेषु ससितं पयो निवेद्य अथानन्तरं पुरोवत् निवेदयामि भगवते इत्याद्युक्तप्रकारेण सकलं पूजाविशेषं समापयेत् ॥ ६६ ॥

यदि ऐश्वर्यवान् हो तो अलग अलग षोडश काँस के बने हुये पात्र में अलग अलग सिता घृत सहित पायस को षोडश शक्ति सहित उन केशवादि मूर्तियों को 'निवेदयामि भगवते जुषाणेदं हविर्हरे' (द्र० ४. ५६) इस मन्त्र से निवेदित करे। तदनन्तर पूर्ण कथित मुद्रादि प्रदर्शित कर पूजा समाप्त करे ॥ ६६ ॥

रासपूजाफलमाह—सकलेति ।

सकलभुवनमोहनं विधिं यो-
नियतममुं निशिनिश्युदारचेताः ।
भजति स खलु सर्वलोकपूज्यः
श्रियमतुलां समवाप्य यात्यनन्तम् ॥ ६७ ॥

अमुं विधिं रासपूजाप्रकारं सकलभुवनमोहनं सकलभुवनवश्यकरं नियतमबाधेन यो निशि निशि प्रतिरजनि उदारचेताः प्रसन्नमनाः सन् सम्यक् भजति कुर्यात् स सर्वलोकपूज्यः सन् अतुलामतिशयितां श्रियं समृद्धिं समवाप्य अनन्तं विष्णुं याति प्राप्नोति ॥ ६७ ॥

जो मनुष्य प्रसन्न होकर संपूर्ण विश्व को मोहित करने वाली इस प्रकार की विधि से नियमपूर्वक प्रत्येक रात्रि में श्रीकृष्ण परमात्मा का पूजन करता है, वह सर्वलोक पूज्य बन जाता है और इस लोक में अतुल संपत्ति प्राप्त कर अन्त में मरने के बाद विष्णु सायुज्य प्राप्त करता है ॥ ६७ ॥

निशि वेति ।

निशि वा दिनान्तसमये-
प्रपूजयेन्नित्यशोऽच्युतं भक्त्या ।
समफलमुभयं हि ततः
संसाराब्धिं समुत्तितीर्षति यः ॥ ६८ ॥

यः पुमान् संसारसागरस्तरितुमिच्छति सोऽच्युतं भक्त्या निशि वा दिनान्तसमये वा सध्यायां पूजयेत् नित्यशः प्रत्यहं हि यतः उभय निशासंध्यापूजनद्वयं समफलं ततस्तस्माद्धेतोः निशि वा दिनान्ते वा पूजयेदित्यर्थः ॥ ६८ ॥

संसार सागर को पार करने वाला जो पुरुष सायङ्काल के समय भक्ति श्रद्धा से युक्त हो नियमपूर्वक निरन्तर इस प्रकार परमात्मा श्रीकृष्ण का पूजन करता है, वह सायङ्काल के पूजन का तथा निशाकाल के पूजन का समान रूप से फल प्राप्त करता है। इसलिये चाहे तो सायङ्काल में अथवा रात्रि के समय (जैसी सुविधा हो किसी समय) श्रीकृष्ण परमात्मा की पूजा करे ॥ ६८ ॥

उक्तमुपसंहरति—इत्येवमिति ।

इत्येवं मनुविग्रहं मधुरिपुं यो वा त्रिकालं यजे-
त्तस्यैवाऽखिलजन्तुजातदयितस्याम्भोधिजावेश्मनः ।
हस्ते धर्मसुखार्थमोक्षतरवः सद्वर्गसम्प्रार्थिताः
सान्द्रानन्दमहारसद्रवमुचो येषां फलश्रेणयः ॥ ६९ ॥

इति अमुना प्रकारेण यः पुमान्मन्त्रशरीरं मधुसूदनं त्रिकालं वा पूजयेत् तस्य नानाविधप्राणिसमूहवल्लभस्य अम्भोधिजावेश्मनो लक्ष्मीनिवासस्य धर्मादिपुरुषार्थचतुष्टयवृक्षाः हस्ते भवन्तीति शेषः। कीदृशाः? सतां वर्गः समूहः तेन प्रार्थिताः। संसर्गीति पाठे ससर्गिभिर्निकटस्थैः यद्यपि मोक्षस्य फलं नास्ति तथापि मोक्षपदेन तद्धेतुभूतं तत्त्वज्ञानमुक्तं येषां वृक्षाणां फलपङ्क्तयः नित्यानन्दब्रह्म स्वरूपमहारसद्रवदाः ॥ ६९ ॥

इस प्रकार की विधि से जो मनुष्य मन्त्रशरीरात्मक श्रीकृष्ण का त्रिकाल पूजन करता है, वह त्रैलोक्य के सारे प्राणियों का प्रिय हो जाता है। उसके घर में कमलविवासिनी महालक्ष्मी का निवास हो जाता है और उसे सज्जनों से प्रार्थित धर्म, काम, अर्थ और मोक्ष के ऐसे वृक्ष अपने आप उपस्थित हो जाते हैं जिनमें ब्रह्मस्वरूपमहारस की अमृतमय फलों की पंक्तियाँ लगी हुई हैं ॥ ६९ ॥

अथेति।

अथोच्यते पूर्वसमीरितानां
पूजावसाने परमस्य पुंसः।
कल्पस्तु काम्येष्वपि तर्पणानां
विनाऽपि पूजां खलु यैः फलं तत् ॥ ७० ॥

अथानन्तरं परमस्य पुंसः श्रीगोपालकृष्णस्य पूजावसाने पूजानन्तरं पूर्वसमीरितानां श्रीमन्मुख-इत्यादिकथितानां नित्यतर्पणानां कल्पः प्रकारः काम्येष्वपि तर्पणेषु प्रकार उच्यते यैस्तर्पणैः पूजां विनापि तत्फलं पूजाफलं प्राप्नोति यथापूजा तथैव तर्पणम् ॥ ७० ॥

अब उसके बाद मैं गोपाल स्वरूप परमात्मा श्रीकृष्ण के पूजा के अन्त में 'श्री मन्मुखे' (द्र० ५.२३) इत्यादि श्लोक में पूर्वकथित नित्य तर्पण के प्रकार को काम्य कर्मों के अनुष्ठान के लिये कहता हूँ; जिसके कल्प से पूजा के बिना भी पूजा का फल प्राप्त हो जाता है। अर्थात पूजा से जो फल प्राप्त होता है वह फल मात्र तर्पण से प्राप्त हो जाता है ॥ ७० ॥

संतर्प्येति।

संतर्प्य पीठमन्त्रैः सकृत्सकृत्प्रथममच्युतं तत्र।
आवाह्य पूजयेत्तं तोयैरेवाखिलैः समुपहारैः ॥ ७१ ॥

प्रथमं पीठमन्त्रैराधारशक्त्यादिमन्त्रैः पीठाङ्गभूतदेवतां सकृत्सकृदेकैकवारं संतर्प्य अनन्तरं तत्र तोयमये पीठे अच्युतमावाह्य जलैरेव गन्धादिसकलोपचारात्मकैः पूजयेत् ॥ ७१ ॥

प्रथम (१.४०-४५) कहे गये 'आधार शक्त्यै नमः' इत्यादि आधार शक्ति के मन्त्रों से पीठाङ्गभूत देवताओं का एक एक वार जल से अर्चन करे। पुनः उस जलमय पीठ पर परमात्मा श्रीकृष्ण का आवाहन कर जल में ही गन्धादि उपचारों की भावना कर उसी से उनका पूजन करे ॥ ७१ ॥

बद्ध्वेति ।

बद्ध्वाऽथ धेनुमुद्रां तोयैः सम्पाद्य तर्पणद्रव्यम् ।
तद्बुद्ध्याऽञ्जलिना तं सुवर्णचषकीकृतेन तर्पयतु ॥ ७२ ॥

ततो धेनुमुद्रां बद्ध्वा तोयैस्तर्पणद्रव्यं संपाद्य तद्द्रव्यरूपतया तोयं भावयित्वा तद्बुद्धया तत्कथितद्रव्यतर्पणद्रव्यबुद्धया तं कृष्णं तर्पयतु केनाञ्जलिना कीदृशेन सुवर्णचषकतया विचिन्तितेनेत्यर्थः ॥ ७२ ॥

इसके अनन्तर धेनुमुद्रा प्रदर्शित कर उस जल में ही तर्पण की सारी सामग्री की भावना कर उस समस्त द्रव्यमान जलों से युक्त अपनी अञ्जलि में सुवर्णपात्र की संभावना करते हुये उसी से श्रीकृष्ण का तर्पण करे ॥ ७२ ॥

विंशतीति ।

विंशतिरष्टोपेता कालत्रयतर्पणेषु सङ्ख्योक्ता ।
भूयः स्वकालविहितान्सकृत्तर्पयेच्च परिवारान् ॥ ७३ ॥

कालत्रयतर्पणेषु त्रिकालतर्पणेषु एकस्मिन् कालेऽष्टोपेता अष्टाविंशतिः तर्पणस्य संख्योक्ता पुनः स्वकालविहितान् स्वस्मिन् प्रातर्मध्याह्नादौ ये ये विहिताः परिवारा आवरणदेवतास्तान् सकृदेकैकवारं सन्तर्पयेत् ॥ ७३ ॥

तीनों काल में श्रीकृष्ण के तर्पण के लिये प्रत्येक काल में तर्पण की संख्या २८ बार बताई गई है। इस प्रकार तर्पण कर लेने के पश्चात् प्रातः, मध्याह्न एवं सायङ्काल की पूजन विधि में कहे गये तत्तदावरणोक्त देवताओं का भी एक-एक बार तर्पण करे ॥ ७३ ॥

कालत्रयस्य तर्पणद्रव्यमाह—प्रातरिति ।

प्रातर्दधिगुडमिश्रं मध्याह्ने पायसं सनवनीतम् ।
क्षीरं तृतीयकाले ससितोपलमित्युदीरितं द्रव्यम् ॥ ७४ ॥

गुडसहितं दधि प्रातःकाले नवनीतसहित पायसं मध्याह्ने ससितो पलं शर्करासहितं क्षीरं तृतीयकाले इत्यमुना प्रकारेण द्रव्यं तर्पणद्रव्यं कथितम् ॥ ७४ ॥

अब तीनों काल में तर्पण के लिये द्रव्य विशेष कहते हैं—प्रातःकाल में गुड-मिश्रित जल, मध्याह्न में नवनीतयुक्त पायस और सायङ्काल में मिश्री से युक्त दूध से तीनों काल में तर्पण के द्रव्य कहे गये हैं ॥ ७४ ॥

तर्पणमन्त्रमाह—तर्पयामीत्यादि ।

तर्पयामिपदं योज्यं मन्त्रान्ते स्वेषु नामसु ।
द्वितीयान्तेषु तु ततः पूजाशेषं समापयेत् ॥ ७५ ॥

मन्त्रान्ते मूलमन्त्रावसाने स्वकीयानि तर्पणीयदेवतानां नामानि तेषु तत्समीपेषु द्वितीयान्तेषु अमुकदेवतामित्यादिरूपेषु तर्पयामीतिपदं योज्यम् अनन्तरं पूजाशेषं समापयेत् ॥ ७५ ॥

मूल मन्त्र के अन्त में तर्पण के देवताओं के नाम को द्वितीया विभक्ति से संयुक्त करे । पुनः 'तर्पयामि' पद का प्रयोग करे । पुनः तर्पण करने के पश्चात् पूजा का क्रम समाप्त करे ॥ ७५ ॥

विमर्श—प्रयोग विधि–'गोपीजन वल्लभाय नमः श्रीकृष्ण देवता तर्पयामि' समझना चाहिये ॥ ७५ ॥

उत्तरकृत्यमाह—अभ्युक्ष्येति ।

अभ्युक्ष्य ततप्रसादाद्भिरात्मानं प्रपिवेदपः ।
तज्जप्त्वा तमथोद्वास्य तन्मयः प्रजपेन्मनुम् ॥ ७६ ॥

तत्प्रसादाद्भिः परमेश्वरप्रसाददतर्पणजलैः आत्मानं शरीरं सिक्त्वा-तज्जप्त्वा मन्त्रं जप्त्वा अपः प्रपिबेत्, अथानन्तरं तं देवमुद्वास्य स्वहृदये संयोज्य तन्मयः सन्मन्त्रं जपेत् ॥ ७६ ॥

इस प्रकार परमेश्वर श्रीकृष्ण के प्रसाद युक्त जल से अपने को अभिषिक्त कर मूल मन्त्र का जप करते हुये प्रोक्षण शेष जल पी जावे । फिर उनका विसर्जन कर एवं उन्हें अपने हृदय प्रदेश में स्थापित कर तन्मय हो मूल मन्त्र का जप करे ॥ ७६ ॥

सप्रकारं सद्रव्यं काम्यं तर्पणमाह—अथेति ।

अथ द्रव्याणि काम्येषु वक्ष्यन्ते तर्पणेषु तु ।
तानि प्रोक्तविधानानामाश्रित्यान्यतरं भजेत् ॥ ७७ ॥

अथानन्तरं काम्येषु तर्पणेषु यानि नारदादिभिः कथितानि द्रव्याणि तानि वक्ष्यन्ते प्रोक्तविधानानां त्रिकालोक्तविधानानाम् अनन्तरम् एकं विधानमाश्रित्य काम्यतर्पणकर्म भजेत् ॥ ७७ ॥

मैं काम्य कर्मों के विषय में नारदादि महर्षियों द्वारा कहे गये द्रव्यों को आगे कहूँगा । काम्य विधि के लिये त्रिकाल में तर्पण के लिये कही गई विधियों में से किसी एक विधि का आश्रय लेकर काम्य तर्पण करे ॥ ७७ ॥

द्रव्यैरित्यादि ।

द्रव्यैः षोडशभिरमुं प्रतर्पयेदेकशश्चतुर्वारम् ।
स चतुःक्षीराद्यन्तैः सकृज्जलाद्यन्तमच्युतं भक्त्या ॥ ७८ ॥

षोडशभिर्द्रव्यैरमुं श्रीकृष्णम् एकशश्चतुर्वारं तत्द्रव्यबुद्ध्या जलैरेव तर्पयेत् । कीदृशैः ? चत्वारि क्षीराणि आद्यं येषां तैः । षोडशद्रव्याणाम् आदौ दुग्धाञ्जलिचतुष्टयम् अन्ते च चतुष्टयमित्यर्थः । सकृज्जलाद्यन्तमिति क्रिया विशेषणम् । तथा च प्रथममेकवारं जलेन ततश्चतुर्वारं ततः चतुर्वारं क्षीरैः ततः सकृज्जलेन इति पर्यवसन्नम् ॥ ७८ ॥

वक्ष्यमाण षोडश द्रव्यों से वारी वारी एक एक द्रव्य से चार चार बार भक्तिपूर्वक परमात्मा श्री कृष्ण का तर्पण करना चाहिये ॥ ७८ ॥

विमर्श—अर्थात् प्रथम एक जलाञ्जलि जल से तर्पण करे, तदनन्तर चार बार दुग्ध से, पुनः चार वार दुग्ध से तर्पण करे । इस प्रकार प्रथम द्रव्य का तर्पण हुआ । तदनन्तर एक बार जल से तर्पण कर, पुनः चार बार दधिमिश्रित अन्न से तर्पण करे । इस प्रकार दूसरे द्रव्य से तर्पण हुआ । यही क्रम सर्वत्र १६ द्रव्यों के लिये समझना चाहिये ॥ ७८ ॥

षोडशद्रव्याण्याह—पायसमिति ।

पायसदाधिकक्रसरक्षौडान्नपयोदधीनि नवनीतम् ।
आज्यं कदलीमोचारजस्वलाचोचमोदकापूपम् ॥ ७९ ॥

पृथुकं लाजोपेतं द्रव्याणां कथितमिह षोडशकम् ।
लाजान्तेऽन्त्यक्षीरात्प्राक्समर्प्य सितोपलापुञ्जैः ॥ ८० ॥

पायसं परमान्नं दाधिकं दध्ना परिष्कृतम् अन्नं कृसरं मुद्गौदनं गौडान्नं गुडोदकपक्वम् अन्नम्-पयोदुग्धम् दधि प्रसिद्धम् नवनीतम् आज्यम् घृतम् कदली चम्पाकदली मोचा स्वर्णकदली रजस्वला कदलीविशेषः चोचोऽपि कदलीविशेषः मोदको लड्डुकः अपूपम् पूलिका पृथुकं चिपिटकं लाजसमेतम् लाजसहितम इति द्रव्याणां षोडशकम् कथितम् इह ग्रन्थे लाजेति । लाज-तर्पणानन्तरम् अन्त्यचतुःक्षीरतर्पणात् पूर्वं सितोपलापुञ्जैः श्वेतशर्करासमूहैः भावनया तोयभावापन्नैः सकृत् संतर्पयेत् ॥ ७९ ॥ ८० ॥

१ पायस (परमान्न या खीर) २ दधि से परिष्कृत, अन्न मिला हुआ मूँग और चावल, ३ गुड के जल में पकाया हुआ चावल, ४ दूध ५ दही ६ नवनीत ७ (मक्खन) घी, ८ कदली, ९ मोचा (सुवर्णवर्णा कदली) १० रजस्वला (एक प्रकार की कदली) ११ चोच १२ (यह भी एक विशेष प्रकार की कदली) १३ लड्डु, १४ अपूप (पूआ) १५ चिउड़ा, और लावा १६ ये तर्पण के लिये षोडश द्रव्य कहे गये हैं । अन्त में लाजा से तर्पण करने के पश्चात् अन्त में क्षीरतर्पण पुनः करे । किन्तु उससे पहले सितोपलापुञ्ज (मिश्री समूह) की भावना करते हुये जल से श्रीकृष्ण का एक बार तर्पण करे ॥ ७९ ॥ ८० ॥

उक्त काम्यतर्पणस्य फलमाह—प्रगे इति ।

प्रगे चतुःसप्ततिवारमित्यमुं
प्रतर्पयेद् योऽनुदिनं नरो हरिम् ।
अनन्यधीस्तस्य समस्तसम्पदः
करे स्थिता मण्डलतोऽभिवाञ्छिताः ॥ ८१ ॥

इत्यनेन प्रकारेण प्रगे प्रातःकाले चतुःसप्ततिवारम् अमुं हरिं कृष्णं यो नरः अनुदिनं प्रत्यहमनन्यधीः एकाग्रचित्तः सन् संतर्पयेत् तस्य पुंसः मण्डलतः एकोनपञ्चाशद्दिवसात् अर्वागिति त्रिपाठिनः अष्टचत्वारिंशद्दिव-साभ्यन्तर इति लघुदीपिकाकारः, पञ्चत्रिंशद्दिवसाभ्यन्तर इति रुद्रधरः, अभिवाञ्छिता आकाङ्क्षिताः सकलसिद्धिसमृद्धयः हस्तस्थिता भवन्ति अत्र सितोपलापुञ्जस्य गणना न कार्या ॥ ८१ ॥

जो मनुष्य एकाग्रचित्त होकर प्रतिदिन प्रातः काल इस विधि से ७४ बार परमात्मा श्री कृष्ण का तर्पण करता है उसे मण्डल संख्यात्मक दिन (४९ दिन से) पहले आकाङ्क्षित सारी संपत्ति हस्तगत हो जाती है ॥ ८१ ॥

काम्यतर्पणान्तरमाह—धारोष्णेति ।

धारोष्णपक्वपयसीदधिनवनीते घृतं च दौग्धान्नम् ।
मत्स्यण्डीमध्वमृतं द्वादशशः तर्पयेन्नवभिरेभिः ॥ ८२ ॥

धारोष्णम्पयः तदानींतनमेव निष्पादितं दुग्धं तथापक्वम्पयः साधितं दुग्धं धारोष्णपक्वे च पयसीच अमू धारोष्णपक्वपयसी दधि प्रसिद्धं नवनीतं घृतं दौग्धान्नं पायस मत्स्यण्डीशर्करा विशेषः सशर्करं विनष्टदुग्धमिति-त्रिपाठिनः । मधुप्रसिद्धम् अमृतम् एतैर्नवभिर्द्रव्यैर्द्वादशवारं तर्पयेत् ॥ ८२ ॥

काम्य विधि में अन्य प्रकार का तर्पण धारोष्ण १ दूध, २ पकाया हुआ दूध, ३ दही नवनीत, ४ घृत, ५ दुग्ध में पकाया गया अन्न, ६ मिश्री ७ मधु और ८ अमृत, ९ जल । इन नवों द्रव्यों में प्रत्येक से बारह-बारह वार परमात्मा श्रीकृष्ण का तर्पण करे ॥ ८२ ॥

एतस्य फलमाह—तर्पणेति ।

तर्पणविधिरयमपरः पूर्वोदितसमफलोऽष्टशतसङ्ख्यः ।
कार्मणकर्मणि कीर्त्तौ जनसंवनने विशेषतो विहितः ॥ ८३ ॥

अयं तर्पणप्रकारः पूर्वोक्ततर्पणप्रकाराद्भिन्नः, कीदृशः ? पूर्वकथिततर्पणफलसमफलः । पुनः कीदृशः ? अष्टोत्तरशतप्रमाणकः ततो नवभिर्द्रव्यैर्द्वादशकृत्वा तर्पणेनाष्टोत्तरसंख्या भवति । पुनः कीदृशः ? कार्मणकर्मणि वश्यकरणकर्मणि तथा कीर्त्तौ सत्कथायां जनसंवनने लोकवशीकरणे लोकप्रियत्वेन वा विशेषेण विहितः ॥ ८३ ॥

यह तर्पण का प्रकार पूर्वोक्त कहे गये तर्पण के प्रकार से भिन्न है । किन्तु इसके तर्पण से पूर्वोक्त तर्पण का फल प्राप्त हो जाता है । इन नवों द्रव्यों से (प्रत्येक से बारह बारह बार तर्पण करने से) कुल १०८ बार तर्पण करना चाहिये । यह तर्पण काम्य कर्मों में विशेष कर कीर्त्ति प्राप्ति के लिये एवं वशीकरण के लिये विशेष रूप से विहित हैं ॥ ८३ ॥

तर्पणान्तरमाह—सखण्डेति ।

सखण्डधारोष्णधियामुकुन्दं
व्रजन् पुरग्राममपि प्रतर्प्य ।
लभेत भोज्यं सरसं सभृत्यै-
र्वासांसि धान्यानि धनानि मन्त्री ॥ ८४ ॥

शर्करायुक्त सद्यो दुग्धबुद्धया जलेन मुकुन्दं प्रतर्प्य नगरं तथा ग्रामं व्रजन् साधकः अनुगैः सह सरसं मधुरादिरससहितं भक्षणीयं तथा वस्त्राणि धान्यानि सुवर्णादीनि प्राप्नोति ॥ ८४ ॥

मनुष्य नगर अथवा ग्राम में जाते समय जल में खांडयुक्त दूध की भावना कर उसी से श्रीकृष्ण का तर्पण करे तो उस साधक पुरुष को एवं उसके साथ में रहने वाले समस्त अनुचरो को मधुर भोजन वस्त्र और सुवर्णदि विविध द्रव्य अवश्य प्राप्त होते हैं ॥ ८४ ॥

तर्पणस्याऽशेषफलदातृतां तर्पणोत्तरकृत्यं च दर्शयति—यावदित्यादि ।

यावत्संख्यं तर्पयेन्मन्त्रीतावत्सङ्ख्यं जपेन्मनुम् ।
तर्पणेनैव कार्याणि साधयेदखिलान्यपि ॥ ८५ ॥

अखिलानि समस्तानि कार्याणि वाञ्छितानि तर्पणेनैव विनापि पूजाहोमं साधयेत् । अत्र यावत्संख्यं तर्पणं करोति तावत्संख्यं मन्त्रं जपेत् ॥ ८५ ॥

इस प्रकार साधक तर्पण के द्वारा ही अपने समस्त अभिलषित कार्यों को सिद्ध करे । मन्त्र वेत्ता साधक जितनी बार तर्पण करे उतनी ही वार मन्त्रो का जप भी करे ॥ ८५ ॥

प्रयोगान्तरमाह—द्विज इति ।

द्विजोभिक्षावृत्तिर्य इह दिनशो नन्दतनयः
स्वयं भूत्वा भिक्षामटति विहरन् गोपसुदृशाम् ।
अमा चेतोभिः स्वैर्ललितललितैर्नर्मविधिभि-
र्दधिक्षीराज्याढ्यां प्रचुरतरभिक्षां स लभते ॥ ८६ ॥

भिक्षावृत्तिर्जीवनोपायो यस्य स द्विजो त्रैवर्णिको दिनशः प्रतिदिनं स्वयं नन्दतनयो भूत्वा तद्रूपेणात्मानं विचिन्त्य इह भिक्षामटति याचते किङ्कुर्वन् स्वकीयैर्ललितललितैः अतिमनोहरैः नर्मविधिभिः क्रीडाकर्मभिर्गोपसुदृशां गोपस्त्रीणां चेतोभिः सार्द्धं विहरन् अमाशब्दः सहार्थे सदधिदुग्धघृतप्रचुरां बहुभिक्षां प्राप्नोति ॥ ८६ ॥

भिक्षावृत्ति से जीने वाला ब्राह्मण प्रतिदिन स्वयम् अपनी आत्मा में श्रीकृष्ण की भावना (पूर्वोक्त आत्मयाग कर) कर इस लोक में भिक्षा के लिये प्रस्थान करे तो वह नर्म (कामकला) युक्त अपने मनोहर बचनों से गोपस्त्रियों के साथ बिहार करते हुये दुग्ध, दही एवं घृत युक्त प्रचुर भिक्षा प्राप्त करता हैं ॥ ८६ ॥

यन्त्रमाह—मध्य इति ।

मध्ये कोणेषु षट्स्वप्यनलपुरपुटस्यालिखेत्कर्णिकायां
कन्दर्पं साध्ययुक्तं विवरगतषडर्णं द्विशः केशरेषु ।
शक्तिश्रीपूर्वकानिद्विनवलिपिमनोरक्षराणि च्छदानां
मध्ये वर्णान् दशानां दशलिपिमनुवर्यस्य चैकैकशोऽब्जम् ॥८७॥

दशदलपद्मं विलिख्य कर्णिकायां षट्कोणं वह्निगृहं विलिख्य वह्निगृह-युग्मस्य मध्ये षट्कोणेषु विलिखेत्, लेखनप्रकारमाह-कर्णिकायां मध्ये साध्य-नामसहितम् अमुकस्यामुकं सिद्ध्यत्वित्यनेन सहितं कन्दर्पं कामबीजं विलिखेत्, तथाविवरगतं षडर्णं षट्कोणगतवक्ष्यमाणषडक्षरं विलिखेत् तथा केशरेषु दशदलमूलेषु द्विशः द्वौ द्वौ कृत्वा द्विनवलिपिमनोरष्टादशाक्षर-मन्त्रस्य शक्तिश्रीपूर्वकानि भुवनेश्वरीबीजश्रीबीजाद्यान्यक्षराणि विलिखेत् तथा दशानां पात्राणां मध्ये दशलिपिमनुवर्यस्य दशाक्षरमन्त्रश्रेष्ठस्य वर्णान् एकैकशो विलिखेत् ततोऽब्जं पद्मम् ॥ ८७ ॥

गोपाल मन्त्र लिखने की विधि—

सर्व प्रथम दशदल का पद्म बनावे । पुनः उसकी कर्णिका में षट्कोण निर्माण करे । कर्णिका के मध्य में साध्य नाम और उसका कार्य काम बीज मन्त्र के साथ लिखे । ('क्लीं देवदत्तस्य पुत्रसिद्धिरस्तु' इत्यादि प्रयोग समझना चाहिये) पुनः षट्-कोण में 'क्लीं कृष्णाय नमः' यह षडक्षर मन्त्र लिखे । दशदल के मूलभाग में ॐ ह्रीं श्रींपूर्वकं अष्टादशाक्षर मन्त्र के दो-दो अक्षरों को लिखे । यदि दशाक्षर मन्त्र लिखना हो तो एक एक पत्र में एक मन्त्र का अक्षर लिखे ॥ ८७ ॥

भूसद्मनाऽभिवृतमस्त्रगमन्मथेन
गोरोचनाऽभिलिखितं तपनीयसूच्या ।
पट्टे हिरण्यरचिते गुलिकीकृतं तद्-
गोपालयन्त्रमाखलार्थदमेतदुक्तम् ॥ ८८ ॥

(गोपालयन्त्रमुक्तं किंभूतम् ?) भूबिम्बेन चतुरस्रेण वेष्टितं कुर्यात् कीदृशेन ? भूसद्मना अस्त्रगमन्मथेन कोणगतकामबीजेन एतदखिलार्थदं गोपालयन्त्रमुक्तं कीदृशम् ? सुवर्णशलाकया गोरोचनादिना सुवर्णरचिते पट्टे लिखितम् अनन्तरं वर्तुलीकृतम् ॥ ८८ ॥

इस प्रकार लिखे गये गोपाल यन्त्र को चौकोर चतुष्कोण से युक्त कर उसके चारो कोनों में काम बीज (क्लीं) लिखे । यह गोपाल यन्त्र सुवर्ण की शलाका से गोरोचन द्वारा सोने के पत्ते पर लिखे फिर उस मन्त्र की गुलिका बनावे । इस प्रकार बनाया गया यह गोपाल यन्त्र संपूर्ण कामनाओं को सिद्ध करता है ॥ ८८ ॥

संपातसिक्तमभिजप्तमिदं महद्भि-
र्धार्यं जगत्त्रयवशीकरणैकदक्षम् ।
रक्षायशःसुतमहीधनधान्यलक्ष्मी
सौभाग्यलिप्सुभिरजस्रमनर्घ्यवीर्यम् ॥ ८९ ॥

इदं यन्त्रं संपातसिक्तम् आहुतिदानशेषपुरःस्थितघृतसिक्तं तथा मन्त्रेणाभिमन्त्रितं रक्षाभयनिवारणं यशः सत्कथाप्रकाशः सुतः पुत्रः महीपृथिवी धनं सुवर्णादि लक्ष्मीः सर्वसंपत्तिः सौभाग्यं सर्वजनप्रियत्वम् एतत्प्राप्तुमिच्छद्भिर्महद्भिः शौचयुक्तैः सततं धारणीयम् । अयमर्थः—यथोक्तं यन्त्रं सम्पाद्य प्राणप्रतिष्ठां कृत्वा पञ्चामृतादिभिः अभिषिच्य अष्टोत्तरशतं सहस्रं वा संपातघृतसिक्तं कृत्वा यथोक्तसंख्यं जप्त्वा धारयेदिति कीदृशम् ? जगत्त्रयायत्तीकरणकुशलम् । पुनः अनर्घ्यवीर्यं महाप्रभावम् ॥ ८९ ॥

इस गोपालयन्त्र को आहुति देने के पश्चात् शेष घृत से सिक्त करे तथा पुनः अभिमन्त्रित करे । इस प्रकार बनाये गये गोपाल यन्त्र की प्राणप्रतिष्ठा करे । पञ्चगव्य एवं पञ्चामृत को छींटा देकर इसे अभिषिक्त करे । पुनः १०८ वार अथवा १००८ वार मूलमन्त्र का जप करे । तब सारे जगत् को वश में करने वाला यह

अप्रमेय यन्त्र शक्ति से संपन्न हो जाता है। यह यन्त्र महाभय को दूर करता है; इसलिये यशः, पुत्र, पृथ्वी, धन-धान्य, लक्ष्मी और सौभाग्य चाहने वाले महान् पुरुषों को इस अनर्घ्य मन्त्र को धारण करना चाहिये ॥ ८९ ॥

यन्त्रस्य दर्शयति धारणादन्यत्राप्युपयोगम्—भूतोन्मादेति।

भूतोन्मादापस्मृतिविषमूर्छाविभ्रमज्वरार्त्तानाम् ।
ध्यायन् शिरसि प्रजपेन्मन्त्रमिमं झटितिशमयितुं विकृतिम् ॥९०॥

भूतः श्मशानदेशवर्त्ती अदृश्यरूपोऽनिष्टकारीउन्मादश्चित्तविभ्रमः अपस्मृतिरपस्मारणयोगः विषं मूर्छाकारिस्थावरं जङ्गमञ्च मूर्छा अचेष्टा विभ्रमः प्रमादः ज्वरो रोगविशेषः एतैरार्त्तानां पीडितानां शिरसि मस्तकोपरि इदं यन्त्ररूपं ध्यायन् इमङ्गोपालमन्त्रं जपेत् किङ्कर्तुम्? विकृतिं झटिति शीघ्रं शमयितुं नाशयितुम् ॥ ९० ॥

भूत (श्मशान में रहने वाला अदृश्य, एवं अनिष्टकारी देव विशेष) उन्माद (चित्त का विभ्रम), अपस्मार (मृगी), विष, मूर्च्छा, प्रमाद, एवं ज्वर रोग से ग्रस्त रोगियों के शिर पर इस मन्त्र को रखकर अथवा उसका ध्यान कर गोपाल मन्त्र का जप करे तो समस्त विकृतियाँ शीघ्रातिशीघ्र शान्त हो जाती हैं ॥ ९० ॥

यन्त्रे षडक्षरमन्त्रमुद्धरति—स्मरेति।

स्मरत्रिविक्रमाक्रान्तश्चक्रीष्णायहृदित्यसौ ।
षडक्षरोऽयं संप्रोक्तः सर्वसिद्धिकरो मनुः ॥ ९१ ॥

स्मरः कामबीजं त्रिविक्रमः ऋकारः तेन क्रान्तः संबद्धः चक्री ककारः तथाकृ इति ष्णायेति स्वरूपं हृन्नमः इत्यनेन प्रकारेणासौ षडक्षरोऽयं मन्त्रः सम्प्रोक्तः सर्वसिद्धिकरः अखिलकामदः ॥ ९१ ॥

स्मर (काम बीज क्लीम्) पुनः त्रिविक्रम (ऋकार) से युक्त चक्री (ककार) उसके आगे ष्णाय और पुनः नमः लगावे तो यह षडक्षर मन्त्र हो जाता है। सभी सिद्धियों को देने वाला 'क्लीं कृष्णाय नमः' यही उस षडक्षर मन्त्र का संप्रोक्त स्वरूप हुआ ॥ ९१ ॥

शक्तिबीजमुद्धरति—क्रोड इति।

क्रोडोऽग्निदीप्तो मायावीलवलाञ्छितमस्तकः ।
सैषा शक्तिः परासूक्ष्मा नित्या संवित्स्वरूपिणी ॥ ९२ ॥

क्रोडो हकारः। कीदृशः ? अग्निना रेफेण दीप्तः। पुनः मायावी दीर्घ-ईकारः तद्युक्तः। पुनः लवेन बिन्दुना लाञ्छितं मस्तकं यस्य स तथा सानुस्वार इत्यर्थः। एषा शक्तिः परा उत्कृष्टा सूक्ष्मा मृणालतन्तुसदृशी नित्या जन्मनाशरहिता संवित्स्वरूपिणी स्वप्रकाशरूपिणी ॥ ९२ ॥

शक्ति बीज का उद्धार—

क्रोड (हकार), उसे अग्नि (रकार) से युक्त करे। फिर मस्तक पर बिन्दु (अनुस्वार) की मात्रा लगाये, इस प्रकार की (ह्रीम्) यह शक्ति, उत्कृष्टा, सूक्ष्मा, नित्या एवं स्वप्रकाशरूपिणी है ॥ ९२ ॥

श्रीबीजमुद्धरति—अस्थीति।

अस्थ्यग्निगोविन्दलवैर्लक्ष्मीबीजं समीरितम्।
आभ्यामष्टादशलिपिः स्याद्विंशत्यक्षरो मनुः ॥ ९३ ॥

अस्थिशकारः अग्निः रेफः गोविन्दो दीर्घ ईकारः लवो बिन्दुः एतैः संयुक्तैः श्रीबीजं समीरितं कथितम्। आभ्यां शक्तिश्रीबीजाभ्यां सहितः पूर्वोक्ताष्टादशाक्षरमन्त्रः विंशत्यक्षरो भवति ॥ ९३ ॥

श्री बीज का उद्धार—

अस्थि (शकार) उसे अग्नि (रेफ) और गोविन्द (दीर्घ ईकार) से युक्त करे। पुनः उसके शिर पर अनुस्वार की मात्रा लगावें तो इस प्रकार (श्रीं) श्री का बीज निष्पन्न होता है। इन शक्ति (ह्रीं) और श्रीं (श्रीम्) के बीजों को अष्टादशाक्षर मन्त्र के आदि में लगावे तो वह २० अक्षर का हो जाता है ॥ ९३ ॥

परमेश्वर—पूजास्थाननियतिं दर्शयति—शालग्राम इत्यादिना।

शालग्रामे मणौ यन्त्रे मण्डले प्रतिमासु च।
नित्यं पूजा हरेः कार्या न तु केवल भूतले ॥ ९४ ॥

शालग्रामे प्रसिद्धे मणौ गोमेदपद्मरागादौ यन्त्रेऽस्मिन्नेव गोपालयन्त्रे मण्डले सर्वतोभद्रादौ सोमसूर्याग्निमण्डले वेति रुद्रधरः, प्रतिमासु सुवर्णादि-गोपालप्रतिमायाम्। अत्र हरेर्नित्यं सर्वदा पूजा कार्या न तु केवलायां भूमौ ॥ ९४ ॥

शालग्राम में, मणि में, गोपालादि यन्त्र में, सर्वतोभद्रादि मण्डल में; सुवर्णादि निर्मित गोपाल जी की प्रतिमा में सर्वदा विष्णु की पूजा करनी चाहिये, केवल भूमि में ही नहीं ॥ ९४ ॥

कथितप्रकाराणां फलं दर्शयति—इतीति ।

इति जपहुतपूजातर्पणाद्यैर्मुकुन्दं
य इह भजति मन्वोरेकमाश्रित्यनित्यम् ।
स तु सुचिरमयत्नात्प्राप्यभोगान् विशेषान्
पुनरमलतरन्तद्धामविष्णोः प्रयाति ॥ ९५ ॥

॥ इति श्रीकेशवभट्टाचार्यविरचितायां क्रमदीपिकायां
पञ्चमः पटलः ॥ ५ ॥

—o—

इति कथितप्रकारैर्जपहोमपूजातर्पणैः आदिपदादभिषेकादिना यो मुकुन्दं नित्यं सेवते । किं कृत्वा ? मन्वोर्दशाष्टादशाक्षरयोरेकं गृहीत्वा इहलोके अयत्नात्सुचिरं सर्वकालं सर्वान्भोगान्प्राप्य पुनरन्ते प्रसिद्धं निर्मलं तेजः प्राप्नोति तद्धामाभवतीत्यर्थः ॥ ९५ ॥

॥ इति श्रीविद्याविनोदगोविन्दभट्टाचार्यविरचिते क्रमदीपिकायाः
विवरणे पञ्चमः पटलः ॥ ५ ॥

—o—

इस ग्रन्थ में कहे गये जप होम तर्पण एवं अभिषेकादि प्रकारों से जो परमात्मा श्री कृष्ण की दशाक्षर मन्त्रों द्वारा अथवा अष्टादशाक्षर मन्त्रों द्वारा सेवा करता है वह बिना यत्न के सर्वकाल में सभी भोगों को प्राप्त कर पुनः मरणोपरान्त सर्वोत्तम विष्णु तेज को प्राप्त कर लेता है ॥ ९५ ॥

॥ इस प्रकार श्रीकेशवाचार्य विरचित क्रमदीपिका की
विंशत्यक्षरमन्त्रमुद्धरति—शक्तीति ।

शक्तिश्रीपूर्वकोऽष्टादशार्णोविंशतिवर्णकः ।
मन्त्रेणानेन सदृशो मनुर्नहि जगत्त्रये ॥ १५ ॥

शक्तिः भुवनेश्वरीबीजं श्रीः श्रीबीजम् एतद्बीजद्वयपूर्वकः पूर्वोक्ताष्टादशाक्षरमन्त्रः एव विंशत्यक्षरो भवतीत्यर्थः, अनेन मन्त्रेण सदृशो मन्त्रो जगत्त्रये नास्ति ॥ १५ ॥

शक्ति (ह्रीं) श्री (श्रीं) पूर्वक अष्टादशाक्षर मन्त्र ही २० अक्षर का मन्त्र हो जाता है। इस विंशत्यक्षरात्मक मन्त्र के समान त्रिलोकी में कोई मन्त्र नहीं है ॥ १५ ॥

विमर्श—प्रयोग इस प्रकार है—ह्रीं श्रीं क्रीं कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय नमः । द्र० २.२३. ॥ १५ ॥

ऋष्यादिकं दर्शयति ।

ऋषिर्ब्रह्मा च गायत्रीछन्दः कृष्णस्तु देवता ।
पूर्वोक्तवदेवास्य बीजशक्त्यादिकल्पना ॥ १६ ॥

अस्य मन्त्रस्य बीजशक्त्यादिकल्पना पूर्वोक्तवत् दशाक्षरवत् तथा च दशाक्षरस्य यद्बीजादिकं तदस्यापीत्यर्थः ॥ १६ ॥

इस विंशत्यक्षरात्मक मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, गायत्री छन्द है, परमात्मा श्रीकृष्ण देवता हैं। दशाक्षर मन्त्र के समान ही इसके बीज और शक्त्यादि समझना चाहिये ॥ १६ ॥

पूजाप्रकारमाह-कल्प इत्यादिना ।

कल्पः सनत्कुमारोक्तो मन्त्रस्याऽस्योच्यतेऽधुना ।
पीठन्यासादिकं कृत्वा पूर्वोक्तक्रमतः सुधीः ॥ १७ ॥

अस्य मन्त्रस्य सनत्कुमारकथितः पूजाप्रकारः सप्रति मया कथ्यते । पूर्वोक्तक्रमतः दशाक्षरोक्त प्रकारेण पीठन्यासप्राणायामादिकं कृत्वा ॥ १७ ॥

[अब इसके पूजा का प्रकार कहते हैं—]

अब मैं सनत्कुमार के द्वारा कही गई इस मन्त्र की पूजा की विधि कहता हूँ। साधक दशाक्षर मन्त्र में कहे गये पीठन्यास एवं प्राणायामादि क्रिया को करने के पश्चात् (पूजा करे) ॥ १७ ॥

करद्वन्द्वाङ्गुलितलेष्वङ्गषट्कं प्रविन्यसेत् ।
मन्त्रेण व्यापकं कृत्वा मातृकां मनुसंपुटाम् ॥ १८ ॥
संहारसृष्टिमार्गेण दशतत्वानि विन्यसेत् ।
पुनश्च व्यापकं कृत्वा मन्त्रवर्णांस्ततो न्यसेत् ॥ १९ ॥

उभयकराङ्गुलिषु उभयकरतलेषु च षडङ्गानि क्रमान्न्यसेत् । मन्त्रेणेति विंशत्यक्षरमन्त्रेण व्यापकं सर्वतनौ न्यास कृत्वा मातृकां मातृकान्यासं मनुसपुटां विंशत्यक्षरपुटितप्रत्यक्षरां पूर्वोक्तमातृकास्थानेषु विन्यसेत् । प्रयोगश्च-ह्रीं अं ह्रीं नम, इत्यादिः । एवं भपर्यन्तं द्विरावृत्तिः । ततो ह्रीं श्रीं ह्रीं श्रीं नमः क्लीं क्रीं पं क्लीं क्रीं नम इत्यादिः । संहारसृष्टिमार्गेण दशतत्वानि महीसलिलप्रभृतीनि विन्यसेत् । पुनरपि विंशत्यक्षरमन्त्रेण

व्यापकन्यासं कृत्वा विंशतिमन्त्राक्षराणि तनौ स्वशरीरे न्यसेत् ॥ १८ १९ ॥

दोनों हाथ की अङ्गुलियों में तथा दोनों हाथ के तलवे में षडङ्गन्यास करे। पुनः विंशत्यक्षरात्मक मन्त्र से व्यापक करे। फिर प्रत्येक मन्त्राक्षर से संपुटित मातृकाक्षरों द्वारा मातृका के तत्तत्स्थानों का न्यास करे। (प्रयोग यथा—ह्रीं अं ह्रीं नमः।) इस प्रकार भपर्यन्त दो आवृत्ति। तदनन्तर ह्रीं श्रीं ह्रीं श्रीं नमः क्लीं क्लीं पं क्लीं क्लीं नमः इत्यादि संहार सृष्टिमार्ग से सलिलादि दश तत्त्वों का न्यास करे। पुनः विंशत्यक्षरात्मक मन्त्र से व्यापक न्यास कर उसके प्रत्येक अक्षर से सारे शरीर में न्यास करे ॥ १८-१९ ॥

विमर्श—सलिलादि दश तत्त्व के लिए २.३० देखें। और मातृका का स्थान के लिए ७.२०-२१ में देखें।

अक्षरन्यासस्थानान्याह—मूर्ध्नीति।

मूर्द्धिन भाले भ्रुवोर्मध्ये नेत्रयोः कर्णयोर्नसोः
आनने चिबुके कण्ठे दोर्मूले हृदि तुन्दके ॥ २० ॥
नाभौ लिङ्गे तथाऽऽधारे कट्योर्जान्वोश्च जङ्घयोः।
गुल्फयोः पादयोर्न्यसेत्सृष्टिरेषा समीरिता ॥ २१ ॥

मस्तके भाले ललाटे भ्रूमध्ये इत्यादावेकैकमक्षरं न्यसेत्। आधारे लिङ्गाधस्त्रिकोणस्थाने एष सृष्टिन्यासप्रकार उक्तः ॥ २०-२१ ॥

[अब उन अक्षरों के न्यास का स्थान कहते हैं—]

(१) मस्तक पर (२) ललाट पर (३) दोनों भ्रुवों के मध्य में (४) दोनों नेत्र (५) दोनों कान (६) दोनों नाक (७) मुख (८) चिबुक (९) कण्ठ (१०) दोनों हाथों के मूल प्रदेश (११) हृदय (१२) उदर (१३) नाभि (१४) लिङ्ग (१५) आधार (लिङ्ग के नीचे त्रिकोण भाग में) (१६) दोनों कोटि (१७) दोनों जानु (१८) दोनों जङ्घा, (१९) दोनों गुल्फ तथा (२०) दोनों पैरों में इन २० स्थानों में एक एक अक्षर का न्यास करे। यहाँ तक 'सृष्टि' न्यास कहा गया ॥ २०-२१ ॥

स्थितिर्हृदादिकां सान्ता संहृतिश्चरणादिका।
विधायैवं पञ्चकृत्वः स्थित्यन्तं मूर्त्तिपञ्जरम्।
सृष्टिस्थिती च विन्यस्य षडङ्गन्यासमाचरेत् ॥ २२ ॥

हृदादिकांसां ता स्थितिः हृदयमारभ्यांऽसपर्यन्तन्यासः स्थितिः संहृतिश्चरणादिकापादावारभ्यमूर्द्धान्तिन्यासः विधायेति। एवं पञ्चवारान् स्थित्यन्तं न्यासं कृत्वा इति गृहस्थाभिप्रायेण तथा पूर्वोक्तमूर्तिपञ्जरन्यासं कृत्वा पुनः सृष्टिस्थिती विन्यस्य सृष्टिस्थितिप्रकारेण मन्त्रवर्णान् विन्यस्य षडङ्गन्यासमाचरेत् ॥ २२ ॥

पुनः 'हृदय' से आरम्भ कर अंस पर्यन्त 'स्थिति' न्यास करे। पैर से आरम्भ कर मूर्धा पर्यन्त संहार न्यास करे। इस प्रकार पाँच बार स्थित्यन्त न्यास कर पूर्वोक्त मूर्तिपञ्जर न्यास करे। पुनः सृष्टि स्थिति के प्रकार से तत्तद् वर्णों का न्यास कर षडङ्गन्यास करे ॥ २२ ॥

षडङ्गानि दर्शयति—गुणेति।

गुणाग्निवेदकरणकरणाक्ष्यक्षरैर्मनोः ।
मुद्रां बध्वा किरीटाख्यां दिग्बन्धं पूर्ववच्चरेत् ।
ध्यात्वा जप्त्वार्चयेद्देहे मूर्त्तिपञ्जरपूर्वकम् ॥ २३ ॥

मनोर्मन्त्रस्य गुणास्त्रयः अग्नयस्त्रयः वेदाश्चत्वारः करणमन्तः-करणचतुष्टयं पुनः करणचतुष्टयम् अक्षिद्वयमेतैरक्षरैर्मन्त्रसम्भवैः षडङ्गानि कार्याणीत्यर्थ।

मुद्रामिति। किरीटाख्यां किरीटाभिधां बद्ध्वा कृत्वा किरीटा-द्यामिति पाठे कौस्तुभश्रीवत्समुद्रयोः परिग्रहः पूर्ववदस्त्रमन्त्रेण दिग्बन्धनं कुर्यात्।

आत्मपूजामाह–ध्यात्वेति।

पूर्वोदितं ध्यानं कृत्वा अष्टोत्तरशतं च जप्त्वा मूर्त्तिपञ्जरपूर्वकं देहे पूजयेत् तथाचाऽऽभ्यन्तरे प्रथमं परमेश्वराराधनं तदनु मूर्त्तिपञ्जरस्य तदनु सृष्टिस्थितिन्यास तदनु षडङ्गस्येति ॥ २३ ॥

[षडङ्गन्यास की विधि इस प्रकार है—]

विंशत्यक्षरात्मक मन्त्र के तीन अक्षरों से, पुनः तीन अक्षरों से, पुनः चार अक्षरों से, इसके बाद पुनः चार अक्षरों से, पुनः दो अक्षरों से हृदयादि स्थानों पर षडङ्ग न्यास करे। पुनः किरीट मुद्राप्रदर्शित करे। पूर्ववत् अस्त्र मन्त्र (हुंफट) से दिग्बन्धन करे। पुनः पूर्वोक्त रीति से ध्यान कर १०८ बार मूल मन्त्र का जप कर मूर्त्तिपञ्जर पूर्वक शरीर में यजन करे ॥ २३ ॥

विमर्श—वह यजन इस प्रकार करे—सर्व प्रथम अभ्यन्तर में परमेश्वराराधन, तदनन्तर मूर्त्तिपञ्जर का, फिर सृष्टि स्थितिन्यास का, तदनन्तर षडङ्ग का यजन करे ॥ २३ ॥

बाह्यपूजाप्रकारमाह—अथेति ।

अथवा ह्यर्चयेद्विष्णुं तदर्थं यन्त्रमुच्यते ।
गोमयेनोपलिप्योर्वीं तत्र पीठं निधापयेत् ॥ २४ ॥

अथात्मपूजानन्तरं बाह्ये विष्णुं पूजयेत् । तत्पूजार्थं पूजास्थानमुच्यते । गोमयजलेन पृथिवीमुपलिप्य तत्र लिप्तस्थाने पीठं पूजाधारप्रियं पात्रं स्थापयेत् ॥ २४ ॥

[अब बाह्य पूजा का क्रम कहते हैं—]

इस [आत्म पूजा] के अनन्तर विष्णु की बाह्य पूजा का विधान कहते हैं—सर्वप्रथम गोमयोदक से पृथ्वी को लीपना चाहिए, पुनः उसी पर पूजा का प्रिय आधार पात्र स्थापित करे ॥ २४ ॥

विलिप्य गन्धपङ्केन लिखेदष्टदलाम्बुजम् ।
कर्णिकायां तु षट्कोणं ससाध्यं तत्र मन्मथम् ॥ २५ ॥

अनन्तरं तत्पीठं चन्दनपङ्केन विलिप्य तत्राष्टदलपद्मं विलिख्य कर्णिकायां पद्मं विलिख्य मध्यस्थाने षट्कोणपुटितं वह्निपुरद्वयं लिखेत् । तत्र षट्कोणमध्ये ससाध्यं कर्मसहितं साध्यनामसहितं मन्मथं कामबीजं लिखेत् । साध्यग्रहणात् धारणार्थमप्येतद्बोद्धव्यमिति त्रिपाठिनः ॥ २५ ॥

उस आधार पीठ को घिसे चन्दन के पङ्क से लीपना चाहिए, पुनः अष्टदल कमल का आकार बनाकर कर्णिका मे षट्कोण बनावे । उसमें काम बीज के सहित साध्य नाम लिखे ॥ २५ ॥

विमर्श—प्रयोग इस प्रकार होगा—क्रीं अमुकस्य अमुक कार्यं सिद्धयतु' लिखे ॥ २५ ॥

शिष्टैस्तं सप्तदशभिरक्षरैर्वेष्टयेत् स्मरम् ।
प्राग्रक्षोऽनिलकोणेषु श्रियं शिष्टेषु संविदम् ॥ २६ ॥

शिष्टैः सप्तदशभिरक्षरैस्तं कामबीजं वेष्टयेत् । षट्कोणस्य पूर्वनिर्ऋतिवायव्यकोणेषु श्रियं श्रीबीजत्रयं लिखेत् । शिष्टेषु त्रिषु कोणेषु पश्चिमे-

शानाग्निकोणेषु संविदं भुवनेश्वरीबीजं विलिखेत् ॥ २६ ॥

उस काम बीज को १७ अक्षर ['कृष्णाय गोविन्दाय' गोपिजनवल्लभाय नमः'] के साथ लिख कर घेर देवे। पुनः षट्कोण के तीन कोणों में 'श्रीं' यह मन्त्र तीन वार लिखे और शेष तीन कोणों में 'ह्रीं' यह मन्त्र तीन बार लिख देवे ॥ २६ ॥

षडक्षरं संधिषु च केशरेषु त्रिशस्त्रिशः ।
विलिखेत्स्मरगायत्रीं मालामन्त्रं दलाष्टके ॥ २७ ॥
षड्शः संलिख्य तद्बाह्ये वेष्टयेन्मातृकाक्षरैः ।
भूबिम्बं च लिखेद् बाह्ये श्रीमाये दिग्विदिक्ष्वपि ॥ २८ ॥

सन्धिषु षट्कोणसन्धिषु षडक्षरङ्कामबीजपूर्वक कृष्णाय नम इति षडक्षरं लिखेत्। केशरस्थाने कामगायत्रीं वक्ष्यमाणां त्रिशोऽक्षरत्रयं कृत्वा विलिखेत् पत्राष्टके वक्ष्यमाणां मालामन्त्रं षट्शः षडक्षराणि कृत्वा विलिख्य पद्मबाह्ये मातृकाक्षरैर्वेष्टयेत्। मातृकावेष्टनबाह्य एव वक्ष्यभाणस्वरूपं भूबिम्बं च लिखेत्। भूबिम्बदिग्विदिक्षु श्रीमाये दिक्षु श्रीबीजं कोणेषु भुनेश्वरीबीजं लिखेदित्यर्थः ॥ २७-२८ ॥

षट् कोण की छः सन्धियों में 'क्रीं कृष्णाय नमः' इस मन्त्र का एक अक्षर लिखे। केशर स्थान में आगे कही जाने वाली २४ अक्षरों की कामगायत्री के तीन तीन अक्षर लिखे। पुनः अष्टदल कमल पर आगे कहे जाने वाले ४८ अक्षर वाले माला मन्त्र को छः छः अक्षरों के क्रम से लिखे। फिर उसे मातृकाक्षरों से घेर देवे। बाहर भूपुर लिखे। उसके पूर्वादि चारों दिशाओं में श्री बीज (श्रीं) तथा चारों कानों पर भुवनेश्वरी बीज (ह्रीं) लिखे ॥ २७-२८ ॥

एताद्यन्त्रं हाटकादिपट्टेष्वालिख्य पूर्ववत् ।
साधितं धारयेद् यो वै सोऽर्च्यते त्रिदशैरपि ॥ २९ ॥

एतद्यन्त्रं पूजायामप्युपयुक्तं यो धारयेत् स देवैरपि पूज्यते। किं कृत्वा ? सुवर्णरजताम्रादि पट्टेषु यथाकथितद्रव्येणालिख्य पूर्ववद्यः पूजासु यद्वा पूर्वमन्त्रवत् कृतप्राणप्रतिष्ठादिक्रियम्। कीदृशम् ? साधितं यथाकथितप्रकारेण सम्पादित प्रजप्तं च ॥ २९ ॥

इस यन्त्र को सोने के पत्र पर लिख कर पूर्ववत् (द्र. ५.८९) प्राण प्रतिष्ठा संपादन कर एवं यथोक्त रीति से पूजा कर जो धारण करता है वह देवताओं से

भी पूजित होता है ॥ २९ ॥

कामगायत्रीमुद्धरति ।

स्याद् गायत्रीकामदेवपुष्पबाणौ तु ङन्तकौ ।
विद्महेधीमहियुतौ तन्नोनङ्गः प्रचोदयात् ।
जप्याज्जपादौ गोपालमन्त्राणांजनरञ्जनीम् ॥ ३० ॥

कामदेवपुष्पबाणशब्दौ क्रमेण चतुर्थ्यन्तौ । किंभूतौ ? विद्महेधीमहिशब्दसहितौ तदनु तन्नोनङ्गः प्रचोदयादिति स्वरूपम् । एवं सति कामगायत्री स्यात् भवति । जप्यादिति गोपालमन्त्राणां जपादौ जपोपक्रमे एतां कामगायत्रीं जप्यात् । यत इयं जनरञ्जनीं वश्यकरीमित्यर्थः ॥ ३० ॥

[अबकामगायत्री का उद्धार बताते हैं—]

'कामदेव' के आगे चतुर्थी विभक्ति लगाकर 'विद्महे' तदनन्तर 'पुष्पबाण' शब्द के आगे चतुर्थी विभक्ति लगाकर 'धीमहि' शब्द कहे । तदनन्तर 'तन्नोऽनङ्गः प्रचोदयात्' यह शब्द कहे । इस प्रकार कामगायत्री का स्वरूप कहा गया । गोपाल के सभी मन्त्रों के अनुष्ठान के पहले इस गायत्री का जप करना चाहिये क्योंकि यह सभी लोगों को वश में करने वाली है ॥ ३० ॥

विमर्श—इसका स्वरूप इस प्रकार हुआ—'कामदेवाय विद्महे पुष्पबाणाय धीमहि तन्नोऽनङ्गः प्रचोदयात्' ॥ ३० ॥

मालामन्त्रमुद्धरति—नत्यन्त इत्यादिना ।

नत्यन्ते कामदेवाय ङन्तं सर्वजनप्रियम् ।
उक्त्वा सर्वजनान्ते तु संमोहनपदं तथा ॥ ३१ ॥
ज्वलज्वल प्रज्वलेति उक्त्वा सर्वजनस्य च ।
हृदयं मम च ब्रूयाद्वशङ्कुरु युगं शिरः ।
कृत्वा मदनमन्त्रोऽष्टचत्वारिंशद्भिरक्षरैः ॥ ३२ ॥

नमः शब्दान्ते कामदेवायेति स्वरूपं तदनु चतुर्थ्यन्त सर्वजनप्रियशब्दमुच्चार्य तदनु सर्वजनशब्दमुक्त्वा सम्मोहनपदं वदेत् । तदनु ज्वलज्वलप्रज्वेलेति स्वरूपमुक्त्वा सर्वजनस्य हृदयं ममेति स्वरूपमुक्त्वा वशमिति स्वरूपमुक्त्वा कुरु कुरु इति स्वरूपमुक्त्वा शिरः स्वाहा इति वदेत् । एव च सति अष्टचत्वारिंशदक्षरकैर्मदनमन्त्रः कथितः ॥ ३१-३२ ॥

[अब मालामन्त्र का उद्धार बताते हैं—]

सर्व प्रथम 'नमः' कहे तदनन्तर कामदेवाय पुनः 'सर्वजनप्रिय' के आगे एवं सर्वजन संमोहनः इन दो पदों में प्रत्येक को चतुर्थी विभक्ति से युक्त करे। पुनः 'ज्वल ज्वल प्रज्वल' यह शब्द कह कर 'सर्वजनस्य हृदयं वंश कुरु कुरु' कह कर 'स्वाहा' पद का उच्चारण करे। इस प्रकार यह मालामन्त्र का उद्धार कहा गया ॥ ३१-३२ ॥

विमर्श—इसका स्वरूप है 'नमः कामदेवाय सर्वजनप्रिया सर्वजनसंमोहनाय ज्वल ज्वल प्रज्वल सर्वजनस्य हृदयं मम वशं कुरु कुरु स्वाहा' इस प्रकार यह माला मन्त्र ४८ अक्षरों का होता है ॥ ३१-३२ ॥

विनियोगं दर्शयति—जपादाविति।

जपादौ मारबीजाद्यो जगत्त्रयवशीकरः
भूगृहं चतुरस्रं स्यात्कोणवज्राद्यलंकृतम् ॥ ३३ ॥

यन्त्रे यथोद्भूत एव जपपूजाहोमादौ तु यदि कामबीजाद्यो भवति तदा जगत्त्रयवशीकरणक्षमः यदाय मन्त्रः स्वतन्त्रेण जप्यते तदेति त्रिपाठिनः।

भूगृहमुद्धरति—भूगृहमिति। कोणसंलग्नाष्टवज्रालंकृतचतुरस्रं कोण-चतुष्टयसहितं भूबिम्बमिति पाठो वा ॥ ३३ ॥

[अब इस मन्त्र का विनियोग कहते हैं—]

यन्त्र में अथवा जप पूजा एवं होम वाले मन्त्रों में प्रथम यदि काम बीज लगा कर तत्तत्कार्यों को करे तो उससे सारा जगत् वश में हो जाता है।

[अब भूगृह (भूपुर) या भूबिम्ब का लक्षण कहते हैं—]

यह चौकोर होता है, इसमें चार कोने होते हैं, और कोणयुक्त आठ वज्र से अलङ्कृत होता है ॥ ३३ ॥

यन्त्रे पूजाप्रकारमाह—

पीठं पूर्ववदभ्यर्च्य मूर्त्तिसंकल्प्य पौरषीम्।
तत्राऽऽवाह्याऽच्युतं भक्त्या सकलीकृत्य पूजयेत् ॥ ३४ ॥

पूर्ववत् दशाक्षरवत् गुर्वापीठपूजान्तमभ्यर्च्य तत्र पौरुषीं पुरुषाकृतिं मूर्त्तिं पारमेश्वरीं विचिन्त्य तत्र मूर्त्तावच्युतमावाह्य सकलीकृत्य भक्त्या पूजयेत्। सुषुम्णा प्रवाहनाडचापुष्पयुक्तं उत्तानपाणीहृदयस्थमूर्त्तेस्तेजः संयोज्य तेजो देवता ब्रह्मरन्ध्रेण देवशरीरगतं विचिन्त्य स्वस्वमुद्रया बाह्ये

संस्थाप्य सन्निधाप्य संनिरुद्धयावगुण्ठ्य सकलीकृत्य देवताङ्गे षडङ्गन्यासं कृत्वा षोडशोपचारैः सम्पूजयेदित्यर्थः ॥ ३४ ॥

[अब मन्त्र में पूजा का प्रकार कहते हैं—]

दशाक्षर मन्त्र में कही गई विधि के अनुसार प्रथम गुरु का पूजन कर तदनन्तर पीठ की पूजा करे। पुनः उस पर स्थापित पुरुषाकार मूर्त्ति में परमेश्वर का ध्यान कर उसी में श्रीकृष्ण का आवाहन कर उसे स्थापित करे, उसी में परमेश्वर को निरुद्ध करे, पुनः जल से अवगुण्ठन करे, पुनः षडङ्गन्यास करे। इस प्रकार मूर्त्ति का सकलीकरण कर षोडशोपचार से परमात्मा श्रीकृष्ण का पूजन करे ॥ ३४ ॥

आसनेति—

आसनादि भूषणान्तं पुनर्न्यासक्रमात् यजेत् ।
सृष्टिस्थितौ षडङ्गं च किरीटं कुण्डलद्वयम् ॥ ३५ ॥
चक्रशङ्खगदापद्ममालाश्रीवत्सकौस्तुभान् ।
गन्धाक्षतप्रसूनैश्च मूलेनाभ्यर्च्य पूर्ववत् ॥ ३६ ॥

आसनादि विभूषान्तं यथा स्यादेवं पूजयेत् आसनमारभ्य भूषान्तैरुपचारैः पूजयेदित्यर्थः। पुनर्न्यासक्रमात् सृष्ट्यादीन् यजेत्। प्रथमं सृष्ट्यादीनां न्यासं विधाय ततस्तान् पूजयेत्, अथवा न्यासक्रमाद्यथा तेषां न्यासः कृतस्तेन क्रमेणेत्यर्थः ॥ ३५ ॥

गन्धाक्षतेति—अक्षता यवा गन्धाक्षतपुष्पैश्च पूर्ववत् मूलमन्त्रेण कृष्णं पूजयित्वा सप्तावृतीः सम्पूजयेदित्यर्थः ॥ ३६ ॥

'आसन दान' से आरम्भ कर 'भूषण दान' पर्यन्त उपचारों से श्रीकृष्ण की पूजा करे। पुनः न्यास के क्रम से सृष्टि स्थिति तथा षडङ्ग न्यास कर उसी क्रम से सृष्टि स्थिति षडङ्ग किरीट दोनों कुण्डल, शङ्ख, चक्र, गदा, वनमाला, श्रीवत्स और कौस्तुभ का तथा श्रीकृष्ण का मूल मन्त्र से गन्धाक्षत एवं पुष्पों से पूर्ववत् अर्चन करे ॥ ३५-३६ ॥

आवरणान्याह—आदाविति।

आदौ वह्निपुरद्वन्द्वकोणेष्वङ्गानि पूजयेत् ।
सहच्छिरः शिखावर्मनेत्रमस्त्रमिति क्रमात् ॥ ३७ ॥

प्रथमं वह्निपुरयुगलसम्बन्धिषट्कोणेषु आग्नेयकोणमारभ्य षडङ्गानि

प्रणम्य परिवारगणैः सह केशवं हृदये उद्वासयेत् उत्तोल्य स्थापयेत् ॥ ४३ ॥

तदनन्तर [छत्र एवं चामर आदि] राजोपचार प्रदान कर परमात्मा श्रीकृष्ण की स्तुति करे और नमस्कार करे। पुनः आवरण सहित उनका उद्वासन कर अपने हृदय प्रदेश में स्थापित करे ॥ ४३ ॥

न्यस्त्वेति।

न्यस्त्वाऽऽत्मानं समभ्यर्च्य तन्मयः प्रजपेन्मनुम्।
रत्नाभिषेकध्यानेज्याविंशत्यर्णाश्रितेरिता ॥ ४४ ॥
जपहोमार्चनैर्ध्यानैर्योऽमुं प्रभजते मनुम्।
तद्वेश्म पूर्यते रत्नैः स्वर्णधान्यैरनारतम् ॥ ४५ ॥

न्यस्त्वा पूजापूर्वोक्तं सृष्ट्यादिन्यास कृत्वा आत्मपूजां विधाय तन्मयः पूज्यदेवस्वरूपो भूत्वा पूजाङ्गमन्त्रं जपेत्।

प्रकृतमुपसंहरति—रत्नेति।

ध्यानं च इज्या च पूजा च इत्यर्थः। तथा च यस्यां पूजायां कृष्णस्य रत्नाभिषेकध्यानं तत्र कृष्णस्य विंशत्यक्षरोक्ता पूजेयमुक्ता।

फलं दर्शयति—जपेति। जपादिभिर्यो अमुं मन्त्रं सेवते तस्य गृहं पद्मरागादिभिः रत्नैः काञ्चनैर्धान्यैश्चाऽनारतमनवरतं पूर्यते ॥ ४४-४५ ॥

पुनः अपने शरीर में पूर्वोक्त सृष्ट्यादि न्यास कर स्वयं अपनी पूजा करे। पुनः श्रीकृष्ण स्वरूप बनकर मन्त्र का जप करे। इस प्रकार विंशत्यक्षरात्मक मन्त्र के जप के लिये रत्नाभिषेक युक्त परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान एवं पूजा का प्रकार हमने कहा। जो इस प्रकार जप, होम एवं ध्यान द्वारा रत्नाभिषिक्त परमात्मा श्रीकृष्ण की सेवा करता है, उसका घर नाना प्रकार के रत्नों, सुवर्णों एवं धन-धान्य से परिपूर्ण हो जाता हैं ॥ ४४-४५ ॥

पृथ्वी पृथ्वी करे तस्य सवसस्यकुलाकुला।
पुत्रैर्मित्रैः सुसम्पन्नः प्रयात्यन्ते परां गतिम् ॥ ४६ ॥

तथा पृथ्वी महती—पृथिवी साधकस्य करे आयत्ता भवति। किंभूता ? सर्वसस्य धान्यादेः कुलेन समूहेनाकुला परिपूर्णा तथा औरसपुत्रैः सुहृद्भिश्च समेतः सन् शरीरपातानन्तरं विष्णुलोकं गच्छति ॥ ४६ ॥

सम्पूर्ण धन-धान्य एवं शस्त्रों से युक्त महती पृथ्वी ऐसे पुरुष के हस्तगत हो जाती है, वह पुत्र पौत्र से परिपूर्ण हो अन्त में विष्णुपद को प्राप्त कर लेता है ॥ ४६ ॥

प्रयोगं दर्शयति—वह्नाविति ।

वह्नावभ्यर्च्य गोविन्दं शुक्लपुष्पैः सतण्डुलैः ।
आज्याक्तैरयुतं हुत्वा भस्म तन्मूर्ध्नि धारयेत् ।
तस्याऽन्नादिसमृद्धिः स्यात्तद्वशे सर्वयोषितः ॥ ४७ ॥

यथोक्तप्रकारेणाग्निमाधाय तत्र यथोक्तप्रकारेण गोविन्दं सम्पूज्य घृताक्तैस्तण्डुलसहितैः शुक्लपुष्पैर्दशसहस्राणि हुत्वा होमाग्निभस्म यः पुमान् मूर्ध्नि धारयेत् तस्य नानासमृद्धिः सम्पत्तिर्भवति सर्वाश्च स्त्रियस्तदायत्ता भवन्ति ॥ ४७ ॥

शास्त्रीय रीति से बने कुण्डादि अग्नि स्थापन कर उसमें श्री गोपाल जी की अर्चना कर घी में डुबोये गये चावल एवं शुक्ल पुष्प से दस हजार आहुति दे । पुनः उसका भस्म शिर पर धारण करे तो उसकी निरन्तर अन्नादि की वृद्धि होती रहती है । किं बहुना समस्त स्त्रियाँ उसके वश में हो जाती हैं ॥ ४७ ॥

प्रयोगान्तरमाह—आज्यैरिति ।

आज्यैर्लक्षं हुनेद्रक्तपद्मैर्वा मधुराप्लुतैः ।
श्रिया तस्यैन्द्रमैश्वर्यं तृणलेशायते ध्रुवम् ॥ ४८ ॥

घृतैः केवलैः घृतमधुशर्करायुतैः रक्तपद्मैर्वा यो लक्षं जुहोति तस्य साधकस्य श्रिया लक्ष्म्या कृत्वा इन्द्रसम्बन्धि ऐश्वर्यं तृणसमानं भवति ध्रुवमुत्प्रेक्षायाम् ॥ ४८ ॥

[अब अन्य प्रयोग कहते हैं—]

केवल मात्र घृत से अथवा घृत में परिप्लुत रक्तपद्मों से ऊपर कहे गये मन्त्र से एक लाख आहुति अग्नि में प्रदान करे तो उसके घर में निश्चित ही इतनी संपत्ति आ जाती है कि इन्द्र की भी संपत्ति उसके सामने तुच्छ हो जाती है ॥ ४८ ॥

प्रयोगान्तरमाह—शुक्लेति ।

शुक्लादिवस्त्रलाभाय शुक्लादिकुसुमैर्हुनेत् ।
त्रिमध्वक्तैर्दशशतमाज्याक्तैर्वाऽष्टसंयुतम् ॥ ४९ ॥

शुक्लादिवस्त्रप्राप्त्यर्थं घृतमधुशर्करासहितैः शुक्लपुष्पैः घृताक्तैर्वा अष्टाधिकं दशशतं जुहुयात् ॥ ४९ ॥

शुक्लादि नाना वस्त्रों की प्राप्ति के लिये त्रिमधु (शर्करा, घृत एवं मधु) से परिपूर्ण शुक्ल पुष्पों से अथवा मात्र घृत से परिपूर्ण शुक्ल पुष्पों से एक हजार आठ आहुति देना चाहिये ॥ ४९ ॥

प्रयोगान्तरमाह—क्षौद्रसिक्तैरिति ।

क्षौद्रसिक्तैः सितैः पुष्पैरष्टोत्तरसहस्रकम् ।
हुनेन्नित्यं स षड्मासान् पुरोधा नृपतेर्भवेत् ॥ ५० ॥

मधुमिश्रितैः शुक्लपुष्पैरष्टाधिकसहस्रं प्रत्यहं यो जुहुयात् स षट्के अतीते राज्ञः पुरोहितो भवति ॥ ५० ॥

[प्रयोगान्तर कहते हैं ।] मधु परिप्लुत शुक्ल पुष्पों से जो १००८ बार नित्य उपर्युक्त मन्त्र से होम करता है वह छः महीने में ही राजा का पुरोहित (पूज्य) बन जाता जाता हैं ॥ ५० ॥

दशाष्टेति ।

दशाष्टादशवर्णोक्तं जपध्यानहुतादिकम् ।
विदध्यात्कर्म चाऽनेन ताभ्यामप्यत्र कीर्त्तितम् ॥ ५१ ॥

दशाष्टदशाक्षरयोरुक्तं जपध्यानहोमादिकम् अनेन मन्त्रेण कुर्यात् । अत्र मन्त्रे कथितं प्रयोगादिकं ताभ्यां च कुर्यात् ॥ ५१ ॥

दशाक्षर अथवा अष्टादशाक्षर मन्त्र में कहे गये जप, ध्यान एवं होमादि कार्यों को इस मन्त्र से संपादित करे । इस प्रकार इस मन्त्र मे कहे गये समस्त प्रयोगों को उन दोनों मन्त्रों से किया जा सकता है ॥ ५१ ॥

मन्त्रान्तरमाह—श्रीशक्तिरिति ।

श्रीशक्तिस्मरकृष्णाय गोविन्दाय शिरो मनुः ।
रव्यर्णो ब्रह्मगायत्रीकृष्णर्ष्यादिरथाऽस्य तु ॥ ५२ ॥

श्रीबीजं शक्तिबीजं स्मरः कामबीजं कृष्णाय गोविन्दायेति स्वरूपं शिरः स्वाहेति स्वरूपं रव्यर्णो द्वादशार्णो मन्त्रः ऋषिरादौ येषां ते ऋष्यादयो ब्रह्मगायत्रीकृष्णा ऋष्यादय इत्यर्थः । अस्य ब्रह्माऋषिः गायत्रीछन्दः कृष्णो देवता इत्यर्थः । बीजशक्त्यादिपूर्ववत् ॥ ५२ ॥

श्री बीज (श्रीं) शक्ति बीज (ह्रीं) काम बीज (क्रीं) पूर्वक कृष्णाय गोविन्दाय स्वाहा' (ह्रीं क्रीं कृष्णाय गोविन्दाय स्वाहा) इस द्वादशाक्षरात्मक मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, गायत्री छन्द हैं एवं परमात्मा श्रीकृष्ण देवता हैं ।। ५२ ।।

बीजैरित्यादि ।

बीजैस्त्रिवेदयुग्माणैँरङ्गषट्कमिहोदितम् ।
विंशत्यर्णोदितजपध्यानहोमार्चनक्रियाः ।
मन्त्रोऽयं सकलैश्वर्यकाङ्क्षिभिः सेव्यताम्बुधैः ।। ५३ ।।

इह मन्त्रे अङ्गषट्कं षडङ्गं कथितं कैस्त्रिभिर्बीजैरङ्गत्रयं तथा त्रिवेदयुग्माणैँः त्रिभिश्चतुर्भिर्द्वाभ्यां चाऽपराङ्गत्रयमिति ।

विंशेति । अयं मन्त्रः विंशत्यक्षरमन्त्रोक्तजपध्यानहोमपूजासहितः सकलैश्वर्यकामैः पण्डितैरुपास्यताम् ।। ५३ ।।

[इस मन्त्र में ६ अङ्ग हैं—]

प्रथम कहे गये तीन बीज तीन अङ्ग हैं । पुनः 'कृष्णाय' यह तीन अक्षर चौथा अङ्ग है । 'गोविन्दाय' चार अक्षर पाँचवाँ अङ्ग है एवं 'स्वाहा' यह दो अक्षर छठा अङ्ग है । विंशत्यक्षरात्मक मन्त्र के लिये कही गई सारी जप, ध्यान, होम एवं अर्चा की क्रिया इस मन्त्र से भी करनी चाहिये । अथवा सभी प्रकार के ऐश्वर्यों की इच्छा रखने वाले बुद्धिमान इस मन्त्र का भी प्रयोग करे ।। ५३ ।।

मन्त्रान्तरमाह—श्रीति ।

श्रीशक्तिकामपूर्वोऽङ्गजन्मशक्तिरमान्तकः ।
दशाक्षरः सरावादौ स्याच्चेच्छक्तिरमायुतः ।
मन्त्रौ विकृतिरव्यर्णावाचक्राद्यङ्गिनाविमौ ।। ५४ ।।

श्रीबीजं भुवनेश्वरीबीजं कामबीजं च, एते पूर्वे यस्य दशाक्षरस्य तथाऽङ्गजन्म कामबीजं शक्तिः भुवनेश्वरीबीजं रमाश्रीबीजम्—एते अन्ते यस्य दशाक्षरस्य । एवं भूताद्यन्तविशिष्टो दशाक्षरो षोडशाक्षरमन्त्रो भवति तथा स एव दशाक्षरो मन्त्रः आदौ शक्तिरमायुतः भुवनेश्वरीश्रीबीजसहितश्चेत्तदा द्वादशाक्षरमन्त्रो भवति । एवं च सति इमौ विकृतिरव्यर्णौ षोडशाक्षरद्वादशाक्षरौ मन्त्रौ आचक्राद्यङ्गिनौ दशाक्षरोक्तानि आचक्राद्यङ्गानि ययोस्तादृशौ ज्ञेयौ ।। ५४ ।।

दशाक्षर मन्त्र के पहले श्रीबीज (श्रीं), शक्तिबीज (ह्रीं), कामबीज (क्रीं) लगावे और अन्त में कामबीज (क्रीं), पुनः शक्तिबीज (ह्रीं), पुनः रमाबीज (श्रीं) लगावे। इस प्रकार 'श्रीं ह्रीं क्रीं गोपीजनवल्लभाय नमः क्रीं ह्रीं श्रीं' यह षोडश अक्षर का मन्त्र हुआ। यदि इसी दशाक्षर मन्त्र के आदि में शक्तिबीज (ह्रीं) एवं रमाबीज (श्रीं) लगा दिया जाय तो द्वादशाक्षरात्मक मन्त्र निष्पन्न हो जाता है। इस प्रकार इन दोनों मन्त्रों के भी दशाक्षरमन्त्रोक्त चक्रादि अङ्ग समझना चाहिए ॥ ५४ ॥

विंशत्यर्णेति।

विंशत्यर्णोक्त यजनविधौ ध्यायेदथाऽच्युतम्।
वरदाभयहस्ताभ्यां श्लिष्यन्तं स्वाङ्कगे प्रिये।
पद्मोत्पलकरे ताभ्यां श्लिष्टं चक्रदरोज्ज्वलम् ॥ ५५ ॥

विंशत्यक्षरकथितपूजाप्रकारावेतौ अथानन्तरम् अच्युतं चिन्तयेत्। कीदृशम् ? स्वाङ्कगे स्वक्रोडस्थिते प्रिये लक्ष्मीसरस्वत्यौ, यद्वा रुक्मिणीसत्यभामे श्लिष्यन्तम् आलिङ्गन्तम्। काभ्याम् ? वरदाभयहस्ताभ्याम्, वरं ददातीति वरदः, न विद्यते भयं यस्मात्स वरदाभयौ च तौ हस्तौ चेति वरदाभय हस्तौ ताभ्यामित्यर्थः। प्रिये कीदृशे ? पद्मं सामान्यपङ्कजम् उत्पलं नीलपद्मं ते करयोर्ययोस्ते तादृग्विधे। पुनः कीदृशम् ? ताभ्यां प्रियाभ्यां श्लिष्टम् आलिङ्गितम्। पुनः कीदृशम् ? शङ्खचक्राभ्यामुज्ज्वलम् ॥ ५५ ॥

इन दोनों मन्त्रों के पूजा के प्रकार विंशत्यक्षरात्मक मन्त्र में कह आये हैं। अब इनका ध्यान कहते हैं—अपने क्रोड में स्थित दोनों हाथों में कमल लिये हुये लक्ष्मी, सरस्वती का अथवा रुक्मिणी, सत्यभामा का वरमुद्रा एवं अभयमुद्रा से आलिङ्गन करते हुये तथा उन दोनों प्रियाओं से स्वयं भी आलिङ्गित एवं शङ्ख और चक्र से उज्ज्वल दिखाई पड़ने वाले परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान करे ॥ ५५ ॥

पुरश्चरणजपादिकमाह—दशलक्षेत्यादि।

दशलक्षं जपेदाज्यैस्तावत्सहस्रहोमतः।
सिद्धाविमौ मनू सर्वसम्पत्सौभाग्यदौ नृणाम् ॥ ५६ ॥

दशलक्षसंख्यं जपेत् आज्यैर्घृतैस्तावत्संख्यसहस्रहोमतो दशसहस्रहोमतः सिद्धौ इमौ मन्त्रौ मनुष्याणां सर्वैश्वर्यसर्वजनप्रियप्रदौ भवतः ॥ ५६ ॥

[पुरश्चरण के लिये दो मन्त्रों में से किसी एक का दश लाख जप करे, एवं घी से दस हजार होम करे तो इस मन्त्र की सिद्धि हो जाती है। सिद्ध हो जाने पर ये दोनों मन्त्र मनुष्यों को सर्वैश्वर्य एवं सर्वजनप्रियता प्रदान करते हैं ॥ ५६ ॥

इदानीं क्रमेण मन्त्रमुद्धरति—मारशक्तीत्यादिना ।

मारशक्तिरमापूर्वः शक्तिश्रीमारपूर्वकः ।
श्रीशक्तिमारपूर्वश्च दशार्णो मनवस्त्रयः ॥ ५७ ॥

अन्नाद्यः कामभुवनेश्वरीश्रीबीजपूर्वो दशाक्षरः भुवनेश्वरी श्रीर्मारः [त्रा] पूर्वो यस्येति द्वितीयः श्रीभुवनेश्वरीकामबीजपूर्वो दशाक्षर इति तृतीयः ॥ ५७ ॥

काम बीज (क्रीं) भुवनेश्वरी, बीज (ह्रीं), श्रीबीज (श्रीं) पूर्वक दशाक्षर एक मन्त्र, इसी प्रकार शक्ति (ह्रीं), श्री (श्रीं) एवं मार (क्रीं) पूर्वक दशाक्षर दूसरा मन्त्र, एवं श्री (श्रीं), शक्ति (ह्रीं), और मार (क्रीं) पूर्वक दशाक्षर यह तृतीय मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ५७ ॥

विमर्श—'क्रीं ह्रीं श्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा' यह प्रथम मन्त्र तथा 'ह्रीं श्रीं क्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा' यह दूसरा और 'श्रीं ह्रीं क्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा' यह तीसरा मन्त्र हुआ ॥ ५७ ॥

एतेषां मनुवर्याणामङ्गर्ष्यादिदशार्णवत् ।
शङ्खचक्रधनुर्बाणपाशाङ्कुशधरोऽरुणः ।
वेणुं धमन् धृतं दोर्भ्यां कृष्णो ध्येयो दिवाकरे ॥ ५८ ॥
आद्ये मनौ ध्यानमेवं द्वितीये विंशदर्णवत् ।
दशार्णवत् तृतीयेऽङ्गदिक्पालाद्यैः समर्चना ॥ ५९ ॥
पञ्चलक्षं जपेत्तावदयुतं पायसैर्हुनेत् ।
ततः सिध्यन्ति मनवो नृणां सम्पत्तिकान्तिदाः ॥ ६० ॥

एतेषामित्यादि सुगमम् । दिवाकरे सूर्यमण्डले ॥ ५८-६० ॥

इन सभी तीनों मन्त्रों के अङ्ग, ऋषि, छन्द तथा देवता दशाक्षर मन्त्र के समान ही समझना चाहिये । सूर्यमण्डल में शङ्ख, चक्र, धनुष, बाण, पाश और अङ्कुश

धारण किये हुये अरुण वर्ण वाले, दोनों हाथों से वेणु बजाते हुये परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान प्रथम मन्त्र के लिये कहा गया है; द्वितीय मन्त्र के लिये यह विंशत्यक्षरात्मक मन्त्र के लिये कहा गया ध्यान करे एवं तृतीय मन्त्र के लिये दशाक्षर मन्त्र में कहे गये ध्यान को करना चाहिये। अङ्गों तथा दिक्पालों की अर्चना भी तीनों में पूर्ववत् करनी चाहिये। इन तीनों मन्त्रों में किसी एक का पाँच लाख जप करे और दस हजार से पायस का हवन करे तो ये मन्त्र सिद्ध हो जाते हैं। सिद्ध होने पर ये मन्त्र मनुष्यों को संपत्ति एवं कान्ति प्रदान करते हैं॥ ५८-६०॥

स्पष्टं मन्त्रान्तरमुद्धरति —अष्टादशार्णेति।

अष्टादशार्णो मारान्तो मनुः सुतधनप्रदः।
ऋष्याद्यष्टादशार्णोक्तं मारारूढस्वरैः क्रमात्।
अङ्गान्यस्य मनोरङ्ग दिक्पालाद्यैः समर्चना॥ ६१॥

कामबीजान्तः पूर्वोक्ताष्टादशाक्षरमन्त्रः सुतधनप्रदः मारारुढैर्नपुंसकरहितकामबीजसहितैः दीर्घस्वरषट्कैः क्रां क्रीमित्यादि षट्कैः क्रमादस्य मनोः षडङ्गानि॥ ६१॥

अष्टादशाक्षर मन्त्र के अन्त में काम बीज (क्रीं) लगाने से निष्पन्न मन्त्र सुत और धन प्रदान करता है। अष्टादशाक्षर मन्त्र में कहे गये ऋषि-छन्द तथा देवता-इस मन्त्र के लिये भी विहित हैं। 'क्रां क्रीं क्रूं क्रैं क्रौं क्रः' ये ६ इस मन्त्र के अङ्ग कहे गये हैं॥ ६१॥

ध्यानमाह—

पाणौ पायसपक्वमाहितरसं विभ्रन्मुदा दक्षिणे
सव्ये शारदचन्द्रमण्डलनिभं हैयङ्गवीनं दधत्।
कण्ठे कल्पितपुण्डरीकनखरमुमत्युद्दामदीप्तिं वहन्
देवो दिव्यदिगम्बरो दिशतु वः सौख्यं यशोदाशिशुः॥६२

पाणौपायसपक्वं सुपक्वं पायसं सुस्वाद्वित्यर्थः, अत्युद्दामदीप्तिम् अत्युद्भटकान्ति दिव्य इति दिव्यश्चासौ दिगम्बरश्चेति समासः दिव्यदेवस्वरूप इति॥ ६२॥

[अब इस मन्त्र का ध्यान कहते हैं—]

जो अपने दाहिने हाथ में सरस पका हुआ पायस (परमान्न या खीर) प्रसन्नता

पूर्वक धारण किये हुये हैं, तथा बायें हाथ में शरत्कालीन पूर्णचन्द्र के समान नवनीत का गोला लिये हुये हैं और कण्ठ में श्वेत कमल के समान देदीप्यमान व्याघ्रनख धारण किये हुये हैं ऐसे दिव्य दिगम्बर (नङ्गे घिड़ङ्गे) देवता स्वरूप यशोदानन्दन परमात्मा श्रीकृष्ण आप सभी को सौख्य प्रदान करें। इस प्रकार के श्रीकृष्ण का ध्यान करें ॥ ६२ ॥

दिनशोऽभ्यर्च्य गोविन्दं द्वात्रिंशल्लक्षमानतः ।
जप्त्वा दशांशं जुहुयात्सिताज्येन पयोऽन्धसा ॥ ६३ ॥

सिताज्येन पयोऽन्धसाशर्कराघृतसहितेन परमान्नेन ॥ ६३ ॥

इस प्रकार के परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान कर प्रतिदिन उनका पूजन करे और ३२ लाख मन्त्र का जप करे। उसका दशांश शर्करा एवं घृतमिश्रित खीर से हवन करे ॥ ६३ ॥

पद्मस्थं देवमभ्यर्च्य तर्पयेत्तन्मुखाम्बुजे ।
क्षीरेण कदलीपक्वैर्दध्ना हैयङ्गवेन च ॥ ६४ ॥
सुतार्थी तर्पयेदेवं वत्सराल्लभते सुतम् ।
यद्यदिच्छति तत्सर्वं तर्पणादेव सिद्ध्यति ॥ ६५ ॥

क्षीरेणेत्यादिना तर्पणं यदुक्तं तज्जलेनैव क्षीरादिद्रव्यबुद्धचा कार्यम् ॥ ६४-६५ ॥

पुनः कमल पर बैठे हुए परमात्मा श्रीकृष्ण की पूजा कर उनके मुख में दूध, पके हुये केले, दही तथा नवनीत मिलाकर तर्पण करे ॥ ६४ ॥

पुत्र की अभिलाषा रखने वाला पुरुष यदि इस प्रकार श्रीकृष्ण का पूजन कर उपर्युक्त पदार्थों से तर्पण करे तो वह एक वर्ष के भीतर ही पुत्र प्राप्त करता है। इतना ही नहीं वह जिस जिस वस्तु की अभिलाषा करता है, वह सब उसे इस तर्पण द्वारा प्राप्त हो जाती है ॥ ६५ ॥

मन्त्रान्तरमुद्धरति—वाग्भवमिति ।

वाग्भवं मारबीजं च कृष्णाय भुवनेश्वरी ।
गोविन्दाय रमा गोपीजनवल्लभडेशिरः ॥ ६६ ॥

चतुर्दशस्वरोपेतः शुक्लः सर्गी तदूर्द्ध्वतः।
द्वाविंशत्यक्षरो मन्त्रो वागीशत्वस्य साधकः ॥ ६७ ॥

वाग्भवम् ऐम् इति बीजं मारबीजं क्लीं कृष्णयेति स्वरूपं भुवनेश्वरी-बीजं ह्रीं गोविन्दायेति स्वरूपं रमाश्रीबीजं गोपीजनवल्लभ इति स्वरूपं ङे चतुर्थ्येकवचनं शिरः स्वाहा शुक्लः शकारश्चतुर्दशस्वरेणोपेत औकारसहितः शुक्र इति पाठे दन्त्य सकारः सं शुक्रात्मने नम इति, न्यासविधानात् सर्गी विसर्गसहितः तदूर्द्ध्वत इति तस्य उर्द्ध्वम् तस्य एकविंशत्यक्षरस्य उर्द्ध्वतः प्रथमबीजमेतदिति रुद्रधरः।

तदूर्द्ध्वतः—

स्वाहाकारोर्द्ध्वतः इति लघुदीपिकाकारः।

अनेन बीजेन सह द्वाविंशत्यक्षरो मन्त्रो भवति। कीदृशोऽयम्? वचनेश्वरत्वदाता ॥ ६६-६७ ॥

वाग्भव (ऐं) और मारबीज (क्लीं) पूर्वक 'कृष्णाय' तदनन्तर भुवनेश्वरी बीज (ह्रीं), पुनः 'गोविन्दाय', तदनन्तर रमा बीज (श्रीं), 'तदनन्तर गोपीजन वल्लभाय स्वाहा', तदनन्तर शुक्ल (शकार) उस पर चौदहवाँ स्वर (औकार) उसे विसर्ग सहित करे। इस प्रकार यह २२ अक्षरात्मक मन्त्र का उद्धार हुआ। इस मन्त्र का जप वागीश्वरत्व प्रदान करता है ॥ ६६-६७ ॥

विमर्श—इसका स्वरूप 'ऐं क्रीं कृष्णाय, ह्रीं गोविन्दाय श्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा शौः' है ॥ ६६-६७ ॥

अष्टादशार्णेति।

अष्टादशार्णवत्सर्वमङ्गन्यर्यादिकमस्य तु।
पूजा च विंशत्यर्णोक्ता प्रतिपत्तिस्तु कथ्यते ॥ ६८ ॥

अस्य ऋषिच्छन्दोधिष्टातृदेवताबीजशक्त्यङ्गानि सर्वाणि अष्टादशार्णवत् यथाष्टादशाक्षरमन्त्रे तथात्रापीत्यर्थः। पूजा पुनः विंशत्यक्षरकथिता बोद्धव्या प्रतिपत्तिर्ध्यानं कथ्यते पुनः ॥ ६८ ॥

इसके ऋषि, छन्द एवं अधिष्ठातृ देवता अष्टादशाक्षरात्मक मन्त्र के समान ही हैं, और पूजा का प्रकार विंशत्यक्षरात्मक मन्त्र के प्रसङ्ग में कहा जा चुका है, अब इसका ध्यान कहते हैं ॥ ६८ ॥

वामोद्ध्वेति ।

वामोद्ध्वंहस्ते दधतं विद्यासर्वस्वपुस्तकम् ।
अक्षमालां च दक्षोद्ध्वें स्फाटिकीं मातृकामयीम् ॥ ६९ ॥
शब्दब्रह्ममयं वेणुमधःपाणिद्वयेरितम् ।
गायन्तं पीतवसनं श्यामलं कोमलच्छविम् ॥ ७० ॥
वर्हिवर्हकृतोत्तंसं सर्वज्ञं सर्ववेदिभिः ।
उपासितं मुनिगणैरुपतिष्ठेद्धरिं सदा ॥ ७१ ॥

श्लोकत्रयेणात्रादिकुलकम् ।

हरिम् उपतिष्ठेत् ध्यायेत् । वामोद्ध्वंहस्ते विद्यासर्वस्वपुस्तकं वेदान्त-पुस्तकं धारयन्तं दक्षोद्ध्वें पञ्चाशत्संख्यमातृकाक्षरसंमितां पञ्चाशत्स्फटि-कवद्धामक्षमालां धारयन्तम् । पुनः कीदृशम् ? अधः स्थितकरद्वयेन ईरितं वादितं शब्दब्रह्ममयं शब्दब्रह्मस्वरूपं वेणुरन्ध्रं दधानम् । पुनः कीदृशम् ? वेणूनैव गायन्तम् । पुनः कीदृशम् ? पीतवस्त्रे यस्य तं श्यामवर्णं च । पुनः कीदृशम् ? कोमला मनोहरा छविर्यस्य स तथा तम् । पुनः कीदृशम् ? बर्ही-मयूरस्तस्य बर्हं पिच्छं तेन कृत उत्तंसः शिरोभूषणं येन तम् । पुनः कीदृशम् ? सर्वसाक्षिणं पुनः कीदृशम् ? सर्वदा उपासितं सेवितम् । कैः ? सर्ववेदिभिः अतीतानागतज्ञैः मुनिगणैः सनकादिभिः ॥ ६९-७१ ॥

ऊपर के बायें हाथ में वेदान्त की पुस्तक धारण किये हुये तथा ऊपर के हाथ में मातृकामयी स्फटिकनिर्मित जपमाला धारण किये हुये एवं अपने नीचे के दोनों हाथों से शब्दब्रह्ममय वेणु को पकड़कर गाते हुये पीताम्बरधारी श्यामवर्ण वाले, मनोहर शोभायुक्त मयूरपुच्छनिर्मित शिरोभूषण धारण किये हुये, सर्वसाक्षी तथा भूतभविष्यवेत्ता मुनिगणों से उपासित परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान करे ॥ ६९-७१ ॥

पुरश्चरणमाह—ध्यात्वैवमिति ।

ध्यात्वैवं प्रमदावेशविलासं भुवनेश्वरम् ।
चतुर्लक्षं जपेन्मन्त्रमिमं मन्त्री सुसंयतः ॥ ७२ ॥

एवं पूर्वोक्तं भुवनेश्वरं श्रीकृष्णं प्रमदा स्त्री तस्या वेशः संस्थानविशेषः

तस्य विलास आल्हादो यस्य तं प्रमदारूपधारिणमित्यर्थः। यद्वा स्त्रीरूपधरं स्त्रीविलासञ्च ध्यात्वा इमं मन्त्रं लक्षचतुष्टयं जपेत्सुसंयतः सन् पूर्वोक्त-पुरश्चरणवान् ॥ ७२ ॥

[अब पुरश्चरण की प्रक्रिया कहते हैं—]

इस प्रकार प्रमदावेश धारण किये हुए एवं स्त्रियोचित हावभाव प्रदर्शित करते हुये भुवनेश्वर श्रीकृष्ण का ध्यान कर उपर्युक्त द्वाविंशत्यक्षरात्मक मन्त्र का जप समाहित चित्त होकर करे ॥ ७२ ॥

होममाह—पलाशेति।

पलाशपुष्पैः स्वाद्वक्तैश्चत्वारिंशत्सहस्रकम्।
जुहुयात्कर्मणाऽनेन मनुः सिद्धो भवेद् ध्रुवम् ॥ ७३ ॥

घृतमधुशर्करान्वितैः पलाशपुष्पैश्चत्वारिंशत्सहस्रकं जुहुयात्। [अनेन विधिना अवश्यं मन्त्रः सिध्यति ॥ ७३ ॥

[अब होमविधान कहते हैं—]

मधु, शर्करा एवं घृत से परिप्लुत पलाशपुष्प से चालीस हजार आहुति देवे तो इस कर्म से अवश्य ही इस मन्त्र की सिद्धि हो जाती है ॥ ७३ ॥

फलं दर्शयति—योऽस्मिन्निति।

योऽस्मिन्निष्णातधीर्मन्त्री वर्तते वक्त्रगह्वरात्।
गद्यपद्यमयी वाणी तस्य गङ्गाप्रवाहवत् ॥ ७४ ॥

यो मन्त्री अस्मिन् मन्त्रे निष्णातधीर्दत्तमतिर्वर्तते तस्य साधकस्य वक्त्रगह्वरात् मुखमध्यतो गद्यपद्यमयीवाणी प्रवर्त्तते गङ्गाप्रवाहवत् विशुद्धान-वरतत्वेन गङ्गाप्रवाहेणोपमा ॥ ७४ ॥

जो मन्त्री इस मन्त्र में अपनी बुद्धि श्रद्धायुक्त कर लगाये रहता है उसके मुख विवर से गद्य-पद्यमयी वाणी गङ्गा के प्रवाह के समान अनवरत प्रवाहित होती है ॥ ७४ ॥

सर्वेति।

सर्ववेदेषु शास्त्रेषु सङ्गीतेषु च पण्डितः।
संवित्तिं परमां लब्ध्वा चाऽन्ते भूयात्परम्पदम् ॥ ७५ ॥

सर्वेषु ऋग्वेदादिषु शास्त्रेषु वेदान्तेषु पण्डितो विवेकबुद्धियुक्तः सन् संवित्तिम् उत्कृष्टज्ञानं प्राप्य अन्ते देहावसाने विष्णुलोकं प्राप्नोति ॥ ७५ ॥

ऐसा पुरुष संपूर्ण वेदशास्त्र और सङ्गीत का पण्डित हो जाता है और संपूर्ण ज्ञान प्राप्त कर मरणोपरान्त विष्णुलोक को प्राप्त करता है ॥ ७५ ॥

मन्त्रान्तरमाह—तारमिति ।

तारं हृद्भगवान् ङेऽन्तो नन्दपुत्रपदं तथा ।
अनन्दान्ते वपुषेऽस्थ्यग्निमायान्ते दशवर्णकः ॥ ७६ ॥
अष्टाविंशत्यक्षरोऽयं ब्रुवे द्वात्रिंशदक्षरम् ।
नन्दपुत्रपद ङेऽन्तं श्यामलाङ्गं पदं तथा ।
ङेन्ता बालवपुःकृष्णगोविन्दा दशवर्णकः ॥ ७७ ॥

तारं प्रणवः हृत् नमः ङेऽन्त चतुर्थ्यन्तो भगवान् भगवत इति स्वरूपं नन्दपुत्रं तथा ङेन्तं चतुर्थ्यन्तं नन्दपुत्रायेति पदान्ते आनन्द इति शब्दशेषे वपुषे इति स्वरूपम् । अस्थिशकारः अग्नी रेफः माया दीर्घ ईकारः तथा च श्रीबीजम् अस्याऽन्ते दशार्णकः दशाक्षरमन्त्रः एतेनायं मन्त्रः अष्टाविंशत्यक्षरो भवति ।

अधुना द्वात्रिंशदक्षरमन्त्रान्तरमुद्धरति—ब्रुवे वच्मीति ।

प्रतिज्ञामन्त्रमुद्धरति—नन्देति ।

नन्दपुत्रपदं चतुर्थ्यन्तं श्यामलाङ्गं पदमपि चतुर्थ्यन्तं बालवपुः कृष्णगोविन्दशब्दाश्च प्रत्येकं चतुर्थ्यन्ताः । अनन्तरं पूर्वोक्तदशाक्षरमन्त्रः एतेन द्वात्रिंशदक्षरो मन्त्रो भवति ॥ ७६-७७ ॥

तार (प्रणव ॐकार) उसके बाद 'नमः' पद, तदनन्तर चतुर्थ्यन्त भगवत् पद (भगवते), फिर नन्द पुत्र का चतुर्थ्यन्त (नन्दपुत्राय), पुनः आनन्द युक्त वपुषे पद (आनन्दवपुषे), तदनन्तर अस्थि (शकार), अग्नि रेफ, उसे माया (ईकार) से संयुक्त कर अर्थात् 'श्रीं' पद इसके बाद दशाक्षर मन्त्र इस प्रकार अष्टाविंशत्यक्षर का यह मन्त्रोद्धार हुआ ॥ ७६ ॥

विमर्श—इसका स्वरूप इस प्रकार समझना चाहिये—'ॐ नमो भगवते नन्दपुत्राय आनन्दवपुषे श्रीं गोपीजनवल्लभाय स्वाहा' ॥ ७६ ॥

[अब द्वात्रिंशदक्षरात्मक मन्त्र कहते हैं—]

चतुर्थ्यन्त 'नन्दपुत्र' पद (नन्दपुत्राय), पुनः चतुर्थ्यन्त श्यामलाङ्ग पद (श्याम-

लाङ्गाय), पुनः वालवपुः, कृष्ण और गोविन्द इन तीनों शब्दों में प्रत्येक को चतुर्थ्यन्त विभक्ति से युक्त करे (बालवपुषे कृष्णाय गोविन्दाय) । पुनः दशाक्षर मन्त्र इस प्रकार ३२ अक्षरात्मक मन्त्र का उद्धार कहा गया ॥ ७७ ॥

विमर्श—प्रयोग—'नन्दपुत्राय श्यामलाङ्गाय बालवपुषे कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा' ॥ ७७ ॥

ऋष्यादिकं दर्शयति—अनयोरिति ।

अनयोर्नारदऋषिः छन्दस्त्रिष्टुवनुष्टुभौ ।
आचक्राद्यैरङ्गमङ्गदिक्पालाद्यैश्च पूजनम् ॥ ७८ ॥

अनयोर्नारदऋषिः यथाक्रमं त्रिष्टुवनुष्टप्छन्दसी आचक्राद्यैः पूर्वोक्तैरङ्ग-पञ्चकम् अङ्गदिक्पालवज्राद्यैरावरणपूजनं पीठपूजा तु पूर्ववत् ॥ ७८ ॥

इन २८ और ३२ अक्षरात्मक मन्त्रों के नारद ऋषि हैं—क्रमशः त्रिष्टुप् और अनुष्टुप् छन्द हैं । पूर्वोक्त चक्रादि पञ्चाङ्ग हैं, दिक्पाल एवं वज्रादि पर्यन्त पञ्चावरण की पूजा इन मन्त्रों के जप में करनी चाहिये ॥ ७८ ॥

ध्यानं दर्शयति—दक्षिण इति ।

दक्षिणे रत्नचषकं वामे सौवर्णवेत्रकम् ।
करे दधानं देवीभ्यामाश्लिष्टं चिन्तयेद्धरिम् ॥ ७९ ॥

हरिं चिन्तयेत् । कीदृशम् ?

दक्षिणहस्ते रत्नपात्रं वामहस्ते सुवर्णघटितवेत्रं दधानम् ? पुनः कीदृशम् ? देवीभ्यां लक्ष्मीसरस्वतीभ्यां रुक्मिणीसत्यभामाभ्यां वा आलिङ्गितम् ॥ ७९ ॥

[अब ध्यान कहते हैं—]

दक्षिण हाथ में रत्न का प्याला और बायें हाथ में सुवर्ण निर्मित वेत धारण किये हुये लक्ष्मी, सरस्वती से अथवा रुक्मिणी सत्यभामा से आलिङ्गित श्री हरि का ध्यान करे ॥ ७९ ॥

जपेदिति ।

जपेल्लक्षं मनुवरौ पायसैरयुतं हुनेत् ।
एवं सिद्धमनुर्मन्त्री त्रैलोक्यैश्वर्यभाग् भवेत् ॥ ८० ॥

मन्त्रश्रेष्ठौ प्रत्येकं लक्षं जपेत् ।

अनन्तरं परमान्नेन दशसहस्रं जुहुयात् अनेन सिद्धो मन्त्रो यस्य मन्त्री लोकत्रयैश्वर्यभाजनं भवति ॥ ८० ॥

इन दोनों मन्त्रों का उपर्युक्त रूप में ध्यान कर एक एक लाख जप करे। पुनः दस हजार परमान्न (खीर) की आहुति देवे। इस प्रकार मन्त्र को सिद्ध करने वाला साधक समस्त त्रैलोक्य के ऐश्वर्य का भोक्ता हो जाता है ॥ ८० ॥

मन्त्रान्तरमाह—तारेति ।

तारश्रीशक्तिबीजाढ्यं नमो भगवते पदम् ।
नन्दपुत्रपदङेन्तं भूधरो मुखवृत्तयुक् ।
मासान्ते वपुषे मन्त्र ऊनविंशतिवर्णकः ॥ ८१ ॥

तारं प्रणवः श्रीबीजं भुवनेश्वरीबीजम् एतद्बीजत्रयाढ्य नमो भगवते इति स्वरूपं ततश्चतुर्थ्यन्तनन्दपुत्रपदं भूधरो वकारः मुखवृत्तमाकारः तद्युक्तः मांसो लकारस्तदन्ते वपुषे इति स्वरूपम् एतेन ऊनविंशतिवर्णको मन्त्र उद्धृतो भवति ॥ ८१ ॥

[अब अन्य मन्त्र कहते हैं—]

तार (प्रणव), श्रीबीज (श्रीं), शक्तिबीज (ह्रीं) से युक्त 'नमो भगवते' पद। तदनन्तर चतुर्थी विभक्ति से युक्त 'नन्द पुत्र' पद, पुनः भूधर (वकार) उसे मुखवृत्त (आकार) से युक्त कर, तदनन्तर मास पद (लकार) पुनः उसके बाद 'वपुषे' पद- इस प्रकार 'ॐ श्रीं ह्रीं नमो भगवते नन्दपुत्राय बालवपुषे' यह १९ अक्षरात्मक मन्त्र का उद्धार कहा गया ॥ ८१ ॥

ऋषिर्ब्रह्माऽनुष्टुप्छन्दस्तथाऽन्यदुदितं समम् ।
अयं च सर्वसम्पत्तिसिद्धये सेव्यताम्बुधैः ॥ ८२ ॥

अस्य मन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः छन्दोनुष्टुप् अन्यदुदितम् । अन्यत्सर्वं समानं पूर्वोक्तवद् वेदितव्यमित्यर्थः ॥ ८२ ॥

इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है, अन्य सब समान है अर्थात् (श्री कृष्ण देवता हैं)। संपूर्ण संपत्ति की प्राप्ति के लिये बुद्धिमानों को इस मन्त्र का आश्रय लेना चाहिये ॥ ८२ ॥

मन्त्रान्तरमुद्धरति—तारमित्यादिना ।

तारं हृत् भगवान् ङेन्तो रुक्मिणीवल्लभस्तथा ।
शिरोऽन्तः षोडशार्णोऽयं रुक्मिणीवल्लभाह्वयः ॥ ८३ ॥

तारः प्रणवः हृन्नमः चतुर्थ्यन्तो भगवान् तथा चतुर्थ्यन्तो रुक्मिणीवल्लभ-शब्दः शिरोन्तः स्वाहाशब्दान्तः एतेन रुक्मिणीवल्लभाख्यः षोडशाक्षरो मन्त्रः कथितः ॥ ८३ ॥

[अब अन्य मन्त्र का उद्धार कहते हैं—]

तार (प्रणव), हृत् 'नमः' पद उसके बाद चतुर्थ्यन्त भगवान् पद (भगवते) तथा चतुर्थ्यन्त 'रुक्मिणी वल्लभ' पद (रुक्मिणी वल्लभाय) । पुनः शिरः पद (स्वाहा) शब्द । यह रुक्मिणी वल्लभ नामक षोडशाक्षर मन्त्र हुआ ।। ८३ ।।

विमर्श—इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार 'ॐ नमो भगवते रुक्मिणीवल्लभाय स्वाहा' ॥ ८३ ॥

सर्वसम्पत्प्रदो मन्त्रो नारदोऽस्य मुनिः स्मृतः ।
छन्दोऽनुष्टुप् देवता च रुक्मिणीवल्लभो हरिः ।
एकदृग्वेदमुनिदृग्वर्णैरस्याऽङ्गपञ्चकम् ॥ ८४ ॥

अस्य ऋषिर्नारदः अनुष्टप्छन्दः रुक्मिणीवल्लभो हरिर्देवतेति ।

एकेति । अस्य मन्त्रस्य पञ्चाङ्गानि भवन्ति । कैः ? मन्त्रस्य एकद्विचतुः सप्तद्विवर्णैः ॥ ८४ ॥

यह मन्त्र संपूर्ण संपदाओं को देने वाला है, इस मन्त्र के नारद ऋषि कहे गये हैं, इसका छन्द अनुष्टुप् हैं तथा रुक्मिणीवल्लभ परमात्मा श्रीकृष्ण इसके देवता हैं । इसके एक अक्षर दो, चार, सात एवं दो वर्ण के विभाग से पाँच अङ्ग कहे गये हैं ॥ ८४ ॥

ध्यानमाह—तापिच्छेति ।

तापिच्छच्छविरङ्गाभ्रियतमां स्वर्णप्रभामम्बुज-
प्रोद्यद्वामभुजां स्ववामभुजयाश्लिष्यन् सचिन्ताश्मना
श्लिष्यन्तीं स्वयमन्यहस्तविलसत्सौवर्णवेत्रश्रियं
पायाद्वोऽसनप्रसूनपीतवसनो नानाविभूषो हरिः ॥ ८५ ॥

तापिच्छच्छविस्तमालकान्तिर्हरिर्वो युष्मान् पायात् रक्षतु। किं कुर्वन्? अङ्कस्थां गौराङ्गीं प्रियतमां चिन्तामणिरत्नसहितेन हस्तेन आलिङ्गन्। किंभूताम्? पद्मोल्लसत् मनोहरवामकराम्। पुनः किंभूताम्? स्वयमात्मना आत्मानं देवं वा दक्षिणकरेण आश्लिष्यन्तीम् आलिङ्गन्तीम्। कीदृशो हरिः? आलिङ्गनान्यहस्ते शोभमानः काञ्चनदण्डो यस्य, तथा पुनः कीदृशः? असनवृक्षपुष्पवत्पीते वस्त्रे यस्य स, पुनः कीदृशः? नानाप्रकारोऽलङ्कारो यस्य॥ ८५॥

[अब ध्यान का वर्णन कहते हैं—]

जिन भगवान् के शरीर की छवि तमाल के समान नील वर्ण की है, जो अपनी गोद में स्थित सुवर्ण के समान गौरवर्ण वाली एवं बायें हाथ में कमल धारण करने वाली अपनी प्रियतमा को चिन्तामणियुक्त हाथों से अलिङ्गन कर रहे हैं तथा स्वयं भी उनके दाहिने हाथ से आलिङ्गित हैं और अपने दूसरे (आलिङ्गन के अतिरिक्त) हाथ में सुवर्णमय दण्ड तथा कटितट में असन पुष्प के समान पीताम्बर धारण किये हुये नाना प्रकार के अलङ्कारों से युक्त हैं ऐसे परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान करना चाहिये॥ ८५॥

पुरश्चरणमाह—ध्यात्वेति।

ध्यात्वैवं रुक्मिणीनाथं जप्याल्लक्षमिमं मनुम्।
अयुतं जुहुयात्पद्मैररुणैर्मधुराप्लुतैः॥ ८६॥

एवं पूर्वोक्तं रुक्मिणीवल्लभं रुक्मिणीनाथ ध्यात्वा इमं मन्त्रं लक्षमेकं जपतु। घृतमधुशर्करासिक्तैः लोहितपद्मैरपि दशसहस्रं जुहुयात्॥ ८६॥

इस प्रकार रुक्मिणीवल्लभ श्री कृष्ण का ध्यान कर ऊपर कहे गये षोडशाक्षरात्मक मन्त्र का एक लाख जप करे। पुनः शर्करा मधु एवं आज्य परिप्लुत रक्तकमल से दस हजार होम करे॥ ८६॥

पूजां दर्शयति—पूजयेदिति।

अर्चयेन्नित्यमङ्गैस्तं नारदाद्यैर्दिशाधिपैः।
वज्राद्यैरपि धर्मार्थकाममोक्षाप्तये नरः॥ ८७॥

पीठपूजापूर्ववत्। आवरणपूजा तु कथ्यते—प्रत्यहं तं हरिं पूजयेत्। कैरङ्गैराचक्राद्यैः सायाह्नपूजोक्तैः नारदप्रभृतिभिश्च दिशाधिपैरिन्द्राद्यैः तेषामायुधैर्वज्राद्यैः। कीदृशम्? पुरुषार्थचतुष्टयप्रदम्॥ ८७॥

नित्य पीठ पूजा करते हुये चक्रादि अङ्गों सहित एवं पूर्वोक्त सायङ्काल की पूजा के आवरण में कहे गये नारदादि ऋषियों, इन्द्रादि दश दिक्पालों एवं वज्रादि आयुधों की पूजा धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष प्राप्ति के लिये करे ॥ ८७ ॥

मन्त्रान्तरमुद्धरति—लीलादण्डेति ।

लीलादण्डावधौ गोपीजनसंसक्तदोः पदम् ।
दण्डान्ते बालरूपेति मेघश्यामपदं ततः ॥ ८८ ॥
भगवान् विष्णुरित्युक्त्वा वह्निजायान्तको मनुः ।
एकोनत्रिंशदर्णोऽस्य मुनिर्नारद ईरितः ॥ ८९ ॥
छन्दोऽनुष्टुप् देवता च लीलादण्डधरो हरिः ।
मन्वब्धिकरणाग्न्यब्धिवर्णैरङ्गक्रिया मता ॥ ९० ॥

लीलादण्डावधौ लीलादण्डशब्दान्ते गोपीजनसंसक्तदोः पदम् अनन्तरं दण्डशब्दान्ते बालरूपेति पदं तदनु मेघश्यामेति पदं ततः शब्दोऽपि काकाक्षिवत् सम्बध्यते । तदनु भगवान् विष्णुः सम्बोधनान्तमुक्त्वा स्वाहा शब्दान्त एकोनत्रिंशदक्षरो मन्त्र उद्धियतामित्यर्थः । अस्य मन्त्रस्य नारद ऋषिरनुष्टुप्छन्दो लीलादण्डो हरिर्देवतेति ।

मन्वब्धीति । अस्य मन्त्रस्याऽङ्गक्रिया मनुश्चतुर्दशः अब्धिश्चतुष्टयं करणं पञ्च अग्निस्त्रयश्चत्वारोऽब्धिरेतत्संख्याकैर्मन्त्रवर्णैर्मता संमता पञ्चाङ्गानीत्यर्थः ॥ ८८-९० ॥

[अब अन्य मन्त्र का उद्धार कहते हैं—]

'लीलादण्ड' शब्द के अनन्तर 'गोपीजन संसक्त दोर्दण्ड'—पद कहे । उसके बाद 'बालरूप मेघश्याम' पद कहे। तदनन्तर 'भगवान् विष्णु' इन दो पदों का सम्बोधनान्त उच्चारण करे । पुनः 'स्वाहा' पद कहे । इस प्रकार २९ अक्षरों का यह मन्त्र उद्धृत हुआ । ['लीलादण्डगोपीजनसंसक्तदोर्दण्डबालरूपमेघश्याम भगवन् विष्णो स्वाहा' इसका स्वरूप हुआ] इस मन्त्र के ऋषि नारद हैं । अनुष्टुप् छन्द है । लीलादण्ड धारण करने वाले परमात्मा श्रीकृष्ण इसके देवता हैं । १४, ४, ५, ३ और ४ अक्षरों के इस मन्त्र के पाँच अङ्ग हैं ॥ ८८-९० ॥

ध्यानमाह—संमोहयन्निति ।

संमोहयन्निजकवामकरस्थलीला-
दण्डेन गोपयुवतीः सुरसुन्दरीश्च ।

दिश्यान्निजप्रियतमांसगदक्षहस्तो
देवः श्रियं निहतकंस उरुक्रमो वः ॥ ९१ ॥

देवः श्रीकृष्णः वो युष्मभ्यं श्रियं लक्ष्मीं दिश्यात् प्रयच्छतु । किं कुर्वन् ? गोपयुवतीः सुरयुवतीश्च संमोहयन् । केन ? स्वीयवामहस्तस्थविलासवेत्रेण । कीदृशो ? निजप्रियांसग-दक्षहस्तः स्वीयवल्लभाबाहुमूलस्थितदक्षिणकरः प्रिय-सखांसगदक्षहस्त इति पाठे निजसखांसगतदक्षिणहस्तः । पुनः कीदृशः ? उरुर्महान् क्रमः पराक्रमो यस्य स तथा ॥ ९१ ॥

[अब इसका ध्यान कहते हैं—]

अपने वामकरस्थ लीला नेत्र से गोप युवतियों एवं सुराङ्गनाओं को मोहित करते हुये, अपनी प्रियतमाओं के कन्धों पर दाहिना हाथ रखे हुये कंसवधकर्त्ता एवं महान् पराक्रमशाली परमात्मा श्रीकृष्ण आप सबको श्री प्रदान करें ॥ ९१ ॥

पुरश्चरणमाह—ध्वात्वेति ।

ध्यात्वैवं प्रजपेल्लक्षमयुतं तिलतण्डुलैः ।
त्रिमध्वक्तैर्हुनेदङ्गदिक्पालाद्यैः समर्चयेत् ॥ ९२ ॥

एवं पूर्वोक्तं कृष्णं ध्यात्वा लक्षमेकं जपेत् । तदनु घृतमधुशर्करा-सहितैस्तिलतण्डुलैर्दशसहस्रं जुहुयात् ।

अङ्गेति । पीठपूजा पूर्ववदावरणपूजापञ्चाङ्गैरिन्द्राद्यैश्चेति ॥ ९२ ॥

इस प्रकार श्रीकृष्ण का ध्यान कर इस मन्त्र का एक लाख जप करे और शर्करा, घृत, मधुमिश्रित तिल एवं चावल से दस हजार हवन करे। पूर्ववत् पीठ पूजा करे तथा पञ्चावरण युक्त इन्द्रादि की पूजा करे ॥ ९२ ॥

प्रात्यह्निकपूजाफलमाह—लीलेति ।

लीलादण्डं हरिं यो वै भजते नित्यमादरात् ।
स पूज्यते सर्वलोकैस्तं भजेदिन्दिरा सदा ॥ ९३ ॥

यो मनुष्यः प्रत्यहं लीलादण्डधरं हरिं सेवते, स सर्वजनैः पूज्यते । तम् इन्दिरा लक्ष्मीः सर्वदा भजते ॥ ९३ ॥

[प्रतिदिन पूजा का फल प्रतिपादन करते हैं—]

जो इस प्रकार लीलादण्डधारी परमात्मा श्रीकृष्ण का आदरपूर्वक भक्ति और

श्रद्धा से युक्त हो पूजन करता है, वह समस्त लोकों से पूजित होता है, एवं लक्ष्मी सर्वदा उसके साथ रहती हैं ॥ ९३ ॥

मन्त्रान्तरमुद्धरति—त्रयोदशेति ।

त्रयोदशस्वरयुतः शार्ङ्गी मेदः सकेशवः ।
तथा मांसयुगम्भाय शिरः सप्ताक्षरो मनुः ॥ ९४ ॥

त्रयोदशस्वरओंकारस्तेन युतः शार्ङ्गी गकारः मेदो वकारः । कीदृशः ? सकेशवः अकारसहितः, तथा मांसयुगं लकारद्वयमिति भाय शिरः स्वाहा । अनेन सप्ताक्षरो मन्त्रः उक्तः ॥ ९४ ॥

[अब अन्य मन्त्र का उद्धार कहते हैं—]

त्रयोदश स्वर (ओ) उससे युक्त शार्ङ्गी (गकार), मेद (वकार) उसको अकार से युक्त कर तदनन्तर मांसयुग (दो लकार) फिर 'भाय' पद पुनः शिरः (स्वाहा) पद का उच्चारण करे । इस प्रकार सप्ताक्षर मन्त्र का उद्धार कहा गया है ॥ ९४ ।

विमर्श—इस मन्त्र का स्वरूप 'गोवल्लभाय स्वाहा' हुआ ॥ ९४ ॥

ऋष्यादिकमाह—आचक्राद्यैरिति ।

आचक्राद्यैरङ्गकल्पैर्नारदोऽस्य मुनिः स्मृतः ।
छन्द उष्णिग्देवता च गोवल्लभ उदाहृतः ॥ ९५ ॥

आचक्राद्यैः पञ्चाङ्गकरणम् । अस्य मन्त्रस्य नारदऋषिः उष्णिक्छन्दः गोवल्लभः कृष्णो देवतेति ॥ ९५ ॥

चक्रादि इस के पञ्चाङ्ग है । इस मन्त्र के नारद ऋषि हैं । उष्णिक् छन्द है गोवल्लभ परमात्मा श्री कृष्ण इसके देवता कहे गये हैं ॥ ९५ ॥

ध्यानमाह—ध्येय इति ।

ध्येयोऽच्युतः स कपिलागणमध्यसंस्थः
ता आह्वयन् दधददक्षिणदोष्णि वेणुम् ।
पार्श्वे सयष्टिमपरत्र पयोदनीलः
पीताम्बरोऽहिरिपुपिच्छकृतावतंसः ॥ ९६ ॥

अच्युतः कृष्णो ध्येयः । कीदृशः ? कपिलागणो गोविशेषसमूहस्तस्याभ्यन्तरवर्ती । किङ्कुर्वन् ? ताः कपिला आह्वयन् अभिमुखीकुर्वन् । पुनः

कीदृशः ? अदक्षिणदोष्णि वामहस्तेन सरन्ध्रं वंशं वहन् । अपरत्र दक्षिणहस्ते दण्डसहितगोबन्धनरज्जुं दधत् । पुनः कीदृशः ? पयोदनीलो मेघश्यामः पीतवसनः । पुनः कीदृशः ? अहिरिपुर्मयूरः, तस्य पिच्छं शिखण्डः, तेन कृतोऽवतंसः कर्णालङ्कारः शिरोभूषणं वा येन स तथा ॥ ९६ ॥

[अब इस मन्त्र का ध्यान कहते हैं—]

कपिला गणों के मध्य में स्थित होकर उन्हें अपनी ओर बुलाते हुये बायें हाथ में सछिद्र वेणु धारण किये हुये एवं दाहिने हाथ में छड़ी एवं गोओं को बाँधने की रस्सी लिये हुये, मेघश्याम पीताम्बरधारी एवं मयूरपिच्छ का शिरोभूषण धारण किये हुये परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान करना चाहिए ॥ ९६ ॥

पुरश्चरणमाह—मुनिलक्षेति ।

मुनिलक्षं जपेदेतद् धुनेत्सप्तसहस्रकम् ।
गोक्षीररङ्गदिक्पालमध्येऽर्च्यं गोगणाष्टकम् ॥ ९७ ॥

इमं मन्त्रं मुनिलक्षं सप्तलक्षं जपेत् । गोदुग्धैः सप्तसहस्रं जुहुयात् । अङ्ग-पूजाऽनन्तरं दिक्पालपूजायाः प्राक् गोगणाष्टकं पूजनीयं गोगणाष्टकं च प्रथमादि यथा स्यात् ।

सुवर्णवर्णा कपिला द्वितीया गौरपिङ्गला ।
तृतीया गौरपिङ्गाक्षी चतुर्थी गुडपिङ्गला ॥
पञ्चमी अभ्रवर्णा स्यादेताः स्युरुत्तमा गवाम् ।
चतुर्थीपिङ्गला षष्ठी सप्तमी खुरपिङ्गला ।
अष्टमी कपिला गोषु विज्ञेयः कपिलागणः ॥

इत्यनेनोक्तम् ॥ ९७ ॥

इस मन्त्र का सात लाख जप करे और सात हजार होम करे तथा अङ्गपूजा के अनन्तर दिक्पाल पूजा के पहले आठ प्रकार की कपिलाओं का पूजन करे ॥ ९७ ॥

विमर्श—कपिला गायों का स्वरूप इस प्रकार है—

१. सुवर्णवर्ण कपिला, २. गौरपिङ्गला, ३. गौरपिङ्गाक्षी, ४. गुडपिङ्गला, ५. अभ्रवर्णा ६. पिङ्गला ७. खुरपिङ्गला, और ८. कपिला में कपिलागण हैं ॥ ९७ ॥

प्रयोगान्तरमाह—अष्टोत्तरेति ।

अष्टोत्तरसहस्रं यः पयोभिर्दिनशो हुनेत् ।
पक्षात्स गोगणैराढ्यो दशार्णेनैष वा विधिः ॥ ९८ ॥

गौदुग्धैः प्रतिदिनं योऽष्टाधिकं सहस्रं जुहुयात् स पञ्चदशदिनाभ्यन्तरे गोसमूहेन सम्पन्नो भवति । एष विधिप्रयोगो दशाक्षरमन्त्रेण वा कार्य्य इत्यर्थः ॥ ९८ ॥

जो इस मन्त्र से प्रतिदिन एक हजार आठ बार हवन करे तो वह एक पक्ष के भीतर गोसमूह से संपन्न हो जाता है । इसका विधान और प्रयोग दशाक्षर मन्त्र के समान समझना चाहिये ॥ ९८ ॥

मन्त्रान्तरमाह—सलवेति ।

सलवो वासुदेवो हृत् ङेऽन्तं च भगवत्पदम् ।
श्रीगोविन्दपदं तद्वत् द्वादशार्णोऽयमीरितः ॥ ९९ ॥

लवो बिन्दुः तत्सहितो वासुदेवः ओंकारः अर्थात् प्रणवः ॐ नमः चतुर्थ्यन्तं भगवत्पदं तथा श्रीगोविन्दपदं चतुर्थ्यन्तम् । एतेन द्वादशाक्षरो मन्त्र उद्घृतः ॥ ९९ ॥

[अन्य मन्त्र कहते हैं—]

विन्दु सहित वासुदेव (ओंकार) पुनः नमः पद चतुर्थ्यन्त भगवत्पद (भगवते) । इसी प्रकार चतुर्थ्यन्त श्री गोविन्द पद, इस प्रकार द्वादशाक्षर मन्त्र का उद्धार कहा गया ॥ ९९ ॥

विमर्श—इसका स्वरूप—'ॐ नमो भगवते श्री गोविन्दाय' इस प्रकार है ॥ ९९ ॥

ऋष्यादिकमाह—मनुरिति ।

मनुर्नारदगायत्रीकृष्णर्ष्यादिरथाङ्गकम् ।
एकाक्षिवेदभूताणैः समस्तैरपि कल्पयेत् ॥ १०० ॥

क्वचिन्मुनिरिति पाठो न युक्तः असमन्वयात् पौनरुक्त्याच्च किन्तु मनुरित्येव पाठः । अयमिति पाठो युक्त्यालभ्यत इति रुद्रधरः ।

अथाऽङ्गपञ्चकं कल्पयेत् । कैः ? एकद्विचतुःपञ्चभिः तथा ओं नमो भगवते श्रीगोविन्दाय अस्त्राय फट् इति ॥ १०० ॥

इस मन्त्र के नारद ऋषि हैं। गायत्री छन्द है। श्रीकृष्ण देवता हैं। इस मन्त्र का एक, दो, चार और पाँच अक्षरों का पञ्चाङ्ग समझना चाहिये। पुनः 'ॐ नमो भगवते श्रीगोविन्दाय अस्त्राय फट्' पढ़कर चारों ओर अपने को अवगुण्ठित करे॥ १००॥

ध्यानमाह—वन्द इति।

वन्दे कल्पद्रुमूलाश्रितमणिमयसिंहासने सन्निविष्टं
नीलाभं पीतवस्त्रं करकमललसच्छङ्खवेत्रं मुरारिम्।
गोभिः सप्रश्रवाभिर्वृतममरपतिप्रौढहस्तस्थकुम्भ-
प्रच्योतत्सौधधारास्नपितमभिनवाम्भोजपत्राभनेत्रम्॥ १०१॥

मुरारिं वन्दे। कीदृशम्? कल्पवृक्षमूलावस्थिते पद्मरागमणिघटिते सिंहासने उपविष्टम्, पुनः कीदृशम्? नीलाभं श्यामं तथा पीतवस्त्रं तथा हस्तपद्मे शोभमानौ शङ्खवेत्रौ यस्य, तं तथा सप्रस्रवाभिः क्षीरस्तनाभिः गोभिर्वृतं वेष्टितम्, तथा अमरपतेरिन्द्रस्य प्रौढो बलिष्ठो यो हस्तस्तदवस्थितो यः कुम्भः घटस्तस्मात् प्रस्रवदमृत धाराभिः स्नपितं तथाऽभिनवं नूतनं यदम्भोजं पद्मं तस्य पत्रवदाभा कान्तिर्नयनयोर्यस्य तम्॥ १०१॥

[अब ध्यान कहते हैं—]

कल्पवृक्ष के मूल में स्थित मणिमय सिंहासन पर बैठे हुए, नीलवर्ण वाले पीताम्बरधारी, करकमल में शङ्ख एवं वेत्रयष्टि धारण किये हुये, अपने थनों से दूध की धारा बहाती हुई गौओं से घिरे हुये, इन्द्र के बलिष्ठ भुजाओं में धारण किये गये अमृत कुम्भ की सुधामयी धारा से स्नान कराये जाते हुए, सद्यः खिले हुए कमलों के समान नेत्रों वाले परमात्मा श्रीकृष्ण की वन्दना करता हूँ॥ १०१॥

पुरश्चरणमाह—ध्यात्वेति।

ध्यात्वैवमच्युतं जप्त्वा रविलक्षं हुनेत्ततः।
दुग्धैर्द्वादशसाहस्रं दिनशोऽमुं समर्चयेत्॥ १०२॥

एवं पूर्वोक्तमच्युतं ध्यात्वा द्वादशलक्षं जप्त्वा दुग्धैर्द्वादशसहस्रं जुहुयात्। प्रत्यहं वा अमुं पूजयेत्॥ १०२॥

[अब पुरश्चरण का प्रकार कहते है—]

इस प्रकार श्रीकृष्ण का ध्यान करते हुए १२ लाख ऊपर कहे गये द्वादशाक्षर

मन्त्र का जप करे एवं बारह हजार मन्त्रों द्वारा दूध से अग्नि में हवन करे और पूजा प्रतिदिन करता रहे ॥ १०२ ॥

आयतनादिषु पूजाविशेषं दर्शयति—गोष्ठ इति ।

गोष्ठे प्रतिष्ठितं चाऽऽत्मगेहे वा प्रतिमादिषु ।
समस्तपरिवारार्चास्ताः पुनर्विष्णुपार्षदाः ॥ १०३ ॥
द्वाराग्रे वलिपीठेऽर्च्याः पक्षीन्द्रश्च तदग्रतः ।
चण्डप्रचण्डौ प्राक् धातृविधातारौ च दक्षिणे ॥१०४॥
जयः सविजयः पश्चाद्बलः प्रबल उत्तरे ।
ऊर्द्ध्वे द्वारश्रियं चेष्ट्वा द्वास्थेशान् युग्मशोऽर्चयेत् ॥ १०५ ॥
पूज्यो वास्तुपुमांस्तत्र तत्र द्वाःपीठमध्यगः ।
द्वारान्तःपार्श्वयोरर्च्या गङ्गा च यमुना निधी ॥१०६॥
कोणेषु विघ्नं दुर्गाञ्च वार्णीं क्षेत्रेशमर्चयेत् ।
अर्चयेद्वास्तुपुरुषं वेश्ममध्ये समाहितः ।
देवतार्चानुरोधेन नैर्ऋत्यां वा विचक्षणः ॥ १०७ ॥

गोष्ठे गोस्थाने प्रतिष्ठित स्थापितं तथा आत्मगेहे सुवर्णादिघटित-प्रतिमादिषु प्रतिष्ठितं विष्णुं पूजयेदिति पूर्वेणान्वयः । ताः पूर्वोक्ता एव समस्तपरिवारपूजाः कार्याः, तथा वक्ष्यमाणाश्च विष्णुपार्षदाः पूर्वादि-चतुर्द्वाराग्रभागे वलिदानपीठे द्विशः पूज्याः अत्र त्रिपाठिनः ।

द्वादशाक्षरगोविन्दमन्त्रस्य पूजाप्रसङ्गेन पूर्वोक्त दीक्षापूजायां तथा त्रिकालपूजास्वपि पूर्वादिचतुर्द्वारपूजा विशेषतः कर्त्तव्यत्वेन ज्ञातव्या समस्त-परिवारायाऽच्युताय नमो नमः, विष्णुपार्षदेभ्यो नमो नमः—अनेन मन्त्रद्वयेन पूर्वादिचतुर्द्वाराग्रभागे बलिदानपीठे पूजयेदित्यर्थः ।

पक्षीन्द्रो गरुडः तदग्रतः बलिदानपीठाग्रतः पूज्यः । विष्णुपार्षदान् दर्शयति—प्रागिति ।

द्वारपूजामाह—ऊर्द्ध्वे इति । चतुरस्रचतुर्द्वारोर्द्ध्वभागे द्वारश्रियं पूज-यित्वा चण्डादीन् द्वौ द्वौ कृत्वा पूजयेत् । अनुक्रमेण पूर्वद्वारमारभ्य द्वारवलि-

पीठयोर्मध्ये वास्तुपुरुषाय नम इति पूजयेत्। द्वारान्त इति। चतुर्द्वारमध्योभयफलके गंगायमुने पूज्ये तथा शङ्खनिधिपद्मनिधी च पूज्यौ।

तदनु मण्डपे प्रविश्याऽऽग्नेयादिकोणेषु विघ्नदुर्गासरस्वतीक्षेत्रेशाः क्रमेण पूज्याः मण्डपमध्ये ब्रह्मस्थाने पुनर्वास्तुपुरुषं संयतः सन् पूजयेत् ॥ १०३-१०७ ॥

गोष्ठ में अथवा अपने घर में प्रतिष्ठापित सुवर्णमयी प्रतिमा में 'समस्तपरिवारायाच्युताय नमो नमः' इस मन्त्र से विष्णु की पूजा करे, तदनन्तर पूर्वादि दिशाओं के चारों द्वारों के अग्रभाग में जिसे बलिदान का पीठ कहा जाता है आठ विष्णुपार्षदों की 'समस्तपरिवारायाच्युताय नमो नमः' एवं 'समस्त पार्षदेभ्यो नमो नमः' इन दो मन्त्रों से पूजा करे और उस बलि पीठ के भी आगे 'गरुडाय नमो नमः' से पूजा करे। अब पार्षदों के पूजा के प्रसङ्ग से उनका नाम कहते हैं, चण्ड प्रचण्ड पूर्व द्वार के, धाता विधाता दक्षिण द्वार के, जय विजय पश्चिम द्वार के एवं बल प्रबल उत्तर द्वार के पार्षद कहे गये हैं। प्रथम द्वार के ऊर्ध्वभाग में स्थिति श्री क पूजा करे। तदनन्तर पूर्वादि द्वार पर पृथक् पृथक् दो दो द्वारपालों की पूजा करे ॥ पुनः प्रत्येकद्वार पीठ के मध्य में सर्वत्र वास्तु पुरुष की पूजा करे। द्वार के भीतरी भाग में दोनों ओर गङ्गा और यमुना की एवं शङ्खनिधि तथा पद्मनिधि की पूजा करे। पुनः मण्डप में प्रविष्ट हो चारों कोनों में विघ्नेश्वर, दुर्गा, वाणी तथा क्षेत्रपाल की पूजा करे, पुनः समाहित चित्त हो मण्डप में वास्तु पुरुष की पूजा करे अथवा देवार्चानुरोध से नैर्ऋत्य कोण में वास्तु पुरुष की पूजा करे ॥ १०३-१०७ ॥

अस्त्रमुद्धरति—तारमिति।

तारं शार्ङ्गपदं ङेऽन्तं सपूर्वं च शरासनम्।
हुंफट् नतिरित्युक्त्वाऽस्त्रमुद्रयाऽग्रे स्थिरो हरेः ॥१०८॥
पुष्पाक्षतं क्षिपेद्दिक्षु समासीनाऽऽसने ततः।
विधेयमेतत् सर्वत्र स्थापितेषु विशेषतः ॥ १०९ ॥

तारं प्रणवः शार्ङ्गपदं ङेऽन्तं चतुर्थ्यन्तं सपूर्वं सशरासनशब्दं चतुर्थ्यन्तं हुं फट् नमः इति उक्त्वा पुष्पाक्षतं चतुर्दिक्षु अस्त्रमुद्रया छोटिकया निक्षिपेत्। कीदृशः? हरेरग्रे स्थितः ततः आसने स्वोचिते उपविशेत्। एतत्सर्वं सर्वपूजादौ कर्तव्यं स्थापितेषु प्रतिमादिषु पुनर्विशेषतः कर्तव्यमेव ॥ १०८-१०९ ॥

[अब अस्त्रमन्त्र का उद्धार कहते हैं—]

प्रथम तार (ॐ) तदनन्तर चतुर्थ्यन्त शार्ङ्ग पद (शार्ङ्गाय) पुनः सयुक्त शरासन पद का चतुर्थ्यन्त (सशरासनाय) फिर 'हुँ फट् नमः' उच्चारण करे। इस प्रकार विष्णु के आगे खड़े होकर 'ॐ शार्ङ्गिणे सशराशनाय हुँ फट् नमः' इस अस्त्र मन्त्र का उच्चारण कर चारों ओर चुटकी बजाते हुये पुष्पाक्षत प्रक्षिप्त करे, तदनन्तर अपने आसन पर बैठे। यह क्रिया सर्वत्र करे किन्तु स्थापित प्रतिमा में विशेष रूप से करे॥ १०८-१०९॥

पीठ पूजामाह—आत्मेति।

आत्मार्चनान्तं कृत्वाऽथ गुरुपङ्क्तिं पुरोक्तवत्।
श्रीगुरून् परमाद्यांश्च महास्मत्सर्वपूर्वकान्॥ ११०॥

स्वदेहे पूर्वोक्तस्वरूपेण पीठमारभ्य सम्पूज्य हृदि भगवन्तमभ्यर्च्याऽनन्तरं बाह्यपीठे पूर्ववत् पूर्वोक्तदीक्षाप्रकरणकथितोत्तरदिग्विभागे इतिवद् गुरुपङ्क्तिं पूजयेत्।

गुरुपङ्क्तिमेवाह—श्रीगुरूनिति। श्रीशब्दपूर्वान् गुरून् परमगुरून्।

प्रयोगाश्च-श्रीगुरुभ्यो नमः, श्रीपरमगुरुभ्यो नमः, श्रीमहागुरुभ्यो नमः, श्रीअस्मद्गुरुभ्यो नमः, सर्वगुरुभ्यो नमः॥ ११०॥

सर्वप्रथम अपने में श्रीकृष्ण की भावना कर उसकी अर्चना के बाद दीक्षा प्रकरण में कही गई विधि के अनुसार श्री गुरु, श्रीपरमगुरु, श्री महागुरु, श्री अस्मद् गुरु एवं सर्व श्रीगुरु रूप समस्त गुरु पंक्तियों की तत्तन्नामों में चतुर्थी विभक्ति लगाकर अन्त में 'नमो नमः' पूर्वक पूजा करे॥ ११०॥

तत्पादुकानारदादीन्पूर्वसिद्धाननन्तरम्।
ततो भागवतांश्चेष्ट्वा विघ्नं दक्षिणतोऽर्चयेत्॥१११॥

तत् पादुकाभ्यः नारदादिभ्यः पूर्वसिद्धेभ्यः भागवतेभ्य इति लघुदीपिकाकारः।

श्रीगुरुपादुकाभ्यो नमः श्रीपरमगुरुपादुकाआदिगुरुपादुकामहागुरुपादुकाअस्मद्गुरुपादुकासर्वगुरुपादुकाभ्यो नमः। इति त्रिपाठिनः।

एवं गुरुपङ्क्तिपीठस्योत्तरे समभ्यर्च्य दक्षिणे गणेशं पूजयेत्॥ १११॥

तदनन्तर 'श्री गुरुपादकाभ्यो नमः' इत्यादि तत्तत्मन्त्रों से श्रीगुरु, श्रीपरमगुरु, श्रीमहागुरु, श्रीअस्मद्गुरु एवं सर्व गुरु की पादुकाओं का पूजन करे। तदनन्तर गुरु पीठ के उत्तर भाग में नारदादि ऋषियों की 'नारदादि ऋषिभ्यो नमः', तदनन्तर सनकादि सिद्धों की 'सनकादि सिद्धेभ्यो नमः' मन्त्र से पूजा करे और गुरु पीठ के दक्षिणभाग में श्रीगणेश की पूजा करे ॥ १११ ॥

पूर्ववत् इति।

पूर्ववत् पीठमभ्यर्च्य श्रीगोविन्दमथाऽर्चयेत्।
रुक्मिणीं सत्यभामां च पार्श्वयोरिन्द्रमग्रतः ॥ ११२॥
पृष्ठतः सुरभिञ्चेष्ट्वा केशरेष्वङ्गदेवताः।
अर्च्या हृदादिवर्मान्ता दिक्ष्वस्त्रं कोणकेषु च ॥११३॥

पूर्वोक्तप्रकारेणाऽऽधारशक्त्यादिपीठमन्त्रान्तं सम्पूज्य देवमावाह्य अर्घ्यादिभिरुपचारैः पूजयेत्।

आवरणपूजामाह—रुक्मिणीमिति।

गोविन्ददक्षिणवामयोः पार्श्वयोः कर्णिकायां रुक्मिणी सत्यभामा च संपूज्या देवाग्रे च इन्द्रं सम्पूज्य देवपृष्ठे तु सुरभिं पूर्वादिचतुर्दिक्कोणेषु केशरेषु हृदादिवर्मान्ता अङ्गदेवताः पूज्याः केशरेषु कोणेषु पुनरस्त्रमङ्गं पूजयेत् ॥ ११२-११३ ॥

इस प्रकार पूर्ववत् पीठ की पूजा कर श्रीगोविन्द की पूजा करे—दोनों पार्श्व-भाग में रुक्मिणी, सत्यभामा की एवं उनके आगे इन्द्र की पूजा करे। पृष्ठ भाग में सुरभी की पूजा कर अष्टदल कमल के केशर में चारों दिशाओं में हृदय से लेकर कवच पर्यन्त अङ्ग देवता का पूजन करे पुनः कोणों पर भी उसी प्रकार अङ्ग का पूजन करना चाहिये ॥ ११२-११३ ॥

कालिन्दीति।

कालिन्दीरोहिणीनाग्नजित्याद्याः षट् च शक्तयः।
दलेषु पीठकोणेषु वह्न्याद्यर्च्याश्च किङ्किणीः ॥ ११४ ॥
दामानि यष्टिवेणुश्च पुरः श्रीवत्सकौस्तुभौ।
अग्रतो वनमालां च दिक्ष्वष्टासु ततोऽर्चयेत् ॥ ११५ ॥

पाञ्चजन्यं गदां चक्रं वसुदेवं च देवकीम् ।
नन्दगोपं यशोदां च सगोगोपालगोपिकाः ॥ ११६ ॥

कालिन्द्याद्याः शक्तयो देवपत्न्यः पत्रेषु पूज्याः आदिपदेन सुनन्दामित्रविन्दासुलक्ष्मणापरिग्रहः आग्नेयादिपीठकोणेषु किङ्किणीदामादीन् पूजयेत् । तत्र श्रीकृष्णक्षुद्रघण्टिकाम् अग्निकोणे ॥

गोरक्षणार्थं दामानि नैर्ऋते गोप्रेरणार्थं लकुटं वायौ वंशम् ईशानकोणे देवस्याऽग्रे श्रीवत्सकौस्तुभौ श्रीवत्सकौस्तुभाग्रतः वनमालां तदुपरि अष्टदिक्षु पाञ्चजन्यादय इति ।

पाञ्चजन्याय नमः सगोगोपालगोपिकाभ्यो नमः इत्यन्ताः पूज्याः आदिपदेन गदाचक्रवसुदेवदेवकीनन्दयशोदापरिग्रहः ॥ ११४-११६ ॥

कालिन्दि, रोहिणी, नाग्नजिति, सुनन्दा-मित्रविन्दा, सुलक्ष्मणा आदि श्रीकृष्ण की शक्तियों का पत्रों पर पुनः पीठ के आग्नेयादि कोणों पर किङ्किणी दामादि का पूजन करे । अर्थात् किङ्किणी का अग्निकोण में गोरक्षणार्थं गृहीत रस्सी का नैर्ऋत्य में, गाय हाँकने की छड़ी का वायव्य में तथा वंश का ईशान कोण में पूजन करे । श्रीकृष्ण के आगे श्रीवत्स एवं कौस्तुभ का, उसके आगे वनमाला का पूजन करे । तदनन्तर उसके आठो दिशाओं में पाञ्चजन्य-गदा-चक्र-वसुदेव-देवकी-नन्दगोप यशोदा गौओं गोपों एवं गोपियों की पूजा करे ॥ ११४-११६ ॥

इन्द्राद्या इति ।

इन्द्राद्याः कुमुदाद्याश्च विश्वक्सेनं तथोत्तरे ।
कुमुदः कुमुदाक्षश्च पुण्डरीकोऽथ वामनः ।
शङ्कुकर्णः सर्वनेत्रः सुमुखः सुप्रतिष्ठितः ॥ ११७ ॥

इन्द्राद्याः स्वस्वदिक्षु पूज्याः तदस्त्राणि वज्रादीन्यादिशब्दग्राह्याणि तथा कुमुदाद्याश्चाऽष्टगजाः तदुपरि स्वस्वदिक्षु पूज्याः तद्बहिर्देवतोत्तरे विष्वक्सेनं पूजयेत् ।

कुमुदादीनां नामान्याह—कुमुदा इति ११७ ॥

पुनः इन्द्रादि देवताओं की, उनके अस्त्रों की तथा कुमुदादि अष्ट दिग्गजों की पूर्वादि दिशाओं के क्रम से पूजा करे । उसके बाहर उत्तर भाग में विष्वक्सेन की पूजा करे । कुमुद, कुमुदाक्ष, पुण्डरीक, वामन, शङ्कुकर्ण, सर्वनेत्र, सुमुख और

सुप्रतिष्ठित—ये आठ दिग्गजों के नाम हैं, जिनकी पूर्वादि दिशाओं के क्रम से पूजा करनी चाहिये ॥ ११७ ॥

पूजाफलमाह—एकेति ।

एककालं द्विकालं वा त्रिकालं चेति गोष्ठगम् ।
श्री गोविन्दं यजेन्नित्यं गोभ्यश्च यवसप्रदः ॥११८॥

दीर्घजीवी निरातङ्को धेनुधान्यधनादिभिः ।
पुत्रैर्मित्रैरिहाऽढ्योऽन्ते प्रयाति परं पदम् ॥ ११९ ॥

गोष्ठगं व्रजग कृष्णं प्रत्यहम् एककालं द्विकालं त्रिकालं पूजयेत् । गोभ्यश्च ग्रासप्रदः सन्निह लोके चिरायुर्निर्भयो धेनुधान्यसुवर्णादिभिः पुत्रमित्रादिभिश्च सम्पन्नो भवति देहपातान्ते च विष्णुलोकं च गच्छति ॥ ११८-११९ ॥

गोष्ठ (व्रज) में स्थित श्री कृष्ण का प्रतिदिन एक काल, दो काल अथवा त्रिकाल में पूजन करे और प्रतिदिन गायों को घास देता रहे तो वह पुरुष दीर्घजीवी होता है, निर्भय, प्रचुर धन-धान्य सुवर्णादि से परिपूर्ण एवं पुत्र मित्रादि समन्वित रहता है तथा देह पात के अनन्तर विष्णु लोक प्राप्त करता है ॥ ११८-११९ ॥

मन्त्रान्तरमाह—उद्ध्वेति ।

ऊद्ध्वंदन्तयुतः शार्ङ्गी चक्री दक्षिणकर्णयुक् ।
मांसं नाथाय नत्यन्तो मूलमन्त्रोऽष्टवर्णकः ॥ १२० ॥

ऊद्ध्वंदन्तः ओकारः तेन सहितः शार्ङ्गी गकारः चक्री ककारः दक्षिणकर्णयुक् उकारसहितः मांसो लकारः नाथायेति स्वरूपं नत्यन्तो नमः पदान्तः अयमष्टाक्षरो मूलमन्त्रसंज्ञकः ॥ १२० ॥

[अब अन्य मन्त्र कहते हैं—]

ऊद्ध्वं (ओकार) उससे युक्त शार्ङ्गी (गकार) चक्री (ककार) उसे दक्षिण कर्ण (उकार) से युक्त कर मांस (लकार) पुनः 'नाथाय' यह पद उच्चारण करे तदनन्तर 'नमः' पद कहे यह अष्टाक्षर रूप मूल मन्त्र हुआ । इस प्रकार इसका स्वरूप 'गोकुलनाथाय नमः' निष्पन्न हुआ ॥ १२० ॥

ऋष्यादिकमाह—ऋषिरित्यादि ।

ऋषिर्ब्रह्मा च गायत्रीछन्दः कृष्णस्तु देवता ।
युगवर्णैः समस्तेन प्रोक्तं स्यादङ्गपञ्चकम् ॥ १२१ ॥

अस्य मन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः गायत्रीछन्दः श्रीकृष्णो देवता चशब्दोऽनुक्तसमुच्चये तेन बीजशक्तयधिष्टातृदेवता दशाक्षरवत् तथा अस्य मन्त्रस्य मन्त्रोत्थवर्णानां चतुर्भिर्युग्मवर्णैश्चतुरङ्गं समग्रेण च मन्त्रेणाऽङ्गपञ्चकं ज्ञेयम् ॥ १२१ ॥

इस अष्टाक्षर मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं। गायत्री छन्द है। श्रीकृष्ण देवता हैं। दो दो वर्ण के चार अङ्ग पुनः समस्त मन्त्र इस प्रकार इसके पाँच अङ्ग होते हैं ॥ १२१ ॥

ध्यानमाह—पञ्चवर्षमिति ।

पञ्चवर्षमतिदृप्तमङ्गणे धावमानमलकाकुलेक्षणम् ।
किङ्किणीवलयहारनूपुरैरञ्जितं स्मरत गोपबालकम् ॥ १२२ ॥

गोपशिशुं नमत । कीदृशम् ? पञ्चवर्षवयस्थं तथा अतिबलिष्ठं तथा प्राङ्गणे धावमानं तथा चातिचञ्चलेक्षणं तथा किङ्किणीक्षुद्रघण्टिका वलयः कङ्कणः हारो मुक्ताहारः नूपुरस्तुलाकोटिरेतैरञ्जितं भूषितम् ॥ १२२ ॥

[अब इसका ध्यान कहते हैं—]

पाँच वर्ष की अवस्था वाले अत्यन्त बलवान्, आँगन में दौड़ते हुये अत्यन्त चञ्चल नेत्रों से युक्त क्षुद्रघण्टिका, वलय, हार एवं नूपुरों से सुशोभित शिशु स्वरूप परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान करना चाहिये ॥ १२२ ॥

पुरश्चरणमाह—ध्यात्वैवमिति ।

ध्यात्वैवं प्रजपेदष्टलक्षं तावत्सहस्रकम् ।
जुहुयात् ब्रह्मवृक्षोत्थसमिद्भिः पायसेन वा ॥ १२३ ॥

एवं पूर्वोक्तं ध्यात्वा अष्टलक्षं मन्त्रं जपेत् । तदनु पलाशवृक्षसमिद्भिः परमान्नेन वाऽष्टसहस्रं जुहुयात् ॥ १२३ ॥

इस प्रकार के श्रीकृष्ण का ध्यान कर ऊपर कहे गये अष्टाक्षर मन्त्र का एक लाख जप करे और पलास की लकड़ी, अथवा पायस से आठ हजार आहुति प्रदान करे ॥ १२३ ॥

पूजाप्रकारमाह—प्रासादे इति ।

प्रासादे स्थापितं कृष्णममुना नित्यशोऽर्चयेत् ।
द्वारपूजादि पीठार्चनान्तं कृत्वोक्तमार्गतः ॥ १२४ ॥

धवलगृहे स्थापितं कृष्णम् अमुना वक्ष्यमाणप्रकारेण प्रत्यहं पूजयेत् । द्वारपूजामारभ्य पीठपूजापर्यन्तं पूर्वोक्तमन्त्रवर्त्मना कुर्यात् ॥ १२४ ॥

धवलगृह में स्थापित श्रीकृष्ण की मूर्त्ति का प्रतिदिन इस मन्त्र से पूजा करे, यह पूजा 'द्वार पूजा से' आरम्भ कर पीठपूजा पर्यन्त करनी चाहिये ॥ १२४ ॥

मध्य इति ।

मध्येऽर्चपद्धरिं दिक्षु विदिक्ष्वङ्गानि च क्रमात् ।
वासुदेवः सङ्कर्षणः प्रद्युम्नश्चाऽनिरुद्धकः ॥ १२५ ॥
रुक्मिणी सत्यभामा च लक्ष्मणा जाम्बवन्त्यपि ।
दिग्विदिक्ष्वर्चयेदेतान् इन्द्रवज्रादिकान् बहिः ॥१२६॥

पद्ममध्ये हरिं पूजयेत् । पूर्वादिदिक्केशरेषु हृदाद्यङ्गचतुष्टयम्, आग्नेयादिविदिक्केशरेषु अस्त्रमङ्गं पूजयेत् ।

वासुदेव इति । पूर्वादिदिक्पत्रेषु वासुदेवादीन् पूजयेत् । आग्नेयादिविदिक्पत्रेषु रुक्मिण्याद्याः पूजयेत् । तद्बाह्ये स्वस्वदिक्षु इन्द्रादीन्, तदनु वज्रादीन् पूजयेदित्यर्थः ॥ १२५-१२६ ॥

कमल के मध्य में श्रीकृष्ण का पूजन करे । उसके पूर्वादि केशरों में हृदयादि चार अङ्गों की तथा केशर के आग्नेयादि कोणों में अस्त्र की पूजा करे । पुनः पत्र के पूर्वादि दिशाओं में क्रमशः वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध की पूजा करे तथा पत्र के आग्नेयादि कोणों में रुक्मिणी, सत्यभामा, लक्ष्मणा और जाम्बवती की पूजा करे । पत्र के बाहर पूर्वादि दिशाओं में इन्द्रादिकों की तथा वज्रादिकों की पूजा करे ॥ १२५-१२६ ॥

फलमाह—योऽमुमिति ।

योऽमुं मन्त्रं जपेन्नित्यं विधिनेत्यर्चयेद्धरिम् ।
स सर्वसम्पत्संपूर्णो नित्यं शुद्धं पदं व्रजेत् ॥ १२७ ॥

यः पुमान् उक्तविधिना हरिमर्चयेत् अमुं मन्त्रं जपेत् स सर्वैश्वर्य सम्पन्नः

सन्नित्यमविनाशि शुद्धम् अविद्या तत्कार्यरहितं पदं ब्रह्माख्यं प्राप्नोति ॥ १२७ ॥

जो इस प्रकार से नित्य श्रीकृष्ण का पूजन करता है तथा इस मन्त्र का जप करता है वह सभी प्रकार संपत्तियों से परिपूर्ण हो जाता है और अन्त में नित्य शुद्ध बुद्ध ब्रह्मपद प्राप्त करता हैं ॥ १२७ ॥

मन्त्रान्तरमाह—तारेति ।

तारश्रीशक्तिमारान्ते श्रीकृष्णायपदं वदेत् ।
श्रीगोविन्दाय तस्योर्द्ध्वं श्रीगोपीजन इत्यपि ॥ १२८॥
वल्लभाय ततस्त्रिः श्रीः सिद्धिगोपालको मनुः ।
माधवीमण्डपासीनौ गरुडेनाऽभिपालितौ ॥ १२९ ॥
दिव्यक्रीडासुनिरतौ रामकृष्णौ स्मरन् जपेत् ।
चक्री वसुस्वरयुतः सर्गेकार्णो मनुर्मतः ॥ १३० ॥

तारः प्रणवः श्रीः श्रीबीजं शक्तिबीजं कामबीजान्ते श्रीकृष्णायेति स्वरूपं तदनु श्रीगोविन्दायेति स्वरूपं तदनु श्रीगोपीजनवल्लभायेति स्वरूपं श्रीबीजत्रयमिति सिद्धिगोपालको मन्त्र उद्धृतः ॥

ध्यानमाह—माधवीति ।

रामकृष्णौ स्मरन् जपेत् । कीदृशौ ? माधवीलतामण्डपसमुपस्थितौ तथा गरुडेन सेवितौ ॥

एकाक्षरादिगोपालमन्त्रान् दर्शयति—चक्रीति ।

ककारो वसुस्वरः अष्टमस्वरः ऋकारस्तेनसहित इति लघुदीपिकाकारः । मुनिस्वरः सप्तस्वरस्तेनसहित इति रुद्रधरः सर्गी विसर्गसहितः इत्येकाक्षरो मन्त्रः ॥ ११८--१३० ॥

तार (प्रणव) श्री बीज (श्रीं) शक्ति बीज (ह्रीं) मार बीज (क्रीं) के अन्त में 'श्रीकृष्णाय पद' कहे । पुनः 'श्री गोविन्दाय' उसके बाद 'श्री गोपीजनवल्लभाय' तदनन्तर तीन श्रीं बीज उच्चारण करे । इस प्रकार सिद्धिगोपालमन्त्र का उद्धार कहा गया—इसका स्वरूप 'ॐ श्रीं ह्रीं क्रीं श्रीकृष्णाय श्रीगोविन्दाय श्रीगोपीजनवल्लभाय श्रीं श्रीं श्रीं' । माधवीलतामण्डप के मध्य में बैठे हुये श्री गरुड़ के द्वारा सेवित, दिव्य क्रीडा में संलग्न बलराम और श्रीकृष्ण को स्मरण करते हुये इस

सिद्धि गोपाल मन्त्र का जप करना चाहिये। अब एकाक्षर गोपाल मन्त्र प्रदर्शित करते हैं—चक्री 'ककार' उस पर आठवाँ स्वर 'ऋकार' उसे विसर्गयुक्त करने से एकाक्षर गोपाल मन्त्र होता है—स्वरूप 'कृः' है ।। १२८-१३० ।।

कृष्णेति द्व्यक्षरः कामपूर्वस्त्र्यर्णः स एव तु ।
स एव चतुरर्णः स्यात् ङेऽन्तोऽन्यश्चतुरक्षरः ॥१३१॥
वक्ष्यते पञ्चवर्णः स्यात्कृष्णाय नम इत्यपि ।
कृष्णायेति स्मरद्वन्द्वमध्ये पञ्चाक्षरोऽपरः ॥ १३२ ॥

कृष्णेति स्वरूपं द्व्यक्षरो मन्त्रः । स एवद्व्यक्षरः कामबीजपूर्वश्चेत् तदा त्र्यक्षरो मन्त्रो भवति—

स एव त्र्यक्षरः चतुर्थीविभक्त्यन्तश्चेत्तदा चतुरक्षरो मन्त्रः अन्यः चतुरक्षरः सद्यफलप्रदम् इत्यनेनाग्रे वक्ष्यते कृष्णाय नम इति पञ्चाक्षरः कृष्णायेति स्वरूपं स्मरद्वन्द्वकामबीजद्वयस्य मध्ये यदा भवति तदा अपरः पञ्चाक्षरो मन्त्रो भवति ।। १३१-१३२ ।।

'कृष्णः' यह द्व्यक्षर गोपाल मन्त्र है, इसके पूर्व में कामबीज से युक्त 'क्रीं कृष्णः' यह त्र्यक्षर उसके आगे चतुर्थी विभक्ति 'क्रीं कृष्णाय' यह चतुरक्षर हुआ। अन्य चतुरक्षर मन्त्र 'सद्य फलप्रदम्' इस श्लोक से आगे कहेंगे। 'कृष्णाय नमः' यह पञ्चाक्षर हुआ, दो काम बीज के मध्य में कृष्णाय पद कहे तो वह दूसरे प्रकार का पञ्चाक्षर गोपालमन्त्र हो जाता है। स्वरूप 'क्रीं कृष्णाय क्रीं' ।। १३१-१३२ ।।

गोपालायाऽग्निजायान्तः षडक्षर उदाहृतः ।
कृष्णायकामबीजाढ्यो वह्निजायान्तकोऽपरः ॥ १३३ ॥
षडक्षरः प्रागुदितः कृष्ण गोविन्दकौ पुनः ।
चतुर्थ्यन्तौ सप्तवर्णः सप्तार्णोऽन्यः पुरोदितः ॥ १३४ ॥

गोपालायेति स्वरूपं वह्निजाया स्वाहेति पदद्वयेन षडक्षरः कथितः । कामबीजसहितकृष्णायेति स्वाहेति पदद्वयेन च षडक्षरो मन्त्र उद्धृतस्तथाऽपरः षडक्षरः प्रागेव कथितः स च क्लीं कृष्णाय नम इति ।

कृष्णगोविन्दकौ शब्दौ यदि चतुर्थ्यन्तौ भवतस्तदा सप्ताक्षरो मन्त्रोऽपरः सप्ताक्षरः प्रागुदितः स च गोवल्लभाय स्वाहेति ।। १३३-१३४ ।।

'गोपालाय' के आगे अग्निजाया 'स्वाहा' लगावे तो कामबीज 'क्लीं' पूर्वक कृष्णाय' तदनन्तर वह्निजाया 'स्वाहा' लगावे तो दूसरे प्रकार का षडक्षर मन्त्र का उद्धार होता है। इसके प्रथम भी एवं षडक्षर मन्त्र 'क्लीं कृष्णाय नमः' कहा गया है। 'कृष्णाय गोविन्दाय' यह सप्ताक्षर हुआ। इसके पहले 'गोवल्लभाय स्वाहा, यह सप्ताक्षर मन्त्र कहा जा चुका है॥ १३३-१३४॥

श्रीशक्तिमारः कृष्णाय मारः सप्ताक्षरोऽपरः।
कृष्णगोविन्दकौ ङेन्तौ स्मराढ्यावष्टवर्णकः॥ १३५॥

श्रीशक्तिमाराः श्रीभुवनेश्वरीमारबीजानि कृष्णायेति मारान्तोऽपरः सप्ताक्षरो मन्त्रः कृष्णगोविन्दशब्दौ ङेऽन्तौ चतुर्थ्यन्तौ। कीदृशौ? कामबीजाढ्यौ इति वसुवर्णः अष्टाक्षरो मन्त्रः॥ १३५॥

श्री बीज (श्रीं) मारबीज (क्लीं) तदनन्तर 'कृष्णाय' पद पुनः मारबीज (क्लीं) यह सप्ताक्षर मन्त्र है। स्वरूप—'श्रीं ह्रीं क्लीं कृष्णाय क्लीं'। 'क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय' यह अष्टाक्षर मन्त्र है॥ १३५॥

दधीति।

दधिभक्षणङेवह्निजायाभिरपरोऽष्टकः।
सुप्रसन्नात्मने प्रोक्त्वा मम इत्यपरोष्टकः॥ १३६॥

चतुर्थ्यन्तो दधिभक्षणशब्दः वह्निजाया स्वाहा एतैर्वर्णैरपरोऽष्टाक्षरो मन्त्रः सुप्रसन्नात्मने स्वरूपमुक्त्वा नम इति वदेत् इत्यपरोऽष्टाक्षरो मन्त्रः॥ १३६॥

'दधिभक्षणाय स्वाहा' यह दूसरा भी अष्टाक्षर मन्त्र है। इसी प्रकार 'सुप्रसन्नात्मने नमः' यह भी एक अष्टाक्षर मन्त्र है॥ १३६॥

प्राक् प्रोक्तो मूलमन्त्रश्च नवार्णः स्मरसंयुतः।
कृष्णगोविन्दकौ ङेऽन्तौ नमोऽन्तोऽन्यो नवार्णकः॥ १३७॥

प्रागुक्तश्चाष्टाक्षरो मूलमन्त्रः स्मरसंयुतः कामबीजयुक्तः सन् नवाक्षरो भवति, स च क्लीं गोकुलनाथाय नम इति, कृष्णगोविन्दकौ ङेन्तौ चतुर्थ्यन्तौ स्मरसंयुतौ यदि भवतस्तदा नवाक्षरो मन्त्रो भवति, यद्येतावेव नमोन्तकौ नमः शब्दान्तौ भवतस्तदा परो नवाक्षरो मन्त्रः॥ १३७॥

पहले कहे गये अष्टाक्षर मूल मन्त्र में पहले काम बीज (क्लीं) लगा देने से वह नवाक्षर गोपाल मन्त्र हो जाता है। 'कृष्ण गोविन्द को पृथक्-पृथक् चतुर्थ्यन्त कर

उसमें 'नमः' जोड़ देने से अन्य नवाक्षर मन्त्र हो जाता है। स्वरूप यथा—'कृष्णाय गोविन्दाय नमः' ॥ १३७ ॥

क्लीँ ग्लौँ क्लीँ श्यामलाङ्गाय नमस्तु स्यादृशार्णकः।
शिरोन्तो बालवपुषे क्लीँ कृष्णाय स्मृतो बुधैः।
एकादशाक्षरो मन्त्र एतेषां नारदो मुनिः ॥ १३८ ॥
उक्तं छन्दस्तु गायत्री देवता कृष्ण ईरितः।
कलाषड्गदीर्घकैरङ्गमथाऽमुं चिन्तयेद्धरिम् ॥ १३९ ॥

क्लीं ग्लौं क्लीं श्यामलाङ्गय नम इति दशवर्णको मन्त्रः शिरोन्तः स्वाहान्तः बालवपुषे इति पदं क्लीं कृष्णायेति एकादशाक्षरो मन्त्रः बुधैः स्मृतः ॥

उक्तानामृष्यादिकमाह—एतेषाम् एकाक्षरमारभ्यैकादशाक्षरपर्यन्तानां द्वाविंशति मन्त्राणाम् ऋषिर्नारदः गायत्रीछन्दः श्रीकृष्णो देवता।

अङ्गान्याह—कलेति। ककारलकाराभ्यां षड्दीर्घकैर्नपुंसकरहितषड्-दीर्घस्वरैः क्लाँक्लींक्लूँक्लेँक्लोँक्लः एभिरित्यर्थः ॥ १३८-१३९ ॥

'क्लीं ग्लौं क्लीं श्यामलङ्गाय नमः' यह दशाक्षर मन्त्र है। 'क्लीं कृष्णाय बालवपुषे स्वाहा' यह एकादशाक्षर मन्त्र है। इन सभी मन्त्रों के ऋषि नारद हैं। गायत्री छन्द है और श्रीकृष्ण देवता हैं। ककार लकार को युक्त कर उस पर क्रमशः छ प्रकार की दीर्घ मात्रा लगा देने से उसका षडङ्ग हो जाता है। यथा—क्लां, क्लीं, क्लूँ क्लेँ, क्लोँ, क्लः' ॥ १३८-१३९ ॥

ध्यानमाह—अव्यादिति।

अव्याद्व्याकोषनीलाम्बुजरुचिररुणाम्भोजनेत्रोऽम्बुजस्थो
बालो जङ्घाकटीरस्थलकलितरणत्किङ्किणीको मुकुन्दः।
दोर्भ्यां हैयङ्गवीनं दधदतिविमलं पायसं विश्ववन्द्यो
गोगोपीगोपवीतो रुरुनखविलसत्कण्ठभूषश्चिरं वः ॥ ४० ॥

वो युष्मान् चिरं बहुकालं मुकुन्दोऽव्यात् रक्षतु। कीदृशः? व्याकोशं प्रफुल्लं यल्लीलाम्बुजं तद्वद्दीप्तिर्यस्य स तथा अरुणं रक्तं यदम्भोजं पद्मं

तद्वन्नेत्रे यस्त स तथा पद्मोपविष्टः तथा बालः पाञ्चवार्षिकः तथा जङ्घापादयोः संधिः कटीरस्थलं कटी उभयोर्घटिता सम्बद्धा रणन्ती शब्दायमाना किङ्किणीक्षुद्रघण्टिका यस्य स तथा हस्ताभ्यां हैयङ्गवीनं सद्यो जातं घृतं सुपक्वं पायसं दधत् तथा गोगोपाङ्गनागोपालैर्वेष्टितः तथा रुरुः व्याघ्रस्तस्य नखेन विलसन्ती शोभमाना कण्ठभूषाऽलंकारो यस्य स तथा ॥ १४० ॥

अब ध्यान कहते हैं—आयुष्मान् श्रीकृष्ण आप की बहुत कालपर्यन्त रक्षा करें। जिसके शरीर की कान्ति फूले हुए नील कमल के समान है, फूले हुये लाल कमल के समान जिनके नेत्र हैं, जो कमलपर विराजमान हैं, जिनकी अवस्था पाँच वर्ष की है जिनके जङ्घा एवं कटिस्थल में क्षुद्रघण्टिका के शब्द हो रहे हैं, दोनों हाथों में क्रम से नवनीत और अत्यन्त शुभ्र वर्ण का पायस धारण किये हुये हैं, ऐसे विश्ववन्द्य भगवान् मुकुन्द जो गो, गोपी और गोपगणों से घिरे हुये हैं और जिनके कण्ठ में व्याघ्रनख का आभूषण शोभित हो रहा है (आप की बहुकाल पर्यन्त रक्षा करें) ॥ १४० ॥

एतेषां पूरश्चरणमाह—ध्यात्वैवमिति ।

ध्यात्वैवमेकमेतेषां लक्षं जप्यान्मनुं ततः ।
सर्पिःसितोपलोपेतैः पायसैरयुतं हुनेत् ॥ १४१ ॥

यथोक्त ध्यानं कृत्वा एतेषां मध्ये एकं मन्त्रं लक्षं जपेत्। तदनु घृतखण्डसारयुक्तैः परमान्नैर्दशसहस्रं जुहुयात् ॥ १४१ ॥

इस प्रकार श्रीकृष्ण का ध्यान कर इन मन्त्रों में किसी एक का एक लाख जप करे, तदनन्तर घृत मधुशर्करायुक्त पायस से दस हजार हवन करे ॥ १४१ ॥

तर्पयेत्तावदन्येषां मनूनां हुतसंख्यया ।
तर्पणं विहितं नित्यं योऽर्चयेत्सुसमाहितः ॥ १४२ ॥
वह्न्यादीशान्तमङ्गानि हृदादिकवचान्तकम् ।
अर्चयेत्पुरतो नेत्रमस्त्रं दिक्षु बहिः पुनः ॥ १४३ ॥
इन्द्रवज्रादयः पूज्याः सपर्यैषा समीरिता ।
इत्येकमेषां मन्त्राणां भजेद्यो मनुवित्तमः ॥ १४४ ॥

करप्रचेयाः सर्वार्थास्तस्याऽसौ पूज्यतेऽमरैः ।
सद्यः फलप्रदं मन्त्रं वक्ष्येऽन्यं चतुरक्षरम् ॥ १४५ ॥
स प्रोक्तो मारयुग्मान्तरस्थकृष्णपदेन तु ।
ऋष्याद्यमङ्गषट्कं च प्रागुक्तं प्रोक्तमस्य तु ॥ १४६ ॥

तदनु तावद्दशसहस्रं तर्पयेत् । एवं प्रकारेणैकस्मिन्मन्त्रे सिद्धे जाते तदन्येषां सकृत्पुरश्चरणानाम् एकविंशति मन्त्राणां जपहोमसंख्यया विनैव हुतायुतेन तर्पणमेव पुरश्चरणं विहितं करणीयम् । एतेषां मन्त्राणां होम-संख्यया अयुतेनैव तर्पणं विहितम् ।

पूजामाह—नित्यमिति । नित्यं सर्वदा सुसमाहितः संयतः सन् पूजयेत् । वह्न्यादीशान्तम् आग्नेयकोणमारभ्य ईशानकोणपर्यन्तहृदादिकवचपर्यन्त-मङ्गचतुष्टयं पूजयेत् पुरतोऽग्रे नेत्रमस्त्रं पूजयेत् ॥

पूर्वादिचतुर्दिक्षु इन्द्रादीन् पूजयेत् । तदनु—वज्रादीनिति उपसंहरति । एषां मन्त्राणां सपर्या पूजा कथिता ॥

फलमाह—इत्येकमिति । अमुना प्रकारेण यः साधकोत्तम एषां मन्त्राणां मध्ये एकं मन्त्रं भजेत् उपासीत तस्य सर्वे पुरुषार्था हस्तप्राप्याः देवैश्चासौ पूज्यते ॥

मन्त्रान्तरमाह—सद्य इति । तात्कालिकफलदायकमपरं चतुरक्षरमन्त्रं वक्ष्ये सचतुरक्षरः कामबीजद्वयमध्यस्थेन कृष्णपदेन कथितः ॥

ऋष्यादिकमस्य ऋषिश्छन्दो दैवतम् अङ्गषट्कं च प्रागुक्तं पूर्वमन्त्रसमूहे कथितं बोद्धव्यम् ॥ १४२-१४६ ॥

इसके अनन्तर दश हजार मन्त्रों से तर्पण करे । इस प्रकार एक मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर अन्य २१ मन्त्रों की सिद्धि जप होम बिना किये ही केवल दस हजार तर्पणमात्र से हो जाती है । समाहित चित्त हो इन मन्त्रों के जप के पूर्व नित्य आग्नेय कोण से आरम्भ कर ईशानकोण पर्यन्त हृदय से लेकर कवचपर्यन्त अङ्गचतुष्टय की पूजा करे एवं आगे अस्त्र की पूजा करे; पुनः पूर्वादि दिशा में इन्द्रादि देवताओं की तदनन्तर वज्रादि आयुधों की पूजा करे । इस प्रकार हमने इन मन्त्रों की पूजा का प्रकार कहा । ऊपर कहे गये मन्त्रों में जो एक मन्त्र से भी इस प्रकार पूजा करता है उसके हाथ में सब प्रकार की संपत्ति आ जाती है । वह देवताओं से भी पूजित हो जाता है । अब सद्यः फलप्रद एक और चार अक्षर का मन्त्र

कहते हैं। वह मन्त्र दो काम बीज (क्लीं क्लीं) उसके मध्य में कृष्ण हैं, इसके ऋषि; छन्द, देवता एवं अङ्गषट्क पूर्वोक्त हैं। मन्त्र का स्वरूप क्लीं कृष्ण क्लीं है ॥ १४२-१४६ ॥

ध्यानमाह—श्रीमदिति।

श्रीमत्कल्पद्रुमूलोद्गतकमललसत्कर्णिकासंस्थितोय -
स्तच्छाखालम्बिपद्मोदरविगलदसंख्यातरत्नाभिषिक्तः।
हेमाभः स्वप्रभाभिस्त्रिभुवनमखिलं भासयन् वासुदेवः
पायाद्वः पायसादोऽनवरतनवनीतामृताशी वशी सः ॥ १४७ ॥

वासुदेवः वो युष्मान् पायात्। कीदृशः ? यः श्रीयुक्तकल्पवृक्षमूलोद्गत-पद्मे शोभमाना या कर्णिका तत्रोपविष्टः, तथा कल्पद्रुमशाखालम्बि यत् पद्मं तस्योदरं ततो विगलन्ति प्रसरन्ति यानि असंख्यातानि रत्नानि तैरभिषिक्तः तथा सुवर्णगौरः तथा स्वकान्तिभिः समस्तं त्रैलोक्यं भासयन् क्षीरान्नाशी तथा अनवरतमनुवेलं नूतनं नवनीतमेवामृतं तदश्नातीति ॥ १४७ ॥

अब ध्यान कहते हैं—

श्री युक्त कल्पवृक्ष के नीचे स्थापित कमल की कर्णिका पर बैठे हुये तथा कल्पवृक्ष की शाखा में लटकते हुये कमल के भीतर से गिरते हुये असंख्य रत्नों से अभिषिक्त सुवर्ण के समान देदीप्यमान अपनी कान्ति से समस्त त्रिभुवन को प्रकाशित करने वाले परमान्न एवं निरन्तर नवनीत रूप अमृत का भोजन करने वाले वशी (जितेन्द्रिय) भगवान् वासुदेव आप की रक्षा करें ॥ १४७ ॥

पुरश्चरणमाह—ध्यात्वेति।

ध्यात्वैवं प्रजपेल्लक्षं चतुष्कं जुहुयात्ततः।
त्रिमध्वक्तैर्बिल्वफलैश्चत्वारिंशत्सहस्रकम् ॥ १४८ ॥

यथोक्तं ध्यानं कृत्वा लक्षचतुष्टयं जपेत्। तदनु घृतमधुशर्करायुतैर्बिल्वफलैश्चत्वारिंशत्सहस्रं जुहुयात् ॥ १४८ ॥

इस प्रकार उपरोक्त मन्त्रों में किसी एक का चार लाख जप करे तथा मधु-शर्करा आज्य परिप्लुत बिल्वफल से चालीस हजार अग्नि में आहुति दे ॥ १४८ ॥

पूजामाह—अङ्गैरिति ।

अङ्गैर्निधिभिरिन्द्राद्यैर्वज्राद्यैरर्चनोदिता ।
तर्पयेद्दिनशः कृष्णं स्वादुत्रयधिया जलैः ॥ १४९ ॥

षडङ्गैः निधिभिरिन्द्राद्यष्टनिधिभिरिन्द्राद्यैर्वज्राद्यैश्चाऽनीलार्चना पूजा कथिता ।

तर्पणमाह—तर्पयेदिति । प्रतिदिनं स्वादुत्रयधिया घृतमधुशर्कराबुद्धया जलैः कृष्णं पूजयेत् ॥ १४९ ॥

इन मन्त्रों के जप में षडङ्गों से, पद्मादि निधियों से, इन्द्रादिकों से तथा वज्रादि आयुधों से युक्त नील श्री कृष्ण के पूजन का विधान है; तथा मन्त्री जल में त्रिमधु की भावना कर उसी से तर्पण भी करे ॥ १४९ ॥

मन्त्रान्तरमाह—मारयोरिति ।

मारयोरस्य मांसाधोरक्तं चेदपरो मनुः ।
षडङ्गान्यस्य कलषट्दीर्घैर्मन्त्रशिखामणेः ॥ १५० ॥

अस्य पूर्वोक्तचतुरक्षरमन्त्रस्य मारयोराद्यन्तकामबीजयोर्मांसाधः लकारः स्याधस्तात् चेद्यदि रक्तं रेफो भवति तदाऽपरश्चतुरक्षरः क्लीं कृष्ण क्लीम् इति मन्त्रः । अस्य मन्त्रशिखामणे मन्त्रशिरो रत्नस्य कलषट्दीर्घैः कला ईकार-सहितकामबीजेन षट्दीर्घैः कलसहितैर्नपुंसकरहितैः षाट्दीर्घस्वरैः षडङ्गानि कुर्यादिति शेषः ॥ १५० ॥

दो कामबीज के मध्य में यदि रेफ हो तो अन्य चतुरक्षर मन्त्र बन जाता है । यथा क्लीं रँ क्लीं' । इस मन्त्र शिखामणि के क् ल् को संयुक्त कर ६ प्रकार के दीर्घों से युक्त करे तो उसका षडङ्ग हो जाता है ॥ १५० ॥

विमर्श—यथा क्लीं क्लूं क्ले, क्लों, क्लौं, क्लः ॥ १५० ॥

ध्यानमाह—आरक्तेति ।

आरक्तोद्यानकल्पद्रुमशिखरलसत्स्वर्णदोलाधिरूढं
गोपाभ्यां प्रेङ्ख्यमानं विकसितनवबन्धूकसिन्दूरभासम् ।
बालं नीलालकान्तं कटितटविलुठत् क्षुद्रघण्टाघटाढ्यं
वन्दे शार्दूलकामाङ्कुशललितगलाकल्पदीप्तं मुकुन्दम् ॥ १५१ ॥

मुकुन्दं वन्दे, कीदृशम् ? आरक्तमरुणं यदुद्यानं तत्र यः कल्पवृक्षस्तस्य शिखरमग्रं तत्र लसन्ती या शोभमाना सुवर्णमयी दोला तत्रोपविष्टं तथा गोपाङ्गनाभ्यां प्रेख्यमानं दोलायमानं विकसितं प्रफुल्लं नवीनं यद्बन्धुजीवपुष्पं सिन्दूरं तयोरिव भावं यस्य तं तथा बालं शिशुं तथा कृष्णकेशं तथा कटितटे इतस्ततो गच्छन्ती या क्षुद्रघण्टिका घंटाक्षुद्रघण्टिका समूहस्तेन सम्बद्धं तथा शार्दूलस्य व्याघ्रस्य कामाङ्कुशेन शोभमानं यत्कण्ठाभरणं तेन शोभमानम् ॥ १५१ ॥

[अब इसका ध्यान कहते हैं—] रक्त पुष्पों से विकसित रक्तवर्ण के उद्यान में विद्यमान कल्पवृक्ष के डालियों में सुशोभित सुवर्णमयी दोला पर चढ़े हुये; दोनों ओर से दो गोपाङ्गनाओं द्वारा झुलाये जाते हुये, फूले हुये बन्धूक पुष्प एवं सिन्दूर के समान कान्ति वाले, काले काले केशों से युक्त, कटितट पर इधर उधर खिसकती हुई क्षुद्रघण्टिका समूहों से बँधे हुये एवं व्याघ्र के कामाङ्कुश से विरचित आभूषण गले में धारण किये हुये मुकुन्द का मैं स्मरण करता हूँ ॥ १५१ ॥

एवं—ध्यात्वेति ।

ध्यात्वैवं पूर्वकल्पृप्त्यैनं जप्त्वा रक्तोत्पलैर्नवैः ।
मधुत्रयप्लुतैर्हुत्वाऽप्यर्चयेत् पूर्ववद्धरिम् ॥ १५२ ॥

पूर्वोक्तं मुकुन्दं ध्यात्वा एनं मन्त्रं पूर्वोक्तसंख्यमेव जप्त्वा रक्तपद्मैर्नूतनैर्घृतमधुशर्करायुतैः पूर्वोक्तसंख्यमेव हुत्वा पूर्वोक्तप्रकारेण हरिं पूजयेत् ॥ १५२ ॥

इस प्रकार के मुकुन्द का स्मरण करते हुये इस मन्त्र को भी पूर्व में कही गई मन्त्र संख्या के परिमाण में जप कर घृत-मधु और शर्करा मिश्रित रक्त कमलों से पूर्वोक्त संख्या में होम करे । तदनन्तर विष्णु का पूजन करे ॥ १५२ ॥

आरादुक्तं मन्त्रयोः प्रयोगं दर्शयति—मधुरेति ।

मधुरत्रयसंयुक्तामारक्तां शालिमञ्जरीम् ।
जुहुयान्नित्यशोऽष्टोर्द्धं शतमेकेन मन्त्रयोः ॥ १५३ ॥

घृतमधुशर्करामिश्रितां लोहितां हैमन्तिकधान्यमञ्जरीम् अष्टोत्तरशतमयोर्मन्त्रयोर्मध्ये एकेन मन्त्रेण प्रत्येकं प्रत्यहं यो जुहुयात् तस्य पंसः

मण्डलतः एकोनपञ्चाशद्दिनादर्वाक् षड्विंशतिदिनादिति लघुदीपिकाकारः। पञ्चचत्वारिंशद्दिनानन्तरमिति रुद्रधरः। महती पृथिवी धान्यादिसमूहव्याप्ता भवति तथा तद्गृहं शालिधान्यसमूहव्याप्तं शीघ्रं भवति ॥ १५३ ॥

[अन्य प्रयोग कहते हैं—]

घृत मधु एवं शर्करा मिश्रित हेमन्त ऋतु में होने वाली रक्तवर्ण की धान्य की मञ्जरियों से इन दोनों मन्त्रों में से किसी एक के द्वारा १०८ बार अग्नि में आहुति प्रदान करे ॥ १५३ ॥

तस्य मण्डलतः पृथ्वी पृथ्वीसस्यकुलाकुला।
स्याच्छालिपुञ्जपूर्णं च तद्वेश्माऽऽशु प्रजायते ॥ १५४ ॥

उस पुरुष को ५० दिन से पहले धन धान्य से परिपूर्ण हरी भरी पृथ्वी प्राप्त हो जाती है, उसका घर शीघ्र ही धन धान्य से परिपूर्ण हो जाता है ॥ १५४ ॥

फलमाह—यस्त्विति।

यस्त्वेतयोर्नियतमन्यतरं भजेत
मन्वोर्जपार्चनहुतादिभिराप्तभक्तिः।
श्रीमान्स मन्मथ इव प्रमदासु वाग्मी
भूयात्तनोर्विपदि तच्च महोच्युताख्यम् ॥ १५५ ॥

॥ इति केशवकाश्मीर्याचार्य विरचितायां क्रमदीपिकायां
सप्तमः पटलः ॥ ७ ॥

—o—

यः पुमानेतयोरेकं नियतं नियतो भजेत साधयेत्। कैः? जपपूजाहोमादिभिः। कीदृशः? प्राप्तभक्तिः स लक्ष्मीयुक्तः स्त्रीषु कामदेववत् उत्कृष्ट-

वचनभाक् भवति। तनोर्विपदि शरीरपातानन्तरं विष्णुलोकं च गच्छति ॥ १५५ ॥

॥ इति श्री विद्याविनोदगोविन्दभट्टाचार्यविरचिते क्रमदीपिका-विवरणे सप्तमः पटलः ॥ ७ ॥

—o—

जो पुरुष भक्ति से युक्त हो इन दो मन्त्रों में से किसी एक के द्वारा परमात्मा श्रीकृष्ण का अर्चन जप एवं होम के द्वारा यजन करता है वह श्री संपन्न हो जाता है, स्त्रियों में कामदेव के समान सुन्दर एवं प्रशस्त वाणी से परिपूर्ण हो जाता है। पुनः शरीर के पात के पश्चात् विष्णुलोक प्राप्त करता है ॥ १५५ ॥

॥ श्री काश्मीरिक केशवभट्ट द्वारा विरचित क्रमदीपिका में डा० सुधाकर मालवीय कृत 'सरला' नामक हिन्दी व्याख्या का सातवाँ पटल समाप्त हुआ ॥ ७ ॥]

—o—

अष्टमं पटलम्

अथोच्यते वश्यविधिः पुरोक्त-
दशार्णतोऽष्टादशवर्णतश्च ।
स्मृत्यैव यौ सर्वजगत् प्रियत्वं
मनू मनुज्ञस्य सदा विधत्तः ॥ १ ॥

अथाऽनन्तरं वश्यकरः प्रयोगः कथ्यते—पूर्वोक्तदशाक्षरस्याऽष्टादशाक्षरस्य च यौ मन्त्रौ स्मरणमात्रेण साधकस्य सर्वजनवल्लभत्वं सर्वदा कुरुतः ॥ १ ॥

वशीकरण विधि—

अब मैं पहले कहे गये दशार्ण एवं अष्टादशार्ण मन्त्रों के द्वारा वशीकरण की विधि कहता हूँ, जिस दो मन्त्रों के स्मरण मात्र से साधक सारे जगत् का अभीष्ट पूर्ण करता है ॥ १ ॥

फुल्लैरिति ।

फुल्लैर्वन्यप्रसूनैरमुमरुणतरैरर्चयित्वा दिनादौ
नित्यं नित्यक्रियायां रतमथदिनमध्योक्तवत्तृप्त्या मुकुन्दम् ।
अष्टोपेतं सहस्रं दशलिपिमनुवर्यं जपेद् यः स मन्त्री
कुर्याद्वश्यान्यवश्यं मुखरमुखभुवां मण्डलान् मण्डलानि ॥२॥

पुष्पितैः वनोद्भवपुष्पैरतिलोहितममुं मुकुन्दं नित्यं सर्वदा नित्यकर्मानुष्ठाननिष्ठं दिनादौ प्रातः प्रत्यहं मध्याह्नोक्त पूजाप्रकारेण पूजयित्वा यो मन्त्री दशाक्षरं मन्त्रश्रेष्ठम् अष्टाधिकं सहस्रं जपेत् । मण्डलादेव पञ्चाशद्दिनादर्वाक्मुखरमुखभूवां विद्वद्ब्राह्मणानां मण्डलानि समूहानवश्यं वश्यानि कुर्याद्वशयतीत्यर्थः ॥ २ ॥

जो साधक प्रातः काल में फूले हुये रक्त वर्ण के वन्य पुष्पों से निरन्तर नित्य क्रिया में निरत भगवान् मुकुन्द का पूर्वोक्त मध्याह्न में कही गई विधि के अनुसार

पूजा कर १००८ वार दशाक्षर मन्त्र का जप करता है वह पचास दिन से पहले ही विद्वान् ब्राह्मणों के समुदाय को अपने वश में कर लेता है ॥ २ ॥

क्षत्रियवैश्यशूद्रस्याऽपि प्रयोगत्रयं दर्शयति—जातीति ।

जातीप्रसूनैर्वरगोपवेषं
क्रीडारतं रक्तहयारिपुष्पैः ।
नीलोत्पलैर्गीतिरतं पुरोव-
दिष्ट्वा नृपादीन् वशयेत् क्रमेण ॥ ३ ॥

वरगोपवेषं श्रेष्ठगोपरूपधरं श्रीकृष्णं विचिन्त्य जातीपुष्पैः पूर्वोक्त-प्रकारेण पूजयित्वा दशाक्षरमन्त्रमष्टोत्तरसहस्रं जप्त्वा क्षत्रियं वशयेत् क्रीडासक्तं ध्यात्वा रक्तकरवीरपुष्पैः पूर्वोक्तप्रकारेण पूजयित्वा दशाक्षरमन्त्र-मष्टोत्तरं सहस्रं जप्त्वा वैश्य वशयेत् गीतिरतं गीतासक्तं ध्यात्वा नीलोत्पलैः पूर्वोक्तप्रकारेण पूजयित्वा दशाक्षरमन्त्रमष्टोत्तर सहस्रं जप्त्वा शूद्रं वशयेत् इत्यनेन प्रकारेण नृपादीन् वशयेदित्यर्थः ॥ ३ ॥

अत्यन्त मनोहर गोपवेष धारण करने वाले, रास क्रीडा में रत एवं गान में आसक्त परमात्मा श्रीकृष्ण का, जाती पुष्पों से, लाल वर्ण के करवीर पुष्पों से और नील कमल के पुष्पों से पूर्ववत पूजन करे एवं १०८ बार जप करे तो वह साधक क्रमशः क्षत्रियादिवर्णों को अपने वश में कर लेता है ॥ ३ ॥

विमर्श—क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्रों को वश में करने का प्रयोग तीन प्रकार से यहाँ कहा जा रहा है जाती पुष्प के पूजन से क्षत्रिय, रक्त करवीर पुष्पों के पूजन से वैश्य एवं नीलकमलों के द्वारा पूजन से शूद्र वश में हो जाता है ॥ ३ ॥

प्रयोगान्तरमाह—सितेति ।

सितकुसुमसमेतैस्तण्डुलैराज्यसिक्तै-
र्दशशततमथ हुत्वा नित्यशः सप्तरात्रम् ।
कचभुवि च ललाटे भस्म तद्धारयन्वा
वशयति मनुजस्त्रीं साऽपि नृंस्तद्वदेव ॥ ४ ॥

श्वेतपुष्पसहितैः श्वेततण्डुलैर्घृतमिश्रितदशाक्षरमन्त्रेण दशशतं हुत्वा नित्यशः सप्तदिनपर्यन्तं तदनु तद्धोमभस्म कचभुवि शिरसि ललाटे च

धारयन् ना पुरुषः मनुजस्त्रीं मनुष्यनारीमिति रुद्रधरः। तरुणीं स्त्रियं वशयतीति त्रिपाठिनः। साऽपि स्त्री अनेन प्रयोगेण नॄन् वशयेदित्यर्थः ॥ ४ ॥

घृत से आर्द्र श्वेतपुष्प सहित चावलों से निरन्तर सात रात्रिपर्यन्त १००० आहुति प्रदान कर उसका भस्म शिर पर एवं ललाट प्रदेश में धारण करने वाला मनुष्य तरुणी स्त्रियों को तथा स्त्री तरुणों को वश में कर सकती है ॥ ४ ॥

प्रयोगान्तरमाह—ताम्बूलेति।

ताम्बूलवस्त्रकुसुमाञ्जनचन्दनाद्यं
जप्तं सहस्रत्रयमन्यतरेण मन्वोः।
यस्मै ददाति मनुवित् स जनोऽस्य मङ्क्षु
स्यात् किङ्करो न खलु तत्र विचारणीयम् ॥ ५ ॥

ताम्बूलं वस्त्रं पुष्पं कज्जलं चन्दनं च एतद्यदन्यद्वस्तु मन्वोदशाष्टादशाक्षरयोरन्यतरेणैकेन सहस्रत्रयं संजप्तं यस्मै जनाय ददाति साधकः स नरोऽस्य साधकस्य मङ्क्षु शीघ्रं वश्यो भवति। नाऽत्र संशय इत्यर्थः ॥ ५ ॥

इन दो मन्त्रों में किसी एक के द्वारा तीन सहस्र जप से अभिमन्त्रित ताम्बूल, वस्त्र, पुष्प, अञ्जन एवं चन्दनादि वस्तुओं को जप करने वाला साधक जिसे प्रदान करता है, वह मनुष्य शीघ्र ही उसके वश में होकर उसका दास बन जाता हैं—इसमें संदेह की कोई बात नहीं है ॥ ५ ॥

प्रयोगान्तरमाह—राजद्वारे इति।

राजद्वारे व्यवहारे सभाया
द्यूते वादे चाऽष्टयुक्तं शतं च।
जप्त्वा वाचं प्रथमामीरयेद्यो
वर्त्तेताऽसौ तत्र तत्रोपविष्टान् ॥ ६ ॥

राजसमीपे क्रयविक्रये सदसि अक्षक्रीडादौ वादे च यो मन्वोरेकमष्टोत्तरशतं जप्त्वा प्रथमत एव यां वाचं वदति तयैव वाचा तत्र वादादौ उपविष्टानसौ वर्तेत तज्जयी भवतीत्यर्थः ॥ ६ ॥

[वशीकरण के लिये अब अन्य प्रयोग कहते हैं—]

राज द्वार में राजा के समीप व्यवहार लेन देन क्रय विक्रयादि, सभा, द्यूत एवं मुकदमे में १०८ वार इन दो मन्त्रों में किसी एक से जप कर जो सर्वप्रथम वाणी का प्रयोग करता है, वह वहाँ पर बैठे हुये सभी लोगों पर विजय प्राप्त कर लेता है ॥ ६ ॥

प्रयोगान्तरमाह—आसीनमिति ।

आसीनं मुरमथनं कदम्बमूले
गायन्तं मधुरतरं व्रजाङ्गनाभिः ।
स्मृत्वाऽग्नौ मधुमिलितैर्मयूरकेध्मै-
र्हुत्वाऽसौ वशयति मन्त्रवित्त्रिलोकीम् ॥ ७ ॥

कदम्बमूले उपविष्टं मुरमथनं कृष्णं गोपीभिर्मधुरतरं गायन्तं ध्यात्वा वह्नौ मधुस्रुतैर्मयूरकेध्मैरपामार्गसमिद्भिर्हुत्वा असौ साधको लोकत्रयं वशयति ॥ ७ ॥

कदम्बवृक्ष के नीचे बैठे हुये व्रजाङ्गनाओं के साथ अत्यन्त मधुर स्वर में गाते हुये श्रीकृष्ण का ध्यान कर मधुमिश्रित अपामार्ग की समिधाओं द्वारा (१०८ वार) होम करने वाला साधक त्रिलोकी को अपने वश में कर लेता है ॥ ७ ॥

प्रयोगान्तरमाह—रासेति ।

रासमध्यगतमच्युतं स्मरन्
यो जपेद्दशशतं दशाक्षरम् ।
नित्यशो झटिति मासतो नरो
वाञ्छितामभिवहेत्स कन्यकाम् ॥ ८ ॥

यो नरः पूर्वोक्तरासमध्यगतं कृष्णं ध्यायन् दशाक्षरं मन्त्रं प्रत्यहं दशशतं जपेत् स मासैकेन शीघ्रमेव वाञ्छितां कन्यां प्राप्नोति ॥ ८ ॥

[वशीकरण के लिये अन्य प्रयोग कहते हैं—]

रास के मध्य में नृत्य करते हुये श्रीकृष्ण का स्मरण करते हुये प्रतिदिन एक सहस्र दशाक्षर मन्त्र का जप करने वाला साधक एक महीने के भीतर ही सुलक्षण कन्या प्राप्त कर लेता है ॥ ८ ॥

प्रयोगान्तरमाह—तुङ्गेति ।

तुङ्गकुन्दमधिरूढमच्युतं
या विचिन्त्य दिनशः सहस्रकम् ।
साऽष्टकं जपति सा हि मण्डला-
द्वाञ्छितं वरमुपैति कन्यका ॥ ९ ॥

उच्चकदम्बवृक्षस्थं विचिन्त्य प्रत्यहम् अष्टोत्तरसहस्रं दशाक्षरं या कन्यका जपति सा हि निश्चयेन मण्डलादेकोनपञ्चाशद्दिनादर्वाक् वाञ्छितवरं प्राप्नोति ॥ ९ ॥

उच्चकदम्ब की शाखा पर बैठे हुये परमात्मा श्रीकृष्ण का निरन्तर ध्यान करती हुई प्रतिदिन एक हजार आठ दशाक्षर मन्त्र का जप करने वाली कन्या अभीष्ट वर प्राप्त करती है ॥ ९ ॥

समानफलं प्रयोगद्वयमाह—नृत्यन्तमिति ।

नृत्यन्तं व्रजसुन्दरीजनकराम्भोजानि संगृह्य तं
ध्यात्वाऽष्टादशवर्णकं मधुवरं लक्षं जपन्मन्त्रवित् ।
लाजानमथवा मधुप्लुततरैर्हुत्वाऽयुतं चूर्णकै-
रुद्वोढुं प्रजपेच्च तावदचिरादाकाङ्क्षितां कन्यकाम् ॥ १० ॥

अचिरात् शीघ्रवाञ्छितां कन्यां परिणेतुं मन्त्रवित्साधकः गोपयुवतीहस्तपद्मानि संगृह्य धृत्वा नृत्यन्तं तं प्रसिद्धं श्रीकृष्णं ध्यात्वा लक्षमात्रपरिमितमष्टादशाक्षरं मन्त्रश्रेष्ठं जपेत् अथवा लाजानां चूर्णैर्मधुद्रुततरैर्घृतमधुशर्करा-प्रचुरान्वितैः मधुना द्रवीभूतैरितिरुद्रधरः । दशसहस्रं हुत्वा तावदेव संख्यं जपेदित्यर्थः ॥ १० ॥

[अब वशीकरण के लिये अष्टादशाक्षर मन्त्र की विधि कहते हैं—]

अभिलषित कन्या से विवाह करने के लिये साधक व्रजसुन्दरियों के कर कमलों को पकड़कर नृत्य करते हुये श्री कृष्ण का ध्यान करते हुये अष्टादशाक्षर मन्त्र का एक लाख जप करे और मधु, घृत एवं शर्करा परिप्लुत लाजा के चूर्ण से दस हजार हवन करे तो वह शीघ्र ही अभिलषित कन्या प्राप्त कर लेता है ॥ १० ॥

प्रयोगान्तरमाह—अष्टादशेति ।

अष्टादशाक्षरेण द्विजतरुजैस्त्रिमध्वक्तैरयुतम् ।
कुशैस्तिलैर्वा सतण्डुलैर्वशयितुं द्विजान् जुहुयात् ॥ ११ ॥

द्विजान् ब्राह्मणान् वशयितुमष्टादशाक्षरमन्त्रेण द्विजतरुजैः पलाशवृक्ष-समुद्भवैः समिद्भिस्त्रिमधुराक्तैः घृतमधुशर्करामिश्रितरैयुतं दशसहस्रं जुहुयात् अथवा त्रिमध्वक्तैः कुशैस्तिलैः तण्डुलैर्वा जुहुयात् ॥ ११ ॥

ब्राह्मणों को वश में करने के लिये घृत, शर्करा एवं मधु मिश्रित पलाश की समिधाओं से अथवा घृत, शर्करा मधुमिश्रित, तण्डुल युक्त तिलों से अष्टादशाक्षर मन्त्रों द्वारा दस हजार हवन करे तो शीघ्र ही ब्राह्मण वश में हो जाते हैं ॥ ११ ॥

प्रयोगान्तरमाह—

कृतमालभवैर्वशयेन् नृपतीन्
मुकुलैश्च कुरुण्टकजैश्च तथा ।
विशमिक्षुरकैरपि पाटलजै-
रितरानपि तद्वदथो वशयेत् ॥ १२ ॥

कृतमालभवैः राजवृक्षसमुद्भवैः मुकुलैः कलिकाभिः हुत्वा नृपतीन् क्षत्रियान् वशयेत् । कुरुण्टकजैश्च झिण्टीसमुद्भवैः मुकुलैर्हुत्वा वैश्यान् वशयेत् । इक्षुरसैः इक्षुरकैरिति पाठे कोकिलाक्षोमथीनश्च इत्यर्थः । पाटल-समुद्भवैः मुकुलैर्वा हुत्वा इतरान् शूद्रान् वशयेत् । अनुक्तसंख्या होमस्य बोद्धव्या तस्या एव प्रकरणत्वादिति ॥ १२ ॥

[अन्य प्रयोग कहते हैं—]

साधक राजवृक्ष के कलिकाओं से, अथवा कुरुण्टक की कलिकाओं से होम करे तो क्षत्रियों को वश में कर लेता है, कोकिला (तालमखानों) से हवन करे तो वैश्य वश में हो जाता है एवं पाटल के कलियों से होम करे तो शूद्र वश में हो जाता है ॥ १२ ॥

प्रयोगान्तरमाह—अभिनवैरिति ।

अभिनवैः कमलैररुणोत्पलैः
समधुरैरपि चम्पकपाटलैः ।

प्रतिहुनेदयुतं क्रमशोऽचिरा-
द्वशयितुं मुखजादिवराङ्गनाः ॥ १३ ॥

शीघ्रं मुखजादिवराङ्गना ब्राह्मणादिस्त्रियो वशयितुं चतुर्भिर्द्रव्यैः समधुरैर्मधुरत्रयमिलितैः क्रमशः प्रत्येकं सार्द्धसहस्रद्वयं कृत्वा दशसहस्रं प्रतिहुनेत् जुहुयात् । द्रव्याण्याह—

नूतनैः श्वेतपद्मैः रक्तोत्पलैश्चम्पकपुष्पैः पाटलपुष्पैः ॥ १३ ॥

[वशीकरण के लिये अन्य प्रयोग कहते हैं—]

ब्राह्मणी आदि स्त्रियों को वश में करने के लिये नवीन श्वेत कमल को मधु-शर्करा घृत से मिश्रित कर दो हजार पाँच सौ—इसी प्रकार उक्त पदार्थों से मिश्रित रक्त कमल-चम्पक एवं पाटलो से प्रत्येक से ढाई ढाई हजार कुल मिलाकर दस हजार हवन करे तो क्रमशः ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र स्त्रियाँ वश में हो जाती हैं ॥ १३ ॥

प्रयोगान्तरमाह—हयारीति ।

हयारिकुसुमैर्नवैस्त्रिमधुराप्लुतैर्नित्यशः
सहस्रमृषिवासरं प्रतिहुनेन्निशीथे बुधः।
सुगर्वितधियं हठात् झटिति वारयोषामसौ
करोति निजकिङ्करीं स्मरशिलीमुखैरर्दिताम् ॥ १४ ॥

हयारिकुसुमैः करवीरकुसुमैः नूतनैः त्रिमधुरमिश्रितैः प्रत्यहं सहस्रं ऋषिवासरं सप्तवासरं बुधः साधको निशीथे रात्रौ प्रत्यहं प्रतिदिनं जुहुयात् असौ अहङ्कारवतीं वारयोषां वेश्याकामवाणैः पीडितां हठात् बलात् झटिति शीघ्रं निजदासीं करोति ॥ १४ ॥

घृत, शर्करा एवं मधु मिश्रित नवीन करवीर के पुष्पों से सात दिन पर्यन्त अर्धरात्रि काल में प्रतिदिन सहस्र संख्या में जो साधक हवन करता है वह अत्यन्त गर्वीली से गर्वीली वेश्या को शीघ्रता से हठपूर्वक काम के बाणों से घायल कर अपनी दासी बना लेता है ॥ १४ ॥

प्रयोगान्तरमाह—पटुसंयुतैरिति ।

पटुसंयुतैस्त्रिमधुरार्द्रतरै-
रपि सर्षपैर्दशशतं त्रितयम्।

निशि जुह्वतोऽस्य हि शचीदयितोऽ-
प्यवशो वशी भवति किंन्वपरे ॥ १५ ॥

लवणसंयुतैः कटुसंयुतैरिति पाठे कटुकसंयुतैरित्यर्थः । मधुराद्रैंतरैघृंत-मधुशर्करास्निग्धैरपिः समुच्चये सर्षपैर्दशशतं त्रितयं त्रिसहस्रं निशि रात्रौ जुह्वतः पुरुषस्य शचीदयितः इन्द्रोऽपि अवशो वशी भवति किं पुनरन्ये ॥ १५ ॥

[अन्य प्रयोग कहते हैं—]

नमक; घृत; मधु एवं शर्करा मिश्रित सर्षप बीजों से तीन हजार प्रतिदिन रात्रि में होम करने वाले पुरुष के वश में सर्व तन्त्र स्वतन्त्र शचीपति इन्द्र भी हो जाते हैं, फिर और की तो बात ही क्या ? ॥ १५ ॥

प्रयोगान्तरमाह—अथेति ।

अथ विल्वजैः फलसमित् प्रसव-
च्छदनैर्मधुद्रुततरैर्हवनात् ।
कमलैः सिताक्षतयुतैश्च पृथक्
कमलां चिराय वशयेदचिरात् ॥ १६ ॥

बिल्ववृक्षोद्भवैः फलसमित्पुष्पपत्रैः श्वेतपद्मैरत्यन्तमधुराप्लुतैः सिताक्षतयुतैः शर्करातण्डुलमिश्रितैः सिताज्यसहितैरिति पाठे सिताशर्करा आज्यं घृतं तत्सहितैः, पृथक् एकैकं वस्तुत्रिसहस्रहोमात् चिरकालम् अचिरात् शीघ्रं कमलां लक्ष्मीं वशयेत् अत्र संख्यासमनन्तरोक्ता ॥ १६ ॥

बिल्ववृक्ष से उत्पन्न फल समिधा पुष्प एवं पत्रों को अथवा सफेद कमल को शर्करा; तण्डुल, मधु और घृत से आर्द्र कर पृथक् पृथक् तीन हजार हवन करे तो वह शीघ्र ही महालक्ष्मी को अपने वश में कर लेता है ॥ १६ ॥

प्रयोगान्तरमाह—अपहृत्येति ।

अपहृत्य गोपवनिताम्बराण्यामा
हृदयैः कदम्बमधिरूढमच्युतम् ।
प्रजपेत् स्मरन्निशि सहस्रमानयेद्
द्रुतमुर्वशीमपि हठाद्दशाहतः ॥ १७ ॥

हृदयैः अमा सह हठात् गोपयुवतीवस्त्राण्यपहृत्य गृहीत्वा कदम्बवृक्षमधिरूढं कृष्णं स्मरन् निशि रात्रौ सहस्रं जपेत्स दशाहतो दशदिवसमध्ये हठान्मन्त्रस्य वलात् उर्वशीमपि देववेश्यामपि वशमानयेत् निजनिकटमिति शेषः ॥ १७ ॥

गोपियों के हृदय के साथ साथ उनके वस्त्रों को भी चुराकर कदम्ब पर चढ़े हुये श्रीकृष्ण का ध्यान कर रात्रि के समय एक हजार प्रतिदिन के क्रम से जप करे तो दस दिन के भीतर वह देव वेश्या उर्वशी को भी अपने पास बुलाने में सक्षम हो जाता है ॥ १७ ॥

मन्त्रयोर्माहात्म्यमाह—बहुनेति ।

बहुना किमत्र कथितेन मन्त्रयो-
रनयोः सदृक् न हि परो वशी कृतौ ।
अभिकृष्टिकर्मणि विदग्धयोषितां
कुसुमायुधास्त्रमयवर्म्मणोरिह ॥ १८ ॥

अत्र ग्रन्थे बहुना कथितेन किं प्रयोजनम् ? अनयोर्दशाष्टादशाक्षरयोः सदृक्समः वशीकरणे इह जगति अपरो नास्ति । किम्भूतयोर्नगरस्त्रीणामाकर्षणकर्मणि कामास्त्रशरीरयोः ॥ १८ ॥

इस विषय में बहुत क्या कहें, वशीकरण के लिये त्रैलोक्य में इन दोनों मन्त्रों के सदृश और कोई मन्त्र नहीं है । क्योंकि विदग्ध (हाव भाव में निपुण) स्त्रियों के लिये ये दोनों ही मन्त्र काम वाण के साक्षात् शरीर हैं ॥ १८ ॥

मोक्षसाधकप्रयोगान्तरमाह—वन्द इति ।

वन्दे कुन्देन्दुगौरं तरुणमरुणपाथोजपत्राभनेत्रं
चक्रं शङ्खं गदाब्जे निजभुजपरिघैरायतैरादधानम् ।
दिव्यैर्भूषाङ्गरागैर्नवनलिनलसन्मालया च प्रदीप्तं
प्रोद्यत्पीताम्बराढ्यं मुनिभिरभिवृतं पद्मसंस्थं मुकुन्दम् ॥ १९ ॥

मुकुन्दं वन्दे । कीदृशम् ? कुन्दपुष्पं चन्द्रश्च तद्वत् शुक्लं तथा युवानं तथा रक्तपद्मसदृशलोचनं तथा दीर्घैर्निजबाहुपरिघैर्मुद्गराकारस्वबाहुभिः शङ्खं चक्रं गदां पद्मञ्च धारयन्तं तथा देवयोग्यालङ्काराङ्गरागैः नवानि यानि

पद्मानि तेषां लसन्ती देदीप्यमाना या माला तया च प्रदीप्तं तथा देदीप्यमानहरिद्राभवस्त्रयुक्तं तथा नारदादिभिर्वेष्टितं तथा पङ्कजासीनम् ॥ १९ ॥

[अब मोक्षसाधक अन्य मन्त्र का प्रयोग कहते हैं—]

कुन्दपुष्प एवं चन्द्र के समान गौर वर्ण वाले, युवावस्था से संपन्न, रक्तकमल के समान लाल नेत्र वाले, अपनी विशाल मुद्गर की आकार वाली भुजाओं में चक्र, शङ्ख, गदा और पद्म धारण किये हुये, दिव्यभूषण एवं अङ्गरागों से शोभित, नवीन कमलों की माला से देदीप्यमान, हरिद्रा के समान देदीप्यमान पीताम्बर धारण किये और मुनिगणों से परिवेष्टित कमलासन पर विराजमान भगवान् मुकुन्द की मैं वन्दना करता हूँ ॥ १९ ॥

एवमिति—

एवं ध्यात्वा पुमांसं स्फुटहृदयसरोजमासीनामाद्यं
सान्द्राभोजच्छबिम्बा द्रुतकनकनिभं वा जपेदर्कलक्षम् ।
मन्वोरेकं द्वितारान्तरितमथहुनेदर्कसाहस्रमिद्धैः
क्षीरद्रूत्थैः पयोक्तैः समधुघृतसितेनाऽथवा पायसेन ॥ २० ॥

एवंविधं पूर्वोक्तं मुकुन्दं ध्यात्वा प्रफुल्लहृदयपद्मासनोपविष्टं तथा आद्यं प्रथमं सजलजलदश्यामं सान्द्राभोजच्छविमिति पाठे मसृणपद्मकान्ति वा ध्यात्वा द्वितारान्तरगं प्रणवद्वयमध्यगतं मन्वोर्दशाष्टादशाक्षरयोरेकम् अर्कलक्षं द्वादशलक्षं जपेत् । अथ जपानन्तरम् अर्कसहस्रम् इद्धैः समिद्भिः क्षीरद्रूत्थैरश्वत्थोदुम्बरप्लक्षन्यग्रोधान्यतमसमुद्भवैः पयोक्तैः दुग्धप्लुतैः अथवा घृतमधुशर्करासहितेन परमान्नेन जुहुयात् ॥ २० ॥

इस प्रकार प्रफुल्ल हृत्कमल पर बैठे हुये अथवा सान्द्रकमल के समान कान्ति वाले, चमकते हुये सुवर्ण के समान जगमगाहट से पूर्ण आद्य श्रीकृष्ण का ध्यान कर दो मन्त्रों में किसी एक मन्त्र को प्रणव से संपुटित कर बारह लाख जप करे। तत्पश्चात् दूध में डुबोये गये क्षीरी वृक्ष (अश्वत्थ; उदुम्बर, प्लक्ष एवं न्यग्रोध) में किसी एक की समिधा से अथवा मधु, घृत एवं शर्करा संपृक्त पायस से बारह हजार हवन करे ॥ २० ॥

ततो लोकाध्यक्षं ध्रुवचितिसदानन्दवपुषं
निजे हृत्पाथोजे भवतिमिरसंभेदमिहिरम् ।

निजैक्येन ध्यायन्मनुममलचेताः प्रतिदिनं
त्रिसाहस्रं जप्यात्प्रयजतु सायाह्नविधिना ॥ २१ ॥

ततस्तदनन्तरं लोकाध्यक्षं लोकस्वामिनम् ।

अविनाशिज्ञानं तत्सुखस्वरूपशरीरं संसारान्धकारविच्छेदसूर्यममुं कृष्णं निजहृदयपद्मे निजैक्येन स्वाभेदेन भावयन् अमलचेताः निर्मलान्तःकरणः प्रतिदिनं त्रिसहस्रं सहस्रत्रयं जुहुयात् तथा पूर्वोक्तसायाह्नपूजाप्रकारेण पूजयतु होममपि करोतु ॥ २१ ॥

पुनः निर्मलचित्त वाला साधक, नित्य सच्चिदानन्द स्वरूप अज्ञानान्धकार को दूर करने के लिये सूर्य स्वरूप लोकाध्यक्ष श्रीकृष्ण को हृदय कमल में अपने से अभिन्न की कल्पना कर प्रतिदिन तीन सहस्र जप करे और पूर्वोक्त सायङ्काल की विधि से हवन करे ॥ २१ ॥

विधिमिति ।

विधिं योऽमुं भक्त्या भजति नियतं सुस्थिरमति-
र्भवाम्भोधिं भीमं विषमविषयग्राहनिकरैः ।
तरङ्गैरुत्तुङ्गैर्जनिमृतिसमाख्यैः प्रविततं
समुत्तीर्याऽनन्तं व्रजति परमं धाम स हरेः ॥ २२ ॥

यः स्थिरमतिः पुमान् अमुं विधिं प्रकारं नियतं सततं भक्त्या भजति सेवते स भवाम्भोधिं संसारसागरं समुत्तीर्य हरेः अनन्यं न विद्यते अन्यो यस्मात्सर्वमयमुत्कृष्टं धाम प्राप्नोति । कीदृशम् ? अम्भोधिरिव भयङ्करं कैर्विषमा दुर्निवाराः ये विषयाः शब्दादयं अथवा स्रक्चन्दनवनिताद्याः त एव ग्राहरूपामकरकच्छपाद्यास्तेषां निकरैः समूहैः तथा जन्ममरणनामधेयैस्तरङ्गैरुत्तुङ्गैर्महद्भिर्विस्तीर्णम् ॥ २२ ॥

जो साधक स्थिरचित्त हो इस प्रकार की विधि से भक्तिपूर्वक परमात्मा श्री कृष्ण का भजन करता है वह दुर्निवार्य स्रक्, चन्दन, विषयरूपी ग्राहसमूहों से महाभयङ्कर और जन्म मरणरूप विशाल ऊँचे ऊँचे तरङ्गों से विस्तीर्ण इस संसार-रूपी समुद्र को पार कर अन्त में परमात्मा के परमधाम को प्राप्त कर लेता है ॥ २२ ॥

गृणंस्तस्येति ।

गृणंस्तस्य नामानि शृण्वंस्तदीयाः
कथाः संस्मरंस्तस्य रूपाणि नित्यम् ।
नमंस्तत्पदाम्भोरुहं भक्तिनम्रः
स पूज्यो बुधैर्नित्ययुक्तः स एव ॥ २३ ॥

सपुरुषः बुधैः प्राज्ञैः पूज्यः स एव च नित्ययुक्तः नित्ययोगभाक् । किङ्कुर्वन् सन् ? अस्य श्रीकृष्णस्य नामानि गृणन् वदन् तदीयाः कथा आकल्पयन् तस्य श्रीकृष्णस्य रूपाणि मूर्तीः सर्वदा ध्यायन् तत्पदाम्भोरुहं श्रीकृष्णपादपद्मं नमन् भक्तिनम्रः सेवाऽवनतः अधिकनम्रत्वख्यापनार्थं पौनरुक्त्यम् ॥ २३ ॥

जो पुरुष निरन्तर परमात्मा श्री कृष्ण के रूप में युक्त हो निरन्तर उनका नाम ग्रहण करता है, उनकी कथा सुनता है, उनके रूप का ध्यान करता है तथा भक्ति से विनम्र हो उनके चरण कमलों में नमस्कार करता है, वही पुरुष बुद्धिमानों द्वारा पूजा के योग्य है ॥ २३ ॥

इदानीं परममन्त्रद्वयं कथयति—वक्ष्य इति ।

वक्ष्ये मनुद्वमथाऽतिरहस्यमन्यत्
संक्षेपतो भुवनमोहननामधेयम् ।
ब्रह्मेन्द्रवामनयनेन्दुभिरादिमान्य-
स्तत्पूर्वको वियदृषीकयुतेशङेहृत् ॥ २४ ॥

अथाऽनन्तरमन्यत् मन्त्रद्वयमतिगोप्यं जगन्मोहनसंज्ञकं स्वल्पोक्त्या वक्ष्ये-ब्रह्मककारः इन्द्रो लकारः वामनयनं दीर्घं ईकारः इन्दुरनुस्वारः एतैः संयुक्तः कामबीजरूपः प्रथमो मन्त्र उद्घृतः तत्पूर्वकः वियत् हकारः ऋषीक इति स्वरूपं ताभ्यां युक्त ईशशब्दः हृषीकेश इति स्वरूपं ङे चतुर्थ्येकवचनं हृन्नमः क्लीं हृषीकेशाय नमः इति द्वितीयो मन्त्रः । अत्रायं पुरुषोत्तममन्त्र इति भैरव त्रिपाठिनः ॥ २४ ॥

[अब उससे भी अधिक परम मन्त्र का उद्धार कहते हैं—] अब इन दो मन्त्रों के अतिरिक्त अत्यन्त रहस्यपूर्ण दो मन्त्रों को, जिनका नाम भुवनमोहन है उसे कहता हूँ—ब्रह्मा (ककार), इन्द्र (लकार) । इन दोनों अक्षरों को ईकार से युक्त

कर उस पर अनुस्वार लगावे इस प्रकार 'क्लीं' यह प्रथम मन्त्र हुआ, दूसरा मन्त्र क्लीं के अनन्तर वियत् हकार पुनः 'ऋषीक' तदनन्तर 'ईश'। इस प्रकार 'हृषीकेश' शब्द को चतुर्थी विभक्ति से युक्त कर हृत् 'नमः' पद का प्रयोग करे ॥ २४ ॥

विमर्श—प्रयोग का स्वरूप इस प्रकार है—क्लीं हृषीकेशाय नमः'—यह पूर्ण मन्त्र हुआ ॥ २४ ॥

ऋष्यादिकमाह—मन्वोरिति।

मन्वोस्तु संमोहननारदो मुनिः
छन्दस्तु गायत्रमुदीरितं बुधैः।
त्रैलोक्यसंमोहनविष्णुरेतयोः
स्याद्देवता वच्म्यधुना षडङ्गकम् ॥ २५ ॥

अनयोर्मन्त्रयोः संमोहननारदो मुनिः छन्दः पुनर्गायत्रं मन्त्रज्ञैः कथितं त्रैलोक्यसंमोहनविष्णुर्देवतेति ॥ २५ ॥

इन दोनों मन्त्रों के संमोहन एवं नारद ऋषि हैं, बुद्धिमानों ने इन दोनों का छन्द गायत्री कहा है, तथा त्रैलोक्य संमोहन विष्णु इसके देवता हैं। अब इसका षडङ्ग कहता हूँ ॥ २५ ॥

अधुनाषडङ्गं वदामि—अक्लीवेति।

अक्लीवदीर्घैः सलवैस्तदपि च कलासनारूढैः।
उक्तं पूर्ववदासनविन्यासान्तं समाचरेदथ तु ॥ २६ ॥

ऋॠऌॡवर्जितषट् दीर्घस्वरैः बिन्दुसहितैः कलेत्यक्षरद्वयसंबद्धैः क्लां क्लीं क्लूं क्लैं क्लौं क्लः एभिस्तत् षडङ्गमुक्तम्। अथानन्तरं पूर्ववद्दशाक्षरकथितपीठपूजापर्यन्तं कार्यम् ॥ २६ ॥

क्लीव वर्ण (ऋ ॠ ऌ ॡ) से वर्जित छः दीर्घस्वर एवं बिन्दुयुक्त ककार और लकार दोनों अक्षरों को मिलाकर इस प्रकार क्लां, क्लीं, क्लूं, क्लैं, क्लौं, क्लः—ये ६ इन मन्त्रों के षडङ्ग कहे गये हैं। इसके अनन्तर, दशाक्षर मन्त्र में कही गई विधि के अनुसार पीठपूजन पर्यन्त सारी क्रिया करनी चाहिये ॥ २६ ॥

करयोरिति।

करयोः शाखासु तले न्यस्य षडङ्गानि चाङ्गुलीषु शरान्।
मनुपुटितमातृकार्णैर्न्यस्याङ्गेऽङ्गानि विन्यसेच्च शरान् ॥ २७ ॥

करयोः शाखासु अङ्गुलीषु उभयकरतले च षडङ्गानि विन्यस्य पुनरङ्गुलीषु च कामबाणान् विन्यस्य आद्यन्तस्थितमन्त्रमातृकाक्षरैर्मातृकास्थानेषु विन्यस्य दीर्घयुक्तकामबीजैः षडङ्गानि स्वशरीरे विन्यस्य बाणन्यासं च कुर्यात् ॥ २७ ॥

दोनों हाथों की पाँचों अङ्गुलियों में तथा दोनों हाथ के तलवों में—इस प्रकार ६ स्थानों में षडङ्ग न्यास कर पुनः आगे कहे जाने वाले (८.२८) कामबाणों से युक्त पाँचों अङ्गुलियों में न्यास करे। पुनः मन्त्र संपुटित मातृकाक्षरों से मातृकास्थानों में न्यास कर पुनः कामबीज से षडङ्ग का न्यास करे। तदनन्तर पुनः बाण न्यास करे ॥ २७ ॥

विमर्श—मातृका स्थान के लिऐ देखें ७.२०, २१ ॥ २७ ॥

बाणन्यासस्थानान्याह—कास्येति ।

कास्यहृदयलिङ्गाङ्घ्रिषुकरशाखाभिर्नमोन्तकान् ङेऽन्तान् ।
शोषणमोहनसंदीपनतापनमादनान् क्रमशः ॥ २८ ॥
पञ्चैते संप्रोक्ता ह्रांह्रींक्लींक्लूं सआदिकाबाणाः ।
समोहनमथजगतां ध्यायेत् पुरुषोत्तमं समाहितधीः ॥ २९ ॥

शिरोवदनहृदयलिङ्गपादेषु अङ्गुलीभिः अङ्गुष्ठादिकनिष्ठकान्ताभिः एकैकया अङ्गुल्या चतुर्थी नमः पदसहितान् वक्ष्यमाणान् पञ्चबाणान् क्रमेण विन्यसेत् ।

बाणनामान्याह—शोषणेति ।

ह्रां ह्रीं क्लीं क्लूं सः एतानि पञ्चबीजानि एकैकानि आदौ येषां एवम् एते पञ्च बाणाः शोषणादयः प्रोक्ताः । प्रयोगस्तु—ह्रां शोषणाय नमः इत्यङ्गुष्ठेन शिरसि ह्रीं मोहनाय नमः इति तर्जन्यामुखे इत्यादि अथानन्तरम् । संयतचित्तः त्रिभुवनवश्यकरं पुरुषोत्तमं चिन्तयेत् ॥ २८-२९ ॥

[अब काम बाण के स्थानों को कहते हैं—]

शिर, मुख, हृदय और लिङ्ग दोनों पैर में अँगूठे से लेकर कनिष्ठापर्यन्त एक-एक अङ्गुलियों से क्रमशः आगे (२९) श्लोक में कहे जाने वाले कामबाणों के नाम में चतुर्थी विभक्ति लगाकर तदनन्तर नमः पद का प्रयोग कर षडङ्ग न्यास करे। ह्रां, ह्रीं, क्लीं, क्लूं; सः इन पाँच काम के बीज मन्त्रों से क्रमशः

शोषण, मोहन, संदीपन, तापन और मादन शब्द में लगा दें तो वे कामबाण के नाम हो जाते हैं ॥ २८-२९ ॥

विमर्श—इसके प्रयोग की विधि इस प्रकार है—'ह्रीं शोषणाय नमः' इतना कहकर अँगूठे से शिर का स्पर्श करे। 'ॐ ह्रीं मोहनाय नमः' इतना कहकर तर्जनी से मुख का स्पर्श करे। इसी प्रकार अन्यत्र भी समझना चाहिये ॥ २८-२९ ॥

ध्यानमाह—दिव्येति।

दिव्यतरूद्यानोद्यद्रुचिरमहाकल्पपादपाधस्तात्।
मणिमयभूतलविलसद्भद्रपयोजन्मपीठनिष्ठस्य ॥ ३० ॥
विश्वप्राणस्योद्यत्प्रद्योतनसमद्युतेः सुपर्णस्य।
आसीनमुन्नतांसे विद्रुमभद्राङ्गमङ्गजोन्मथितम् ॥ ३१ ॥
चक्रदराङ्कुशपाशान्सुमनोबाणेक्षुचापकमलगदाः।
दधतं स्वदोर्भिररुणायतविपुलविघूर्णिताक्षियुगनलिनम् ॥३२
मणिमयकिरीटकुण्डलहाराङ्गदकङ्कणोर्मिरसनाद्यैः।
अरुणैर्माल्यविलेपैरादीप्तं पीतवस्त्रपरिधानम् ॥ ३३ ॥
निजवामोरुनिषण्णां श्लिष्यन्तीं वामहस्तधृतनलिनाम्।
क्लिद्यद्योनिं कमलां मदनमदव्याकुलोज्ज्वलाङ्गलताम् ॥३४॥
सुरुचिरभूषणमाल्यानुलेपनांसुसितवसनपरिवीताम्।
निजमुखकमलव्यापृतचटुलासितनयनमधुकरां तरुणीम्॥३५॥
श्लिष्यन्तं वामभुजादण्डेन दृढं धृतेक्षुचापेन।
तज्जनितपरनिर्वृतिनिर्भरहृदयं चराचरैकगुरुम् ॥ ३६ ॥
सुरदितिजभुजगगुह्यकगन्धर्वाद्यङ्गनाजनसहस्रैः।
मदमन्मथालसाङ्गैरभिवीतं दिव्यभूषणोल्लसितैः ॥ ३७ ॥
आत्माभेदतयेत्थं ध्यात्वैकाक्षरमथाऽष्टवर्णं वा।
प्रजपेद्दिनकरलक्षं त्रिमधुरसिक्तैस्तु किंशुकप्रसवैः ॥ ३८ ॥

नवश्लोकानां कुलकम् ।

इत्थम् एवं वासुदेवं ध्यात्वा एकाक्षरकामबीजम् अथवाष्टाक्षरमन्त्रं दिनकरलक्षं द्वादशलक्षं जपेत् । कीदृशम् ? ध्यात्वा देवसंबन्धिवृक्षोद्याने कल्पवृक्षोद्याने उद्यन् वृद्धिगच्छन् मनोहरो यः पारिजातवृक्षस्तस्य तले गरुडस्योन्नतांसे उपविष्टम् । कीदृशस्य गरुडस्य ? पद्मरागादिघटितभूभागशोभमानश्रेष्ठपद्मपीठोपविष्टस्य तथा सकलजीवभूतस्य परमेश्वरस्यांशत्वात् तथा उदितसूर्यसमकान्तेः । कीदृशं वासुदेवम् ? प्रवालसुन्दराङ्गं, कामव्याकुलितं स्वदोर्भिः स्वबाहुभिर्दक्षिणवामक्रमेण चक्रशङ्खाङ्कुशपाशपुष्पशरेक्षुचापपद्मगदाः बिभ्राणं तथा रक्तं दीर्घं बृहद्विघूर्णितं नेत्रद्वयरूपं पद्मं यस्य स तथा तम्, पद्मरागादिमणिघटितशिरोलङ्कारकर्णभूषणमुक्ताहारबाहुभूषणकरमूलभूषणमुद्रिकाक्षुद्रघण्टिकाप्रभृतिभिः रक्तमाल्यगन्धैश्च देदीप्यमानं तथा पीते वाससी परिधानमाच्छादनं यस्य स तथा तं तथा धृतेक्षुचापेन वामबाहुदण्डेन दृढं यथा स्यादेवं श्रियमालिङ्गन्तम् ।

कीदृशीम्? स्वीयवामोरुदेशे उपविष्टां, तथा आलिङ्गन्तीं, तथा वामहस्तगृहीतपद्मां, तथा सरसीभूतगुह्यां तथा कामेन व्याकुलीकृता अनायत्तीकृता अङ्गलता यस्यास्तां मनोहराणि अलङ्कारमालाचन्दनानि यस्यास्तां तथा श्वेतवस्त्रपरिधानां तथा कृष्णमुखपद्मे व्यापृतं सम्यग्व्यापारयुक्तं चटुलं मनोहरं चञ्चलं वा असितं श्यामं यन्नेत्रं स एव मधुकरो भ्रमरः यस्यास्तां तथा तरुणीं युवतीम् । पुनः कीदृशम् ? प्रियालिङ्गनजनितपरमसुखपूर्णहृदयं तथा जगद्गुरुं तथा देवदैत्यसर्पदेवयोनिदेवगायनविद्याधरस्त्रीसहस्रैर्मदतया कामेन च स्तम्भयुक्तम् अङ्गं येषां तैर्देवार्हणभूषणदीप्तैर्वेष्टितं कया युक्त्या आत्मैक्येन ध्यात्वा ॥ ३०–३८ ॥

जुहुयात्तरणिसहस्रं विमलैः सलिलैश्च तर्पयेत्तावत् ।
विंशेत्यर्णे प्रोक्ते यन्त्रे दिनशोऽमुमर्चयेत् भक्त्या ॥ ३९ ॥

ध्यानजपानन्तरं घृतमधुशर्करासहितैः पलाशपुष्पैर्द्वादशसहस्रं जुहुयात् । होमानन्तरं निर्मलैर्जलैर्द्वादशसहस्रं तर्पणं कुर्यात् ।

विंशत्यर्णेति । पूर्वोक्तविंशत्यक्षरोदितपीठविधानेन तन्मन्त्रोद्धृतयन्त्रे अमुं कृष्णं भक्त्या प्रतिदिनं पूजयेत् ॥ ३९ ॥

कल्पवृक्ष के उद्यान में सबसे ऊँचे कल्पवृक्ष के नीचे पद्मरागादियुक्त मणिमयी भूमि में बने हुये मनोहर सुशोभित कमलासन पर विराजमान श्री गरुड़ की पीठ पर बैठे हुये, प्रवाल के समान कान्ति वाले, विश्वप्राण एवं उदीयमान सूर्य के समान

कान्ति वाले, कामार्त्त, जो श्रीकृष्ण का अपने दायें एवं बायें हाथों में क्रमशः चक्र, शङ्ख, अङ्कुश और पाश तथा पुष्पबाण, इक्षुचाप, पद्म और गदा धारण किये हुये हैं, अरुणवर्ण एवं चौड़े विशाल कमलों के समान नेत्रों से घूर रहे हैं, मणि निर्मित किरीट, कुण्डल, हार, अङ्गद, कङ्कण, अँगूठी तथा क्षुद्रघण्टिका, अरुण वर्ण के माल्य, दिव्य अङ्गराग तथा पीत वस्त्र के परिधान से अलङ्कृत हैं, अपनी बाईं ओर बैठी हुई, बायें हाथ में कमल लिये हुये, उत्कट काम की मस्ती से व्याकुल, सुशोभित अङ्गों वाली, विलद्यमान योनि युक्त, अत्यन्त मनोहर, भूषण, माल्य एवं दिव्यानुलेपन से शोभायमान, श्वेत वस्त्र धारण की हुई, स्वयं उनके मुख पर टकटकी लगाये दृष्टि से देखती हुई तरुणावस्था संपन्न महालक्ष्मी द्वारा आलिङ्गित हैं। स्वयं भी इक्षुचाप युक्त अपने बायें हाथ से उनका आलिङ्गन कर रहे हैं। आलिङ्गनजन्य आनन्द से जिनका हृदय परिपूर्ण हैं, ऐसे समस्त संसार के पिता स्वरूप जिन श्रीकृष्ण को देवता, राक्षस, सर्प, गुह्यक तथा गन्धर्वों की स्त्रियाँ जिनके अङ्ग प्रत्यङ्ग विविध आभूषणों से उल्लसित हैं, एवं जो उत्कट कामाभिलाष के कारण अलसायी हुई हैं जिन्हें चारों ओर से घेरी हुई हैं। इस प्रकार के श्रीकृष्ण से अपने को अभिन्न समझते हुये ध्यान करे। तदनन्तर पूर्वोक्त एकाक्षर अथवा अष्टाक्षर मन्त्र का १२ लाख जप करे। फिर मधु, घृत तथा शर्करा से संपृक्त पलाश की लकड़ी से १२ हजार हवन करे एवं उतनी ही संख्या में जल से तर्पण करे और पूर्वोक्त विंशत्यक्षरात्मक यन्त्र में प्रतिदिन भक्ति श्रद्धापूर्वक श्रीकृष्ण का अर्चन करता रहे ॥ ३०-३९ ॥

पूजाप्रकारमाह—सार्द्ध चतुःश्लोकेन गरुडमन्त्रमाह—पीठेति।

पीठविधौ पक्ष्यन्ते राजायशिरोऽमुनाभिपूज्याऽहिरिपुम्।
हरिमावाह्य स्कन्धे तस्यार्घाद्यैः समर्च्य भूषान्तै ॥ ४० ॥

अङ्गानि च बाणांश्च न्यासक्रमतः किरीटमपि शिरसि।
श्रवसोश्च कुण्डलेऽरिप्रमुखानि प्रहरणानि पाणिषु च ॥ ४१ ॥

श्रीवत्सकौस्तुभौ च स्तनयोरूर्द्ध्वे गले च वनमालाम्।
पीतवसनं नितम्बे वामाङ्के श्रियमपि स्वबीजेन ॥ ४२ ॥

इष्ट्वाऽथ कर्णिकायामङ्गानि विदिग्दिशासु दिक्षुशरान्।
कोणेषु पञ्चमं पुनरग्न्यादिदलेषु शक्तयः पूज्याः ॥ ४३ ॥

पूजाविधौ पक्षिशब्दान्ते राजायेति स्वरूपं शिरः स्वाहा अनेन प्रकारेण पीठमध्ये अहिरिपुं गरुडं सम्पूज्य तस्य गरुडस्य पृष्ठे श्रीकृष्णमावाह्याऽऽवाहनादि यथावत् कृत्वाऽर्घाद्यैर्भूषान्तैरुपचारैश्च सम्पूज्य अङ्गानिच सम्पूज्य पञ्चबाणांश्च सम्पूज्य भूषणानि च सम्पूज्य दिग्दलेषु शक्तयः पूज्या इति अनेनान्वयः।

एतदेव स्पष्टयति—न्यासक्रमत इत्यादिना।

यत्र परमेश्वराङ्गे यस्य न्यासः तस्य पूजा बोद्धव्या तत्र शिरसि किरीटं अपिपादपूरणे श्रोत्रयोः कुण्डले अरिमुखानि चक्रादीनि प्रहरणानि आयुधानि हस्तेषु स्तनयो ऊर्द्ध्वं हृदि श्रीवत्सकौस्तुभौ गले वनमालाम् आपादलम्बिनीं पद्ममालां नितम्बे कटयां हरिद्राभवस्त्रं वामाङ्गे वामभागे लक्ष्मीं च स्वबीजेन श्रीबीजेन इष्ट्वा सम्पूज्य कर्णिकायां दिग्विदिशासु कोणेषु दिक्षु च अङ्गानि पूर्ववत्सम्पूज्य दिक्षुशरान् अग्न्यादिकोणेषु च पञ्चमं बाणं पूजयेत् पुनरग्न्यादिदलेषु अष्टौ शक्तयः पूज्याः ॥ ४०-४३ ॥

[अब यन्त्र में पूजा का प्रकार कहते हैं—]

पूजा के लिये निर्मित पीठ पर 'पक्षि' शब्द के अन्त में 'राजाय' कह कर शिरः (स्वाहा) पद का उच्चारण करे इस प्रकार 'पक्षिराजाय स्वाहा' इस मन्त्र से सर्पशत्रु गरुड़ का पूजन करे। पुनः उन गरुड़ के पृष्ठ पर श्रीकृष्ण का आवाहन कर उनका अर्घ्यपाद्यादि से लेकर 'भूषान्त' उपचारों से पूजन करे। तदनन्तर उनके अङ्गों का और पञ्चबाणों का पूजन करे। तदनन्तर परमेश्वर के अङ्ग में जहाँ जो भूषण हैं उनकी भी पूजा करे जैसे—किरीट की शिर में, दोनों कुण्डलों की कानों में, चक्रादिप्रमुख आयुधों की हाथों में, श्रीवत्स और कौस्तुभ की दोनों स्तनों के ऊपर हृदय प्रदेश में, वनमाला की गले में, पीताम्बर की नितम्ब में एवं महालक्ष्मी की बायें भाग में श्री बीज (श्रीं) से पूजा करे। तदनन्तर कर्णिका पर पूर्ववत् अङ्गों की पूजा कर दिशाओं में शरों की एवं कोनों में पञ्चबाणों की पूजा कर अग्न्यादि कोणों के क्रम से अष्टदल पर श्रीकृष्ण की शक्तियों की पूजा करनी चाहिये ॥ ४०-४३ ॥

शक्तिवर्णनाह—लक्ष्मीरिति।

लक्ष्मीः सरस्वती स्वर्णाभे अरुणतरे रतिप्रीत्यौ।
कीर्तिः कान्तिश्च सिते तुष्टिः पुष्टिश्च मरकतप्रतिमे ॥ ४४ ॥

स्वर्णाभे पीतवर्णे अरुणतरे अतिरक्ते सिते शुक्ले मरकतप्रतिमे हरिद्रावर्णे ॥ ४४ ॥

[अब आठ शक्तियों का उनके शरीर के वर्ण सहित वर्णन करते हैं—]

लक्ष्मी एवं सरस्वती स्वर्णवर्ण की हैं, रति प्रीति अत्यन्त अरुण वर्ण की हैं; कीर्त्ति और कान्ति स्वच्छ वर्ण की हैं, तुष्टि तथा पुष्टि मरकत के समान हरे वर्ण की हैं ॥ ४४ ॥

एताः शक्तयः किम्भूताः ?

दिव्याङ्गरागभूषामाल्यदुकूलैरलङ्कृताङ्गलताः ।
स्मेराननाः स्मारार्त्ताधृतचामरचारुकरतला एताः ॥ ४५ ॥

देवयोग्यानुलेपनालङ्कारग्रन्थितपुष्पसूक्ष्मवस्त्रैर्भूषितदेहाः अङ्गलताशब्दः स्वरूपवाची तथा ईषद्धास्यवदना तथा कामबाणपीडिताः तथा गृहीतचामर-मनोहरहस्ताः ॥ ४५ ॥

[पुनः इन शक्तियों का स्वरूप कहते हैं—]

ये सभी शक्तियाँ दिव्य अनुलेपन एवं दिव्य आभूषणों से सुसज्जित हैं, तथा अङ्गलताओं पर ग्रथित पुष्पों की माला तथा मनोहर वस्त्र धारण की हुई हैं। सभी का मुखमण्डल ईषद्धास्य से युक्त है तथा सभी कामबाणों से प्रपीडित हैं और हाथों में धारण किये गये चामरों से शोभित हैं ॥ ४५ ॥

लोकेशा इति ।

लोकेशा बहिरर्च्याः कथितेत्यर्चा मनुद्वयोद्भूता ।
प्रायः पुरुषोत्तमविधिरेवं हि स नोच्यतेऽत्र बहुलत्वात् ॥४६॥

तद्बहिरिन्द्रादयः वज्रादयश्च पूज्याः इत्येवं पूजा मन्त्रद्वयसम्भवा कथिता प्रायो बाहुल्येन पुरुषोत्तममन्त्रकथितप्रकारोप्येवं परं स इह स्पष्टीकृत्य नोच्यते बहुवक्तव्यत्वात् प्रायः पुरुषोत्तमविधिरेवमिहाऽन्यतोऽवगन्तव्यमिति टीकान्तर-सम्मतं पाठान्तरम् ॥ ४६ ॥

तदनन्तर उस अष्टदल कमल के बाहर इन्द्रादि लोकपालों की पूजा करे। इस प्रकार हमने एकाक्षर और अष्टाक्षर—इन दोनों मन्त्रों के पूजा का प्रकार वर्णन किया। इसी प्रकार से पुरुषोत्तम मन्त्र के भी जप में पूजा का प्रकार समझना चाहिये। ग्रन्थ के विस्तार के भय से हम यहाँ उनका पुनः वर्णन नहीं करेंगे ॥४६॥

संमोहनगायत्रीमाह—त्रैलोक्येति ।

त्रैलोक्यमोहनायेत्युक्त्वा विद्महे इति स्मरायेति ।
तत् धीमहीति तन्नोऽन्ते विष्णुस्तदनु प्रचोदयात् ॥ ४७ ॥

त्रैलोक्यमोहनायेति स्वरूपमुक्त्वा तदनन्तरं विद्महे इति स्मरायेति तदनु धीमहीति तन्नो विष्णुः प्रचोदयादिति स्वरूपं वदेत् ॥ ४७ ॥

[अब संमोहन गायत्री का उद्धार कहते हैं—]

'त्रैलोक्यमोहनाय' के अनन्तर 'विद्महे' कहे तदनन्तर 'स्मरायेति धीमहि' शब्द कहे। तदनन्तर अन्त में 'तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्' शब्द कहे। इस प्रकार संमोहन गायत्री का उद्धार कहा गया ॥ ४७ ॥

प्रभावमाह।

जप्यैषा हि जपादौ दुरितहरी श्रीकरी जपार्चनहवनैः।
प्रोक्षयतु शुद्धिविधयेऽर्चायामनयात्मयागभूद्रव्याणि ॥ ४८ ॥

एषा गायत्रीजपात् पूर्वं जपनीया स्वमन्त्रजपपूजाहोमैः पुनः पापनाशनी लक्ष्मीप्रदा च भवति। अनया गायत्र्या च पूजायां शुद्ध्यर्थम् आत्मयागभूद्रव्याणि आत्मानं यागभुवम् द्रव्याणि च प्रोक्षयतु ॥ ४८ ॥

यह गायत्री सभी जपों के पूर्व में जपना चाहिये। इस मन्त्र के जप, पूजा तथा होम से पापों का नाश होता है, लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। इतना ही नहीं समस्त प्रकार के पूजा में शुद्धि के लिये इस गायत्री को पढ़कर पूजा द्रव्यों का तथा अपना भी प्रोक्षण करे ॥ ४८ ॥

मन्त्रद्वयसाधारणतर्पणमाह—मन्वोरिति।

मन्वोरेकेन शतं तर्पयेन्मोहनीप्रसूनयुतैर्यः।
तोयैर्दिनशः प्रातः स तु लभते वाञ्छितानयत्नतः कामान् ॥४९

यः पूर्वोक्तमन्त्रयोः एकेन मोहिनीपुष्पमिश्रितैः शक्रासनपद्मासनपुष्पसहितैर्जलैः प्रति प्रत्यहं शतं तपर्येत्। स वाञ्छितान् कामान् अनयासेन प्राप्नोति ॥ ४९ ॥

[अब दोनों मन्त्रों के लिये सामान्य तर्पण का प्रकार कहते हैं—]

जो मोहन पुष्पों से मिश्रित जल के द्वारा उक्त दो मन्त्रों में किसी एक के द्वारा प्रतिदिन प्रातःकाल श्रीकृष्ण परमात्मा का तर्पण करता है वह बिना यत्न के ही अपने सारे मनोरथों को पूर्ण कर लेता है ॥ ४९ ॥

मन्त्रद्वयसम्बन्धिप्रयोगान्तरमाह—हुत्वेति।

हुत्वायुतं हुतशेष संपाताज्येन तावदभिजप्तेन।
भोजयतु स्वाभीकं रमणीरमणोऽपि तां स्ववशतां नेतुम् ॥५०

घृतेन वह्नावयुतं आहुतिशेषघृतेन मन्त्रजप्तेन रमणी स्ववशतां नेतुं प्रापयितुम् आत्मीयं कामुक भोजयतु कामुकः स्त्रियं भोजयतु ॥ ५० ॥

[अब उक्त दोनों मन्त्रों का अन्य प्रयोग कहते हैं—]

उक्त दोनों मन्त्रों से दस हजार हवन कर, आहुति शेष घृत (प्रति आहुति देने से किञ्चित् शेष घृत जो प्रोक्षणी पात्र में डालने से एकत्रित होता है, जिसका दूसरा नाम संस्रव है) यदि कामुकी स्त्री अपने पुरुष को पिलावे अथवा पुरुष अपनी कामुकी स्त्री को पिलावे तो दोनों ही परस्पर वश में हो जाते हैं ॥ ५० ॥

अष्टादशार्णेति ।

अष्टादशार्णविहितविधयः कार्या वश्यत आभ्याम् ।
मन्वोरनयोः सदृगन्यो वैन मनुस्त्रैलोक्यवश्यकर्मणि जगति॥५१

अष्टादशाक्षरमन्त्रकथिता वश्यकारिणः प्रयोगा आभ्यां मन्त्राभ्यां कार्याः हि निश्चयेन जगति सकलजगदायत्तताकार्ये अनयोः समानोऽन्यो मन्त्रो नास्ति ॥ ५१ ॥

अष्टादशाक्षर मन्त्र में कहे गये वशीकरण प्रयोगों को इन दो मन्त्रों में भी करना चाहिये । वशीकरण कार्य के लिये इन दो मन्त्रों के सदृश त्रैलोक्य में कोई भी मन्त्र नहीं है ॥ ५१ ॥

अत्रैकार्णेति ।

अत्रैकार्णजपादावथवा कृष्णः सवेणुगतिर्ध्येयः ।
अरुणरुचिराङ्गवेशः कन्दर्पो वा सपाशशृणिचापेषु ॥ ५२ ॥

अत्र समनन्तरोक्तद्वयमध्ये एकाक्षरमन्त्रस्य जपपूजाहोमादौ कृष्णो भावनीयः । कीदृक् ? सवेणुगीतिरिति वंशोत्थगानपरः, तथा लोहितमनोहर-शरीराभरणः, अथवा अत्रैव मन्त्रजपादौ पाशाङ्कुशधनुर्बाणधरः कामदेवो ध्येयः; मन्त्रस्यादिदेवात्मकत्वादिति भावः ॥ ५२ ॥

इन दो मन्त्रों में यदि एकाक्षर मन्त्र से पूजा एवं होम करना हो तो वंशी से गान करते हुये श्रीकृष्ण का ध्यान करे, अथवा मनोहर एवं लाल वर्ण का वेश धारण किये हुये, पाश, अंकुश, धनुष एवं बाण हाथों में धारण किये हुये काम का ध्यान करना करना चाहिये । क्योंकि वशीकरण के आदि देवता कामदेव ही हैं ॥ ५२ ॥

प्रकृतमुपसंहरति—यस्त्विति ।

यस्त्वेकतरं मनुमेतयोर्विमलधीः सदा भजति मन्त्री ।
सोऽमुत्राऽपि च सिद्धिं विपुलामिहातितरामेति ॥ ५३ ॥

यो मन्त्री अनयो मन्त्रयोरेकं मन्त्रश्रेष्ठं सदा जपादिभिः सेवते स इह लोकेऽमुत्र च अत्यर्थं विपुलां सिद्धिं प्राप्नोति ॥ ५३ ॥

जो मन्त्रज्ञ साधक इन दो मन्त्रों में से किसी एक मन्त्र का, विशुद्ध अन्तःकरण से जपादि द्वारा सेवन करता है, वह इस लोक में तथा परलोक में उभयत्र महान् सिद्धि प्राप्त करता है ॥ ५३ ॥

अथ रुक्मिणीवल्लभमन्त्रमुद्धरति—अथेति ।

अथ सत्यशौरि च तृतीयतुर्यकाः
शिखिवामनेत्रशशिखण्डमण्डिताः ।
जयकृष्णयुग्मकनिरन्तरात्मभू-
शिखिशक्तिडास्यवृतसक्तवर्णकाः ॥ ५४ ॥
प्रनिमध्यतो मुदितचेतसे तत-
स्त्यपरक्तदृग्यगुरुमारुताक्षराः ।
सचतुर्थिकृष्णपदामिच्छुकामुंको
दशवर्णकश्च मनुवर्यकस्त्वसौ ॥ ५५ ॥
सलवाधराचलसुतारमाक्षरैः
पुटितः क्रमो क्रमगतैः समुद्गवत् ।
इति दन्तसूर्यवसुवर्ण उद्धृतः
कवितानुरञ्जनरमाकरोऽग्रहत् ॥ ५६ ॥

सत्यो दकारः शौरिर्नकारः च तृतीयतुर्येति जकारः झकारश्च एते चत्वारो वर्णाः प्रत्येकं शिखी रेफः वामनेत्रमीकारः शशिखण्डो बिन्दुः एतैः शोभनाः संबद्धा इत्यर्थः । तथा च व्रीं व्रीं ज्रीं झ्रीं इति । तदनु जय कृष्णेति त्रिपाठि गोविन्दामिश्रप्रभृतयः । वस्तुतः जयकृष्णेति पदस्य युग्मं तदनु

निरन्तरेति स्वरूपम् आत्मभूः ककारः शिखी रेफः शक्तिरीकारः तथा क्री स्वरूपम् तदनु डस्वरूपं आस्यवृतमाकारः डास्वरूपं सक्त इति स्वरूपं प्रनिमध्यतः प्रनीति अक्षरयोर्मध्ये मुदितचेतसे इति ततो निशब्दान्ते त्येति स्वरूपं तदनु पस्वरूपं रक्तो रेफः दृक् इकारः प्रथमातिक्रमे कारणाभावात् ह्रस्व इकारो लभ्येत। तथा च प्रि इति स्वरूपं ततो य इति स्वरूपं गुरुराकारः या इति स्वरूपं तदनु मारुतो यकारः तदनु सचतुर्थिकृष्णपदं कृष्णायेति स्वरूपं तदनु इक्षुकार्मुकः कामबीजं तदनु पूर्वोक्तदशाक्षरमन्त्रः तदनु लवो बिन्दुः तत्सहिता धरा ऐकार ऐं इति स्वरूपम् अचलः पर्वतः तत्सुता पार्वती भुवनेश्वरीबीजमित्यर्थः, रमा श्रीबीजम्, एभिस्त्रिभिर्बीजैर्मन्त्रान्ते प्रतिलोमपठितैः ऐं ह्रीं श्रीं अन्ते श्रीं ह्रीं, ऐं इति समुद्गवत् सम्पुटवत् पुटितोऽयं द्विपञ्चाशद्वर्णो मन्त्रः सिद्धो भवति।

मन्त्रवर्णसंख्यामाह—इतीति।

दन्त=३२, सूर्य=१२, वसु=८ एभिर्मिलितैः संख्या द्विपञ्चाशद्वर्णात्मको (५२) मन्त्रो भवतीत्यर्थः। कीदृशः? कवितालोकानुरागलक्ष्मी सम्पादकः तथाऽघहृत् पापहर्त्ता॥ ५४-५६॥

[अब रुक्मिणीवल्लभमन्त्र का उद्धार कहते हैं—]

सत्य (दकार), शौरि (नकार), तृतीय चतुर्थ जकार तथा झकार इन चारों वर्णों में प्रत्येक को शिखी (रेफ) वामनेत्र (ईकार) से युक्त करे। इस प्रकार (द्रीं न्रीं ज्रीं झ्रीं) उसके बाद 'जयकृष्ण' पद दो बार तदनन्तर 'निरन्तर' पद पुनः आत्मभूः (ककार) उसे शिखी (रेफ), शक्ति (इकार) तदनन्तर ड पद उसे अकार से युक्त कर, इस प्रकार क्रीडा, पुनः 'प्र' और 'नि' अक्षर के मध्य में 'मुदित चेतसे', पुनः 'नि' के बाद 'त्य' शब्द तदनन्तर 'प' को रेफ और इकार से युक्त कर फिर 'य' शब्द उसे गुरु (आकार) से युक्त कर, तत्पश्चात् मारुतवर्ण (यकार) का उच्चारण करे। पुनः कामबीज, तदनन्तर दशाक्षर मन्त्र, इतने वर्णों को ऐं ह्रीं श्रीं, इन वाग्बीज, शाक्तबीज तथा श्रीबीज से संपुटित करे तो दन्त (३२), सूर्य (१२), वसु (८), इस प्रकार ५२ वर्णों वाले मन्त्र का उद्धार कहा जाता है। यह मन्त्र कविता लोकानुरञ्जन महालक्ष्मी को देने वाला तथा संपूर्ण पापों का नाश करने वाला है॥ ५४-५६॥

विमर्श—इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—

'ऐं ह्रीं श्रीं द्रीं न्रीं ज्रीं झ्रीं जय कृष्ण जय कृष्ण निरन्तरक्रीडासक्त प्रमुदितचेतसे नित्यप्रियाय कृष्णाय क्रीं गोपीजन वल्लभाय स्वाहा श्रीं ह्रीं ऐं'॥ ५४-५६॥

अस्य मन्त्रस्य ऋष्यादिकमाह—मुखवृत्तेति।

मुखवृत्तनन्दयुतनारदो मुनिः
छन्द उक्तममृतादिकं विराट्।
त्रिजगद्विमोहनसमाह्वयो हरिः
खलु देवताऽस्य मुनिभिः समीरिता ॥ ५७ ॥

मुखवृत्तमाकारः नन्देति स्वरूपम् आभ्यां युतो नारदः, तथा च आनन्द-नारदऋषिः अमृतादिकं विराट छन्दस्त्रैलोक्यमोहनो हरिर्देवता नारदादिभिर्मुनिभिः कथिता ॥ ५७ ॥

मुखवृत्त (आकार) उसके सहित नन्दपद अर्थात् आनन्द एवं नारद मुनि इस मन्त्र के ऋषि हैं, अमृत विराट् इसका छन्द है तथा तीनों जगत् को मोहित करने वाले श्री हरि इसके देवता हैं, ऐसा मुनियों ने कहा है ॥ ५७ ॥

अङ्गविधिं दर्शयति—वसुमित्रेति।

वसुमित्रभूधरगजात्मदिङ्मयै-
र्ममनुवर्णकैस्त्रिपुटसंस्थितैः पृथक्।
निजजातियुङ्निगदितं षडङ्गकम्
क्रिययैव तत् खलु जनानुरञ्जनम् ॥ ५८ ॥

वसुः=८, मित्रः=१२, भूधरः=७, गजः=८, आत्मा=१, दिक्=१० एतत् सङ्ख्याकैर्मन्त्राक्षरैस्त्रिपुटसंस्थितैः, तथा च ऐं ह्रीं श्रीं द्रीं व्रीं त्रीं झ्रीं जयकृष्ण ऐं ह्री श्रीं हृदयाय नमः, ऐं ह्रीं श्रीं जयकृष्णनिरन्तरक्रीडासक्त ऐं ह्रीं श्रीं शिरसे स्वाहा—इत्यादि क्रिययैव षडङ्गक्रिययैव सर्वजनानुरागं जनयति ॥ ५८ ॥

[अब इस मन्त्र का अङ्ग कहते हैं—]

वसु ८ अक्षर, मित्र १२ अक्षर, भूधर ७ अक्षर, गज ८ अक्षर, आत्मा १ अक्षर, एवं दिक् १० अक्षर। इस प्रकार के ४६ अक्षरों के छ अङ्गों को तीन अक्षर ऐं ह्रीं श्रीं से संपुटित कर अङ्ग न्यास करे। इस प्रकार की षडङ्ग क्रिया समस्त मनुष्यों में अनुराग उत्पन्न करती है ॥ ५८ ॥

विमर्श—इसके प्रयोग का स्वरूप क्रमशः ऐं ह्रीं श्रीं द्रीं न्रीं ज्रीं ह्रीं जय कृष्ण ऐं ह्रीं श्रीं हृदयाय नमः। यह प्रथम आठ अक्षर का अङ्गन्यास हुआ। इसी प्रकार ऐं ह्रीं श्रीं जयकृष्ण निरन्तर क्रीडासक्त ऐं ह्रीं श्रीं शिरसे स्वाहा यह दूसरा १२ अक्षर का अङ्गन्यास हुआ, इसी क्रम से अन्यत्र भी अङ्गन्यास का क्रम जानना चाहिये ॥ ५८ ॥

न्यासमाह—अथेति।

अथ संविशोध्य तनुमुक्तमार्गतः
विरचय्य पीठमपि च स्ववर्मणा।
करयोर्दशाक्षरविधिक्रमान् न्यसेत्
स षडङ्गसायकमनङ्गपञ्चकम् ॥ ५९ ॥

अथानन्तरं तनुं शरीरम् उक्तमार्गतः पूर्वोक्त भूतशुद्धयाः प्रकारेण संशोध्याऽनन्तरं स्ववर्ष्मणा स्वशरीरेण पीठमारचय्य करयोः करयुगले दशाक्षरोक्तप्रकारेण षडङ्गम् अङ्गषट्कं सायकान् च शोषणादीन् बाणान् अनङ्गपञ्चकं कामबीजमन्मथकन्दर्पमकरध्वजमनोभूतसंज्ञकं कामपञ्चकं न्यसेत् ॥ ५९ ॥

इस प्रकार ऊपर कहे गये भूतशुद्धि के द्वारा अपने अङ्गों का शोधन कर अपने शरीर में ही पीठ की भावना कर दोनों हाथों में दशाक्षर में कही गई विधि के द्वारा षडङ्गन्यास शोषणादि कामबाणों का न्यास कर कामबीज, मन्मथ, कन्दर्प-मकरध्वज मनोभूत-संज्ञक कामपञ्चक का न्यास करे ॥ ५९ ॥

इममेवार्थं विविच्च दर्शयति—मनुनेति।

मनुना त्रिशो न्यसस्तु सर्वतस्तनौ
स्मरसम्पुटैस्तदनु मातृकाक्षरैः।
दशतत्वकादिदशवर्णकीर्त्तितं
त्वथ मूर्तिपञ्जरवसानमाचरेत् ॥ ६० ॥

मनुना मूलमन्त्रेण पूर्वं शरीरे त्रिव्यापकङ्कुर्यात् तदनन्तरं प्रतिवर्णं कामबीजपुटितैर्मातृकाक्षरैः त्रिशो न्यसतु, दशवर्णकीर्तितं दशाक्षरोक्त दशतत्वादिकान् न्यसेत्, तत्त्वन्यासादि मूर्त्तिपञ्जरान्तं विन्यस्य ॥ ६० ॥

अब इसी अर्थ को विशेष व्याख्या द्वारा प्रस्तुत करते हैं—सर्व प्रथम मूल मन्त्र पढ़कर शरीर में तीन व्यापक मुद्रा करे तदनन्तर कामबीज (क्रीं) से संपुटित मातृकाक्षरों द्वारा तीन वार न्यास करे। तदनन्तर दशा क्षर मन्त्र में कही गई विधि के अनुसार दशतत्त्वों से लेकर मूर्त्तिपञ्जर पर्यन्त का न्यास करे ॥ ६० ॥

सृजतिस्थिती दशषडङ्गसायकान्
न्यसतात्ततोऽन्यदखिलं पुरोक्तवत् ।
प्रविधाय सर्वभुवनैकसाक्षिणं
स्मरतान्मुकुन्दमनवद्यधीरधीः ॥ ६१ ॥

सृष्टिस्थिती समाचरेत् दशाङ्गानि षडङ्गानि बाणांश्च देहे विन्यसेत्। तदनन्तरम् आत्मार्चनाद्यखिलं पूर्ववत् कृत्वा सकललोकद्रष्टारं श्रीकृष्णं स्मरतात् चिन्तयतु. निर्मलास्थिराबुद्धिर्यस्य स तथा तादृशः साधकः ॥ ६१ ॥

सृष्टि स्थिति न्यास कर दशाङ्ग, षडङ्ग तथा बाण (पञ्चाङ्ग) न्यास करे। तदनन्तर पूर्व कही गई विधि के अनुसार आत्मार्चन कर निर्मल चित्त वाला साधक सारे लोक के द्रष्टा प्रभु श्रीकृष्ण का ध्यान करे ॥ ६१ ॥

ध्यानमाह—अथेति।

अथ भूधरोदधिपरिष्कृते महो-
न्नतशालगोपुरविशालवीथिके ।
घनचुम्ब्युदग्रसितसौधसङ्कुले
मणिहर्म्यविस्तृतकपाटवेदिके ॥ ६२ ॥

अथानन्तरं स्वके पुरे मणिमण्डपे सुरपादपस्य कल्पवृक्षस्याऽधो मणिमयभूतले परिस्फुरत् पृथुसिंहवक्त्रचरणाम्बुजासने स्थूलसिंहमुखाकारपादान्वितपीठपद्मासने समुपविष्टमच्युतम् अभिचिन्तयेत्। कीदृशे पुरे? भूधराः पर्वताः उदधिः समुद्रः एतैः परिष्कृते वेष्टिते तथा महोन्नतः अत्युच्चः शालः प्रकारो गोपुरं बहिर्द्वारं च यत्र तस्मिन् तथा विशाला महती वीथिका पन्थाः यत्र तत्र कर्मधारयः तथा मेघस्पर्शि अतिशुद्धधवलगृहव्याप्ते तथा मणिमयगृहे विस्तीर्णाः कपाटाः तथा वेदिका परिष्कृतभूमिर्यत्र तत्र ॥ ६२ ॥

[ध्यान का प्रकार कहते है—]

तदनन्तर पर्वतमालाओं एवं उदधि से परिवेष्टित, ऊँचे-ऊँचे प्रकार एवं गोपुर से युक्त विशाल राजमार्गों वाली द्वारकापुरी में कल्पवृक्ष के नीचे जहाँ की भूमि मणिमय है, जहाँ आकाश को छूने वाले ऊचे ऊचे धवल प्रासाद हैं एवं जहाँ के मणिमय गृहों में विस्तृत कपाट एवं विस्तृत वेदियाँ बनी हुई हैं—ऐसी द्वारकापुरी के मणिमण्डप में कल्पवृक्ष के नीचे मणिमयी भूमि में सिंहाकार निर्मित कमलासन पर बैठे हुये श्रीकृष्ण का ध्यान करना चाहिये ॥ ६२ ॥

पुनः कीदृशे पुरे ?

द्विजभूपविट्चरणजन्मनां गृहै-
र्विविधैश्च शिल्पिजनवेश्मभिस्तथा ।
इभसप्त्युरभ्रखरधेनुसैरिभ-
च्छगलालयैश्च लसितैः सहस्रशः ॥ ६३ ॥

सहस्रशो लोकैर्ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यशूद्राणां नानाप्रकारगृहैः तथा शिल्पिजनानां गृहैस्तथा हस्त्यश्वमेषगर्दभधेनुमहिषच्छगलानां गृहैः शोभिते ॥६३॥

पुनः द्वारकापुरी का वर्णन तीन श्लोकों से करते हैं—जो द्वारका पुरी ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रों के नाना प्रकार के गृहों से तथा शिल्पिजनों के गृहों से एवं हाथी, घोड़े, मेष, गर्दभ, धेनु, महर्षि तथा छागों (बकरों) के गृहों से शोभित है ॥ ६३ ॥

पुनः कीदृशे ?

विविधापणाश्रितमहाजनाहृत-
क्रयविक्रयद्रविणसञ्चयाञ्चिते ।
जनमानसाहृतिविदग्धसुन्दरी-
जनमन्दिरैः सुरुचिरैश्च मण्डिते ॥ ६४ ॥

नानाप्रकारविपणिसमाश्रिते महाजनाहृतक्रयविक्रयद्रविणसंचयव्याप्ते । पुनः कीदृशे ? जनानां चित्तापहरणे चतुराः ये वेश्याजनास्तेषां गृहैः शोभमानैरलंकृते ॥ ६४ ॥

जहाँ की दूकानों में महाजनों द्वारा खरीद कर लायी गयी विक्रय की अनेक प्रकार की वस्तुयें भरी पड़ी हैं एवं जो मनुष्यों के मन को मोह लेने वाली चतुर वेश्याओं के मनोहर गृहों से भूषित है ॥ ६४ ॥

पुनः कीदृशे पुरे—पृथुदीर्घिकेति ।

पृथुदीर्घिकाविमलपाथसिस्फुर-
द्विकचारविन्दमकरन्दलम्पटैः ।
वरहंससारसरथाङ्गनामभि-
र्विहगैर्विघुष्टककुभि स्वके पुरे ॥ ६५ ॥

स्थलसरोवरनिर्म्मलोदके देदीप्यमानविकसितकमलमकरन्दाख्य रस-लोलुपैः श्रेष्ठहंससारसचक्रवाकसंज्ञकैः पक्षिभिर्ध्वनिता दिशो यस्मिन् ॥६५॥

जहाँ के बड़े बड़े सरोवरों के निर्मल जल में विकसित कमलों के मकरन्द को पीने के लिये लोलुप श्रेष्ठ हंस, सारस एवं चक्रवाक नामक पक्षियों का समूह दसों दिशाओं को शब्दायमान कर रहा है ॥ ६५ ॥

पुनः कीदृशे मणिमण्डपे ?

सुरपादपैः सुरभिपुष्पलोलुप
भ्रमराकुलैर्विविधकामदैर्नृणाम् ।
शिवमन्दमारुतचलच्छिखैर्वृते
मणिमण्डपे रविसहस्रप्रभे ॥ ६६ ॥

कल्पवृक्षैः सुगन्धिपुष्पलुब्धभ्रमरव्याप्तैः मनुष्याणां विविधकामदैः शुभमन्दमारुतचलदग्रभागैः तैर्वेष्टिते । सूर्यसहस्रमानप्रभे ॥ ६६ ॥

इस प्रकार की द्वारकापुरी के मणिमय मण्डप में जहाँ सुगन्धित पुष्पों के सुगन्ध के लिये लोलुप भौरों से व्याप्त, मनुष्यों की कामनापूर्ण करने वाले एवं मन्द मन्द मारुत के चलने से अपने अग्रभाग को कम्पित करने वाले कल्पवृक्ष लगे हुये हैं एवं जो सहस्रों सूर्य के समान प्रकाशित हो रहा है ॥ ६६ ॥

पुनः कीदृशे ? मणीति ।

मणिदीपिकानिकरदीपितान्तरे
तनुचित्रविस्तृतवितानशालिनि ।

ललिते पिकस्वरविचित्रदामभिः
सुसुगन्धि गन्धसलिलोक्षितस्थले ॥ ६७ ॥

मणिरेवदीपिका तस्याः समूहैः प्रकाशितमध्यभागे। पुनः कीदृशे ? सूक्ष्मविचित्रविस्तीर्णचन्द्रातपयुक्ते। पुनः कीदृशे ? विकसितनानाप्रकार-पुष्पमालाभिः शोभिते अतिसुरभिसलिलसिक्तस्थाने ॥ ६७ ॥

जिस मणिमय मण्डप का मध्य भाग मणिमय सहस्रों दीपकों की प्रभा से जगमगा रहा है, फूले हुये चित्र-विचित्र मालाओं से सुशोभित जिस मणिमण्डप की आभा सूक्ष्म एवं विस्तृत चन्द्रिका के समान सर्वत्र फैली हुई है और जिसके नीचे का स्थल प्रदेश सुगन्धित जल से सींचे जाने के कारण सुगन्ध युक्त हो रहा ॥ ६७ ॥

पुनः कीदृशे—प्रमदेति ?

प्रमदाशतैर्मदविघूर्णितेक्षणै-
र्मदजालसैः करविलोलचामरैः।
अभिसेविते स्खलितमञ्जुभाषितैः
स्तनभारभङ्गुरकृशावलग्नकैः ॥ ६८ ॥

स्त्रीशतैर्मदविघूर्णितनेत्रैर्मदजनिताऽलस्यसहितैः हस्तस्थितचञ्चलचामरैः ईषत्स्खलितमनोहरवचनैः स्तनभारनम्रसूक्ष्ममध्यप्रदेशैः परितः सेविते ॥ ६८ ॥

मद से घूरती और अलसायी आँखों वाली, अपने हाथों से चामर डुलाती हुई, कुछ कुछ रुककर मनोहर बोलती हुई और स्तनभार से विनम्र कटिप्रदेशों वाली सैकड़ों युवती स्त्रियों से सेवित इस प्रकार के मणिमण्डप के मध्य में (बैठे श्रीकृष्ण का ध्यान करे) ॥ ६८ ॥

कथंभूतस्य सुरपादपस्य ?

अविरामधारमणिवर्ष्यवर्षिणः
श्रमहानिदामृतरसच्युतोऽप्यधः।
सुरपादपस्य मणिभूतलोल्लसत्
पृथुसिंहवक्त्रचरणाम्बुजासने ॥ ६९ ॥

अविश्रान्तमणिश्रेष्ठधारावर्षिणः। पुनः कीदृशस्य ? श्रमहानिकरामृत-रसश्राविनः ॥ ६९ ॥

निरन्तर श्रेष्ठ मणियों की धारा वर्षाते हुये श्रम दूर करने वाले पीयूषवर्षी कल्पवृक्ष के नीचे मणिमयी भूमि पर शोभित हो रहे सिंह के समान विशाल मुख वाले कमलाकार आसन पर (बैठे श्रीकृष्ण का ध्यान करे) ॥ ६९ ॥

कीदृशमच्युतम् ?

अभिचिन्तयेत्सुखनिविष्टमच्युतं
नवनीलनीरुहकोमलच्छविम् ।
कुटिलाग्रकुन्तललसत्किरीटकं
स्मितपुष्परत्नरचितावतंसकम् ॥ ७० ॥

नूतननीलोत्पलरम्यकान्तिम्। पुनः कीदृशम् ? कुटिलाग्रकेशेषु स्फुरत् किरीटं यस्य तम्। पुनः कीदृशम् ? स्मितम् ईषद्विकसितं पुष्पं रत्नानि च तै रचितोऽवतंसो येन तम् ॥ ७० ॥

सुख से बैठे हुये; नवीन खिले हुये नील कमल के समान कोमल कुटिल और चिक्कन, घुँघराले केशों पर किरीट धारण किये हुये, ईषद्विकसित पुष्पों एवं रत्न के बने हुये कर्णाभूषण से युक्त (परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान करे) ॥ ७० ॥

सुललाटमुन्नसमुदञ्चितभ्रुवं
विपुलारुणायतविलोललोचनम् ।
मणिकुण्डलास्त्रपरिदीप्तगण्डकं
नवबन्धुजीवकुसुमारुणाधरम् ॥ ७१ ॥

तथा शोभमानललाटम्—तथा उच्चनासिकम् उद्गच्छद् भ्रूलताकम्; तथा स्थूलारुणवर्णदीर्घचञ्चलनयनं तथा मणिमयकुण्डलकिरणपरिशोभित-गण्डस्थलं यथा नूतनबन्धुजीवपुष्पसदृशाऽरुणाधरम् ॥ ७१ ॥

सुन्दर ललाट एवं ऊँची नासिका तथा ऊपर को उठी हुई भ्रूलताओं से युक्त विशाल चौड़े एवं अरुण नेत्रों वाले मणिमय कुण्डलों की किरणों से विराजमान; गण्डस्थल वाले और नवीन बन्धुजीव के पुष्प के समान अरुण अधर वाले (परमात्मा श्री कृष्ण का ध्यान करे) ॥ ७१ ॥

पुनः कीदृशम् ? स्मितेति ।

स्मितचन्द्रिकोज्ज्वलितदिङ्मुखं स्फुर-
त्पुलकश्रमाम्बुकणमण्डिताननम् ।
स्फुरदंशुरत्नगणदीप्तभूषणो-
त्तमहारदामभिरुपस्कृतांसकम् ॥ ७२ ॥

हासचन्द्रकिरणधवलीकृतदिङ्मुखं तथा स्फुरद्रोमाञ्चजन्यप्रस्वेदविन्दु शोभितवदनम् । पुनः कीदृशम् ? स्फुरद्देदीप्यमानकिरणरत्नसमूहप्रकाशमान-भूषणश्रेष्ठहारमालाभिः शोभितस्कन्धम् ॥ ७२ ॥

चन्द्रकिरणों के समान अपने हास्य से दिग् दिगन्तरों को प्रकाशित करने वाले, रोमाञ्च हो जाने मात्र से उत्पन्न स्वेद विन्दुओं से परिपूर्ण मुख वाले, देदीप्यमान रत्न समूहों के आभूषणों में सर्वोत्तम हारमालाओं से शोभमान कन्धों वाले (श्रीकृष्ण का ध्यान कर उनकी पूजा करे) ॥ ७२ ॥

घनसारकुङ्कुमविलिप्तविग्रहं
पृथुदीर्घषड्द्वयभुजाविराजितम् ।
तरुणाब्जचारुचरणाब्जमङ्गजो-
न्मथिताङ्गमङ्कगकराम्बुजद्वयम् ॥ ७३ ॥

पुनश्चन्दनकुङ्कुमाभ्यां परिलिप्तशरीरं पुनः स्थूलदीर्घद्वादशहस्त-विराजितं तथा नूतनारुणवर्णपद्मसदृशचरणपद्मं पुनः कामपीडितदेहं पुनः स्वाङ्के आरोपितहस्तद्वयम् ॥ ७३ ॥

जिनका शरीर कर्पूर केशर आदि सुगन्धित अङ्गरागों से विलिप्त है जो विशाल और मोटी मोटी बारह भुजाओं से शोभित हो रहे हैं, जिनके दोनों चरण नवीन खिले हुए कमल के समान हैं, एवं शरीर कामपीड़ा से उन्मथित हो रहा है, एवं जो अपने दो हाथों को अपनी गोद में स्थापित किये हुये हैं (ऐसे श्रीकृष्ण का ध्यान कर पूजा करे) ॥ ७३ ॥

विमर्श—इसी प्रकार १३ हाथों का बर्णन है ॥ ७३ ॥

स्वाङ्कस्थभीष्मकसुतोरुयुगान्तरस्थम्
तां तप्तहेमरुचिमात्मभुजाम्बुजाभ्याम् ।

श्लिष्यन्तमार्द्रजघनामुपगूहमाना-
मात्मानमायतलसत्करपल्लवाभ्याम् ॥ ७४ ॥

पुनः स्वाङ्के स्थिताया रुक्मिण्या ऊरुद्वयाभ्यन्तरे विद्यमानं पुनस्तां रुक्मिणीं तप्तसुवर्णकान्ति स्वीयहस्तपद्माभ्यामालिङ्गन्तम् । कीदृशीं ताम् ? आर्द्रजघनां पुनरात्मानं श्रीकृष्णं दीर्घमनोहरपाणिपल्लवाभ्याम् आलिङ्गन्तीम् ॥ ७४ ॥

अपनी गोद में रुक्मिणी को स्थापित कर स्वयं उसके दोनों ऊरुओं के मध्य में स्थित होकर आर्द्रजघना, सुवर्णमयी कान्ति वाली रुक्मिणी का अपने दोनों हस्त-कमल से आलिङ्गन करते हुये तथा स्वयं भी उसके दोनों पाणिपल्लवों से आलिङ्गित (श्रीकृष्ण परमात्मा का ध्यान कर पूजा करे) ॥ ७४ ॥

विमर्श—यहाँ तक श्रीकृष्ण के ४ हाथों का वर्णन हुआ ॥ ७४ ॥

आनन्दोद्रेकनिघ्नां मुकुलितनयनेन्दीवरां स्रस्तगात्रीं
प्रोद्यद्रोमाञ्चसान्द्रश्रमजलकणिकामौक्तिकालङ्कृताङ्गीम् ।
आत्मन्यालीनवाह्यान्तरकरणगणामङ्गकैर्निस्तरङ्गै-
र्मज्जन्तीं लीननानामतिमतुलमहानन्दसन्दोहसिन्धौ ॥ ७५ ॥

पुनः स्वात्मानन्दोद्रेकव्याप्तां पुनः मुद्रितनयननीलोत्पलां पुनः प्रोद्यत्तनु-पुलकजन्यनिविडप्रस्वेदबिन्दुरूपमौक्तिकशोभितदेहां पुनः आत्मनि श्रीकृष्णे सम्यग्विलीनबाह्याभ्यन्तरेन्द्रियसमूहां पुनर्व्यापाररहितैः शरीरावयवैरति-शयितमहानन्दसमूहसागरे निमग्नां पुनः विगतचञ्चलमतिम् ॥ ७५ ॥

जो रुक्मिणी श्रीकृष्ण के स्पर्शातिरेकजन्य आनन्द से व्याप्त हैं एवं जिनके दोनों नेत्र मुकुलित कमल कुड्मल के समान आनन्दोद्रेक से मुद्रित हो रहे हैं। जिसके शरीर का वस्त्र खिसक गया है, रोमाञ्चित हो जाने से मोती के समान सघन जलकणों से जिसका शरीर शोभायमान हो रहा है, जिनकी समस्त बाह्य एवं आभ्यन्तर इन्द्रियाँ श्रीकृष्ण में लीन हो रहीं है, जिसके शरीर की सारी चेष्टायें शिथिल हो रही हैं अत्यन्त महानन्द के समूह रूप सागर में गोता लगाती हुई तथा सभी प्रकार की वृद्धि की चञ्चलता को दूर कर एक मात्र श्रीकृष्ण के ध्यान में डूबी हुई इस प्रकार की रुक्मिणि को स्पर्श करते हुये (श्रीकृष्ण का ध्यान करे) ॥ ७५ ॥

पुनः कीदृशं परमेश्वरम् ?

सत्याजाम्बवतीभ्यां
दिव्यदुकूलानुलेपनाभरणाभ्याम् ।
मन्मथशरमथिताभ्यां
मुखकमलचञ्चललोचनभ्रमराभ्याम् ॥ ७६ ॥

सत्यभामाजाम्बवतीभ्यामालिङ्गितम् । कथं भूताभ्याम् ? उत्कृष्टानि पट्टवस्त्रानुले पनाभरणानि ययोस्ताभ्यां पुनः कामशरपीडिताभ्यां पुनः कृष्णमुखविषयकचञ्चलनेत्रभ्रमराभ्याम् ॥ ७६ ॥

भुजगयुगलाश्लिष्टाभ्यां
श्यामारुणललितकोमलाङ्गलताभ्याम् ।
आश्लिष्टमात्मदक्षिण
वामगताभ्यां करोल्लसत् कमलाभ्याम् ॥ ७७ ॥

पुनः परमेश्वरस्य भुजयुगलेनाऽऽलिङ्गिताभ्याम् । यथाक्रमनीलारुणवर्णे मनोहरे कोमले चाऽङ्गलते ययोस्ताभ्यां पुनः परमेश्वरस्य दक्षिणवामगताभ्यां पुनः पाणिस्फुरितपद्माभ्याम् ॥ ७७ ॥

दिव्य वस्त्र दिव्य गन्ध एवं दिव्य आभरणों से सुशोभित कामदेव के बाणों से भृशार्दित श्रीकृष्ण के मुख कमल पर आसक्त भ्रमर के समान चञ्चल नेत्रों वाली-ऐसी सत्यभामा एवं जाम्बवती को परमेश्वर की दो भुजाओं से आलिङ्गित श्याम एवं अरुण वर्ण की कान्ति से युक्त अङ्गलता वाली दाहिने एवं बाये स्थित रहने वाली सत्या तथा जाम्बवती के करकमलों से आश्लिष्ट (परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान कर उनका पूजन करे) ॥ ७६-७७ ॥

विमर्श—यहाँ तक ६ भुजाओं का वर्णन हुआ ॥ ७६-७७ ॥

पुनः कीदृशम् ?

पृष्टगया कलिन्दसुतया करकमलयुजा
सम्परिरब्धमञ्जनरुचा मदनमथितया ।

पद्मगदारथाङ्गदरभृद्भुजयुगलं
दोर्द्वयसक्तवंशविलसन्मुखसरसिरुहम् ॥ ७८ ॥

परमेश्वरपृष्ठदेशवर्त्तिन्या यमुनया हस्तधृतकमलया समालिङ्गितम्; किम्भूताया श्यामया ? पुनः कामपीडितया । पुनः कीदृशं परमेश्वरम् ? पद्म-गदाशङ्खचक्रयुक्तहस्तचतुष्टयं हस्तद्वयधृतवंशविलसन्मुखकमलम् ॥ ७८ ॥

परमेश्वर के पीछे रहने वाली अपने हाथों में कमल लिये हुये अञ्जन के समान छवि वाली तथा काम से उन्मथित चित्त वाली यमुना के द्वारा आलिङ्गित कमल, गदा, चक्र और शङ्ख अपने चार हाथों में धारण किये हुये तथा दोनों हाथों को मुख कमल में विद्यमान वंशी पर स्थापित किये हुये (परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान कर पूजन करे) ॥ ७८ ॥

विमर्श—यहाँ तक १२ हाथों का वर्णन हुआ ॥ ७८ ॥

दिक्ष्विति ।

दिक्षु बहिः सुरर्षियतिभिः खेचरपरिवृढै-
र्भक्तिभरावनम्रतनुभिःस्तुतिमुखरमुखैः ।
सन्ततसेव्यमानममनोवचनविषयक-
मर्थचतुष्टयप्रदममुं त्रिभुवनजनकम् ॥ ७९ ॥

तृतीयपटलोक्त क्रमेणेत्यर्थः । पुनः बहिर्दिक्षु देवर्षियतिभिः खेचर-मुख्यैर्भक्त्यतिशयनम्रदेहैः । परिवृढैः प्रधानैः स्तुतिभिः वाचालवदनैर्निरन्तरं सेवितं पुनः मनसोवाचामगोचरं पुनर्धर्म्मार्थकाममोक्षफलचतुष्टयप्रदं पुनस्त्रैलोक्यजनकम् ॥ ७९ ॥

तदनन्तर दिशाओं के बाहर पूर्वोक्त तृतीयावरण में कहे गये भक्ति विनम्र शरीर वाले, स्तुति करने में पटु देवताओं, ऋषियों, सिद्धों एवं विद्याधरादि खेचर-मुख्यों के द्वारा सर्वदा सेव्यमान मन एवं वाणी से सर्वथा अगोचर धर्म, अर्थ, काम, तथा मोक्ष रूप पुरुषार्थ चतुष्टय को देने वाले, त्रैलोक्य के पिता (परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान करे) ॥ ७९ ॥

सान्द्रानन्दमहाब्धिमग्नममल धाम्नि स्वकेऽवस्थितं
ध्यात्वैवं परमं पुमांसमनघात्संप्राप्य दीक्षां गुरोः ।

लब्ध्वामुं मनुमादरेण सितधीर्लक्षं जपेद्योषिताम्
वार्त्ताकर्णनदर्शनादिरहितो मन्त्री गुरूणामपि ॥ ८० ॥

पुनः निविडानन्दमहासमुद्रमग्नम्। स्वीये निर्मले तेजसितद्रूपेणाऽवस्थिम् एवमुक्तरूपं परमेश्वरं विचिन्त्य निष्पापात् गुरोर्दीक्षामन्त्रोपदेशविधिं प्राप्याऽमुं मन्त्रं लब्ध्वा तीक्ष्णबुद्धिः आदरात् लक्षमेकं जपेत्। कीदृशः साधकः? स्त्रीणां वृद्धानामपि कथाश्रवणनिरीक्षणपराङ्मुखः ॥ ८० ॥

अत्यन्त सघन आनन्दसमुद्र में निमग्न अपने निर्मल तेजः स्वरूप में स्थित पर पुमान परमात्मा का ध्यान कर सर्वथा निष्पाप गुरु से दीक्षा लेकर तीक्ष्णबुद्धि वाला पुरुष भक्तिपूर्वक एक लाख जप करे। अनुष्ठान काल में युवती स्त्रियों की तो बात ही क्या? वृद्धा स्त्रियों से भी बात न करे न उनकी बात सुने, इसी प्रकार उनके निरीक्षण से भी वर्जित रहे ॥ ८० ॥

होमं सेवां चाऽऽह—जुहुयादिति।

जुहुयाच्च दशांशकं हुताशे
ससिताक्षौद्रघृतेन पायसेन।
प्रथमोदितपीठवर्यकेऽमुं
प्रयजेन्नित्यमनित्यताविमुक्त्यै ॥ ८१ ॥

हुताशे वह्नौ दशांशकम्। अयुतमेकं शर्करामधुघृतयुक्तेन परमान्नेन जुहुयात्। किञ्च पूर्वोक्तदशाष्टादशाक्षरकथिते पीठश्रेष्ठे नित्यममुं यजेत्। किमर्थम्, ? अनित्यः संसारस्तस्य परिहरणाय ॥ ८१ ॥

तदनन्तर इस अनित्य संसार से मुक्त होने के लिये साधक शर्करा, मधु, घृतयुक्त पायस से अग्नि में दस हजार आहुति देवे और प्रथम कहे गये दशाक्षर अथवा अष्टादशाक्षर मन्त्र की पीठ पर परमात्मा श्री कृष्ण का नित्य पूजन करता रहे ॥ ८१ ॥

आरम्याऽथ विभूतिन्यासक्रमतः शरान्तमभ्यर्च्य।
मूर्त्याद्यङ्गान्तं चात्मानं विंशत्यर्णोदितयन्त्रवरे ॥ ८२ ॥
मध्यबीजं परितो वरुणेन्दुयमेन्द्रदिक्षु संलिख्य।
बीजचतुष्कं तदपि चतुर्वारिंशद्भिरक्षरैर्द्वयधिकैः ॥ ८३ ॥

शिष्टैः प्रवेष्टय शिवहरिवस्वाद्यश्रिष्वथ क्रमाद्विलिखेत्।
वाङ्मायाश्रीमन्त्रास्तद्वद्रक्षोम्बुपानिलाश्रिषु च ॥८४॥

शेषं पूर्वोदितवद्विधाय पीठं यथा वदभ्यर्च्य।
सङ्कल्प्य मूर्त्तिमत्राऽऽवाह्याऽभ्यर्चयतु मध्यबीजे तम् ॥ ८५ ॥

आरभ्येत्यादि विभूतिपञ्जरमारभ्य न्यासक्रमेण बाणपर्यन्तं पूजयित्वा मूर्त्तिन्यासमारभ्याऽङ्गन्यासपर्यन्तं चात्मरूपं सम्पूज्य पूर्वोक्त विंशत्यक्षर-मन्त्रोक्त यन्त्रश्रेष्ठकर्णिकामध्यस्थितवह्निपुरयुगमध्ये मध्यमबीजमध्ये बीजमिति पाठस्वरसात् हल्लेखाबीजमिति रुद्रधरगोविन्दमिश्रप्रभृतयः। परस्थमध्यमबीजमिति लगति मध्यमबीजं वाग्भवादिबीजत्रयमध्यस्थितं मारबीजमिति पाठे कामबीजं विलिख्य तत्परितश्च पश्चिमोत्तरपूर्वदक्षिण-दिक्षु बीजचतुष्कं द्रीं न्त्रीं जीं श्रीं इति बीजचतुष्टयं विलिख्य तदपि बीज-चतुष्टयं द्विचत्वारिंशत् जपादिस्वाहान्तैः शिष्टैर्मन्त्राक्षरैरुपरि वेष्टयेत्। अनन्तरं शिव ईशानः हरिरिन्द्रः पूर्वादि दिगित्यर्थः, वसुरग्निः आग्नेयादिक एवं नैर्ऋतीवारुणीवायवीदिग् एतेषु कोणेषु क्रमेण वाग्भवभुवनेश्वरी-श्रीबीजानि त्रिरावृत्य विलिखेत्।

अवशिष्टं पीठविधानं पूर्ववत् समाप्य पीठं यथावत् पूजयित्वा तत्र पीठे कर्णिकामध्यस्थितकामबीजे रुक्मिणीवल्लभमूर्त्ति सङ्कल्प्य ध्यात्वा तमावाह्य पूजयेत् ॥ ८२-८५ ॥

विभूतिपञ्जर न्यास से आरम्भ कर न्यास क्रम से बाणपर्यन्त पूजा कर मूर्त्तिन्यास से आरम्भ कर अङ्गन्यास पर्यन्त आत्मस्वरूप की पूजा कर पूर्व में कहे गये विंशत्यक्षरात्मक मन्त्र के यन्त्र की कर्णिका में स्थित षट्कोण के मध्य में मध्यम बीज (ह्रीं) लिखकर उसके चारों ओर पूर्वादि दिशाओं में क्रमशः द्रीं न्त्रीं ज्रीं श्रीं— इन चार बीजाक्षरों को लिखे। पुनः उसे भी ऊपर लिखे शेष बयालीस (जय कृष्ण से स्वाहापर्यन्त) अक्षरों से घेर देवे। पुनः ईशान-पूर्व और आग्नेय में क्रम से तीन तीन बार वाग्बीज भुवनेश्वरी बीज और श्रीबीज को तीन तीन बार लिखे अर्थात् ईशान कोण में तीन वाग्बीज, पूर्व में तीन भुवनेश्वरी बीज, आग्नेय में तीन श्रीबीज लिखे। इसी प्रकार नैर्ऋत्य, पश्चिम तथा वायव्य कोणों में भी क्रमशः तीन तीन बार वाग्बीज भुवनेश्वरी बीज एवं श्री बीज लिखें। शेष पीठ विधान पूर्ववत् समाप्त कर पुनः पीठ की यथावत् पूजा कर उस पीठ की कर्णिका

के मध्य में स्थित कामबीज में रुक्मिणी वल्लभ की मूर्त्ति का पूर्ववत् ध्यान कर आवाहन करे। पुनः पूजन भी करे ॥ ८२-८५ ॥

मुखदक्षसव्यपृष्ठगबीजेष्वर्च्यास्तु शक्तयः क्रमशः।
रुक्मिण्याद्याः षट्स्वथकोणेष्वङ्गानि केशरेषु शरान् ॥ ८६ ॥

अनन्तरं देवस्य सन्मुखदक्षिणवामपृष्ठप्रदेशगतेषु बीजचतुष्टयेषु रुक्मिण्याद्याः शक्तयः पूज्याः षट्कोणेषु अङ्गानि केशरेषु शरान् पूजयेत् ॥ ८६ ॥

तदनन्तर देव रुक्मिणी वल्लभ के सामने, दायीं ओर, बायीं ओर तथा पीछे उनकी रुक्मिणी आदि शक्तियों की क्रमशः दो दो के क्रम से पूजा करे। षट्कोणो में अङ्गों की तथा केशरों में बाणों की पूजा करे ॥ ८६ ॥

लक्ष्म्याद्या दलमध्येष्वग्न्यादिषु तद्बहिर्ध्वजप्रमुखान्।
अग्रे केतुं श्यामं पृष्ठे विपमरुणममलरक्तरुची ॥ ८७ ॥
पार्श्वद्वये निधीशौ सन्ततधाराभिवृष्टधनपुञ्जौ।
हेरम्बशास्तृदुर्गाविष्वक्सेनान् विदिक्षु वह्न्यादि ॥ ८८ ॥
विद्रुममरकतदूर्वास्वर्णाभान् बहिरथेन्द्रवज्राद्यान्।
यजनविधानमितीरितमावृतिसप्तकयुतं मुकुन्दस्य ॥ ८९ ॥

अग्न्यादिपत्रमध्येषु लक्ष्म्याद्याः पूज्याः। तत्रबहिर्भागे ध्वजप्रभृतीन् पूजयेत्। अनन्तरं देवस्य सन्मुखे श्यामवर्णकेतुनामानं गणं पूजयेत्। देवपृष्ठभागे अरुणवर्णं गरुडं पूजयेत्। देवपार्श्वद्वये निर्मलरक्तरुचीनिधीश्वरौ पूज्यौ कीदृशौ ? निरन्तरधाराभि वृष्टधनसमूहौ।

वह्न्यादिविदिक्षुहेरम्बादीन् प्रवालादिवर्णान् पूजयेत्। अनन्तरं बहिर्दिक्षु इन्द्रादिलोकपालान् तथा वज्राद्यायुधानि पूजयेत्। इति पूर्वोक्तप्रकारेण मुकुन्दस्य श्रीकृष्णस्याऽऽवरणसप्तकं पूजाविधानं कथितम् इति ॥ ८७-८९ ॥

पत्र के मध्य के अग्न्यादि कोणों में लक्ष्मी आदिकों की पूजा करे। उसके बाहर ध्वजादिकों की पूजा करे। तदनन्तर देव के सामने श्यामवर्ण के केतुनामक विष्णु के गण की पूजा करे और पृष्ठभाग में अरुणवर्ण के गरुड़ की पूजा करे। दोनों पार्श्व में निर्मल कान्ति वाले निरन्तरधारा से धन समूहों की वृष्टि करने वाले दो

निधीश्वरों की पूजा करे। पुनः देव के आग्नेयादि कोणों में क्रमशः प्रवाल (लाल), मरकत दूर्वा (हरे वर्ण) और सुवर्णमय वर्णवाले गणेश, यम, दुर्गा तथा विष्वक्सेन की पूजा करे। उसके बाहर इन्द्रादि दिक्पालों की तथा वज्रादिकों की पूजा करे। इस प्रकार हमने परमात्मा श्री कृष्ण के सप्तावरण पूजा का विधान कहा ॥ ८७-८९ ॥

इतीति।

इत्यर्चयन्नच्युतमादरेण
योऽमुं भजेन्मन्त्रवरं जितात्मा।
सोऽभ्यर्च्यते दिव्यजनैर्जनानां
हृन्नेत्रपङ्केरुहतिग्मभानुः ॥ ९० ॥

इति अमुना प्रकारेण यो जितेन्द्रियो अच्युतं कृष्णं भक्त्या पूजयन् अमुं मन्त्रश्रेष्ठं सेवते स पुरुषः सुरैरपि पूज्यते। कीदृशः? लोकानां हृदयपद्म-लोचनपद्मयोः सूर्यः सर्वजनवशीकरणमन्त्रः समर्थ इत्यपि पाठः ॥ ९० ॥

जो जितेन्द्रिय पुरुष इस प्रकार भक्ति से श्रीकृष्ण की पूजा करते हुये इस श्रेष्ठ मन्त्र का जप करता है, वह देवताओं के द्वारा पूजित होता है तथा समस्त लोकों के हृदय पद्म एवं नेत्र पद्मों को विकसित करने के लिये सूर्य के समान तेजस्वी हो जाता है ॥ ९० ॥

सितेति।

सितशर्करोत्तरपयःप्रतिपत्त्या
परितर्पयेद्दिनमुखे दिनशस्तम्।
सलिलैः शतं शतमखश्रियमेष
स्वविभूत्युदन्वति करोत्युदबिन्दुम् ॥ ९१ ॥

सितशर्कराप्रधानप्रतिपत्त्या दुग्धबुद्ध्याः जलैरेव दिनमुखे प्रातःकाले प्रतिदिनं शतकृत्वस्तं तर्पयेत्। अनन्तरं साधकः स्वाधिपत्यसमुद्रे इन्द्रस्य लक्ष्मीं जलबिन्दुवत् करोति ॥ ९१ ॥

सित शर्करामिश्रित दूध की जल में भावना कर उसी से प्रतिदिन प्रातः काल इस मन्त्र से तर्पण करने वाला पुरुष अपने धन के आधिपत्य के समुद्र से इन्द्र की

लक्ष्मी को भी जल-विन्दु के समान तुच्छ बना देता है ॥ ९१ ॥

विदलदिति ।

विदलद्दलैः सुमनसः सुमनोभि-
र्घनसारचन्दनबहुद्रवमग्नैः ।
मनुनाऽमुना हवनतोऽयुतसंख्यं
त्रिजगत् प्रियः स मनुवित्कविराट् स्यात् ॥ ९२ ॥

अनेन मन्त्रेण सुमनसो जातीमालतीनामधेयस्य सुमनोभिः पुष्पैः विकसि । तैः कर्पूरयुक्तचन्दनस्य बहुद्रवव्याप्तैरयुतसंख्यं हवनतोऽयुतहोमे न सः मन्त्री त्रैलोक्यस्य प्रियः कविश्रेष्ठश्च भवति ॥ ९२ ॥

कर्पूर चन्दन आदि अनेक द्रव पदार्थों से युक्त खिले हुये मालती के पुष्पों से इस मन्त्र के द्वारा दस हजार हवन करने वाला मनुष्य त्रैलोक्य का प्रिय एवं श्रेष्ठ कवि हो जाता है ॥ ९२ ॥

ध्यानेति ।

ध्यानादेवास्य सद्यस्त्रिदशमृगदृशोवश्यतां यान्त्यवश्यं
कन्दर्पार्त्ताजपाद्यैः किमथ न सुलभं मन्त्रतोऽस्मान्नरस्य ।
स्पर्द्धामुद्धूय चित्रं महदिदमपि नैसर्गिकीं शश्वदेनं
सेवेते मन्त्रिमुख्यं सरसिजनिलया चाऽपि वाचामधीशा ॥९३॥

अस्य रुक्मिणीवल्लभस्य ध्यानात् शीघ्रं त्रिदशमृगदृशः देवाङ्गना अवश्यं वश्यतामायत्ततां प्राप्नुवन्ति । कथं भूताः ? कामपीडिता । अथानन्तरं जपहोमादिनाऽस्मात् मन्त्रात् साधकस्य किं न सुलभम्, अपितु सर्वमेवसुलभमित्यर्थः । किञ्चेदमपि महच्चित्रं यत्सरसिजनिलया लक्ष्मीः वाचामधीशा-सरस्वती च स्वाभाविकीमसूयां त्यक्त्वा नित्यमेनं साधकश्रेष्ठं सेवेते ॥९३ ॥

इस रुक्मिणी वल्लभ मन्त्र के ध्यान मात्र से देवाङ्गनायें अवश्य ही काम से पीडित हो वशीभूत हो जाती हैं । बहुत क्या कहें, इस मन्त्र के जप एवं होम से साधक को क्या क्या नहीं प्राप्त हो जाता है, (अर्थात् वह सब कुछ प्राप्त कर लेता है) । एक और बड़ी बिचित्र बात यह है कि कमलवासिनी लक्ष्मी और वागधिष्ठात्री सरस्वती अपनी अपनी स्वाभाविकी ईर्ष्या त्याग कर निरन्तर इस

मन्त्र की उपासना करने वाले पुरुष की सेवा करती है ॥ ९३ ॥

आधीति ।

आधिव्याधिजरापमृत्युदुरितैर्भूतैः समस्तैर्विषै-
र्दौर्भाग्येन दरिद्रतादिभिरसौ दूरं विमुक्तश्चिरम् ।
सत्पुत्रैः सुसुतासुमित्रनिवहैर्जुष्टोखिलाभिः सदा
सम्पद्भिः परिजुष्ट ईडितयशा जीवेदनेकाः समाः ॥ ९४ ॥

किञ्च मनोदुःखरोगजरापमृत्युशोकशून्यः सकलप्राणिभिर्विषैः तथा दुरदृष्टेन तथा दरिद्रतादिभिरतिशयेन परित्यक्तो बहुकालं व्याप्यविशिष्ट-पुत्रसमेतः सत्पुत्रीमित्रसमूहेन सेवितः सदा समृद्धः ईडितयशाः स्तुतयशाः असौ साधकः अनेकाः समा हायनानि जीवेत् ॥ ९४ ॥

इस मन्त्र का उपासक पुरुष आधि (मानसिक दुःख), व्याधि (रोग), जरा, अपमृत्यु, शोक तथा पापों से छूट जाता है । वह सभी प्रकार के विषों, दौर्भाग्य एवं दरिद्रता आदि दोषों से मुक्त हो जाता है तथा उत्तम पुत्र, उत्तम पुत्री, उत्तम मित्र आदि समस्त परिजनों से युक्त रहकर संपूर्ण संपदाओं से सर्वदा समन्वित हो प्रशस्त यश की प्राप्ति करते हुये अनेक वर्षों तक जीवित रहता है ॥ ९४ ॥

मन्त्रान्तरेभ्योऽस्याऽतिशयित्वमाह—अखिलेति ।

अखिलमनुषु मन्त्रा वैष्णवा वीर्यवन्तो
महिततरफलाढ्यास्तेषु गोपालमन्त्राः ।
प्रबलतर इहैषोऽमीषु संमोहनाख्यो
मनुरनुपमसम्पत्कल्पनाकल्पशाखी ॥ ९५ ॥

सर्वेषु मन्त्रेषु वैष्णवमन्त्रा अतिशयेन सवीर्याः तेष्वपि वैष्णवमन्त्रेषु गोपालमन्त्रा अतिपूजितफलयुक्ताः तेष्वपि गोपालमन्त्रेषु एष संमोहनाख्य मन्त्रः प्रबलतरः प्रकृष्टबलयुक्तः, पुनः निरुपमैश्वर्यदानैककल्पवृक्षः ॥ ९५ ॥

ऐसे तो सभी मन्त्रों में वैष्णव मन्त्र सर्वाधिक शक्तिशाली होते हैं; किन्तु उन वैष्णव मन्त्रों में भी गोपाल मन्त्र अतिशय फलदायी होता है, उन सभी गोपाल मन्त्रों में भी यह 'सम्मोहन' नामक मन्त्र प्रबल है । क्योंकि यह मन्त्र कल्पना से परे अपरिमेय संपत्तियों को प्रदान करने के लिये कल्पवृक्ष के समान है ॥ ९५ ॥

मन्विति ।

मनुमिममतिहृद्यं यो भजेद्भक्तिनम्रो
जपहुतयजनाद्यैर्ध्यानवान्मन्त्रिमुख्यः ।
त्रुटितसकलकर्मग्रन्थिरुद्बुद्धचेताः
व्रजति स तु पदं तन्नित्यशुद्धं मुरारेः ॥ ९६ ॥

यो मन्त्रिमुख्यः साधकश्रेष्ठः ध्यानयुक्तः भक्त्या आराध्यत्वज्ञानेन इमं मन्त्रं मनोहरं जपध्यानहोमादिभिर्भजेत् स मुरारेस्तत्प्रसिद्धं पदं व्रजति प्राप्नोति मुरा अविद्या तस्या नाशकस्य पदम् । कीदृशं पदम् ? अविनाशि सर्वकालुष्यरहितम्, स कीदृशः ? विनाशितसकलकर्मबन्धनः, पुनः कीदृशः ? उद्बुद्धचेता वस्तुग्रहणोन्मुखचित्तः ॥ ९६ ॥

जो मन्त्रवेत्ता ध्यान एवं भक्ति से युक्त हो अत्यन्त मनोहर इस मन्त्र की उपासना जप हवन एवं पूजा के द्वारा करता है वह अपने समस्त कर्म बन्धनों के जाल को तोड़कर तत्त्व ज्ञान प्राप्त करते हुए अविनाशी एवं कालुष्य रहित परमशुद्ध भगवान् विष्णु के पद को प्राप्त कर लेता है ॥ ९६ ॥

अथ योगमाह—अङ्गीकृत्येति ।

अङ्गीकृत्यैकमेषां मनुमथ जपहोमार्चनाद्यैर्मनूना-
मष्टाङ्गोत्सारितारिः प्रमुदितपरिशुद्धप्रसन्नान्तरात्मा ।
योगीयुञ्जीतयोगान्समुचितविहृतिस्वप्नबोधाहृतिः स्यात्
प्रागास्यश्चासने स्वे सुमृदुनि ससुखं मीलिताक्षो निविष्टः ॥९७॥

एषां मनूनां मन्त्राणां मध्ये एकं मनुं मन्त्रजपहोमादिभिः स्वीकृत्य वशीकृत्य अष्टाङ्गेन यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारध्यानधारणासमाधिलक्षणेन उत्सारितास्त्यक्ताः कामक्रोधादयोऽरयो येन स तथा हर्षितनिर्मल प्रसन्नचित्तो योगी प्राग्वदनः सन् योगान् चित्तवृत्तिनिरोधादीन् करोतु । कीदृशो योगी ? यथोचितविहारनिद्राप्रबोधाहारः, पुनः स्वकीये सुकोमले आसने समुपविष्टः, पुनः कीदृशः ? सुखेनाऽनायासेन संमीलिते मुद्रिते अक्षिणी यन सः ॥ ९७ ॥

इन मन्त्रों के मध्य में किसी एक मन्त्र का जप, होमादि के द्वारा अपने वश में कर अष्टाङ्ग योग के द्वारा काम क्रोधादि विकारों को त्याग कर अपने अन्तःकरण

के मल को दूर कर सर्वथा शुद्ध हो यथोचित आहार विहार, निद्रा प्रबोधादि करते हुये अपने कोमल आसन पर बैठकर तथा दोनों नेत्रों को बन्द कर अपने चित्तवृत्ति निरोध के लिये योग क्रियाओं का अभ्यास करे ॥ ९७ ॥

विश्वमिति ।

विश्वं भूतेन्द्रियान्तःकरणमयमिनेन्द्वग्निरूपं समस्तं
वर्णात्मैतत् प्रधाने कलनयनमये बीजरूपे ध्रुवेण ।
नीत्वा तत्पुंसि बिन्द्वात्मनि तमपि परात्मन्यथो कालतत्वे
तं वै शक्तौ चिदात्मन्यपि नयतु च तां केवले धाम्नि शान्ते ॥९८॥

एतद्वर्णात्मकं समस्तं विश्वं भूतेद्रियान्तः करणरूपं सूर्येन्द्वग्निरूपं प्रधाने प्रकृतिरूपे कलनयनरूपे कामबीजे प्रणवेन नीत्वा तत्र बिलीनं विचिन्त्य तत्कामबीजं बिन्द्वात्मनि प्रसिद्धेऽनुस्वाराख्ये तमपि बिन्द्वात्मानं नादाख्ये कालतत्वे परमात्मनि संहरेत् तमपि कालतत्वं चिद्रूपायां शक्तौ संहरेत्तामपि शक्तिं केवले तेजोमये स्वप्रकाशे धाम्नितेजसि शान्ते सर्वोपद्रवरहिते नयतु ॥ ९८ ॥

यह वर्णात्मक विश्व, जो भूतेन्द्रियाकरण रूप अथवा सूर्य, चन्द्र, अग्निस्वरूप में फैला हुआ है, उसे प्रधान (प्रकृति) रूप क्लीं बीज में प्रणव के द्वारा ले जाकर उसमें उसे विलीन कर पुनः उस कामबीज को बिन्दुस्वरूप (अनुस्वारस्वरूप) में लीन करे, पुनः उस बिन्दुस्वरूप को नाद नामक काल तत्वात्मक परमात्मा में लीन करे। उस कालतत्त्व को भी चिद्रूप शक्ति में लीन करे। उस शक्ति को भी केवल शान्तस्वरूप तेजोमय धाम में विलीन करे ॥ ९८ ॥

कीदृशे ?

निर्द्वन्द्वे निर्विशेषे निरतिशयमहानन्दसान्द्रेऽवसानाऽ-
पेतेऽर्थे कृष्णपूर्वामलरहितगिरां शाश्वते स्वात्मनीत्थम् ।
संहृत्याऽभ्यस्य बीजोत्तममथशनकैर्लीननिश्वासचेताः
प्रक्षीणापुण्यपुण्यो निरुपमपरसंवित्स्वरूपः स भूयात् ॥ ९९ ॥

निर्द्वन्द्वे शीतोष्णादिद्वन्द्वविशेषरहिते विशेषो वैधर्म्यं तद्रहिते अत्यन्तानन्दघने अनन्ते कृष्णगोविन्दादिनिर्मलशब्दानां प्रतिपाद्ये आत्मस्वरूपे इत्थम् अमुना प्रकारेण संहृत्य संहारं कृत्वा कामबीजं जपन् अथानन्तरं स्वयमेव

निश्चलश्वासचित्तो भूत्वा प्रक्षीणपापपुण्यश्च भूत्वा स योगी निरूपमः परमसंविन्मयो भवति ॥ ९९ ॥

शीतोष्णादि द्वन्द्व से रहित एवं सब प्रकार के वैधर्म्य से रहित अत्यन्त आनन्द घन, अनन्त कृष्ण गोविन्दादि शब्दों से प्रतिपाद्य, आनन्द स्वरूप में इस प्रकार सबका विलय कर कामबीज का जप करते हुए अचल समाधि में लीन हुआ योगी पुण्य-पाप से रहित होकर निरुपम ज्ञानस्वरूप हो जाता है ॥ ९९ ॥

मूलेति ।

मूलाधारे त्रिकोणे तरुणतरणिभाभास्वरे विभ्रमन्तं
कामं बालार्ककालानलजठरकुरङ्गाङ्ककोटिप्रभाभम् ।
विद्युन्मालासहस्रद्युतिरुचिर हसद्बन्धुजीवाभिरामं
त्रैगुण्याक्रान्तबिन्दुं जगदुदयलयैकान्तहेतुं विचिन्त्य ॥ १००॥

त्रिकोणात्मके मूलाधारे उद्यदादित्यवत् प्रकाशमाने भ्रममाणं कामबीजं नूतनादित्यप्रलयकालीनवह्निचन्द्रकोटितुल्यकान्ति पुनस्तडिन्मालासहस्रकान्ति पुनः नूतनपुष्पितबन्धूकवन्मनोहरं सत्वादिगुणत्रयेण व्याप्तोऽनुस्वारसंज्ञको बिन्दुर्येन तं पुनः विश्वोत्पत्तिनाशैककारणम् ॥ १०० ॥

मध्याह्नकालीन सूर्य के समान प्रकाशमान, त्रिकोणात्मक मूलाधार में भ्रमण करने वाले, नवीन उद्दीयमान आदित्य, प्रलयकालीन अग्नि एवं करोड़ों चन्द्रमा के, समान देदीप्यमान, सहस्रों विद्युन्माला के सामान कान्ति वाले तथा नवीन प्रफुल्लित बन्धूक पुष्प के समान क्लीं बीज का, जिसके अनुस्वार में सत्त्वादि त्रिगुण व्याप्त है; स्मरण करे ॥ १०० ॥

तस्येति ।

तस्योर्द्धं विस्फुरन्तीं स्फुटरुचिरतडित्पुञ्जभाभास्वराभा-
मुद्गच्छन्तीं सुषुम्णासरणिमनुशिखामाललाटेन्दुबिम्बम् ।
चिन्मात्रां सूक्ष्मरूपां कलितसकलविश्वां कलां नादगम्यां
मूलं या सर्वधाम्नां स्मरतु निरुपमां हुंकृतोदञ्चितेरः ॥१०१॥

तस्य कामबीजस्य उपरि बिन्दुगतकुण्डलिनीं शक्तिं दीप्यमानां चिन्तयतु । किंभूताम् ? प्रव्यक्तमनोहरविद्युत्सहस्रवत् प्रकाशमानकान्तिं पुनः

ललाटचन्द्रबिम्बान्तं सुषुम्णारन्ध्रं यान्तीं पुनः अनु अनुगता बीजगत-बिम्बात्मके वह्निशिखा ज्वाला यस्यां सा तथा तां पुनः किम्भूताम् ? चित्स्व-रूपां पुनः दुर्लक्षां पुनराप्तसकलविश्वां पुनः कलारूपां, पुनर्नादानुमेयां, पुनः सर्वतेजसां मूलभूतां, कीदृशोऽधिकारी ? हुंकारेण उदञ्चित ऊर्ध्वमुत्पाटित-इरो वायुरपानाख्यो येन स तथा ॥ १०१ ॥

तदनन्तर साधक क्लीँ बीज के ऊपर बिन्दु में रहने वाली, मनोहर एवं सहस्रों विद्युत् के समान कान्ति वाली सुषुम्ना नाड़ी के द्वारा अग्नि शिखा के समान ऊपर उठकर ललाट में रहने वाले चन्द्रबिम्ब तक जाने वाली, चित्स्वरूपा, अदृश्यभूता, सारे विश्व में व्याप्त, कला स्वरूपा, नादमात्र से अनुमेय, समस्त तेजों की आधारभूता एवं अपने हुंकार के द्वारा अपान वायु को उखाड़ कर फेंक देने वाली कुण्डलिनी का स्मरण करे ॥ १०१ ॥

नीत्वेति ।

नीत्वा तां शनकैरधोमुखसहस्रारारुणाब्जोदर-
द्योतत्पूर्णशशाङ्कबिम्बममृतः पीयूषधारास्रुतिम् ।
रक्तां मन्त्रमयीं निपीय च सुधानिस्यन्दरूपां विशेद्
भूयोप्यात्मनिकेतनं पुनरपि प्रोत्थाय पीत्वा विशेत् ॥ १०२ ॥

तां कुण्डलिनीं शक्तिं शनकैर्यथा स्यादेवमधोमुखसहस्रदलारुणकमल-मध्यद्योतमानपूर्णचन्द्रमण्डलं नीत्वा अस्माच्चन्द्रबिम्बात् अमृतधारावृष्टिं रक्तवर्णां वर्णात्मिकाम् अमृतस्रवरूपां पाययित्वा आत्मनिकेतनं मूलाधारे प्रवेशयेत् । भूयोऽनन्तरमपि तथैव तामुत्थाप्य तथा कृत्वा पुनस्तस्या निज-स्थानं प्रापयेदिति ॥ १०२ ॥

साधक पुनः उस कुण्डलिनी शक्ति को धीरे धीरे कपाल में रहने वाले अधोमुख सहस्र दल कमल के अरुण कमल के मध्य में प्रकाशित चन्द्रमण्डल तक ले जा कर उससे झरते हुये रक्त वर्ण के अमृत बिन्दुओं को पिला कर पुनः उसे मूलाधार में स्थापित करे । इसी प्रकार पुनः सुषुम्ना मार्ग से कुण्डलिनी को ऊपर उठा कर सहस्त्र दल कमल पर विद्यमान चन्द्रमण्डल से झरते हुये अमृत कणों को पुनः पिला कर पुनः मूलाधार में स्थापित करे ॥ १०२ ॥

एतादृशाभ्यासस्य फलमाह—य इति ।

योऽभ्यस्यत्यनुदिनमेवमात्मनोऽन्तं
बीजेशं दुरितजरापमृत्युरोगान् ।
जित्वाऽसौ स्वयमिव मूर्त्तिमाननङ्गः
संजीवेच्चिरमलिनीलकेशपाशः ॥ १०३ ॥

